दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :337
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 8 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

न्यूज डायरी

## हाईकोर्ट दशहरा अवकाश के चलते आठ दिनों तक बंद नहीं होगा न्यायिक कार्य




**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में दशहरा अवकाश हो गया है। इस अवकाश के चलते आठ दिनों तक हाईकोर्ट में कोई न्यायिक कार्य नहीं होगा। जिन फ्रेश दाखिल केसों की सुनवाई कोर्ट में नहीं हो सकी थी, उन केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। हाईकोर्ट 15 अक्टूबर को खुलेगा।हाईकोर्ट में अवकाश के चलते किसी केस की सुनवाई नहीं होगी। इतनी लम्बी छुट्टी होने के कारण अधिकांश न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं हाईकोर्ट का कर्मचारी स्टाफ भी छुट्टियां मनाने बाहर चले जाते हैं। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश होने के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला है। कोर्ट का न्यायिक कार्य इस पूरे माह मात्र 13 दिन ही होना है।इस बीच अगर कोई ऐसी घटना घटित हो जाए जिसके चलते वादकारी कोर्ट खुलने तक प्रतीक्षा नहीं कर सकता तो उसे अपने अधिवक्ता के मार्फत घटित घटना अथवा उसके खिलाफ पारित किसी आदेश को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को अर्जी देकर सूचित करना होता है। रजिस्ट्रार जनरल चीफ जस्टिस के संज्ञान में लाकर उनके निर्देशानुसार शहर में उपलब्ध न्यायाधीश की बेंच इस विशेष केस की सुनवाई के लिए गठित होती है।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को मेडिसिन में नोबेल, बताया कैसे मिलते हैं कोशिकाओं को दिशा-निर्देश



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** फिजियोलॉजी या मेडिसिन में इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को जीन गतिविधि को नियंत्रित करने वाले मौलिक सिद्धांत की उनकी खोज के लिए दिया जाएगा।करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2024 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। दोनों वैज्ञानिकों ने जीन से प्राप्त जानकारी को कोशिकाओं के हिसाब से उपयोग में लाने वाले माइक्रोआरएनए की खोज की है। उनकी अभूतपूर्व खोज से एक बिल्कुल नया सिद्धांत सामने आया है जो मनुष्यों सहित बहुकोशिकीय जीवों को समझने के लिए आवश्यक साबित होगा।उनकी खोजी ट्रांसक्रिप्शन नामक प्रक्रिया के माध्यम से अनुवांशिक जानकारी डीएनए से मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) और फिर प्रोटीन उत्पादन की सेलुलर मशीनरी तक प्रवाहित होती है। इस प्रक्रिया से डीएनए में संग्रहीत आनुवंशिक निर्देश से प्रोटीन बनाए जाते हैं।

## त्रिपुरा में सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल



**अगरतला, (हि.स.)।** उत्तरी त्रिपुरा जिले के कदमतला में दुर्गा पूजा के चंदे को लेकर हुए हिंसक सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है।पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार असम-त्रिपुरा सीमा के पास स्थित कदमतला में हुई इस घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बतायी जा रही है। राज्य सरकार ने दो धार्मिक समूहों के बीच संघर्ष को रोकने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है।सूत्रों के अनुसार यह घटना 6 अक्टूबर को उस समय हुई, जब कदमतला में रहने वाले मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय का एक परिवार इलाज के लिए असम जा रहा था। रास्ते में उन्हें एक दुर्गा पूजा आयोजक द्वारा रोककर कथित तौर पर उनसे चंदे की मांग की गई। इस दौरान उन लोगों में तीखी बहस के बाद हाथापाई हो गई।इस टकराव के बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने पूजा आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

● ● आरजी कर डॉक्टर रेप-मर्डर केस ● ●

# सीबीआई ने कोर्ट में दायर की चार्जशीट, 200 लोगों के बयान दर्ज



**कोलकाता, एजेंसियॉ।** आरजी कर कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। घटना में सामूहिक बलात्कार का कोई सबूत नहीं मिला है। डेढ़ महीने की लंबी जांच, कई गवाहों और आरोपियों के बयान दर्ज करने और डीएनए परीक्षण सहित विस्तृत फोरेंसिक विश्लेषण के बाद कोलकाता की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोप पत्र में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि रॉय ने कथित तौर पर 9 अगस्त को अपराध किया था जब पीड़िता सो गई थी। सीबीआई ने कहा कि सारे सबूत संजय रॉय की संलिप्तता की ओर इशारा करते हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीआई चार्जशीट में 200 लोगों के बयान दर्ज हैं। सीबीआई ने आरोप पत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया।

संघीय एजेंसी सबूतों को नष्ट करने और बचाने की कोशिश में आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) अभिजीत मंडल की भूमिका के लिए पूरक आरोप पत्र दायर करेगी। घटना के बाद रॉय, घोष और मंडल को 14 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सेमिनार रूम में अर्धनग्न हालत में मिला था।एकमात्र आरोपी संजय रॉय को कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को गिरफ्तार किया और 24 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद 13 अगस्त को जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

# भारत ने सदैव फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई

**▸▸ मुइज्जू के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने गिनवा दिए मालदीव को किए सारे एहसान**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है। भारत ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। हमने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त, हमने डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सब मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे।पीएम मोदी ने कहा कि चाहे मालदीव के लोगों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, या कोविड के दौरान टीके पहुंचाना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है।

# देवी-देवताओं, महापुरुषों का अपमान अस्वीकार्य,दोषियों को मिलेगी सजाः योगी



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** अक्टूबर और नवंबर का महीना तीज-त्योहारों से भरा रहेगा। इसको लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है तो पुलिस के आलाधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चिंतित हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लॉ एंड आर्डर को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं।उन्होंने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। योगी ने कहा कानून के खिलाफ काम करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें। वहीं सीएम ने त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।

## अबकी बार कुंभ में नहीं सुनाई देंगे शाही और पेशवाई जैसे शब्द



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्‍यनाथ ने अखाड़ा परिषद की मांग पर कुंभ के दौरान साधू-संतो के स्नान के साथ जुड़ा शब्द 'शाही' और पेशवाई शब्द हटाने की सहमति दी है। उन्‍होंने कहा कि अखाड़े जो प्रस्‍ताव देंगे, सरकार उस पर सार्थक कदम उठाएगी। बता दें कि शाही स्नान का नाम बदलने के अभियान को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवीन्द्र पुरी पहले ही समर्थन दे चुके हैं। उन्होंने परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव लाने का वचन दिया था। संत समाज के साथ, महापौर, सांसद, विधायक, सनातन धर्म के मर्मज्ञों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की थी। परिषद की बैठक में अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। संविधान ने समस्त नागरिकों को बराबर अधिकार दिया है। इसके बावजूद जाति-धर्म के नाम पर विशेष वर्ग के लोगों को अतिरिक्त सुविधा दी जा रही है। ऐसे में देशभर में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। अखाड़ों के संत प्रवचन, वैचारिक गोष्ठी, संवाद के जरिए माहौल बनाएंगे। उन्होंने लव जिहाद व हिंदुओं के मतांतरण को गंभीर समस्या बताते हुए सख्त कानून बनाने की मांग की।

## रतन टाटा की तबीयत बिगड़ी, मुंबई में अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को सोमवार तड़के ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया। उद्योगपति को एक परोपकारी व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है, उन्हें नियमित चिकित्सा जांच के लिए ले जाया गया। हालाँकि, सभी अफवाहों को खारिज करते हुए, रतन टाटा ने भी एक्स को संबोधित किया और कहा कि मैं अपने स्वास्थ्य के संबंध में चल रही हालिया अफवाहों से अवगत हूं और सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं। मैं वर्तमान में अपनी उम्र और संबंधित चिकित्सीय स्थितियों के कारण चिकित्सा जांच से गुजर रहा हूं।रतन टाटा ने आगे कहा कि चिंता का कोई कारण नहीं है। मैं अच्छे मूड में हूं और अनुरोध करता हूं कि जनता और मीडिया सम्मानपूर्वक गलत सूचना फैलाने से बचें।

# लालगंज-उन्नाव रेलवे लाइन पर डंपर से डाली गई मिट्टी, बड़ा हादसा टला

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ से कुछ दूरी पर लालगंज- उन्नाव रेल मार्ग पर एक बार फिर से ट्रेन को हादसे का शिकार बनाने के लिये अराजक तत्वों ने ट्रेन की पटरी पर डंपर से मिट्टी डाल दी। यह घटना सेमरी क्षेत्र के रघुराज सिंह रेलवे क्रासिंग पर रविवार की रात को सामने आई जहां डंपर चालक पटरी पर मिट्टी गिराकर भाग गया। जब तक गेटमैन कुछ समझ पाता कि इसी बीच रायबरेली की तरफ से ट्रेन के आने का संकेत हो गया। यह देखकर गेटमैन के हाथ पांव फूल गए। गेट मैन ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी और उसके बाद ट्रेन लोको पायलट को सूचना दी गई। पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट ने खतरा भांपते ही इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। ट्रेन को रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन के आउटर पर रोका गया।

ट्रेन रुकने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से रेलवे ट्रैक पर गिराई गई मिट्टी को हटाने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे मिट्टी



ढुलाई में लगे डंपर चालक रेलवे ट्रैक पर मिट्टी गिराकर भाग गया है। रघुराज सिंह रेलवे क्रॉसिंग के गेटमैन शिवेंद्र प्रताप सिंह ने विभाग के अधिकारियों को सूचना दी है। हालांकि रेलवे के यातायात निरीक्षक 2 बालको मुकुंद वर्मा किसी साजिश से इनकार करते हुए कह रहे हैं कि डंपर का डाला टूट जाने से मिट्टी गिर गई थी। इसके बाद इसी पटरी पर आ रही ट्रेन को आउटर पर रुकवा दिया गया। मिट्टी को हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया है। इसमें किसी तरह की कोई साजिश नहीं है।

# आज हम युद्ध और इसकी संभावनाओं के बीच जी रहे हैं-राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को 'डिफकनेक्ट 4.0' के आयोजन का उद्घाटण किया। इसमें सशस्त्र बल, रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, नवोन्मेषक और नीति निर्माता स्वदेशी नवाचार को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक मंच पर आएंगे। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां हम दुनिया को वैश्विक गाँव कहकर संबोधित करते हैं।

जहां हमें यह लगता है कि लोगों के बीच की दूरियां अब कम हुई हैं। कहने को तो हम सूचान प्रौद्योगिकी के युग में रह रहे हैं, जहां हजार किलोमीटर दूर बैठे किसी व्यक्ति की सूचना हमारे पास सेकंड में पहुंच जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम विभिन्न प्रकार के युद्धों और युद्धों की संभावनाओं के बीच




जी रहे हैं। इन युद्धों में लगातार नई तकनीकों को शामिल किया जा रहा है। इनमें न केवल पारंपरिक हथियारों और गोला-बारूद का उपयोग किया जा रहा है, बल्कि कई प्रकार के दोहरे उपयोग, या यहां तक कि पूरी तरह से नागरिक वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है। उन्हें हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमें इस प्रकार के तकनीकी अनुप्रयोगों को गहराई से समझना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम अपनी रक्षा के लिए इन तकनीकों का कल्पनाशील उपयोग कैसे कर सकते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यहां, मैं केवल अन्य युद्धग्रस्त दलों के अनुप्रयोगों की नकल के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। इससे आगे बढ़ते हुए मैं आपका ध्यान उन सिस्टम या एप्लीकेशन की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जो नये हैं और हमारे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक द्बष्ठश्वङ्ग ष्ठद्धस्ष्ट, अथवा इस तरह की योजना में, हम आपको अलग-अलग चुनौती देते हैं, और आप इसका समाधान देते हैं। ज़ाहिर है ये समाधान, आपको दिए गए चुनौती पर निर्भर होते हैं, और इसलिए विशिष्ट होते हैं। पर मैं चाहता हूँ, कि आप सभी इन समाधान से आगे बढ़ते हुए, ऐसी प्रौद्योगिकियाँ, जैसे नवाचार ले आएँ जो अब तक की आवश्यकताएं से भी कहीं आगे की चीज़ हों, और वे हमारे रक्षा और सेवाएँ की जरूरत बन जाएँ। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब ऐसा होने लगेगा, तो मैं समझता हूँ यह मंच एक दोतरफा संवाद का मंच बन जाएगा और हम और अधिक सफलतरीके से सामने आएँगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता जैसा बड़ा काम केवल अकेले सरकार अपने दम पर नहीं कर सकती। बल्कि इसके लिए हमें इससे जुड़े हुए सभी हितधारक का साथ जरूरी है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आप सब अब तक सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चले हैं।

# देश के सबसे बड़े ड्रग्स रैकेट से मुश्किल में घिरी कांग्रेस

**● 5600 करोड़ रुपए के ड्रग्स ने बढ़ाई दिक्कत**

**● चुनाव में ड्रग्स के पैसे की आशंका**

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** राजधानी दिल्ली में 5600 करोड़ रुपए रुपए के ड्रग्स को बरामद किया गया है, जिसके बाद इस मामले पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने इस पूरे मामले पर कांग्रेस के पूर्व युवा नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कई सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, कांग्रेस ने इन तमाम आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस का इससे कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन बावजूद इसके भाजपा इस पूरे मामले पर कांग्रेस को घेरने में लगी है। कांग्रेस से इसकी जवाबदेही मांगी जा रही है।



केंद्रीय एजेंसी ने 560 किलोग्राम कोकेन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मैरिजुआना को साउथ दिल्ली से सीज किया था। इस पूरे मामले में इंटरनेशनल ड्रग रैकेट कनेक्शन सामने आ रहा है।इस मामले में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उसमे तुषार गोयल अहम है, जिसे इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि तुषार गोयल दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन था। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने इस पूरे मामले में कांग्रेस को खुलकर घेरा है, उसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की ओर ढकेल रही है और उससे जो पैसा आ रहा है उसका इस्तेमाल चुनाव लड़ने में किया जा रहा है।भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि इसी ड्रग्स के पैसे का इस्तेमाल हरियाणा के चुनाव में किया गया है। पार्टी ने पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा और उनके पूरे राजनीतिक खेमे को घेरे में लिया है। अहम बात यह है कि यह पूरा मामला ऐसे समय में आया है जब चार राज्यों में चुनावी सरगर्मी तेज है।

इस पूरे मामले में भाजपा ने तुषार गोयल की संलिप्तता को लेकर कांग्रेस पर सीधे सवाल किया है। भाजपा ने मांग की है कि तुषार गोयल की कांग्रेस पार्टी में भूमिका की जांच होनी चाहिए। गोयल 2022 में आरटीआई सेल का चेयरमैन था। जिस तरह से तुषार गोयल की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ तस्वीर सामने आई है उसने इस पूरे विवाद को और तूल दे दिया है।

कांग्रेस से भाजपा ने सवाल किया है कि क्या हरियाणा चुनाव में ड्रग्स के पैसे का इस्तेमाल किया गया था। अगर ये आरोप सही पाए जाते हैं तो संगठित अपराध और राजनीति के बीच इसकी पैठ कितनी गहरी है, यह खुलकर सामने आ जाएगी इन तमाम आरोपों पर कांग्रेस ने तुषार गोयल के साथ किसी भी तरह के संबंध होने से इनकार किया है और भाजपा के सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे फर्जी बताया है।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इस पूरे मामले में जांच कर रही है और तुषार गोयल के संभावित इंटरनेशनल ड्रग रैकेट के साथ जुड़े तार की भी जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गोयल का मिडिल ईस्ट में गहरा लिंक है और माना जा रहा है कि पूरे भारत में उसने ड्रग्स को फैलाने का काम किया। अगर तुषार गोयल का कांग्रेस के साथ लिंक पाया जाता है तो यह निसंदेह पार्टी के लिए मुश्किल बढ़ा सकता है।

# बिहार में डिप्टी सीएम के बंगले पर सियासत

**▸▸ भाजपा का आरोप, सरकारी आवास से बेड, बेसिन, 20 एसी और टोंटी उखाड़ ले गए तेजस्वी**

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके लोगों ने सरकारी बंगला खाली करने से पहले उसमें से बिस्तर और सोफे, वॉश बेसिन और पानी के नल सहित फर्नीचर गायब कर लिए। यह घटनाक्रम मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उस आवास में स्थानांतरित होने की पृष्ठभूमि में आया है, जो पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के पास था। सम्राट चौधरी को हाल ही में पटना में 5 देशरत्न रोड पर बंगला आवंटित किया गया था और वह विजयादशमी के



शुभ अवसर पर इसमें रहने वाले हैं।मंत्री और भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बंगला खाली होने पर सरकारी सामान वहीं रह जाता है। उसे हटाना गलत है और अगर ऐसा किया गया है तो सरकार इसे देखेगी। सम्राट चौधरी के सरकारी आवास में शिफ्ट होने से पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। तेजस्वी यादव पर सरकारी बंगले में पानी के नल और लाइट समेत जरूरी सामान लूटने का आरोप लगा है। सम्राट चौधरी के निजी सचिव शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि हम सामने ला रहे हैं कि कैसे डिप्टी सीएम के घर से सामान लूटा गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहा है सौर ऊर्जा का उजाला

## योगी सरकार की ऊर्जा संरक्षण नीति का दिख रहा है असर

➪प्रदेश में पीएम घर सूर्य योजना में सोलर पैनल लगवाने के मामले प्रयागराज टॉप थ्री में पहुंचा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में बिजली की लागत को कम करने के साथ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को विकसित करने के लिए प्रयास कर रही है । प्रयागराज में भी ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं का इसे लेकर रुझान बढ़ रहा है। प्रकृति को प्रदूषण से मुक्त रखने में यह पहल कारगर साबित हो रही है।

पीएम घर सूर्य योजना इसमें वरदान साबित हो रही है। प्रयागराज ने प्रदेश के इस योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने में अहम कामयाबी दर्ज की है। इस वर्ष फरवरी में शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के तहत बीते आठ माह में प्रदेश भर में 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टाप पैनल लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में प्रयागराज जिले ने भी इसमें अहम कामयाबी हासिल किया है। सूबे में प्रयागराज टॉप थ्री में आया है । नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (नेडा) के प्रयागराज के प्रभारी परियोजना अधिकारी

कुमार गौरव का कहना है कि जिले में एक लाख सोलर पैनल के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अभी तक 26,730 सोलर पैनल लगाने का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। जनपद में इस योजना में अभी तक 2031 सोलर पैनल भी लग चुके हैं। इस तरह प्रयागराज का सोलर पैनल स्थापित करने में तीसरा स्थान है । इतना ही नहीं इनमे 1409 लोगों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली सब्सिडी भी उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

यूपी में 25 लाख घरों पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य इस वर्ष फरवरी माह में पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत में रखा गया था। योजना के तहत वर्ष 2027 तक देश भर में एक करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के जरिये बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनता पर बिजली के बिल के बोझ को कम करने के लिए शुरू की गई इस योजना को उत्तर प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट क्षमता के रूफ टाप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपये और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपये (कुल 45 हजार रुपये) की सब्सिडी दी जा रही है। दो किलोवाट के लिए केंद्र से 60 हजार और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार यानी कुल 90 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवाट और उससे अधिक के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये (कुल 1.08 लाख रुपये) की सब्सिडी दी जा रही है।

## बाइक सवार श्रमिक की दुर्घटना में मौत, करेंट से अधेड़ मरा

**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव के बैठकवा में इतवार की शाम सात बजे के करीब बाइक से जा रहे श्रमिक की बिजली के खंभे में टकरा कर मृत्यु हो गई।लाला आदिवासी मध्य प्रदेश के रायपुर सोनोरी निवासी जो ससुराल बैठक्वा देवघाट में रह कर मजदूरी करके परिवार का पालन




पोषण करता था। रविवार की देर शाम बाइक से लौटते समय अनियंत्रित हो कर बिजली के खंभे से टकरा गया और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेज दिया।उसी तरह ग्राम जमुआ देवघाट में बिजली के करेंट लगने से तुलसी पुत्र पियारे करीब 55 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर पोमा के लिए भेज दिया। फिलहाल तुलसी की मैयत पर लोग कुछ तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# स्कंदमाता खोलती हैं मोक्ष के द्वार-पंकज पांडेय

## उरुवा के श्री मंडपम में सजा मॉ का अलौकिक दरबार



लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के उरुवा स्थित श्री मंडप गेस्ट हाउस दुर्गा समिति द्वार पूजा, अर्चना, शक्ति, भक्ति, साधना, और आराधना का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को मॉ दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की गई। पौराणिक मान्यताओं पर गौर करें तो स्कंदमाता मोक्ष के द्वार खोल जन कल्याण करती हैं।

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता देवी स्वरूप की पूजा अराधना की जाती है। स्कंदमाता के इस स्वरूप को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी के रूप में भी जाना जाता है। माता चारभुजा धारी है एवम् शेर की सवारी करती है।मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं।स्कंदमाता को प्रसन्न करने के लिए मंत्र-

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया 7 शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी 77 का जाप परम कल्याणकारी माना जाता है।भगवान स्कंद %कुमार कार्तिकेय% नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है।श्री मंडपम गेस्ट हाउस में लगे पंडाल की भव्यता की क्षेत्र में चर्चा है। प्रबंधक पंकज पांडेय ने इसे अलौकिक रूप दिया है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ जमा हो रही है।पंडाल में पंडित विनोद मिश्र द्वारा मॉ की पूजा और आरती की जा रही है।

सहयोग में चंद्रभान सिंह, मानसिंह ,पंकज पांडे, विमल कुशवाहा, विकास, अनुराग, अरविंद, सुनील, चंचल, रमेश, अमन, भोलू, मोहित, मोहन, राजू, संतोष, मंटू मिश्रा, दीपक पांडे, सिद्धि पांडे, हर्षिता पांडे, जानवी मिश्र, सानवी पांडे, अतुल मिश्र, संजीव पांडे, आदि दर्जनों युवाओं की टीम पंडाल व पूजा व्यवस्था में जुटी है।

# एयरफोर्स कर्मी को थार सवार युवकों ने पीटा

## पत्नी और बच्चों के सामने हुई वारदात, आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में रविवार रात थार सवार युवकों ने एक एयरफोर्स कर्मी की उसके पत्नी और बच्चों के सामने बेरहमी से पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो एयरफोर्स कर्मी लगातार माफी मांगता रहा, लेकिन युवकों ने उसकी एक नहीं सुनी। पुलिस ने थार के चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य युवक मौके से भाग गए।

एयरफोर्स में सार्जेंट के पद पर तैनात सनी नाम का युवक मूलरूप से महाराष्ट्र का है। वह रविवार को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ आई-20 कार से सिविल लाइंस में शॉपिंग के लिए गया था। वापस लौटते समय सड़क के किनारे खड़ी थार कार से उसकी गाड़ी टकरा गई। थार का नंबर लखनऊ का था। इस पर थार सवार युवकों ने सनी को गाड़ी से निकालकर उसकी पिटाई शुरु कर दी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, लेकिन किसी ने सनी की मदद नहीं की। थार सवार सनी को उसके परिवार के सामने बेरहमी से पीटते रहे और वह गिड़गिड़ाता रहा। उधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच तो पिटाई कर रहे युवक मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने थार के चालक को गिरफ्तार कर लिया और वाहन को जब्त कर लिया।

एयरफोर्स में तैनात सनी की पिटाई होता देख, उसकी पत्नी युवकों से हाथ जोड़कर उसे छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन युवकों ने उसकी एक नहीं सुनी। वह बेरहमी से सनी की पिटाई करते रहे। कार में बैठे दो मासूम बच्चे भी पिता को पिटता देखकर रोते रहे, उसके बाद भी युवकों का दिल नहीं पसीजा। वह लगातार लात घूंसों से सनी को पीटते रहे। हालांकि देर रात दोनों पक्षों के बीच सौमझौता हो गया।

# लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी ने प्रदान की बच्चों को शिक्षा सामग्री निशुल्क




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** लायंस इंटरनेशनल का सेवा सप्ताह कार्यक्रम चल रहा है। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व घोषित योजना के अंतर्गत आज लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर सर्वोदय नगर अल्लापुर में लगभग 300 बच्चों को उनके शिक्षा से संबंधित सामग्री प्रदान की गई। इसमें सचिव एमजेएफ लायन अंचल अग्रवाल एवं क्लब कोषाध्यक्ष लायन राम जी केसरी ने अपना योगदान दिया।

उपरोक्त कार्यक्रम की व्यवस्था को भव्यता प्रदान करने के लिए उप मंडलाध्यक्ष प्रथम डॉ अर्पण धर दुबे एवं उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय एमजेएफ लायन उदय चंदानी ने अपने हाथों से बच्चों को उपहार प्रदान किया।

वरिष्ठ लायन सदस्य अशोक मित्तल, लायन राजेंद्र गुप्ता लायन सविता सिंह, लायन सीमा केसरी एवं लायन राम जी केशरी की बेटी पायल ने भी अपने हाथों से बच्चों को उपहार प्रदान किया।

# सदस्यता अभियान में भाजपा प्रयागराज महानगर में 170000 का आंकड़ा किया पार

## काशी क्षेत्र के जिले में तीसरे स्थान पर प्रयागराज महानगर बरकरार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर तेजी से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि काशी क्षेत्र के 3 अक्टूबर की सदस्यता अभियान की रिपोर्टिंग तक काशी क्षेत्र में अब तक कुल सदस्यता 20 लाख 69000 दर्ज की गई और भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर 171200 सदस्य बनाकर काशी क्षेत्र के जिले में तीसरे स्थान पर बरकरार रहा और पहले स्थान पर प्रतापगढ़ 222100, और दूसरे स्थान पर मिर्जापुर 180600 सदस्य बना कर रहा वहीं काशी क्षेत्र के विधानसभा के आंकड़े मे प्रयागराज महानगर का शहर उत्तरी विधानसभा 66900 सदस्य बनाकर काशी क्षेत्र के तीसरे और जिले के प्रथम स्थान पर रहा और वाराणसी कैंट विधानसभा 70800 बनाकर प्रथम और मिर्जापुर विधानसभा 67900 सदस्य बना कर काशी क्षेत्र के द्वितीय स्थान पर रहा।

# एसओजी व पुलिस संयुक्त टीम के हत्थे चढ़ा शातिर चोर गिरोह

## पकड़े गए पांच चोरों से 41 मोबाइल के साथ हजारों रुपये नगद बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** योगी सरकार अपराध को लेकर बेहद सख्त है।सरकार की जीरो टारलेन्स की नीति को अमल में लाने को लेकर पुलिस महकमे के साथ एसओजी और एसटीएफ की टीमें सक्रिय हैं।यमुनापार एसओजी और मेजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चोरी के 41 मोबाइल,14600 रुपये नगदी के साथ गिरोह के पांच चोरों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई की गई है।एस0ओ0जी0 यमुनानगर और मेजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को मेजा पहाड़ी स्थित नवोदय विद्यालय मोड़ के पास थाना क्षेत्र मेजा से चोरी के 41 अदद मोबाइल के साथ 5 अभियुक्त को दबोचा है।जिसमे. शिवकुमार पुत्र स्व0 कुवंर बहादुर सिंह निवासी ग्राम कोल्हेपुर थाना जिगना जिला मिर्जापुर ,सुभाष कुमार यादव पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद निवासी



ग्राम परमान्दपुर रिखीपुर थाना हण्डिया प्रयागराज,. प्रथम वाल्मीकी पुत्र कुल्लू निवासी हरिजन वस्ती थाना दारागंज प्रयागराज, हसनैन उर्फ शाहुल पुत्र मो0 जाहिद उर्फ मकबूल निवासी अकोढा थाना कौधियारा प्रयागराज, अजय आदिवासी पुत्र रघ्घू आदिवासी निवासी मइयन थाना वैराड जिला शिवपुरी म0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की माने तो अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं ,जिनका पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मेजा थाने में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिककार्यवाही की गयी है।

अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग रेलवे स्टेशन मेजा रोड, छिवकी, माण्डा रोड, नैनी, संगम क्षेत्र, बस स्टैण्ड व अन्य भीड-भाड वाले स्थानों से मोबाईल व बैग चोरी कर ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को औने-पौने दाम पर बेच देते हैं। आज हम लोग चोरी की सभी मोबाइल को ग्राहकों

➢गिरोह के चोरों का बताया गया पुराना अपराधिक इतिहास

को बेचने की नियत से मोबाइलों को आपस में बाँट रहे थे।उसी वक्त पुलिस व एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर इनको दबोच कर 41 अदद मोबाइल जिनकी कीमत करीब 6 लाख बतायी गयी है और 14600 नगदी बरामद की है।

गिरफ्तार करने वाली थाना मेजा पुलिस टीम में उ.नि. गोविंद सिंह, उ.नि. बलवन्त यादव, उ.नि. जितेन्द्र कुमार मौर्या,का. सौरभ यादव, का. अंगद यादव मौजूद रहे। एसओजी यमुनानगर टीम से उ.नि. नवीन सिंह एसओजी प्रभारी यमुनानगर हेड का. फिरोज खां, का. रंजीत यादव, का. आकाशदीप सिंह, का. अनुराग यादव, का. जसवीर सिंह, का. सिद्धेश्वर पाण्डेय, का. मनोज कुमार यादव इस टीम का हिस्सा रहे।

## दहियावां का चार दिवसीय मेला 19 से

### चारोंदिन रात्रि में अलग अलग नौटंकी

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** गंगापार की मशहूर बाजार दहियावा का चार दिवसीय मेला 19 अक्तूबर से होगा। मेला प्रबंधक आशाराम ने बताया कि मेला में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनोरंजन हेतु सर्कस, चिड़ियाघर, जादूगर, मौत का कुआं, झूला आदि के साथ चारों दिन रात में अलग अलग कंपनी की नौटंकी होगी। अंतिम दिन 22 को विराट दंगल होगी।

मेला मालिक रामा यादव एवं धर्मेंद्र कैथवास ने बताया कि प्रथम दिन 19 की रात मामा भांजा की नौटंकी, 20 की रात अशर्फी लाल की नौटंकी, 21 की रात सोहन लाल की और 22 की रात राम सिंह नेवादा पट्टी की नौटंकी होगी। प्रधान ने बताया की नौटंकी के प्रथम विजेता को रेंजर सायकिल और नगद इनाम दिया जाएगा।

# रामजन्म व ताड़का वध का सोरांव में शानदार मंचन

## प्रभु श्री राम के जन्म के साथ दर्शकों ने लगाए जयकारे



लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** श्रीरामलीला कमेटी सोरांव द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन भगवान राम के जन्म और ताड़का, सुबाहु एवं मारीच के वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी के साथ कमेटी के अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। मंचन के शुरुआत में देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से पृथ्वी को राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने की प्रार्थना की गई।

राजा दशरथ की संतान न होने की चिंता और गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन हुआ। अग्नि देवता द्वारा राजा दशरथ को खीर प्रदान की गई, जिसे खाकर रानियों ने गर्भधारण किया। भगवान राम सहित उनके तीनों भाइयों का जन्म होते ही रामलीला मंच से जयकारे लगने लगे। व्यास जी ने जैसे ही ,भए प्रकट कृपाला,दीनदयाला की धुन निकाली,भाव विभोर दर्शक झूमने लगे।

मंचन विस्तार में विश्वामित्र के आगमन और उनके यज्ञ की रक्षा के लिए श्री राम और लक्ष्मण को साथ ले जाने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। मार्ग में ताड़का, मारीच और सुबाहु का सामना करते हुए भगवान राम ने सुबाहु और ताड़का का वध किया, जबकि मारीच को समुद्र में फेंक दिया है।रामलीला समिति के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने बताया कि नौ दिन तक चलने वाले रामलीला का मंचन चार अक्टूबर से आयोजित किया गया है। सोमवार को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया जाएगा।

# भाजपा राज में रोजाना हो रहे दलितों पर हमले- इंद्रजीत सरोज



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भाजपा सरकार में रोजाना दलितों पर हमले हो रहें हैं। पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं पर अत्याचार रुक नहीं रहें हैं बल्कि आये दिन इस तरह की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है ।अभी हाल में ही अमेठी में हुई एक ही परिवार के चार लोंगो की हत्या पुलिस एवं प्रशासन की लापरवाही का ताज़ा उदाहरण है।उक्त बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने आज फूलपुर उप चुनाव को लेकर हुई बैठक में पार्टी के जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। पूर्व मंत्री ने कहा कि पीडीए की एकता और मजबूती से गत लोकसभा चुनाव में आये रिजल्ट से भाजपा घबराई हुई है। सत्ता का बेजा इस्तेमाल कर सपा समर्थकों को परेशान किया जाना आम बात हो गई है। उन्होंने उपचुनाव को हर हाल में जीतने के लिये घर घर जन जन संपर्क अभियान तेज करने की सलाह भी दी।

बैठक में एम एलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्तृता ही पार्टी की रीढ़ हैं।पार्टी की नीतियों और पूर्व वर्ती सपा सरकारों में जनहित के लिये गए फैसलों को जनता के बीच बताने के साथ ही भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यों से जागरूक भी करना होगा।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, मंसूर आलम, दान बहादुर मधुर, शकील अहमद, भोला यादव, पंकज पटेल, रमाकांत, राम अवध पाल, राम सुमेर पाल, राजू पासी, एरम रब्बानी, सुषमा पासी, प्रेम चंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# हजारों का मोबाइल चोरी, दो स्थानों पर ट्यूबवेल में भी सेंधमारी



लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** हरखपुर में सो रहे दुकानदार का कीमती मोबाइल चोरी हो गया। घटना की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दो ट्यूबवेल में भी सेंधमारी कर चोरी की घटना अंजाम दी गई।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी कुलदीप यादव पुत्र फूलचंद्र मिष्ठान की दुकान चलाते हैं। वह दुकान के सामने तख्त पर सो गया। एक युवक रात में आया और पन्द्रह हजार का कीमती मोबाइल चुरा ले गया। घटना की फोटो सीसीटीवी कैमरे फुटेज में आयी है।

इसी प्रकार बीती रात ग्राम सकरामऊ अमानगंज निवासनीय सुखराजी देवी के ट्यूबवेल में सेंधमारी कर चोर स्टार्टर, स्टेबलाइजर, केबल आदि चोरी कर ले गए। इसके पहले भी चोर उक्त ट्यूबवेल में चोरी की घटना अंजाम दे चुके हैं। इसी प्रकार ग्राम बालाडीह निवासी संजय कुमार सिंह पुत्र भगौती शरण सिंह के ट्यूबवेल में भी सेंधमारी कर चोर स्टार्टर, स्टेप्लाइजर आदि हजारों का सामान उठा ले गए। भुक्तभोगियों ने थाने में तहरीर दी है।

# आर ए एफ के जवानों ने धूम धाम से मनाया 32वां स्थापना दिवस




**फाफामऊ।** 101 वाहिनी आर.ए.एफ. ने देश की आंतरिक सुरक्षा में समर्पित आर.ए.एफ. के आदर्श वाक्य संवेदनशील पुलिसिंग के साथ मानवता की सेवा के साथ 32वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूम-धाम के साथ वाहिनी प्रांगण शन्तिपुरम प्रयागराज में मनाया।इस शुभ अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के दिशा-निर्देशन में हरिओम सागर, द्वि. कमा.अधि. द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों की याद में रिथ एवं श्रद्धांजली अर्पित की। साथ ही महोदय द्वारा, क्वार्टर गार्ड में गार्ड के समक्ष सलामी ली, तथा सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को आर.ए.एफ. के 32वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकमानाएं दी व आर.ए.एफ. के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया, इस बल ने कर्तव्य और समर्पण की सर्वोपरि मिसाल दी है. इस दिन हम इस बल की महान आत्माओं को याद करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया। तत्पश्चात सभी कार्मिकों से अपने कार्यो को पूर्ण दृढता व ईमानदारी से करने पर बल दिया।इसी कम्र में वाहिनी द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को महोदय ने पुरस्कार एवं प्रशिस्त पत्र प्रदान किया। संध्या के समय वाहिनी स्तर पर वॉलीवाल मैच एवं सभी मेसों में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।इस अवसर पर, हरिओम सागर, द्वि0कमा0अधि0, टी.एन.सिंह, उप.कमा. राम चन्द्र राम, सहा0कमा0, अवधेश कुमार, सहा0. कमा0, राजेश कुमार श्रीवास, सहा0कमा0, राजेन्द्र यादव, सहा. कमा. (मंत्रा.), शम्भू कुमार सिंह, सहा0कमा0, विजय महेन्दीरत्ता, सहा0कमा0 अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

# उसरही कि बिटिया के परिजनों को शीघ्र न्याय मिले- सत्यवीर मुन्ना



**प्रयागराज।** उसरही की बिटिया के परिजनों से मिलने समाजवादी पहुँचे पूर्व विधायक सोराव सत्यवीर मुन्ना ने साथियों सहित परिजनों से मुलाक़ात कर उनका दुख सुना और उन्हें ढांढस बँधाया। श्री सत्यवीर ने शासन प्रशासन से उसरही की बिटिया के परिजनों को 50 लाख मुआवज़ा देने के साथ अपराधी को शीघ्र धरपकड़ करने, घर तक पहुँचने वाले कच्चे संपर्क मार्ग का नवनिर्माण कराने हुए उस ग़रीब अंधियारी बस्ती में पाँच सोलर लाइट लगाने सहित इलाक़े में धुआँधार बिक रहे चरस अफ़ीम स्मैक के बिक्री पर रोक लगाए जाने की माँग की।

उनके साथ मुख्य रूप से पूर्व प्रधान शंभुनाथ गुप्ता, सानू, ग़ुलाम वॉरसी, विनय मौर्या, अमित यादव सहित कई सपाई थे।

# धनुष टूटते ही खुशी की लहर, रामलीला मंचन में जुट रही है भीड़



लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा का ऐतिहासिक रामलीला रामबाग में भारी भीड़ जुट रही है।रामलीला मंचन के दौरान सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ। जिसमें दूर देश से राजाओं का आगमन हुआ, जब कोई धनुष नहीं तोड़ पाया तो गुरु की आज्ञा पाकर भगवान रामचंद्र ने धनुष को तोड़ा। धनुष टूटते ही खुशी की लहर दौड़ गई। चारों तरफ भगवान राम के जयकारे लगने लगे। माता सीता ने भगवान राम को वरमाला पहनाई। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री मुदित खत्री, मंत्री अशोक साहू, प्रवीण केसरवानी, राम जी सोनी, बनारसी साहू प्रबंधक, डॉक्टर नंदलाल मौर्या, संजय साहू, दिलीप केसरवानी, कुबेर केसरवानी, लवकुश, बिंदेश्वरी केसरवानी, विजय साहू, राजेश गुप्ता, विनोद मोदनवाल, मनीष साहू, राजू केसरवानी, राहुल मौर्य, रवि गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

# कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते है- अजीत प्रताप

● आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिए दिशा निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा के निर्देशानुसार ग्राम सभा जील्हा भरवारी में नगर उपाध्यक्ष सीताराम के आवास पर जिला कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश मौर्य राष्ट्रीय प्रवक्ता (पूर्व राज्य सूचना आयुक्त) और राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा रहे । विशिष्ठ अतिथि मंडल अध्यक्ष अतुल मौर्य रहे।कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिव राजकुमार वर्मा और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंद्राज कुशवाहा ने किया,कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव देवा सरोज ने किया। मुख्य अतिथियों ने बारी-बारी से सभी पदाधिकारियों से उनके किये हुए कार्यो के बारे में समीक्षा कर सुझाव दिया और प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते है जिले में सदस्यता अभियान चलाकर डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में बताए और अपने संगठन को साथ लेकर चले उन्होंने कहा जिले के तीनों विधानसभा से नए दो दो हजार सदस्य जोड़े और अपने गाँव कस्बा मोहल्ले में आप के स्थानीय पदाधिकारी के साथ छोटे-छोटे कार्यक्रम करते रहने से पार्टी का जनाधार बढ़ता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश मौर्य ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समय बहुत कम है अगर अभी से कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम नही किया तो भारी नुकसान हो सकता है उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा से गठबंधन तय है। जिले में तीन विधानसभा शीट है इनमे से एक मिलना तय है इसी के मद्देनजर आपको जन-जन तक पहुँचकर लोगों को जोड़ें और ब्लॉक,सेक्टर को मजबूत करें। मंडल अध्यक्ष अतुल मौर्य ने कहा कि महीने में केवल चार दिन पार्टी के लिए काम करें इससे ही आपका जनाधार बढ़ सकता है उन्होंने कहा हम सब मिलकर कौशाम्बी में जन अधिकार पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष इंद्राज कुशवाहा ने कहा हम सब संगठित होकर ही पार्टी को नई मुकाम तक पहुंचा सकते है। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि संगठन में फर्जी नाम से संगठन बड़ा नही बनता है । चाहे कम ही सदस्य क्यो ना हो वो काम करने वाला होना चाहिए । काम न करने वाले को अगले महीने समीक्षा कर बदलाव किए जा सकते है। बारी बारी से सभी पदाधिकारीयों ने अपनी बात संक्षेप में रखी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इंद्राज कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष रामराज पासी, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत कुशवाहा, जिला युवा प्रभारी सोनू कुशवाहा , जिला महासचिव देवा सरोज, जिला प्रभारी विजय प्रताप मौर्य, जिला उपाध्यक्ष मोनी कुशवाहा,अध्यक्ष मंझनपुर राजकुमार मौर्य, विधान सभा अध्यक्ष सिराथू विमल कुशवाहा, विधान सभा महासचिव विकाश कुमार मौर्य, जिला संरक्षक राम विलास मौर्य, जिला उपाध्यक्ष पिंटू कुशवाहा , जिला सलाहकार शिवभवन कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष चायल एडवोकेट भोलानाथ कुशवाहा, दिव्यांग जिला अध्यक्ष बृज लाल पासी, जगत नारायण, सोहन लाल, हरी शंकर, हनुमान प्रसाद, हरिश्चंद्र मौर्य, रमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रमेश चंद्र, अजय कुमार, धीरज कुमार, शिवम कुमार लोधी, ज्ञान चंद्र, भारत लाल मौर्य, इंद्राज कुशवाहा, बनवारी लाल, भोला नाथ प्रजापति, मिथलेश कुमार, अमृत लाल पासी, केशव मौर्य, संतोष कुमार, कमलेश मौर्य के साथ बहुत से लोग मौजूद रहे।

# सीबीआई व एण्टी करप्शन के अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** 26 जून, 2024 को थाना साइबर क्राइम पर वादी दिनेश केसरवानी प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें बताया गया कि 22 जून 2024 को प्रार्थी के मो0न0 पर एक कॉल आता है, जिसमें व्यक्ति स्वंय को एण्टी करप्शन का अधिकारी बताकर प्रार्थी को डरा धमकाकर पकडने और जेल भेजने की धमकी देकर 107500 रू0 की धोखाधड़ी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा साइबर क्राइम थाने को सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये भानू सिंह निवासी धौकलपुर केशरवल थाना रनिया जनपद कानपुर देहात को मुखबिर की सूचना पर समदा रोड नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 03 अदद एन्ड्रायड मोबाइल, 03 अदद कूटरचित आधार कार्ड बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा जा रहा है। अपराध का तरीका - पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि हम लोग कूट रचना करके फर्जी नाम पते पर सिम खरीद कर लोगो को फोन करते है जिसमें स्वंय को सीबीआई या एण्टी करप्शन का अधिकारी बता कर लोगो को डरा धमकाकर टीम भेजकर उठवा लेने की धमकी देते है और पैसा की मांग करते है, हम लोग व्हाट्स एप की डीपी में गूगल से किसी अधिकारी की फोटो वर्दी में डाउनलोड कर के लगा लेते है। जिससे लोगो को डरा धमका सके । लोगो से पैसो को मांग करके मोटी रकम ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर करवा लेते है। इसी तरह से जनपद कौशाम्बी से एक व्यक्ति से 107500 रू0 की धोखाधडी की गयी है।

# एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा अंचल स्तरीय खेलकूद समारोह का हुआ आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित अंचल स्तरीय खेलकूद समारोह का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम पुलिस लाइन टेवा मंझनपुर कौशाम्बी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रचारक राजेंद्र प्रसाद, मथुरा से जीवन दास महाराज, कार्यक्रम संयोजक संजय जयसवाल, अभ्युदय यूथ क्लब अध्यक्ष विक्रम मौर्या अंचल अध्यक्ष मुकुन्दी लाल, अंचल ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉ0 अरुण केशरवानी के साथ अंचल समिति से सीताराम केसरी, नीलमणी, राजेंद्र पाल, विवेक जयसवाल, सोनिया राजपूत, माधुरी केशरी, सुरेंद्र राम, प्रशांत केशरी, क्रीड़ाधिकारी रवि शर्मा, अजय पांडेय, बृजेश पटेल, संजीत सिंह रेफरी में आकाश पाल, सुनीत रंजन, बलराम व कार्यकर्ता में संभाग आरोग्य प्रशिक्षक ज्ञान सिंह, सम्भाग खेलकूद एवं शारीरिक प्रशिक्षक देवनारायण, सम्भाग महिला प्रमुख बहन गुड़िया, अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह के साथ संजय कुमार, राजेश प्रसाद, शिवमोहन, ऊधम सिंह, नागेश्वर, लोकमणी, विनय कुमार के साथ सभी संच प्रमुख, आचार्य व खिलाडी के साथ दर्शक व डॉक्टर टीम आदि उपस्थित रहे। सभी खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी से सम्मानित किया गया।

# सराय अकिल में ऐतिहासिक रामलीला में राम जन्म की हुई लीला

● श्री राम के जन्म होते ही चावल मंडी में जयकारे गूंजने लगे



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में तीसरे दिन की रामलीला में राम जन्म की लीला हुई जो राम जन्म होते ही चावल मंडी में जय श्री राम के नारे गूंजने लगे रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल केसरवानी ने श्री राम जी के चरणों पर पूजा अर्चना की।

बता दें सराय अकिल कस्बे में ऐतिहासिक रामलीला के तीसरे दिन की लीला में महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ आरंभ करने की ठानी। महाराज की आज्ञानुसार श्यामकर्ण घोड़ा चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वा दिया गया। महाराज दशरथ ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को यज्ञ सम्पन्न कराने के लिये बुलावा भेज दिया। निश्चित समय आने पर समस्त अभ्यागतों के साथ महाराज दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ जी तथा अपने परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता ऋंग ऋषि को लेकर यज्ञ मण्डप में पधारे। इस प्रकार महान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण वेदों की ऋचाओं के उच्च स्वर में पाठ से गूंजने तथा समिधा की सुगन्ध से महकने लगा।

समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य, गौ आदि भेंट कर के सादर विदा करने के साथ यज्ञ की समाप्ति हुई। राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा(खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित कर दिया।

प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों ने गर्भधारण किया। जब चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य, मंगल शनि, वृहस्पति तथा शुक्र अपने-अपने उच्च स्थानों में विराजमान थे, कर्क लग्न का उदय होते ही महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ जो कि नील वर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले, अत्यन्त तेजोमय, परम कान्तिवान तथा अत्यंत सुंदर था। उस शिशु को देखने वाले देखते रह जाते थे। इसके पश्चात् शुभ नक्षत्रों और शुभ घड़ी में महारानी कैकेयी के एक तथा तीसरी रानी सुमित्रा के दो तेजस्वी पुत्रों का जन्म हुआ, श्री रामचंद्र जी के जन्म होते ही चावल मंडी में जय श्री राम के नारे गूंजने लगे। अयोध्या के सम्पूर्ण राज्य में आनन्द मनाया जाने लगा। महाराज के चार पुत्रों के जन्म के उल्लास में गन्धर्व गान करने लगे और अप्सराएं नृत्य करने लगीं। देवता अपने विमानों में बैठ कर पुष्प वर्षा करने लगे। महाराज ने उन्मुक्त हस्त से राजद्वार पर आए भाट, चारण तथा आशीर्वाद देने वाले ब्राह्मणों और याचकों को दान दक्षिणा दी। पुरस्कार में प्रजा-जनों को धन-धान्य तथा दरबारियों को रत्न, आभूषण प्रदान किए गए। चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार महर्षि वशिष्ठ के द्वारा किया गया तथा उनके नाम रामचन्द्र, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखे गए ,जिसमें रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल केसरवानी संरक्षक कृष्ण नारायण रस्तोगी कोषाध्यक्ष शंकर लाल केशरवानी महामंत्री अनिल कुमार केशरवानी मंच व्यवस्थापक संतोष सोनी दीपक श्रीवास्तव सदस्य सतीश जायसवाल निखिल केसरवानी नरोत्तम दास अग्रहरि पूर्व सभासद अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार मोतीलाल स्वर्णकार पत्रकार धीरज पाठक पत्रकार अभिषेक सोनी पत्रकार राजा सोनी सुमित केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे रामलीला की शुरुआत होते ही थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने चावल मंडी में अपने पुलिस स्टाफ को तैनात किया।

# शहजादपुर की धनुष यज्ञ लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** शहजादपुर में चल रही रामलीला में सोमवार को धनुष यज्ञ,लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। राजा जनक की पुत्री सीता से विवाह करने के लिए प्रभु श्रीराम को शिव के धनुष को तोड़ना पड़ा। धनुष तोड़ते ही सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाल दिया। इस पर आसमान से देवताओं ने पुष्प वर्षा की। मंगल गीत भी गाए गए। यह दृश्य देखकर पंडाल में बैठे श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

रामलीला मंचन में राजा जनक ने सीता के स्वयंवर की घोषणा की थी और उन्होंने सीता के विवाह के लिए शर्त रखी थी की जो इस शिव धनुष को तोड़ेगा उसी से सीता का ब्याह किया जाएगा। स्वयंवर में एक से एक बलशाली वीर योद्धा आए लेकिन धनुष के प्रत्यंचा चढ़ाना तो दूर कोई भी शिव धनुष को हिला तक नहीं पाया। यह देखकर राजा जनक बोले क्या पृथ्वी वीरों से खाली है? उसके बाद गुरु विश्वामित्र के साथ गए श्री राम ने गुरु की आज्ञा लेकर वहां स्वयंवर में रखे शिव धनुष को एक झटके में उठाया और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाते ही शिव धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाल दिया। वरमाला डालते ही जय श्री राम के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। धनुष की टंकार को सुन ऋषि परशुराम वहां पहुंचे और वहां पर जैसे ही उनकी निगाह टूटे हुए शिव धनुष पर पड़ी वह क्रोधित हो गए और उन्होंने कहा कि किसने यह धृष्टता की है। इस पर लक्ष्मण और परशुराम में काफी देर तक संवाद चला लक्ष्मण ने कहा इंहा कुम्हड़ बतिया कोऊ नाही, जे तर्जनी देख मार जाहीं। इसके बाद श्री राम के समझाने पर लक्ष्मण शांत हुए उसके बाद श्रीराम ने ऋषि परशुराम से कहा की यह काम करने वाला आपका ही सेवक है जिसने इस धनुष को तोड़ा है। इसके साथ ही रावण और बाणासुर संवाद का मंचन भी किया गया। धनुष प्रोग्राम मंचन में कमेटी के अध्यक्ष रवि त्रिपाठी महामंत्री प्रभास सोनकर, मंत्री मोहित यादव, रामप्रकाश त्रिपाठी, संदीप सोनकर, सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबन्धन से हो सकता है अगले पीढ़ी का जीवन खुशहाल- कल्पना सोनकर

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेण्ट क्राप रेज्ड्यू योजना के अन्तर्गत पराली प्रबन्धन विशयक जनपद स्तर पर जागरूकता अभियान का जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकार जी ने गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। उद्यान सभागार में कल्पना सोनकर ने अपने उदबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हमारी आने वाली अगली पीढ़ी की खुशहाल जीवन सुनिश्चित कर सकती है उन्होंने कृषक जनों का आहवान किया कि वैज्ञानिकों के बतायें हुए फसल अवशेष प्रबन्धन को अपनायें और ये संकल्प ले की धान की फसल कटाई के उपरान्त बचें हुए अवशेष को नहीं जलायेंगे। उन्होंने कृषक भाइयों से पराली न जलाने की अपील की व पराली प्रबन्धन अपनाये जाने हेतु जानकारी दी। पराली न जलाये जाने व पराली प्रबन्धन के बारे में विस्तार से डा0 अजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक एवं समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी द्वारा जानकारी प्रदान की गयी। डा0 अजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ की फसलों में मुख्य रूप से धान की फसलों की कटाई करने के बाद किसानों द्वारा आलू एवं गेहूँ की बुवाई की तैयारी की जल्दबाजी में खेतों में पड़े पुवाल में आग लगा देते हैं जिसके कारण शीतकाल प्रारम्भ होने से वातावरण में नमीं रहने के कारण पराली के धुँए में विद्यमान मीथेन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों से कोलाइन बन जाता है। ऐसा कोलाइन जब हवा में मिल जाता है तो हमारे श्वॉस लेने पर हमारे फेफड़े की समस्या जैसे-टी0वी, अस्थमा, श्वॉस रोग एवं कैन्सर जैसी बीमारियॉ पैदा होने लगती है। इसके अलावा खेतों में लाभकारी जीव व कीट जैसे-गुबरैला, तितली, मकड़ी, केचुवा जलकर मर जाते हैं। कृषि भूमि की जैव कार्बन या हरी खाद के अवयव जल जाते हैं जिससे ह्यूमस कम होने के कारण मिट्टी की उर्वरा भी बुरी तरह प्रभावित होने से उत्पादन और उपज कम हो जाता है। जनपद में विगत वर्ष में कुल 92 घटनाऍ रिमोट सेन्सिंग से प्राप्त हुयीं है जिनमें से सबसे ज्यादा तहसील मंझनपुर व तहसील सिराथू में घटनाऍ पायी गयीं तथा सबसे कम तहसील चायल में पराली जलाने की घटना चिन्हित हुयी थी। सतेन्द्र कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी द्वारा कृषकों को बताया गया कि हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा कृषि अपशिष्ट अथवा पुवाल जलाया जाना प्रतिबन्धित किये जाने हेतु आर्थिक दण्ड के प्राविधान बनाये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में पराली जलने की घटनाओं को रोकने एवं आर्थिक दण्ड की व्यवस्था की गयी है। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं के निरीक्षण करने हेतु जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में लेखपाल एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है इसके अतिरिक्त जिले भर में कई अधिकारियों को नोडल नामित किया गया है। क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं लेखपालों द्वारा पराली जलाने की घटनाओं की जानकारी अपनी उच्चाधिकारियों तहसीलदार या नायब तहसीलदार तथा उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारियों को लिखित में दिये जाने पर सम्बन्धित दोषी कृषको पर आर्थिक जुर्माना लगाया जायेगा। जिन कृषकों द्वारा पराली जलाते हुये पहली बार पकड़ा जायेगा उसके कृषि भूमि के क्षेत्रफल के आधार पर जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। यदि 02 एकड़ की भूमि का क्षेत्रफल होने पर 1500ध्रूपये का जुर्माना, 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ से कम होने पर 5000ध्-रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा। 05 एकड़ से अधिक भूमि का क्षेत्रफल होने पर दोषी को 15000 रूपये का जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों की भी जिम्मेदारी होगी कि उनके ग्राम पंचायतों में पराली न जलाये जाये यदि कोई पराली जलाता है तो उसकी सूचना अपने लेखपाल या तहसीलदार को अथवा कृषि विभाग में लिखित रूप से दे सकते हैं। सतेन्द्र कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी द्वारा कृषकों से अनुरोध किया गया कि पराली न जलायें पराली को खेतों में ही सड़ाकर मिट्टी में मिलायें और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाकर उत्पादन बढ़ायें। सैटेलाइट रिमोट सेन्सिंग मॉनीटरिंग द्वारा जिन कृषकों द्वारा दिन अथवा रात किसी भी समय पराली जलाने पर उसे ट्रेस करके अक्षॉश एवं देशान्तर के आधार पर स्थल व ग्राम की जानकारी उपलब्ध करा देता है जिस पर तहसील स्तर पर जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में बेलर मशीनें आयी है, जिससे कम्बाइन हार्वेस्टर के फसल की कटाई के समय रोल बनाकर खेत को साफ करा सकते हैं जिससे फसल अवशेष जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिन कम्बाइन हार्वेस्टर मशीनों द्वारा बिना फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यन्त्रों जैसे-सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस0एम0एस0) अथवा स्ट्रारेक या बेलर अथवा स्ट्रारीपर के धान की कटाई करते हुये पकड़ी जायेगी उसे तत्काल सीज किये जाने का आदेश जारी किया गया है और उन मशीनों को तब तक नही छोड़ा जायेगा जब तक कि उपरोक्त यन्त्र मशीन मालिक द्वारा न लगवा लिया जाये। अतः कम्बाइन हार्वेस्टर स्वामियों से अनुरोध है कि बिना पूरक यन्त्रों के कम्बाइन हार्वेस्टर से फसलों की कटाई न करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ संतराम, जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ अगंद कुशवाहा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कृषकगण उपस्थित रहे।

# सराय अकिल में खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किया गया परीक्षण




लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बे में खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन विभाग, द्वारा परीक्षण किया गया जिसमें कस्बा के खाद्य करोबारी कर्ताओं को बुलाया गया जिसमें खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन विभाग, द्वारा परीक्षण किया गया। जिसमें आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के निर्देश के क्रम में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अनुपालन के अन्तर्गत फॉस्टेक प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राव पैलेस करन चौराहा सराय अकिल किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक हरचरण कौर द्वारा खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें सहायक आयुक्त खाद्य, ममता चौधरी के निर्देशन में लगभग 30 दुकानदार कारोबारकर्ताओं को निःशुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य पदार्थो के रख-रखाव, भण्डारण, निर्माण, वितरण के दौरान साफसफाई, स्वास्थ्य जनक आदतों तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का खाद्य कारोबार कर्ताओं द्वारा सहर्ष स्वागत किया गया तथा उन्होंने ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में का संचालन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शिव प्रताप तिवारी , खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉक्टर भरत मिश्र व नितिन कुमार द्वारा किया गया। कारोबारी रामबाबू केसरवानी गोरेलाल केसरवानी संत लाल यादव महेंद्र मोदनवाल जयेंद्र कुमार सुभाष केसरवानी पप्पू केसरवानी नीरज कुमार गुप्ता मुन्ना लाल अग्रहरि मूविज अहमद अमर यादव नीरज कुमार आदि लोग मौजूद रहें।

# सदर एसडीएम ने लगवाया सीमा स्तंभ



**कौशाम्बी।** एसडीएम मंझनपुर ने अवगत कराया है कि, जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद कौशांबी में अभियान के अंतर्गत सीमा स्तंभ लगाने की कार्यवाही आज बेरौचा राजस्व ग्राम, विकासखंड कौशांबी, तहसील मंझनपुर से प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में 1839 सीमा स्तंभ है वे या तो क्षतिग्रस्त है या उस स्थान से हट गए हैं जिन्हे जिलाधिकारी के निर्देश पर फिर से स्थापित किया जा रहा है।

# औधन मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक 14 अक्तूबर को

**नेवादा, कौशाम्बी।** तहसील चायल क्षेत्र के औधन गांव में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड की बैठक 14 अक्तूबर को 11 बजे पंचायत भवन में आयोजित होगी। यह जानकारी समिति के सदस्य अयोध्या निषाद ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में सहकारी समिति के कार्यो पर चर्चा एवं उसकी गठन की रूपरेखा तय की जायेगी। जिसमें मछुआ समुदाय समेत मत्स्य पालन से जुड़े व क्षेत्र के अन्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे।

# उठहु राम भंजहु भव चापू,मेटहु तात जनक परितापू

● धनुष टूटते ही सीता ने राम के गले में डाला वरमाला



लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** विकास खण्ड नेवादा के नूरपुर हाजीपुर गांव में आयोजित हो रही रामलीला के पांचवें दिन रविवार को सीता स्वयंवर और परशुराम- लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। जिसमें मिथिला नरेश जनक ने विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया।

महाराज जनक ने प्रण किया था कि भगवान शंकर के अजगव को जो उठाएगा उसी के साथ जानकी का विवाह किया जाएगा। बंदीजनों ने जनक के इस प्रण की घोषणा की। जिसके बाद अनेकों देश के राजा स्वयंवर में भाग लेने के लिए आए। परंतु कोई धनुष को हिला तक नहीं सके। इसके बाद ष्भूप सहस दस एक ही बारा, लगे उठावन टरइ न टाराष् सारे राजा एक साथ मिलकर धनुष उठाने का प्रयास किया परंतु उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके। यह सब देखकर जनक बहुत निराश हुए और आवेश में बोले ष्वीर विहीन मही मैं जानीष् जनक ने कहा कि अब मेरी बेटी कुंवारी ही रह जाएगी। तब लक्ष्मण क्रोधित होकर बोले उसके बाद भगवान राम ने लक्ष्मण को समझाया।

विश्वामित्र ने राम से कहा कि उठहु राम भंजहु भव चापूष् इतने में राम ने धनुष को जैसे ही उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाना चाहा धनुष टूट गया। तब सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी और सीताराम का विवाह संपन्न हुआ। धनुष टूटने की आवाज सुनकर भगवान परशुराम यज्ञ स्थल पहुंचे। शिव धनुष टूटा देख क्रोधित हो उठे इसके बाद लक्ष्मण राम और परशुराम के बीच काफी देर तक संवाद होता रहा। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिरुद्ध उपाध्याय, आत्माराम गुप्ता, निरंजन चौधरी, श्याम बाबू दिवाकर,चौकी इंचार्ज अतुल रंजन तिवारी, गंगाराम रवि आदि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## नवरात्र पर कन्या भोज का हुआ आयोजन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवरात्र को लेकर लालगंज नगर के सांगीपुर वार्ड में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए कन्याओं ने भोजन ग्रहण किया। नगर पंचायत लालगंज के सांगीपुर वार्ड में सोमवार को आदिशक्ति मां जगत जननी जगदम्बा के पूजन के उपरान्त पूजन के उपरान्त कन्या भोजन का आयोजन हुआ। मुख्य आयोजक पं. रामशिरोमणि मिश्र पप्पू की अगुवाई में वार्ड तथा सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज की छात्राओं ने भोजन किया। आयोजन समिति की ओर से मां दुर्गा स्वरूपा बालिकाओं का पूजन कर उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गयी। मुख्य आयोजक ने बताया कि करीब पांच सौ कन्याओं ने भोजन ग्रहण किया। कन्या भोज से पूर्व आयोजन समिति के पं. रामशिरोमणि मिश्र पप्पू, दिलीप मिश्र, रामू मिश्र आदि ने कन्याओं की आरती उतारी। कन्या भोज में शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, सुमित पाण्डेय डबलू, छोटे मिश्र, मुन्ना द्विवेदी, सत्यम मिश्र, प्रणव द्विवेदी आदि ने सहभागिता की।

## बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म पर नहीं हो रही कार्रवाई, सीओ से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थानान्तर्गत एक गांव की पीडित किशोरी की मां ने बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म पर कार्रवाई न होने से इंसाफ के लिए भटक रही है। पीड़ित मां ने सीओ से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। संग्रामगढ़ थाना के गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती इक्कीस सितंबर को दोपहर करीब एक बजे आरोपी व उसके चाचा ने फोन करके उसकी सोलह वर्षीया बेटी को अर्रो के पास नौढ़िया में बुलाया। किशोरी की पहले से आरोपियों से जान पहचान थी। उसकी आये दिन आरोपी युवक से बातचीत भी होती थी। किशोरी के वहां पहुंचने पर दोनों आरोपियों ने बहला फुसलाकर उसे झाडी में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीडित किशोरी द्वारा आपबीती सुनाने पर लोगों को जानकारी हुई। आरोप है कि घटना को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। उसे थाने से डांटकर भगा दिया गया। परेशान पीडिता ने सीओ से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये गये है।

## किशोरी से दुष्कर्म पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत में लहूलुहान मिली किशोरी का गंभीर दशा में स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज चल रहा है। वहीं किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी ने मामले का जायजा लेकर कड़े निर्देश दिये है। लीलापुर थानान्तर्गत एक गांव की सोलह वर्षीय किशोरी रविवार को दोपहर घर से बकरी चराने के लिए निकली थी। परिजनों के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे गांव के एक खेत में वह लहूलुहान अचेतावस्था में पड़ी मिली। उसके दोनों हाथ बंधे थे तथा मुंह में कपड़ा बंधा था। परिजन किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। घटना को लेकर पीडित किशोरी की मां ने गांव के अनिल गुप्ता के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी व एससीएसटी तथा पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## वामन पुराण की कथा श्रवण से मिलती है सुख समृद्धि-संत सम्पूर्णानन्द जी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के डगरारा गांव में चल रही श्री वामन महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रयागराज से पधारे संत सम्पूर्णानंद जी महराज ने कथा प्रसंग में बताया कि नारायण की कथा सुनने और उनका पूजन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कथा प्रसंग में संत संपूर्णानंद महराज ने बताया कि भगवान वामन के दान मांगने पर राजा बलि ने भूमिदान देने का संकल्प कर दिया। तब वामन अवतारी भगवान विष्णु ने विराट रूप धारण कर दो पगों में ही तीनों लोक नाप लिया। इसके बाद तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखकर उसे पाताल लोक भेज दिया। संत ने बताया कि श्री वामन महापुराण की कथा सुनने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। कथा के संयोजक समाजसेवी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत तथा मीरा देवी ने आभार जताया। इस मौके पर कमलाकान्त, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, सूर्यबली सिंह, रामबली, राजू सिंह, गुडडू, राजकुमार, विजय जायसवाल, रामजी जायसवाल, अशोक, विनोद, रामफेर, अर्जुन, रवीन्द्र सिंह, आलोक सिंह, पवन सिंह, संतोष, संजीवन पाल मिश्र, अमरपाल सिंह, विवेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चकमार्ग के खडण्जे को क्षतिग्रस्त करने की शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकमार्ग पर बने खडण्जे को उखाड देने के आरोप को लेकर एसडीएम से शिकायत की गयी है। कौशिल्यापुर लालगंज निवासी दृगपाल पुत्र शिवमोहन ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के चकमार्ग पर बने बीस वर्ष पुराने खडण्जे को गांव के कुछ लोगों ने उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे ग्रामीणों को इस मार्ग से आने जाने में खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

## फेनहा पंडाल पहुंच विधायक ने लिया मां का आशीर्वाद



**प्रतापगढ़।** सदर विधायक राजेंद्र मौर्या रविवार को बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक क्षेत्र के फेनहा गांव पहुंचे,जहां धमसा चौरा पर लगे पंडाल में पहुंच कर उन्होंने मां का आशीर्वाद लिया।इस दौरान उन्होंने गांव के मौर्या बस्ती में लगे हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन किया।इस बीच ग्रामीणों ने उनसे एक जर्जर सड़क(फेनहा मोड़ से जफरापुर लिंक मार्ग) बनवाने की मांग की।जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया।कार्यक्रम के दौरान उनके साथ रहे प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्या,करुणा शंकर सिंह,संजय सिंह,अंबिका सिंह,मनोज कुमार सिंह(पूर्व जिला सह संजोजक),अखिलेश मौर्या,संदीप सिंह,श्रीनाथ,श्रीपत,राजेंद्र, बाबा,मोहित,रोहित आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस द्वारा समय व स्थान बदलने को लेकर भड़के अधिवक्ता

**▶▶ डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन के जरिए जांच की उठाई मांग**



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को भी यहां साथियों में आक्रोश दिखा। वकीलों में सोमवार को इस बात का गुस्सा देखा गया कि दोनों अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी जब घरों से हुई तो पुलिस ने गिरफ्तारी का स्थान एवं समय फर्जी क्यों दर्शाया। नाराज वकीलों ने डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मजिस्टेऱ्ीयल जांच की मांग उठायी है। इसके पहले अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल तथा उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व महामंत्री सूर्यकांत निराला के संयुक्त नेतृत्व में तहसील परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम नैनसी सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डीएम से अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस के अविधिक मनमानी छेडछाड की मजिस्टेऱ्ी जांच की मांग उठाई गयी है। आमसभा में अधिवक्ताओं मे इस बात का भी गुस्सा देखा गया कि पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पर हिरासत में लिये गये अधिवक्ताओ की फोटो भी दुर्भावना के तहत वायरल की। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में जिस तरह से समय और स्थान को बदला गया उससे पुलिस के द्वारा हिरासत की कार्रवाई को लेकर जनता में अविश्वास उत्पन्न हुआ है। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तारी में न्यायिक आदेशों की भी अवहेलना की है। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह ने साथियों की गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम तथा पर्यवेक्षण अधिकारी की भूमिका की जांच कर प्रशासनिक कार्रवाई पर जोर दिया। आमसभा की अध्यक्षता महामंत्री सूर्यकांत निराला व संचालन कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने किया। सभा को पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, अनिल त्रिपाठी महेश, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, संतोष पाण्डेय, राजेश तिवारी, राकेश तिवारी गुडडू, शेष तिवारी, विपिन शुक्ला, सिंटू मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, तपन पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, दीपेन्द्र तिवारी, आदित्य मिश्र, चित्रसेन सिंह, नीरज ओझा, सुशील शुक्ला, शहजाद अंसारी आदि अधिवक्ता रहे।

## मां के जगराते में रात भर झूमते रहे श्रद्धालु



लोकमित्र ब्यूरो

**रेखहा ।** दुर्गा पूजा पर आयोजित मां के जगराते में भजन गायकों की गायकी पर मुग्ध होकर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे, इस दौरान गायकों ने मां दुर्गा का गुणगान करते हुये अपना भजन प्रस्तुत किया।श्री नवदुर्गा पूजा समिति गनईडीह सराय गनई के तत्वाधान में रविवार की रात जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के भजन गायक भानु सिंह के अलावा प्रयागराज से पूजा केसरवानी भी मौजूद रही । कार्यक्रम के प्रारंभ में भजन गायक भानु सिंह को सत्य प्रकाश सिंह ने जय श्री राम की पट्टिका भेंटकर स्वागत किया । गणेश वंदना के साथ उन्होंने कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुये मां की महिमा का गुणगान अपने भजन गायकी से किया । उन्होंने %मेरी मैया ने ऐसी सौगात दे दी% तथा %इतने प्यार से मैया को देखा% आदि भजनों के माध्यम से दर्शकों को श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । भजन गायकों के साथ श्रद्धालु ताली बजाने तथा जयकारा लगाने में साथ लग रहे ।इसी तरह प्रयागराज से आयी गायिका पूजा केसरवानी ने भीअपने भजन के माध्यम से मां का गुणगान किया । उन्होंने %मेरी मैया ने किया उपकार, आज मैं आई तेरे द्वार% के साथ भजन की शुरुआत करते हुये देर रात तक कार्यक्रम को जारी रखा ।इस दौरान बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ छोटे भैया, के के शर्मा, मुन्ना सिंह, अजय सिंह राजू, वीरेंद्र शर्मा, दुर्गेश जी, नंदन पाण्डेय, कृष्ण प्रताप सिंह, रिंकू सिंह, प्रशांत सिंह बबलू मोने सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनता की समस्याओं के लिए कार्यकर्ता संघर्ष को बनाए मुखर



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को लालगंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए जनता के बीच उनकी समस्याओं के निदान में साथ खड़े हो। उन्होने बताया कि पार्टी मे ब्लाक स्तर पर तीन न्याय पंचायतों को मिलाकर मण्डल कमेटी का भी गठन किया जाएगा। वहीं हर बूथ दस यूथ को लेकर भी जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज ने संगठन की कार्यवृत्ति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होनें बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में पार्टी की मजबूती का आहवान किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकार के असफलताओं को जनता तक पहुंचाने में संघर्ष का आहवान किया। बैठक में किसान कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आचार्य विन्देश्वरी पटेल का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने किया। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष एवं जिला पंचाय सदस्य लालजी यादव ने किया। इस मौके पर लालगंज प्रमुख इ. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रमुख पुष्पा शर्मा, भुवनेश्वर शुक्ला, जिपंस रघुनाथ सरोज, सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, प्रदेश सचिव प्रेमशंकर द्विवेदी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नफीस खान, राजेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, सुरेश सरोज, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, रामचंद्र तिवारी, सिंटू मिश्र, राजू पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, सतीश पाठक, प्रीतेन्द्र ओझा, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, रामू मिश्र, दारा सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, इंद्रानंद तिवारी, शिव बहादुर सरोज आदि रहे।

## धनुष टूटते ही सियावर रामचंद्र की जय से गूंजा पंडाल, छायी खुशियां



लोकमित्र ब्यूरो

**सगरा सुंदरपुर –** स्थानीय बाजार में श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं श्री राम राम लीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित श्री राम राम लीला के चौथे दिन रविवार की रात रामलीला के कलाकारों ने रावण-बाणासुर संग्राम का शानदार मंचन किया उसके बाद जनक नन्दिनी सीता का स्वयंवर धनुष यज्ञ के प्रसंग का मंचन किया गया। रामलीला का शुभारम्भ राजा जनक द्वारा चारों दिशाओं में भेजे गये आमंत्रण से शुरू होती है। देश विदेश के राजा स्वयंवर में पहुंचते हैं। लंका का राजा रावण व पाताल के राजा बलि को स्वप्न में पता चलता है कि जनकपुर में स्वयंवर रचा गया है। दोनों धनुष यज्ञ स्थल पर पहुंचकर एक दूसरे से संवाद करते हैं। राजा जनक द्वारा पृथ्वी वीरों से खाली है कहे जाने पर लक्ष्मण क्रोधित होकर अपने स्थान से उठ जाते हैं। तो श्रीराम उन्हें शान्त करते हैं। गुरू की आज्ञा लेकर राजा जनक का प्रण पूरा करने के लिए धनुष का खंडन करते हैं। समूचा पंडाल तालियों के स्वर से गूंज उठता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन राम जी जायसवाल ने किया इस अवसर पर श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं श्री राम रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम जी जायसवाल, रामलीला कमेटी के संयोजक अभय प्रताप सिंह मुन्ना नवदुर्गा समिति पूजा के संयोजक सरदार इंद्रजीत सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह महामंत्री राज किशोर शुक्ल मोटू काका व कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार जायसवाल संयुक्त संगठन मंत्री इंजी. नीरज जायसवाल ,सानू उपाध्यक्ष, रवि जायसवाल, मिंकू तिवारी, अजय अग्रहरि संजय मोदनवाल,संयोजक आशुतोष जायसवाल,दिलीप दुबे डॉ निहार रंजन विश्वास समीर चंद सोनी सुरेंद्र विश्वकर्मा डॉ राजेंद्र मिश्र अंकित त्रिपाठी विवेक जायसवाल रिशु शुक्ल सूरज सोनी रमेश जायसवाल अनिल सोनी सुजीत सोनी प्रहलाद मोदनवाल गोविंद मोदनवाल विनय मोदनवाल शंभू मोदनवाल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## दवा लेने बाजार जा रही महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत

**पट्टी प्रतापगढ़** –दवा लेने के लिए बाजार जा रही महिला के साथ गांव के ही युवक ने सरेआम छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव की एक महिला ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने ससुर के लिए बाजार से दवा लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान वह गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंची थी कि उसके गांव का रहने वाले युवक ऊ उसे रोक लिया और छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसे इज्जत लूटने व जान से मार देने की धमकियां दी गई। इस दौरान छीना झपटी में महिला का सोने का आभूषण भी गायब हो गया। पीड़ित महिला ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चौबीस नवंबर से शुरू होगा पटटी का ऐतिहासिक दशहरा मेला

**● मेले के आयोजन को लेकर नगरवासियों की हुई बैठक**
**● नई मेला समिति में जुग्गीलाल बने अध्यक्ष, अशोक महामंत्री**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** श्रीरामलीला समिति के आम सभा की बैठक रविवार को देर शाम नगर के रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप पर संपन्न हुआ। बैठक में पिछले वर्ष संपन्न हुए ऐतिहासिक दशहरा मेला के आयोजन का ब्योरा प्रस्तुत करने के साथ ही समिति का पुनर्गठन किया गया। नई समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित होने वाले मेले की तारीख निर्धारित की गई। रविवार की रात सात बजे नगर के रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप में श्री रामलीला समिति के आम सभा की बैठक नगर निवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल ने पिछले वर्ष संपन्न हुए पट्टी के दशहरा मेला में हुए आय व व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। जिस पर सभी नगर निवासियों ने संतोष जताया। इसके बाद समिति के पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारी का गठन किया गया। जिसमें जुग्गीलाल जायसवाल को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ ही रामप्रकाश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, अवधेश सिंह उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार जायसवाल प्रबंधक, अखिलेश जायसवाल उप प्रबंधक प्रमोद खंडेलवाल, राम चरित्र वर्मा, रमेश चंद्र सोनी सह प्रबंधक, अशोक कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, सत्यनारायण खंडेलवाल मंत्री, बृजेश सिंह सह मंत्री, पंकज खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, लाल चंद्र मोदनवाल आय व्यय निरीक्षक, चंद्रकेश सिंह प्रचार मंत्री, सजीवन सोनी सह प्रचार मंत्री, अधिवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव व वरुण कुमार पांडेय को विधिक सलाहकार चुना गया। इसी के साथ ही रमेश बरनवाल, अनुराग खंडेलवाल, पवन कुमार खंडेलवाल, प्रखर खंडेलवाल, शीतला प्रसाद सरोज, राकेश सिंह लाल, घनश्याम घायल, आशीष तिवारी, अनिल कुमार खंडेलवाल, अरविंद तिवारी, रवि कुमार व तरुण कुमार पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। मेले के सकुशल संचालन के लिए प्रबंध समिति का भी गठन किया गया जिसके संरक्षक राकेश कुमार सिंह पप्पू, अशोक कुमार जायसवाल, खेदन लाल जायसवाल, हाजी सहीद खां, डॉ. के एल विश्वकर्मा अतुल कुमार खंडेलवाल व डॉ. शकील अहमद को चुना गया। अंत में इस वर्ष आयोजित होने वाले मेले की तिथि का निर्धारण किया गया सर्वसम्मति से मेले के तिथि का निर्धारण 24, 25, 26 नवंबर किया गया। 26 नवंबर की रात को मेले का ऐतिहासिक भारत मिलाप संपन्न होगा। बैठक की अध्यक्षता जुग्गी लाल जायसवाल व संचालन अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में वरिष्ठ व्यवसाई रामलाल जायसवाल पाले सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष राम जी ऊमरवैश्य, लालचंद जायसवाल ननकऊ घोसी, किशन जायसवाल, मनोज खंडेलवाल, अब्बास अली राईन, गौरव श्रीवास्तव, मो. कैफ घोसी सहित अन्य नगर निवासी मौजूद रहे।

## भूमि धरी में दबंगई के बल रास्ता बनवाने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़–** भूमि धरी में दबंगई के बल रास्ता बनवाए जाने के आरोपों की शिकायत एसडीम से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटपट्टी खुर्द गांव के रहने वाले श्री राम यादव ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके भूमि धरी का वाद न्यायालय में चल रहा था। जिसमें फैसला वादी के पक्ष में आया। वहीं आरोप है कि ग्राम प्रधान विपक्षियों से मिली भगत कर उसकी भूमि धरी में जबरन दबंगई के बल मिट्टी आदि डालकर रास्ते का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। विरोध पर उसे तरह-तरह की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर एसडीएम ने जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## फर्जी पैकिंग एवं फर्जी लोगो लगाकर अवैध शराब समेत शातिर गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी प्रतापगढ़** –पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी आनन्द कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभात कुमार सिंह ने मय हमराह उ0नि0 राजन बिन्द, हे0का0 यशवन्त राठौर, का0 राकेश सरोज द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0-39/16 धारा 419,420,467,468,471,120बी भादवि व 63/65 कॉपी राइट एक्ट व 60 आबकारी अधिनियम में वाछिंत अभियुक्त शिवनाथ यादव पुत्र टिहुरी निवासी देवरखा थाना आसपुर देवसरा को थाना क्षेत्रान्तर्गत निमा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि साहब 2016 में हम अपने साथी कपिल यादव, महेश निषाद, मनोज कहार, लल्लू गुप्ता, ध्रुव सिंह, शोभानाथ गौतम के साथ मिलकर दूसरे प्रदेश से शराब मगवाकर उस पर फर्जी रैपर लगाकर सप्लाई किया करते थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने हमारे घर से काफी मात्रा में शराब बरामद कर लिया गया था।

पुलिस द्वारा मेरे घर पर बार-बार दबिश दी जा रही थी आज पैसा लेने के लिये अपने घर आ रहा था। पेट में दर्द होने का कारण में पुलिया पर बैठ गया था।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**रानीगंज (प्रतापगढ़)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एडीजी प्रयागराज व पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशानुसार फेज -5 के 90 दिवसीय कार्यक्रम के तहत रानीगंज कोतवाली की महिला उपनिरीक्षक दीपाली मय हमराह संग क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि छात्राएं निडर होकर पढ़ाई करें और खुद को स्वालम्बी बनाने का प्रयास करें। कंस्टेबल अमीश कुमार, प्रियंका कुशवाहा, रंजना गौड़ ने छात्राओं को कैरियर टिप्स देते हुए कहा कि किसी भी समस्या में थाना का सीयूजी नं 9454404122 पर सुचना दे अथवा टोल फ्री हेल्पलाइन नं 1090,1098,1076,112,108 व 1930 पर सूचित करें। छात्राओं ने भी महिला हेल्प डेस्क के पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के सवालों का जवाब प्राप्त की और सरकार एवं पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए साथ में फोटो भी ली। इसी क्रम में माँ बाराही धाम पर भी टीम जाकर महिलाओं को जागरूक की और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का अस्वासन दिया।

संक्षिप्त खबरें

## भतीजे ने मनाया दुर्गाभाभी का जन्मदिन



**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के शहजादपुर गांव में जन्मी महान क्रांतिकारी दुर्गाभाभी के जन्मदिवस जहां पर शासन प्रशासन भूल गया है। वहीं उनके वंश के रूप में अभी शहजादपुर में रह रहे उनके भतीजे उदयशंकर भट्ट ने बुआ के जन्मदिन को हर साल की तरह सादगी से अपने परिवार के साथ सोमवार की घर पर दुर्गाभाभी के तस्वीर को रखकर उनकी आरती कर उन्हे मिष्ठान का भोग लगाकर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके साथ ही उनके द्वारा भारत की आजादी के लिए किए गए साहसिक कार्यों को याद करते हुए कहा की यह वही दुर्गाभाभी का जन्मदिन है जिनके नाम से अंग्रेज कांपते थे और उन्हें आयरन लेडी के नाम से पुकारते थे। लेकिन आज शासन प्रशासन उनके नाम को भूलता जा रहा है।

## सीओ ने निरीक्षण कर पटाखा की दुकान व फैक्ट्री का किया जायजा



**सिराथू, कौशाम्बी।** आगामी दशहरा, दीपावली त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा सोमवार को कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी सहित कई जगहों पर पटाखे दुकानों व फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने लाइसेंस तथा भंडारण के बारे में जानकारी भी ली है। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने दुकानदारों से लाइसेंस के नवीनीकरण के कागज देख बारूद,पटाखा भंडारण की जानकारी ली। साथ ही दुकान संचालकों को निर्धारित मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की हिदायत दी।

## सीओ ने किया बैंक शाखाओं का निरीक्षण- सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**सिराथू, कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सिराथू सर्किल क्षेत्र के सिराथू कस्बे में स्थित जनसेवा केंद्र, एटीएम एवं बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने सुरक्षाकमियों को हिदायत दी कि वे संदिग्ध लोगों पर नजर रखें। सीओ ने कई बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था देखी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकमियों को पूरी तल्लीनता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंको में लगे सीसीटीवी कैमरे , सायरन आदि की भी जांच पड़ताल कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने रामलीला स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार देर शाम दुर्गा मंदिर-मंझनपुर स्थित रामलीला स्थल का निरीक्षण करते हुए वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रामलीला स्थल में साफसफाई, प्रकाश सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्या



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## सीडीओ ने सिराथू ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

**▶▶ अनुपस्थित मिले कर्मचारी को नोटिस**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सोमवार को सिराथू ब्लॉक औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ को खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ल उपस्थित मिले। जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड सिराथू में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें सहायक विकास अधिकारी (सहाकारिता) आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। जिसके बाद सीडीओ ने विकास खण्ड सिराथू कार्यालय में कार्यरत संविदा कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें तकनीकी सहायक धर्मेंद्र कुमार साहू अनुपस्थित पाये गये। इस सम्बन्ध में सीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव ने खण्ड विकास अधिकारी सिराथू को स्पष्टिकरण देने हेतु निर्देशित किया। स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर अनुपस्थिति के सम्बन्ध में वेतन अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात सीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव ने सिराथू ब्लॉक परिसर के आवासीयध्अनावसीय भवनों का निरीक्षण करते हुए अनावासीय भवन की स्थिति अत्यन्त खराब पाये पर बीडीओ को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही ब्लॉक सभागार के निरीक्षण के दौरान बाहरी दीवार बहुत खराब पाए जाने पर बीडीओ को दीवारों व आन्तिरिक भागों का जीर्णोद्धार अविलम्ब कराए जाने के निर्देश दिए। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कर्मियो में हड़कंप का माहौल व्याप्त रहा।

## दबंग पर खेत नष्ट व अभद्रता के आरोप में केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के भेरावा गांव की शकुंतला देवी पत्नी कमलेश ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव के रहने वाले पांच भाईयो पर खेत के बीच से ट्रैक्टर व मवेशी निकालते है जिससे उसकी फसल नष्ट हो जाती है , शकुंतला देवी का आरोप है की दबंग के विरुद्ध पूर्व में मुकदमा पंजीकृत है जिसमे सुलह समझौता को लेकर दबाव बनाने की नियत से परेशान करते है, समझौता न करने पर गाली गलौच, जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल कर अभद्रता करते है। पीड़िता की शिकायत पर सैनी पुलिस ने दबंगों पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## नौगिरा में बच्चों ने वन्य जीव संरक्षण की जानी बारीकियां



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विश्व वन्यजीव सप्ताह दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसको लेकर विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को इको क्लब गठन के माध्यम से विश्व वन्यजीव संरक्षण सप्ताह दिवस मनाया गया। इको क्लब के कप्तान नितिन यादव, कक्षा समन्वयक छवि कुशवाहा, प्रीति प्रजापति ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक विकास कुमार इंचार्ज प्रधान अध्यापक बच्चों को औषधीय पौधों का वन्य जीव के संरक्षण और महत्व के बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा की सभी जीवों का अपना एक महत्व है और वह कहीं न कहीं एक दूसरे के पूरक होते है। इसलिए आज की आधुनिकता में इनके सरंक्षण की विशेष आवश्यकता है जिससे हमारा वन्य जीव संरक्षित हो सके।

## पशुपालन विभाग द्वारा डोरमा व त्रिलोकपुर में लगा शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विशेष संचारी अभियान के तहत विकास खंड कड़ा के डोरमा व त्रिलोकपुर गांव में सोमवार को पशु चिकित्सालय अजुहा की टीम द्वारा शिविर का आयोजन किया गया जहां पशु चिकित्सा अधिकारी डा विवेक सिंह की मौजूदगी में सूकर पालको का संवेदीकरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डा विवेक सिंह द्वारा सुकर पालकों को बाड़े की साफ सफाई, टीकाकरण के संबंध में जागरूक करते हुए पशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव हेतु कृमिनाशक दवापान , टीकाकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी अजुहा डॉ विवेक सिंह , संजय कुमार , प्रधान प्रतिनिधि भरत लाल भट्ट , शिवमोहन , श्रीनाथ , रीतादेवी , सुनीतादेवी , बुधराम , सुकुरू , आरती देवी, गीता देवी , अंजना देवी , प्रीति देवी , पुष्पा देवी , संगीता देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

**▶▶ जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निस्तारित करने के दिये निर्देश**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 957 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 33 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से श्रम विभाग के-06 खाद्य एवं औषधि विभाग के-03, कृषि विभाग के-17, उ0प्र0 पॉवर कार्पोरेशन लि0 के-05,एवं अग्निशमन विभाग के-02 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त ऋृण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत जो भी आवेदन आयें उन्हें निर्धारित समय के अन्दर ही निस्तारण करे और अगर किसी त्रुटि के कारण निरस्त किया जा रहा है उसकी पूरी जानकारी दे। उन्होंने ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत बडौदा ग्रामीण बैंक में आवेदन ज्यादा निरस्त होने के कारण नाराजगी व्यक्त की।

उन्हांने उपायुक्त उद्योग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य जल्द पूरा करें व विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने ग्राम-सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिशासी अधिकारी दारा नगर कड़ाधाम द्वारा अनापत्ति चाहा गया है, अभी तक अनापत्ति प्राप्त नहीं हुई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जल्द से जल्द बोर्ड की बैठक कराकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण-प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता से वापस लौटे खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

**● विद्यालय स्टॉफ सहित शिक्षक विधायक प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को दी बधाई**



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों का सोमवार को सिराथू रेलवे स्टेशन पर विद्यालय स्टॉफ सहित शिक्षक विधायक प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। बताते चले कि राष्ट्रीय स्तर की 68 वीं राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मेरठ में आयोजित की गई। जहां विकास खंड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया था। 68वीं माध्यमिक विद्यालयीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर सोमवार वापस लौटे छात्रों का सिराथू रेलवे स्टेशन पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि सन्तोष कुमार शुक्ल सहित विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया जिसके बाद अजुहा कस्बे में नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, चौकी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व सभासद द्वारा छात्रों को माल्यार्पण एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया । इसके बाद विद्यालय में छात्रों का शिक्षकों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।राष्ट्रीय स्तर पर चयनित धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन के छात्र-मधु देवी, रेशमा देवी , नीलू कुशवाहा, शिखा वर्मा, पलक जायसवाल, खुशबू देवी, यश जायसवाल इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टॉफ ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर वरुण प्रकाश जोशी, बलवन्त कुमार, रामशंकर सिंह, ललित कुमार, महेश प्रसाद, आदित्य कुमार सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी द्वारा बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई।

## जिलाधिकारी ने रामवनगमन मार्ग एन0एच0ए0आई0, अधिशासी अभियन्ता के साथ निर्माण कार्यो की भौतिक प्रगति की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में रामवनगमन मार्ग, एन0एच0ए0आई0 के अधिशासी अभियन्ता के साथ पैकेज-03 व पैकेज-04 भौतिक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने रामवनगमन मार्ग की धीमी प्रगति पाये जाने पर असंतोष यक्त करते हुए कहा कि लेवर व मशीनरी बढा कर आपेक्षित प्रगति लाये। उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जिन किसानों की भूमि अधिगृहित की गई है, इनका मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का कार्य पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जहॉ पर भी रूट डायवर्जन किया गया है वहा कार्य में तेजी लाते हुए, कार्य को जल्द पूर्ण कराया जाय, जिससे आवागमन में आमजनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मार्ग में आ रही सरकारी संरचनाओं को हटानेध्प्रतिकर वितरण के लिए की जा रही कार्यवाही का शीघ्रता से निस्तारण कराते हुए प्रति सप्ताह विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ग्राम मोहमदपुर असवॉ में विद्युत ट्रान्समेशन लाइन का कार्य तेजी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कोई भी पहले से बना हुआ एलाईमेन्ट किसी भी दबाव में उसमें बदलाव नहीं होना चाहिए न ही कही एलाईमेन्ट में बदलाव की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

## कांग्रेसियों ने देवीगंज में प्रदेश अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जन्मदिन के मौके पर जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के निर्देश पर सोमवार को सिराथू विधानसभा के देवीगंज कस्बे में कांग्रेसियों ने केक काटकर अजय राय का जन्मदिन मनाते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना किया। इस दौरान मौजूद कांग्रेसियों ने अपने अपने विचार रखते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताया । इस मौके पर आईसीसी कोऑर्डिनेटर बांदा राम बहादुर त्रिपाठी , उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह , जिला सचिव सरफराज आलम, राम प्रकाश , बालेंद्र यादव , इम्तियाज अहमद उर्फ नजमी , श्याम सिंह भदौरिया , वसीम अहमद , बालेंद्र यादव, संतोष शुक्ला , दिनेश पटेल , मुमताज अहमद , तूफान सोनकर सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## धनुष यज्ञ के साथ परशुराम संवाद देख भाव विभोर हुए दर्शक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम अंतर्गत दारानगर कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने रामायण की कथा को जीवंत किया। लीला का मंचन श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में दारानगर के तिलक नगर मोहल्ले से संपन्न हुई।जिसमें महाराज जनक के द्वारा रचित सीता स्वयंवर में अनेकों देश के राजा , राजकुमार, लंका का राजा रावण सहित हजारों राजाओ ने भाग लिया।जहां रावण बाणासुर ने आपस में संवाद किया। लेकिन भगवान शिव के पिनाक धनुष को कोई उठा नहीं पाया।तब राजा जनक ने निराश होकर अपने दुख को व्यक्त किया तो उसे सभा में उपस्थित लक्ष्मण को यह बात अपमानजनक लगी तभी जनक के कहे शब्दों पर उनको याद दिलाया कि जिस सभा में रघुवंश का एक भी राजा, राजकुमार मौजूद हो वहां इस प्रकार की बात करना शोभा नहीं देता।लक्ष्मण के क्रोध को भगवान राम ने शांत कराया उन्हें अपने पास बैठाया ।तत्पश्चात अपने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को तोड़ दिया।वही सीता के साथ स्वयंवर हुआ।उधर धनुष को टूटते ही परशुराम जो कि महेंद्र पर्वत पर तपस्या कर रहे थे उन्हें आभास हो जाता है और महाराज जनक की सभा में आ जाते हैं। जहां भगवान शंकर के टूटे हुए धनुष को देखकर अत्यंत क्रोधित होकर ।राजा जनक से पूछते हैं कि मेरे आराध्य भगवान शंकर का धनुष किसने तोड़ा राजा जनक परशुराम को शांत रहने के लिए प्रार्थना करते हैं। इस सभा में उपस्थित विश्वामित्र से भी परशुराम पूछते हैं फिर सुंदर वार्तालाप परशुराम ,लक्ष्मण एवं राम के बीच संवाद हुआ।अंत में परशुराम जी को ज्ञात हो जाता है की धनुष को तोड़ने वाला और कोई नहीं बल्कि स्वयं त्रिलोकी नाथ भगवान विष्णु के अवतार श्री राम हैं। वही क्षमा मांगकर वापस चले जाते हैं।इस प्रकार से सीता स्वयंवर की लीला संपन्न होती है। धनुष यज्ञ कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष जयमणि तिवारी , आद्या प्रसाद पांडेय , संरक्षक मूल प्रकाश त्रिपाठी, अतुल पाठक, शशि कांत पांडेय, शशि कमल मिश्र,प्रशांत त्रिपाठी, मनीष पाठक, शिवम मिश्र, राम आसरे दिवाकर, पंकज केसरवानी, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पूरी न्यायपालिका प्रभावित

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हलकी, अप्रासंगिक टिप्पणियों से ना सिर्फ जजों की नकारात्मक छवि बनती है, बल्कि पूरी न्यायपालिका प्रभावित होती है। स्वागतयोग्य है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की छवि की रक्षा करने की पहल की है।इससे ज्यादा अफसोस की बात और क्या होगी कि सुप्रीम कोर्ट को उच्चतर न्यायपालिका के जजों को जुबान पर काबू रखने के लिए चेतावनी जारी करने पड़े! लेकिन ऐसी ही स्थिति हमारे सामने है। कर्नाटक हाई कोर्ट के जज वी. श्रीशानंद की ÷सांप्रदायिक÷ एवं ÷स्त्री-द्रोही÷ टिप्पणियों से परेशान सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहल पर पांच जड्डुजों की बेंच बनाई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच ने बुधवार को निर्णय दिया कि जस्टिस श्रीशानंद का बेंगलुरू के एक इलाके को %पाकिस्तान' बताना सैंवैधानिक रूप से गलत है। साथ ही कोर्ट ने जजों के लिए आम चेतावनी जारी की। कहा कि वे ऐसी हलकी टिप्पणियां ना करें, जिनसे उनके सांप्रदायिक एवं स्त्री-द्रोही पूर्वाग्रह जाहिर होते हों। जस्टिस श्रीशानंद ने एक महिला अधिवक्ता को संबोधित करते हुए महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें कही थीं। यह सुनना अजीब लगता है, लेकिन यह अफसोसनाक स्थिति आज की हकीकत है कि जज सामान्य विवेक को आहत करने वाली बातें कह डालते हैं। जजों को कैसे बोलना चाहिए, अगर यह सुप्रीम कोर्ट को बताना पड़ रहा है, तो न्यायपालिका आज किस हाल में है, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।सर्वोच्च न्यायालय ने कहा- मामले से असंबंधित स्त्री-द्रोही या पूर्वाग्रहयुक्त अन्य टिप्पणियां करने के बजाय जजों को अनिवार्य रूप से संविधान के ऊसलों का पालन करना चाहिए।' वैसे यह सुप्रीम कोर्ट के लिए भी आत्म-मंथन का विषय है कि उसकी कॉलेजियम प्रणाली ऐसे व्यक्तियों को हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की सिफारिश कैसे कर डालती है, जो बाद में इस तरह की बातें कोर्ट रूम बोलते हैं? आखिर ऐसी टिप्पणी का यह कोई अकेला मामला नहीं है। हाल के वर्षों में जजों की ओर से संविधान की भावना के खिलाफ जाकर टिप्पणियां करने के मामले बढ़ते चले गए हैं। खुद सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हलकी, अप्रासंगिक टिप्पणियों से ना सिर्फ जजों की नकारात्मक छवि बनती है, बल्कि उससे पूरी न्यायपालिका पर खराब असर पड़ता है। स्वागतयोग्य है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की छवि की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाई है। उसे इस मामले में अधिक जागरूकता दिखाने की आवश्यकता है।






# आर्थिक दुर्बलता के चलते मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दोबारा भारत की शरण में

**अशोक भाटिया**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पांच दिन के भारत दौरे पर आए हैं। उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होने वाली है, उसमें कई अहम फैसले लिए जाने हैं। अब मुइज्जू का यह दौरा इसलिए अहम बन जाता है क्योंकि मालदीव में चुनाव के दौरान उन्होंने बड़े स्तर पर एंटी इंडिया कैंपेन चलाया था, उनकी तरफ से कई मुद्दों को लेकर भारत को घेरा गया। अब उतना सबकुछ होने के बाद उन्हें भारत से ही मदद की आस है, वे कह रहे हैं कि भारत हमारे आर्थिक संकटों से पूरी तरह अवगत है।बताया जाता है कि मालदीव का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 करोड़ डॉलर का ही रह गया है। इससे सिर्फ डेढ़ महीने का ही खर्च चलाया जा सकता है। मालदीव का पर्यटन क्षेत्र बेहद घाटे में है। जबकि टूरिज्म को मालदीव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है। लेकिन मुइज्जू के भारत विरोधी बयान की वजह से मालदीव का टूरिज्म सेक्टर पर बहुत असर पड़ा। ऐसे में पहले से ही कर्ज की मार झेल रहे मालदीव पर दबाव और बढ़ा है। मुइज्जू ने भारत के लिए रवाना होने से पहले कहा था कि मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा है और मुझे भरोसा है कि भारत इसमें हमारी मदद करेगा। भारत से हमें काफी उम्मीद है। हम आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत की मदद चाहते हैं और उम्मीद है कि भारत इसमें हमारी मदद करेगा।दरअसल मालदीव की अर्थव्यवस्था कई मायनों पर भारत पर निर्भर है। मालदीव का रुख करने वाले सैलानियों में भारतीयों की संख्या अमूमन हर साल ज्यादा होती है। लेकिन पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों मुल्कों के रिश्तों में जो तल्खी बढ़ी, उसके बाद भारतीय सैलानियों ने मालदीव का बहिष्कार करना शुरू कर दिया, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था डगमगा गई ।लेकिन अब मुइज्जू को समझ आ गया है कि भारत उसके लिए काफी अहमियत रखता है।जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कदम जब लक्षद्वीप की धरती पर पड़े थे तो उसी समय से मालदीव हिल गया था क्योंकि कुछ समय पहले ही मालदीव में सरकार बदली थी और वहां की जनता ने मोहम्मद मुइज्जू को चुना था। ये वही मोहम्मद मुइज्जू हैं, जो जिन्हें चीन समर्थक का टैग मिला चुका है और कट्टर %भारत विरोधी% माना जाता रहा हैं। इस छवि को बरकरार रखते हुए उन्होंने अपने मुल्क में %इंडिया आउट% कैंपेन तक चलाया था। मोहम्मद मुइज्जू ने शुरू से ही %भारत विरोधी% बयानबाजियां जारी रखीं थी । न्होंने %भारत आउट% की तर्ज पर चुनावी अभियान चलाया था। यहां तक कि देश से भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्जू की पार्टी का मुख्य एजेंडा था। सत्ता में आने के बाद से उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जो भारत-मालदीव संबंधों के दृष्टिकोण से अपरंपरागत थे। यहां तक कि अपने मुल्क से भारतीय सैनिकों को भी वापस लौटा दिया था। भारतीय सैनिकों की वापसी इस साल मई में पूरी हो गई थी । उसके अलावा उन्होंने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत ना जाकर एक लंबी परंपरा को तोड़ दिया और इसके बजाय तुर्की और उसके बाद चीन गए।खैर, अब प्रधानमंत्री मोदी ने बिना कुछ करे ही उन्हें घुटने पर ला दिया है । इससे मालदीव भी हिल गया । बात कूटनीति रिश्तों के बिगड़ने तक पहुंच चुकी थी। खैर, अभी मोहम्मद मुइज्जू भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने की कवायद में लग चुके हैं और वो ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, जिससे लगे कि वो भारत के खिलाफ अपनी नीति को लेकर अभी भी कायम हैं।इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मालदीव के विकास के लिए खुलकर मदद की अपील करते रहे है । ऐसे में माना जा रहा है कि मुइज्जू ने भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारने और पुराने सहयोग को फिर से बहाल करने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पांच दिन के भारत दौरे पर आए है । ताकि तनाव से आई दूरियों को पाटा जा सके। इसके पहले भी इसी आशा से विदेश मंत्री मूसा जमीर भी भारत की यात्रा कर चुके है ।अपने पहले भारत दौरे को लेकर मूसा जमीर ने कहा था कि यह मेरी एक अच्छी यात्रा रही । मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मेरे समकक्ष एस जयशंकर और मेरे बीच सकारात्मक बातचीत हुई। मैं वास्तव में भारत सरकार और विदेश मंत्रालय को धन्यवाद देता हूं।उन्होंने कहा था कि 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने हमें मान्यता दी थी। इन सालों में हमने संबंध मजबूत किए हैं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक बहुत ही अच्छा और गहरा रिश्ता है। इससे दोनों देश को फायदा हो सकता है। हम भारत के साथ बहुत अच्छे रिश्ते बनाना चाहते हैं। हम हमारे रिश्ते को गहरा करना चाहते हैं, ताकि इससे मालदीव और भारत दोनों देशों के लोगों को फायदा मिले।आपको बता दे कि आखिर कैसे बढ़ा था मालदीव-भारत के बीच का यह विवाद? तो हम इसके बारे में आपको बता दे कि जब मालदीव से बिगड़ते रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री मोदी इस वर्ष की शुरुवात में लक्षद्वीप दौरे पर गए थे । उन्होंने लोगों से अपील की थी कि मालदीव जाने के बजाय एक बाद लक्षद्वीप जरूर जाएं और यहां की खूबसूरती देंखे। लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से करने पर वहां के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था। भारत के तमाम बॉलीवुड स्टार्स और सेलिब्रिटी से लेकर केंद्रीय मंत्रियों ने इसका विरोध जताया था। इसके बाद मालदीव के मंत्रियों को इस्तीफा तक देना पड़ा था। मालदीव के विरोध के बाद अब भारतीयों ने मालदीव का बॉयकॉट कर दिया था।इसी दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू चीन के दौरे पर गए। वहां से वापस लौटकर उन्होंने अकड़ दिखाई। उन्होंने कहा कि कोई देश उन्हें धमका नहीं सकता। मुइज्जू ने मालदीव का समर्थन करने के लिए चीन के लोगों से उनके देश घूमने आने की अपील की।

इसके बावजूद भी भारत ने उन दिनों भी मालदीव की कमजोर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की थी। उसने मालदीव को आर्थिक सहायता भेजी थी। अपने पड़ोसी मुल्कों की भारत लगातार मदद करता रहा है। ऐसे ही मालदीव की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए भारत ने 400 करोड़ रुपये की मदद दी। इसके बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कर्ज चुकौती को आसान बनाने में भारत के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। मुइज्जू हाल ही में जब मालदीव में आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने और चीन की तरफ झुकाव होने के बावजूद आखिर भारत ने क्यों मालदीव की मदद का फैसला लिया? जवाब साफ है- मालदीव, भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्र-शासित प्रदेश लक्षद्वीप से इसकी दूरी महज 700 किमी है और यह हिंद महासागर में सामरिक रूप से काफी महत्वूर्ण जगह पर स्थित है। हिंद महासागर से जो मालवाहक जहाज गुजरते हैं, वो मालदीव से होकर जाते हैं। एक तरीक से यह सेंटर प्वाइंट है। इसीलिये भारत हर हाल में हिंद महासागर में अपना दबदबा चाहता है।एक्सपर्ट्स कहते हैं कि भारत द्वारा मालदीव से पूरी तरह रिश्ते खत्म करने का मतलब है उसे चीन के हवाले कर देना। इसका मतलब यह होगा कि अंतर्राष्ट्रीय भू राजनीति के नजरिए से महत्वपूर्ण मालदीव से हम खुद-ब-खुद पीछे हट जाएंगे। भारत किसी भी हाल में यह नहीं चाहता है। इसीलिए मदद जारी रखने का फैसला किया गया। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि पश्चिम एशिया में भारत की बादशाहत के लिए मालदीव का साथ जरूरी है। मालदीव सार्क का हिस्सा है, जिसमें भारत एक अगुवा की तरह भूमिका निभाता है। इस नजरिया से भी उसे साथ रखना आवश्यक है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अब भारत से नई उम्मीद भी लगाए बैठे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली और माले मजबूत संबंध बनाएंगे। एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव सरकार नई दिल्ली के साथ मुद्रा विनिमय समझौतों पर बातचीत कर रही है। मालदीव के राष्ट्रपति ने ये भी घोषणा की कि उनका प्रशासन एक मुक्त व्यापार समझौते पर भारत के साथ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद कर रहा है।लगातार भारत के कड़े रूख के बाद जब मालदीव की हालत मुइज्जू ने देखी तो उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आने के बाद सुलह का रुख अपनाया था। पिछले दिनों राष्ट्रपति मुइज्जू ने लगातार तीसरी बार पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था।

उन्होंने एक बयान में ये भी कहा था कि भारत मालदीव का %सबसे करीबी सहयोगी% बना रहेगा और इस बात पर जोर दिया कि इस बारे में कोई सवाल ही नहीं है।पिछले दिनों ही मालदीव ने भारत की तरफ से गिफ्ट में दिए गए डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल भी फिर से शुरू कर दिया, जिनका संचालन पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति मुइज्जू के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद बंद कर दिया गया था। खैर, दोबारा विमानों का इस्तेमाल करते हुए मोहम्मद मुइज्जू ने चिकित्सा निकासी सेवाओं को शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए भारत को धन्यवाद भी दिया।%इकनॉमिक टाइम्स% की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मालदीव ने 20 लाख विदेशी टूरिस्ट्स अपने देश में लाने की योजना बनाई है। अब वह भारत के टूरिस्ट्स को अपने यहां फिर से बुलाने के लिए तरह-तरह की तैयारी कर रहा है। मालदीव भारतीय शहरों में ट्रेड शो में भाग लेकर फिल्म स्टार्स और इंफ्लूएंसर्स को शामिल करके भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा, मालदीव टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया को भी अपने देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित कर चुका है। वहीं, अब भारतीय फिल्मों के लिए मालदीव में शूटिंग करने का भी ऑफर दे रहा है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में प्रोफेसर डॉ। शांतेष कुमार सिंह एक चैनल से मुलाकात में कहना था कि भारत की हमेशा से अपने पड़ोसी देशों को साथ रखने की रणनीति रही है। जहां तक मालदीव की बात है, चीन को काउंटर करने के लिए उसका साथ रहना जरूरी है। मालदीव में सत्ता परिवर्तन के बाद वह चीन के करीब आया, लेकिन अब उसे चीन का असल मंसूबा समझ में आने लगा है, जो अपने फायदे के लिए दोहन का है। चीन ने श्रीलंका, नेपाल जैसे देशों के साथ भी यही किया और बाद में उन देशों को भी इसका एहसास हुआ था ।

**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# कई बुजुर्ग अपने अपमान के विरुद्ध ख़ामोश रहते ही हैं

**रजनीश कपूर**

सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद को %माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के कानून की जानकारी रखनी चाहिए ताकि अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के ख़िलाफ़ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत ऐसे तमाम प्रावधान हैं जहां बुजुर्गों की सुरक्षा व देखभाल का ख़्याल रखा गया है।आधी दुनिया पर विजय पाने वाला सिकंदर-ए-आज़म जब अपने देश वापिस लौट रहा था तो उसका स्वास्थ्य इतना बिगड़ा की वह मरणासन्न स्थिति में पहुँच गया। अपनी मृत्यु से पहले सिकंदर ने अपने सेनापतियों और सलाहकारों को बुलाया और कहा की मेरी मृत्यु के पश्चात् मेरी तीन इच्छाएँ पूरी की जाएँ। उन तीन इच्छाओं में से एक इच्छा थी। ÷मेरी अर्थी में मेरे दोनों हाथ बाहर की ओर रखे जाएं ङ्क इससे लोग समझ सकें की जब मैं दुनिया से गया तो मेरे दोनों हाथ खाली थे। इंसान आता भी खाली हाथ है और जाता भी खाली हाथ है।÷ परंतु इस बात को बिना समझे, हम हर पल अधिक से अधिक संपत्ति और धन अर्जित करने की दौड़ में लग जाते हैं।

आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि किसी बुजुर्ग को, पैसे और संपत्ति के लालच में उसी की संतान ने घर से बेघर कर दिया। ऐसा अक्सर उन परिस्थितियों में होता है जब बच्चों को सही संस्कार नहीं दिये जाते। ऐसा अक्सर तब भी होता है जब घर के बड़े-बुजुर्ग अपने मोह और स्नेह के चलते, अपने जीते-जी ही अपनी चल-अचल संपत्ति के सभी उत्तराधिकार अपने बच्चों को दे देते हैं। जो संतान संस्कारी होती है वे बिना किसी लोभ या स्वार्थ के, अंतिम समय तक अपने माता-पिता की सेवा करते हैं।परंतु ऐसी भी संतान होतीं हैं जिन्हें जैसे ही इस बात का पता चलता है कि माता-पिता ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना दिया है, वैसे ही उनका अपने माता-पिता के प्रति व्यवहार बदलने लगता है। परंतु सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद इस बात की जानकारी नहीं है कि %माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत वे अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के ख़िलाफ़ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं।माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007, भारत सरकार का एक अधिनियम है जो वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता के भरण-पोषण और देखभाल के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत, बच्चों और उत्तराधिकारियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण देना कानूनी दायित्व है। इस अधिनियम के तहत, राज्य सरकारों को हर ज़िले में वृद्धाश्रम स्थापित करने के प्रावधान भी हैं।अगर कोई वरिष्ठ नागरिक अपनी आय या संपत्ति से अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है, तो वह अपने बच्चों या रिश्तेदारों से भरण-पोषण के लिए आवेदन कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति, किसी वरिष्ठ नागरिक की देखभाल या संरक्षण प्राप्त करने के बाद उसे उपेक्षित किसी जगह छोड़ देता है, तो उसे तीन महीने तक की जेल हो सकती है या पांच हज़ार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।अगर किसी वरिष्ठ नागरिक के बच्चे नहीं हैं, तो वह भी मेंटेनेंस के लिए दावा कर सकता है। अगर किसी वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति का इस्तेमाल रिश्तेदार कर रहे हैं, तो सम्पत्ति का इस्तेमाल करने वाले या उसके वारिस पर बुज़ुर्ग की देखभाल के लिए दावा किया जा सकता है।

इतना सब कुछ होते हुए भी हमें अक्सर यही सुनने को मिलता है कि बुजुर्गों को उन्हीं के खून द्वारा अपमानित व उपेक्षित किया जाता है। ऐसे में कई बुजुर्ग जिन्हें इस अधिनियम की जानकारी नहीं है वे तो अपने अपमान के विरुद्ध ख़ामोश रहते ही हैं। साथ ही ऐसे भी बुजुर्ग हैं जो समाज में अपनी व अपने बच्चों की मर्यादा और इज़्ज़त की ख़ातिर क़ानूनी सलाह या कार्यवाही नहीं करते।बीते दिनों दिल्ली से सटे नोएडा की एक खबर आई जहां 85 वर्ष के एक वरिष्ठ पत्रकार को अपने ही घर से बेघर होने की स्थित का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक-एक पाई जोड़ कर सन् 2000 में एक फ्लैट ख़रीदा। 205 में जब उनकी इकलौती बेटी शादी विफल हुई तो वो अपने पुत्र के साथ अपने पिता के घर में रहने लगी। कई वर्षों तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। 2022 में अपनी पुत्री के प्रति स्नेह के चलते उन्होंने अपने फ्लैट को एक %गिफ्ट डीड' के ज़रिये अपनी बेटी के नाम कर दिया।

इस %गिफ्ट डीड' होने के कुछ ही महीनों के बाद उनकी बेटी का अपने पिता के प्रति रवैया बदलने लगा। पहले बुरा बर्ताव, फिर मार-पीट और उसके बाद उन्हें कई बार घर से भी निकाला गया। बाद में किसी न किसी तरह उन्हें घर में वापिस लिया गया। परंतु हद तो तब हुई जब बीते अगस्त में उनकी बेटी ने इस फ्लैट को बेच दिया और अब उन्हें इस उम्र में बेघर होने पर मजबूर कर दिया। नोएडा हो या देश का कोई अन्य शहर, ऐसी खबरें आपको लगातार मिलती रहती हैं और आपको सोचने पर मजबूर करती हैं कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा हैं?सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता, अजय गर्ग के अनुसार ÷ज़्यादातर लोगों को %गिफ्ट डीड' और %वसीयत' के बीच के मूल अंतर की जानकारी ही नहीं होती। कोई भी व्यक्ति अपने जीवन काल में, %गिफ्ट डीड' के माध्यम से अपनी संपत्ति किसी के भी नाम कर सकता है। प्राय÷ %गिफ्ट डीड' इस उम्मीद से की जाती है कि जिस किसी के भी हक़ में %गिफ्ट डीड' लिखी गई हो वह व्यक्ति दान-दाता की अच्छी देखभाल करेगा। वहीं किसी भी %वसीयत' पर मृत्यु के पश्चात ही अमल किया जा सकता है।दोनों ही स्थितियों में यदि बुजुर्गों को यह लगता है कि उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा तो वे इसमें बदलाव या इसे रद्द भी कर सकते हैं।÷ ग़ौरतलब है कि %माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत ऐसे तमाम प्रावधान हैं जहां बुजुर्गों की सुरक्षा व देखभाल का ख़्याल रखा गया है। इस अधिनियम का सही इस्तेमाल उचित क़ानूनी सलाह पर लिया जाए तो न सिर्फ़ बुजुर्गों को अपमानित करने वाली घटनाओं में कमी आएगी बल्कि अपनों का अपनों के प्रति स्नेह बना रहेगा।

## समसमायिक

### नवदुर्गा

प्रथम दिवस नवरात्र का
मातु शैल का वार
प्रेम सहित अर्पित करें
श्वेत पुष्प गलहार
नव दुर्गा, नव शक्ति में
दुजा तेरा स्वरूप।
दुग्ध धवला जग जननी
कांतिमय है रूप ।।
दूजे दिन नवरात्रि के,
करें माँ का ध्यान।
ज्योतिर्मय जगदंबिका,
करती जग कल्यान।।
तिथि तृतीया पूजिए,
चंद्रघंटा रूप।
पीले फूलों में लगे,
मां का रूप अनूप।
भाव सहित जो मातु का,
करता है गुणगान।
कष्ट हरन करती सदा,
देति अभय वरदान।
तेज अलौकिक मातु का,
मंद मधुर मुस्कान।
रोग शोक भय हारिणी,
देति अभय वरदान।।
कलश, कमण्डल धारिणी
भीमा तेरा धाम।
कूष्मंड प्रिय मां को,
कूष्मांडा नाम।
प्रेम सहित जो मातु का,
करता है गुणगान।
आदिशक्ति जगत जननी,
करती है कल्यान।
तिथी पंचमी को करै,
स्कंदमात का मान।
इनकी कृपा से मिले,
हर मां को संतान।।
सिंहारूढ़ पद्मासिनी,
देवि दया की खान।
माता के दर जो गया,
बढ़ा मान सम्मान।।
कात्य कुल जन्मी सुता
कात्यायनी नाम।
स्वर्णवर्णी, चतुर्भुजी,
सर्व सुखों की धाम।।
कंज कृपाण धारिणी,
करती शेर सवार।
महिषासुर मर्दिनी की,
महिमा अपरंपार।।
छठा दिवस नवरात्रि के,
माँ अंबा का मान।
क्वारी पूजे प्रेम से,
मिलते पति गुणवान।
तिथी सप्तमी जानिये
कालरात्रि का वार
लाल चुनरिया से करें
माता जी श्रृंगार।
सप्त स्वरूप मातु का,
श्याम वर्ण विकराल।
हिया धरै भयहारिणी
मइया विद्युत माल।।
कौमारी, कुलपालिनी,
सर्व सुखों की खान।
क्रीं रूपा, कुलपूजिता,
नाम भैरवी जान ।।
शुभ फल देती शुभंकरी
करती जग कल्यान ।
सब मिलकर आओ करें,
मइया का गुणगान ।।
वृषभ वाहिनी जानिये,
श्वेत वर्ण है गात।
तिथी अष्टमी पूजिये
श्वेत अम्बरी मात।।
हैं त्रिशूल के धारिणी,
भोग नारियल जान।
दुःख दारिद्र निवारिणी,
करती जग कल्यान
नवमी तिथि नवरात्रि की,
सिद्धिदात्रि का वार।
कमल पुष्प कर धारिणी
दुर्गा की अवतार।
सिद्धि दात्री कंजासिनी,
माँ को जो जन धाय।
पूर्ण हो सब कामना,
सर्वसिद्धि पा जाय।।

**मधुलिका राय मल्लिका**

### माता भजन मैया जी

जब भी गिरी हूँ तुमने
संभाला है मैया जी
इस जिंदगी में तुम से
उजाला है मैया जी ।
जब भी फंसी मजधार में
और आवाज दी तुम्हें
मुसीबत से मुझे तुमने
निकाला है मैया जी ।
तेरे बिन ये जिंदगी में
कोई जायका नहीं
तेरा प्यार ही जिंदगी का
मसाला है मैया जी ।
ये जिंदगी बदरंग सी
मैया तुम्हारे बिन
मेरा कोई न हमप्याला
हमनिवाला है मैया जी ।
मेरे अवगुणों के बाद भी
अपना लिया मुझे
एहसान मुझ पे तूने
बड़ा किया है मैया जी ।
दुःखी हुआ जब मन मेरा
शिकायतें बहुत की
फिर आंसूओं से हर गिला
को धोया है मैया जी ।
सुख - दुःख में धूप-छांव में
तुम साथ थे खड़े
अब तक का सफर
साथ निकाला है मैया जी ।
जो तुम से कभी बिछड़ूं
तो जान जाएगी
गर छूटा तेरा हाथ ना
जी पाऊंगी मैया जी ।
तुम्हारे प्यार का शायद
मैं सिला ना दे सकूं
नादान हूँ पर दिल का
ना काला हूँ मैया जी ।



**संजुला सिंह ÷ संजू ÷**
**जमशेदपुर(झारखंड)**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। आज घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। |
| वृष | आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। |
| कर्क | आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको थोड़ी उलझन होगी। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद मिलेगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अच्छे फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। |
| सिंह | सिंह राशि-आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। |
| कन्या | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आज आपके व्यवहार से आपके जीवनसाथी प्रसन्न होंगे। |
| तुला | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करनेका मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। |
| धनु | आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। |
| मकर | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा आप धार्मिक समारोह का आयोजन करवा सकते है। |
| कुम्भ | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आएंगे। आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। |
| मीन | आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। |

# श्री रामलीला समिति ने निकाली भव्य श्री रामजी की बारात

● बैंड बाजों एवं तीन दर्जन रथों संग बारात में हजारों राम भक्त एवं मातृशक्ति रही शामिल
● प्रभु श्री राम की बारात के प्रभारी स्वयं हनुमान जी महाराज रहे





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** -श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में आज राम बारात समिति के कार्यालय गोपाल मंदिर से दिन में 2ः00 बजे गाजे-बाजे, हाथी, घोड़े, तीन दर्जनों रथो एवं बैंड बाजों के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में देवी देवताओं संग हजारों की संख्या में राम भक्त नाचते गाते चल रहे थे। शुभारंभ के समय प्रभु श्री राम समेत चारों भाइयों की आरती समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, रवि अग्रवाल आदि ने करके निकाली। बारात में देवतागण पुष्प वर्षा कर प्रभु श्री राम जी की बारात में चल रहे थे। जगह-जगह राम भक्त महिलाएं आरती पूजन कर रही थी। नगर वासियो ने जगह-जगह बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था की थी। बारात गोपाल मंदिर से चलकर भरत चौक पहुंची। वहां पर चारों भाइयों संघ लक्ष्मी नारायण मंदिर जेल रोड पर प्रभु का पूजन आरती हुई। वापस भरत चौक पूरी बारात बाबागंज होते हुए पुराना माल गोदाम रोड स्टेशन और भगवा चुंगी होते हुए भरत चौक होते हुए, चिलबिला हनुमान मंदिर महुली होते हुए देर रात भरत चौक प्रतापगढ़ पहुंचेगी। जहां पर हाइड्रोलिक मंच द्वारा प्रभु श्री राम व माता सीता जी का विवाह संपन्न कराया जाएगा।

बारात में महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी। महिलाओं द्वारा तुम उठो सिया श्रृंगार करो, श्री राम ने धनुष को तोड़ा है। श्री राम जी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, आदि भक्ति गीतों पर भक्त झूमते हुए चल रहे थे। महिला टीम में अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, बीना केसरवानी,मेघा, शकुंतला,सुमन, रतिमा केसरवानी, इंदिरा, पूनम गुप्ता, ज्योति, विनीता, श्वेता, लक्ष्मी, सुनीता, अर्चना गुप्ता, प्रीति, रोशनी, वंदना, स्मिता आदि सैकड़ो की संख्या में महिलाए शामिल रही। बारात की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद थी। सीओ सिटी, कोतवाल नगर की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में पुलिस पूरी बारात की सुरक्षा में लगी थी। बारात में मुख्य रूप से राम बारात प्रभारी हनुमान जी महाराज थे। सहयोगी में राहुल सोनी, विपिन गुप्ता, संजय जैन, अजय मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विनय केसरवानी, राकेश सिंह, केशव, राजेश कुमार, वेंकटेश अग्रवाल, महेश, अभिनव उपाध्याय, आकाश रावत, पंकज अग्रहरि, रोहित पांडे, मनीष गुप्ता आदि श्री राम बारात के सह प्रभारी थे। बारात में शामिल राम भक्तों में विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रमेश जी, सोमिल केसरवानी, संतोष गुप्ता, सुशील कसौधन, अर्पित खंडेलवाल, आशीष उमरवैश्य, मनोज खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, नमन केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, समित श्रीवास्तव, राजेश उमरवैश्य, रोहित पांडे, ज्ञानेंद्र मिश्रा, दीपेश जैन, तेजस गुप्ता, अंशु सोनी, अभिषेक कश्यप, राकेश, पुनीत, राहुल सोनी, अभिषेक, अभिनव, अमित, सुमित कुमार, आलोक गर्ग, परमानंद मिश्रा, विशाल विक्रम सिंह, प्रदीप केसरवानी, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, आशीष जायसवाल,संतोष कुमार, रविंद्र कुमार बंटी,संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता, तेजस गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। बताया गया कि भगवान श्री राम माता सीता का विवाह देर रात भरत चौक में संपन्न कराया जाएगा।

# सभासद एसोसिएशन की बैठक आयोजित

● शासन तक पुनः अपनी मांगों को पहुचाने के लिए भरी हुंकार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनीगंज, प्रतापगढ़** - सभासद एसोसिएशन,प्रतापगढ़ की एक बैठक नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज स्थित गोपाल मैरेज हॉल पर संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ सहित न.प. कटरा मेदनीगंज, न.प.प्रतापगढ़ सिटी,न.प.पट्टी,न.प.मान्धाता,न.प. कटरा गुलाब सिंह,न.प.अंतू, न.प.डेरवा व न.प.गड़वारा के सभासदगण उपस्थित रहे।बैठक का उद्देश्य सभासद एसोसिएशन को संगठित कर प्रबल बनाने के साथ-साथ शासन-प्रशासन से सभासदों के अधिकारों व लगातार हो रही उपेक्षा के विरुद्ध आवाज़ बुलंद कर विधि पूर्ण प्रदेश के सभी सभासदों को मान-सम्मान,अधिकार को प्राप्त करना है।उसके लिए जनपद अग्रणी भूमिका अदा करेगा।बैठक को सभासद एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारियों सहित अनेक सभासदों ने संबोधित कर अपने-अपने विचार रखे। नव रात्रि के दृष्टिगत जनपद के कई नगर पंचायतों के सभासदगण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। उसके लिए जिला नेतृत्व सम्पर्क स्थापित करेगा।बैठक में सर्व सम्मति से सहमति बनी कि दशहरा के पश्चात नगर पालिका परिषद सहित जनपद की सभी 18 नगर पंचायतों से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित एक मांगपत्र/ज्ञापन अपनी-अपनी तहसीलों के उपजिलाधिकारी महोदय को दिया जाएगा। मांगपत्र/ज्ञापन का प्रारूप व तिथि जिला नेतृत्व दशहरा के पूर्व सभी उपलब्ध/अवगत कराएगा।बैठक में प्रमुख रूप से सभासद एसोसिएशन, जिलाध्यक्ष व जिला योजना समिति सदस्य राम चरित्र वर्मा,जिला उपाध्यक्ष मो.साजिद,जिला महासचिव राकेश कुमार पटेल,जिला मीडिया प्रभारी अख्तर अली अंसारी सहित सभासद कुलदीप यादव एडवोकेट हाईकोर्ट ,दीपक जायसवाल, श्याम किशोर कशेरा,पवन कुमार,गोपालजी साहू,अनुराग अग्रवाल,तव्वारक हुसैन,मो.सादान अंसारी,संतोष कुमार,अमीरुल हक,ज़फरुलहक़,साजिद अली,डॉ आशीष कुमार पाल, अशोक कुमार,राजेश गुप्ता,जय प्रकाश दूबे, मुन्ना भाई,विवेक त्रिपाठी, अनुज दूबे, अयाज. अहमद,ज्ञानचंद्र,मो.कैफ,संतोष पुष्पाकर व पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला विकासखंड बाबागंज के राय अस्करनपुर में पशुपालन विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पशुओं को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इसमें कुल पशुओं की संख्या 620 रही। शिविर में निशुल्क कृमि नाशक दवा पान शल्य चिकित्सा बांझपन चिकित्सा बधियाकरण कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुधन बीमा की जानकारी दी गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप द्वारा दिए गए निर्देश में यह कैंप लगाया गया। जिससे पशुओं में होने वाली समस्या का निजात उनके घर पर मिल सके। शिविर में 315 बड़े पशु तथा 295 छोटे पशु का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनय द्विवेदी ने पशुओं के रखरखाव के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ प्रसून नायक नायक, अंकित सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी,सुशील रमेश पांडे हरी प्रताप शुक्ला बालेंद्र शुक्ला अजय सिंह राम सिंह शिव प्रताप रामाश्रय पशुमित्र मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में न्याय पंचायत कौलापुर अव्वल

▶▶ विकासखंड गौरा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकास खण्ड गौरा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रहेटूआ परसरामपुर में किया गया। इसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार दुबे ने किया। इसके अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन ललित कुमार मिश्र एआरपी ने किया। प्राथमिक एवं जूनियर स्तर की बालक एवं बालिकाओं की प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, योगासन, जिमनास्टिक आदि प्रतियोगिता कराई गई।



बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कौलापुर न्याय पंचायत विजेता, उपविजेता नौडेरा तथा बालिका वर्ग में विजेता कौलापुर, उपविजेता रामापुर न्याय पंचायत रहा। खो खो प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामापुर विजेता और उपविजेता कौलापुर नंदपट्टी, प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग नौडेरा विजेता तथा कौलापुर नंदपट्टी उप विजेता, बालिका वर्ग में नारायणपुर विजेता तथा उपविजेता कौलापुर की टीम रही। 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में मोहम्मद इमरान प्रथम तथा अभिषेक द्वितीय, बालिका वर्ग में सागरिन प्रथम और मीनाक्षी द्वितीय स्थान पर रही। इसी क्रम में 100 मी प्राथमिक बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में इमरान प्रथम तथा सूरज यादव द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में साबरीन प्रथम और अंशिका द्वितीय स्थान पर रही। 100 मी उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रतियोगिता में साबिर प्रथम राज यादव द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में आशा यादव प्रथम अर्चना द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर बालक वर्ग में मैसान प्रथम, सूरज द्वितीय स्थान पर रहे । बालिका वर्ग में सुरेखा प्रथम द्वितीय स्थान पर निधी विजेता रही। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार दुबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने विजेता छात्रों को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी विनोद शर्मा ने किया। इस मौके पर गौरा ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक राजेंद्र पांडे, उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पंकज तिवारी, विनोद शर्मा, वीरेंद्र यादव, कमलेश कुमार, दिनेश कुमार चौरसिया, नैतिक सिंह, ललित मिश्र, मानिकचंद, शैलेश मिश्र, विवेक दुबे, संजय पांडे, सुरेश शुक्ला, राजेंद्र चौरसिया, शकीला बेगम, मीरा तिवारी, दिनेश चौरसिया, लव कुश, अरविंद तिवारी, राजेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल व फर्जी नम्बर प्लेटसमेत शातिर चोर गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ़-** पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 07 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी आनन्द कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिलीपपुर दिवाकर सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सुरेश कुमार यादव ने मय हमराह उ0नि0 राजबहादुर सिंह व का0 विनोद कुमार व का0 जगदीश प्रसाद द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना क्षेत्रान्तर्गत हुमाऊ पुल के पास से 01 अभियुक्त अरमान पुत्र मोहर अली निवासी ग्राम दिलीपपुर थाना दिलीपपुर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त अरमान के कब्जे से एक मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस व एक अदद फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियक्त ने बताया साहब जो यह मेरे पास मो0सा0 है वह चोरी की मो0सा0 है। मैने यह मो0सा0 थाना को0 नगर क्षेत्र से चुरायी थी और इस मो0सा0 का नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था कि कोई मुझे पकड न ले। बताया कि साहब मेरे पास उक्त मो0सा0 से सम्बन्धित कोई कागजात मौजूद नही है ।उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साईकिल व 01 अदद फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किया गया । उपरोक्त बरामदगी के संबंध में थाना दिलीपपुर पर मु0अ0सं0 168 / 2024 धारा 317(2), 318(4), 336(2), 336(3), 340 (2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# अभद्रता का विरोध करने पर महिला को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** किसी काम से निकली महिला से गांव के ही कुछ लोग अभद्रता करने लगे। महिला ने विरोध किया तो उसे पीट दिया।कोतवाली के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। सोमवार वह दोपहर करीब एक बजे ताज का पुरवा शेखपुर आशिक गांव गई थी। तभी गांव के कुछ लोग उससे अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और हाथ पकड़कर घसीटने लगे, जिससे वह घायल हो गई।

# पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने से ही मिलेगी बीमारियों से मुक्ति-अजय क्रांतिकारी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** - जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के निर्देशानुसार और जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे के मार्गदर्शन में आज पंचायती राज विभाग एवं पर्यावरण सेना के संयुक्त तत्वावधान में मान्धाता ब्लॉक के उसरापुर और हरचेतपुर गांव पंचायत में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान के तहत संचारी रोग एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर परिसर में साफ सफाई और वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

इसके पूर्व आयोजित संचारी रोग नियंत्रण संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने से बीमारियों से मुक्ति मिलेगी।हमें अपने आस पास सफाई कार्य करते हुए लोगों को भी स्वच्छ व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना होगा।उन्होंने प्लास्टिक को पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए कागज और कपड़े के थैले अपनाने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत काशी वर्मा ने कहा कि हम अपनी परंपराओं से ही स्वच्छता की आदतों को सीख सकते हैं।गांव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामुदायिक पहल की जरूरत होती है।उन्होंने सभी से पर्यावरणीय स्वच्छता को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।लोगों को मच्छरों से बचने हेतु गंदे पानी का निपटान और झाड़ियों सहित घास फूस सफाई हेतु संकल्प दिलाया गया।श्रमदान के बाद पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में नीम,आम और कंजी के पौधों को लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु जागरूक किया गया।इस मौके पर हबीब,अनुज शुक्ला,राकेश बहादुर सिंह,सुरेश सरोज,समर बहादुर यादव,सुरेंद्र यादव,अनिल पटेल,महेंद्र सरोज,वीरेंद्र सरोज, पंचायत सचिव अरुण यादव एवं नमन कुमार तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विकास खण्ड मंगरौरा में 09 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से विकास खण्ड कार्यालय मंगरौरा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 07 कम्पनियों द्वारा एफ एण्ड बी सर्विस असिस्टेंट, सिक्योरिटी गार्ड, आपरेटर टेऊनी, आफिस असिस्टेंट/टेलीकॉलर, एरिया आफिसर, टेऊनी फील्ड एग्जीक्यूटिव के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अप/लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॉर में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा है जनरल जॉब सीकर का। अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें। एक्सपीरियंस भरने के लिये न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने है। प्रिन्ट रजिस्टेऊशन कार्ड बटन पर क्लिक करके आप अपना जॉब कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर रिज्यूम बनाने की सुविधा भी दी गई है।

अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउनचण्हवअण्पद पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# कीर्तन-भजन के साथ पूरे ईश्वर नाथ में आयोजित हुआ भव्य झांकी कार्यक्रम

● समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जन भर विभुतियों हुई सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** -शारदीय नवरात्रि के पावन मौके पर शहर के पूरे ईश्वर नाथ निकट शिवाला मंदिर पर स्थापित देवी मां के पंडाल पर रविवार रात्रि कीर्तन-भजन के साथी भव्य झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत,अर्थो के चिकित्सक डॉ जेपी वर्मा, विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट देवेश चंद्र त्रिपाठी व प्रदीप कुमार पाण्डेय,विशेष लोक अभियोजक ईसी एक्ट महेश कुमार गुप्ता कवयित्री अर्चना सिंह सहित दर्जन भर लोगों को मां बेल्हा देवी का चित्र व पटका भेंट कर अधिवक्ता शिवेश शुक्ल के सहयोग से शिव नव दुर्गा पूजा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित परमात्मा शुक्ल के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से आदि शक्ति मां जगत जननी के पूजन-अर्चन व भव्य आरती के साथ हुआ ।



शिव नव दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरडीएन झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा शंकर-पार्वती राधा-कृष्ण-सुदाम,नन्दी के साथ ही शिव तांडव व नृत्य की प्रस्तुति कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से जहां भक्ति भावना का संचार होता है वहीं आपसी सौहार्द व एकता से समरसता कायम होता है। इस मौके पर अधिवक्ता परमानंद मिश्र, शिवम्, अजीत शर्मा, अभिषेक, उपेंद्र पटेल,बब्लू पाल, जितेन्द्र वर्मा, विनोद मौर्य,विजय वर्मा,विमल प्रजापति,वरुण श्रीवास्तव, अरसद,के0के0 प्रजापति,पप्पन, आशीष जायसवाल, पिंकू सहित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिवेश शुक्ल ने करते हुए सभी आगुंतकों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित।

# बालिकाओं की सुरक्षा ही मिशन शक्ति का उद्देश्य-वंदना शर्मा

**कुंडा प्रतापगढ़।** किसी भी तरह के अपराध के प्रति मुंह बंद रखने के बजाय मुखर होकर प्रतिरोध करें। महिला सुरक्षा हेल्प लाइन पर शिकायत करें, बालिका सुरक्षा ही मिशन शक्ति का उद्देश्य है। यह बातें मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरुक करते हुए सत्येन्द्र बहादुर इंटर कॉलेज बाबागंज में एंटी रोमियो स्क्वॉयड की दरोगा वंदना शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम बच्चों के साथ हो रहे शोषण को कम करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आपको कोई परेशान कर रहा है तो महिला हेल्पलाइन 1090 पर जानकारी दें, तत्काल समाधान किया जाएगा। शिक्षक ने छात्राओं को गुड टच, बैड टच के बारे में जानकारी दी। कहा कि यदि उनके साथ ऐसी कोई घटना होती है तो तत्काल उसकी जानकारी अपने अभिवावक, विद्यालय और पुलिस को दें। इस मौके पर हरकेश बहादुर सिंह, चन्दभान सिंह, सुनील मिश्रा, चंदा सिंह, राहुल, प्रवीण, नेहा आदि मौजूद रहीं।

# दवा लेकर घर आ रहे युवक पर हमला, दो नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जगरुपनगर गांव निवासी छेदीलाल का 40 वर्षीय बेटा मनोज कुमार रविवार को शाम करीब पांच बजे घर से नवाबगंज नहर कोठी पर दवा लेने गया था। दवा लेकर जैसे ही वह बाइक पर बैठा, पीछे से दो लोगों ने लाठी से हमला कर दिया। जमीन पर गिरते ही उसे लाठी से पीटने लगे। किसी तरह उसने भाग कर अपनी जान बचाई। परिजनों ने घायल को भर्ती कराने के बाद तहरीर दी। पीड़ित मनोज की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही शिव विलास, जितेन्द्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पं0 सुखपति राम उपाध्याय का जन्म दिवस समारोह कल

▶▶ कार्यक्रम में छात्रों को किया जाएगा पुरस्कृत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेरगंज प्रतापगढ़** - अष्टभुजा विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जेठवारा में 9 अक्टूबर को संस्थापक स्वनाम धन्य पंडित सुखपति राम उपाध्याय जी का जन्मदिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में पंडित सुखपति राम उपाध्याय की स्मृति में 23 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा विनीता कोरी को ÷पंडित सुखपति राम उपाध्याय स्मारक पुरस्कार 2024 ÷दिया जाएगा,पुरस्कार के रूप में साइकिल, प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कक्षा 8 की छात्रा प्रिया गौतम को ÷पंडित नर्वदेश्वर उपाध्याय स्मारक पुरस्कार ÷से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में साइकिल, मेडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा, बोर्ड परीक्षा में 96.33त्नअंक पाकर जनपद में छठवा स्थान पाने वाले छात्र सुमित यादव को पंडित बालेश्वर उपाध्याय मेधावी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में 5100/का चेक व दो वर्ष का शिक्षण शुल्क दिया जाएगा, इंटर परीक्षा में 94. 2त्न पाकर विद्यालय में प्रथम आने वाली छात्रा अल्सबा बानो व दूसरा स्थान पाने वाली छात्रा गुड़िया ओझा को ÷अष्टभुजा गौरव सम्मान ÷दिया जाएगा। इन दोनों छात्राओं का चयन इंस्पायर्ड एवार्ड के रूप में हुआ है, इन्हे हर वर्ष 80,000 रूपये अगले पांच वर्षो तक शासन द्वारा दिया जायेगा। इन्हें विद्यालय द्वारा भी सम्मानित किया जाएगा।विद्यालय में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम पाँच स्थान पाने छात्र छात्राओं को पंडित बालेश्वर उपाध्याय मेधावी पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा जिसमे क्रमशः सुमित यादव, आकृति सिंह, आकृति पाण्डेय, रिया सिंह, नीलाक्षी शुक्ला को पुरस्कृत किया जाएगा। गृह परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को ÷माँ वैदेही मेधावी स्मारक पुरस्कार ÷दिया जायेगा। यह पुरस्कार क्रमशः आर्या सिंह, अर्पित पाण्डेय, सुधीर कुमार, अमित यादव, प्रिंस पाल, खुशी पुष्पाकर, तनीष गुप्ता को दिया जाएगा।खेल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कक्षा 10 की छात्रा साक्षी पाल को ÷अष्टभुजा खेल रत्न पुरस्कार ÷से सम्मानित किया जायेगा।संगीत व रचनात्मक कार्यों के लिए कक्षा 7 की छात्रा आँचल पुष्पाकर को ÷अष्टभुजा संगीत पुरस्कार ÷दिया जायेगा।गणित व विज्ञान के क्षेत्र में सकरात्मक प्रयास के लिए कक्षा 9 की दिब्यांशी सिंह व कक्षा 10 के छात्र सूर्यांश मिश्र को ÷अष्टभुजा विज्ञान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।संस्थापक जन्म दिवस समारोह के लिए शिक्षक घनश्याम सागर, व दो छात्राओं नित्या पाण्डेय व हिमानी शुक्ला को पुरस्कृत किया जाएगा।ये सभी पुरस्कार 9 अक्टूबर को विद्यालय के अध्यक्ष ऋषेश्वर उपाध्याय जी द्वारा दिया जाएगा। विद्यालय में इस दिन विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य स्कन्द नारायण तिवारी ने दी है।

# लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श हेतु बैठक संपन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैंप कार्यालय सभागार में लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियो से विचार विमर्श हेतु बैठक की। बैठक में विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डॉ0आर के वर्मा ,विधायक बाबागंज विनोद सरोज, विधायक कुंडा के प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव,अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड के ओ0पी0 चौरसिया ने बताया कि ग्रामीण मार्गों का नव निर्माण (पंडित दीनदयाल उपाध्याय नाबार्ड) योजना के अंतर्गत वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ऐसे ग्राम जिसकी आबादी 250 से अधिक हो यादि किसी भी मार्ग की दूरी 0.50 किलोमीटर से 1.00 किलोमीटर है उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत कनेक्टिविटी प्रदान किया जाना है यदि मार्ग की लंबाई 1.00 किलोमीटर से अधिक हो, उन्हें नाबार्ड योजना के अंतर्गत कनेक्टिविटी से जोड़ा जाना लछित है।उन्होंने कहा कि राज्य योजना अंतर्गत राज्य राजमार्गों का चौड़ीकरण/ सुद्धढीकरण हेतु जनपद में 2 लेन से कम चौड़ाई के 07 राज्यमार्ग हैं जिनकी लंबाई 74 किलोमीटर है उन राजमार्गों को न्यूनतम 02 लेंन करना लक्षित है। इसी प्रकार से प्रमुख जिला मार्ग अन्य जिला मार्ग (स्ब्छ्त्र) /अन्य जिला मार्ग (ह्ब्छ्त्र)का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, ब्लैक स्पॉट, राज सड़क निधि, मार्गो का अनुरक्षण (नवीनीकरण), मार्गो का अनुरक्षण (विशेष मरम्मत), मार्गो का अनुरक्षण पैच मरम्मत (गड्ढामुक्ति), लघु एवं दीर्घ सेतु, रेल उपरिगामी सेतु शहरों में बाईपास रिंग रोड फ्लाईओवर के निर्माण धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकारण एवं शुद्धिकरण विकास हेतु निर्माण, आदि योजनाओं पर जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर प्रस्ताव उपलब्ध करने को कहा। उन्होंने कहा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के प्राप्त हो उन सभी सूचनाओं को एकत्रित कर सूचना तैयार कर ले जिससे जनपद की सड़कों का निर्माण कार्य हो सके । उन्होंने निर्देशित करते हुए काहा कि (ह्ब्छ्त्र)एवं(स्ब्छ्त्र) की सड़कों का लेखा-जोखा रखें और इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराये जिससे पता चल सके की कौन सी सड़क का निर्माण कार्य कब हुआ है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गड्ढा मुक्ति को लेकर बैठक तीन दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें । उन्होंने लोग निर्माण विभाग के अधिकारी को ग्रुप बनाया जाये और उसमे जनप्रतिनिधियों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की किसी प्रकार की शिकायत ना उत्पन्न हो उनके सभी प्रस्ताव को सम्मिलित किया जाए। और सभी जनप्रतिनिधियों से आपस में समन्वय बनाकर रखें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर सुने जिस जन सम्मान्य की शिकायतों का निस्तारण हो सके। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिकारी। कर्मचारी उपस्थित रहे

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 833/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अमरावती देवी बनाम भागीरथी पटेल
बनाम
भागीरथी पटेल उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र सरजू प्रसाद पटेल निवासी ग्राम सुरूवां मिश्रपुर पोस्ट सुरूवां मिश्रपुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 08.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2401/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रदीप कुमार बनाम अनीता गुप्ता आदि
बनाम
1. श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नी ओम प्रकाश 2. ओम प्रकाश सुत स्व0 राम प्रसाद नि0ग्रा0 पचरास पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 211/09
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन ओम प्रकाश आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम निवासी 71/1 अजीत नगर निकट रामजानकी मन्दिर अजीत नगर सदर बाजार पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 11.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1603077 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र कही खो गया है।
विक्रम सिंह
पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह
निवासी ग्राम सुरजायी का पुरवा काछा
जेठवारा प्रतापगढ़।

**हेमन्त पी0जी0 कालेज, साधोनगर दमदम प्रतापगढ़ (उ0प्र0)**
सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज उ०प्र०
**आवश्यकता है**
पढ़ाने हेतु सहायक आचार्यो की
1. परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु
1. भौतिक विज्ञान 02 पद
2. जन्तु विज्ञान 02 पद
2. परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु
1. प्रा० इतिहास 02 पद
2. हिन्दी सा0 02 पद
वेतनमान एवं योग्यता–यू०जी०सी० नियमावली एवं सम्बद्ध विश्वविद्यालय के मानकानुसार आवेदन तिथि– विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर
प्रबंधक
रवि नंदन यादव
मो० 7266955463, 9454634518

## सामान लेने गए युवक को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

**पट्टी प्रतापगढ़** मुर्गी फार्म संचालक बाजार सामान लेने के लिए गया था। पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने उसे रोक कर लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव के रहने वाले दयाराम पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार को देर रात सराय बाजार में सामान लेने के लिए गया हुआ था। वहां पर पहले से मौजूद कुछ युवक उसे रोक कर गालियां देने लगे और लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## सड़क हादसों में पांच लोग घायल, एक गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** लालगंज अझारा के बुधराम का पुरवा गांव निवासी छेदीलाल भारती का 28 वर्षीय बेटा रमेश कुमार भारती बाइक से जाते समय कुंडा इलाके में वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में महेशगंज थाना क्षेत्र के झींगुर राम का पुरवा गांव निवासी 18 वर्षीय रितेश पाल, मौली गांव निवासी 45 वर्षीय बृजेश कुमार पटेल, तिलौरी गांव निवासी 45 वर्षीय ओम विधाता और हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहददीनगर गांव निवासी 40 वर्षीय रंजीत पटेल जख्मी हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी बुधराम का पुरवा निवासी रमेश भारती की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया।

## शौच गए युवक को रंजिशन लाठी डंडों से पीटकर पैर तोड़ा

**पट्टी प्रतापगढ़** शौच क्रिया को गए युवक को पुरानी रंजिश के चलते दबंगो ने उसे लाठी डंडों से मार-पीट पैर तोड़ दिया।कोतवाली इलाके के रायपुर गांव के रहने वाले आनंद कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि रविवार की शाम 06=30 बजे के आसपास उसका बड़ा भाई शौच क्रिया के लिए भरोखन नहर पुलिया पर गया हुआ था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवक लाठी डंडा लेकर गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। आरोप है कि गाड़ी चढाकर उसका पैर तोड़ डालें। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि मामले का प्रार्थना पत्र मिला है। घटना सही पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# बलात्कार के आरोपी की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

▶▶ घायल आरोपी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया

▶▶ खेत में बकरी चराने गई किशोरी से बलात्कार के बाद की थी जान से मारने की कोशिश



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज (प्रतापगढ़)।** लीलापुर पुलिस बलात्कार के जिस आरोपी की तलाश कर रही थी आखिरकार देर शाम उससे मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसे जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली बहेलिया गांव निवासी राम दुलार की 16 वर्षीय बेटी रविवार को खेत में बकरी चराने गई थी। उसे बाजरे के खेत में लहूलुहान हालत में पाया गया था। इस दौरान किशोरी का शरीर खून से लतपथ था और उसका हाथ पैर बंधे होने के साथ गला भी दुपट्टे से कसा मिला था। गंभीर हालत में किशोरी का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। सोमवार दोपहर किशोरी की मां बेबी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अनिल पुत्र कैलाश के खिलाफ बलात्कार एवं जान से मारने सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया और आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी। तेजगढ़ कमोरा पुल के पास उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। देर शाम मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बाइक से चंदिकन धाम की तरफ जा रहा है। इस पर चौकी प्रभारी कमोरा शैलेश यादव ने आरोपी का पीछा किया। इलाके के तेजगढ़ कमोरा पुल के पास मौजूद चौकी प्रभारी शैलेश यादव ने आरोपी को देखते ही रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी अनिल ने पुलिस को देखते ही तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई जो उसके पैर में लगी। इससे वह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। डाक्टरों ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया।

# लरू गोबरा में श्रीमद् भागवत कथा की बह रही रसधार

▶▶ कथा के तीसरे दिन श्रोताओं ने मंत्र मुग्ध होकर प्रवचन का किया श्रवण

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** लरू गोबरा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की भक्ति की रसधार बह रही है। कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित सतीश चंद्र शास्त्री जी महाराज ने राजा दक्ष प्रजापति का महा यज्ञ, भगवान शिव-पार्वती विवाह का वर्णन, त्रिनेत्र धारी भगवान शिव का तांडव नृत्य समेत भगवत कथा के अन्य प्रसंगों का बहुत ही मार्मिक व मंत्र मुग्ध वाणी से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। शिव-पार्वती विवाह पर संगीतमय प्रवचन पर हर्षित मन से महिलाओं के नृत्य प्रस्तुति से प्रफुल्लित




होकर पूरा पंडाल आनंदित हो गया। कथा के अंत में यजमान राम करन यादव धर्मपत्नी कुसुम देवी के साथ व्यास पीठ की आरती उतारी। भगवत भजन के साथ प्रसाद वितरण के उपरांत कथा का समापन किया गया। इस मौके पर राम आसरे यादव, राम स्वरूप यादव, मेवा लाल यादव, रोहित सिंह, राम अवध यादव काका, सुभाषचंद्र केसरवानी, संदीप यादव, मुन्ना लाल यादव फौजी छेदीलाल यादव, छोटे लाल यादव सुरेश कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

# मंजू देवी बनी एक दिन की सीडीओ

**चित्रकूट-** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर की छात्रा मंजू देवी एक दिन की मुख्य विकास अधिकारी बनी। एक दिन की सीडीओ ने जनसुनवाई कर समस्या ग्रस्त व्यक्तियों, किशोरी समस्याएं तथा निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए एक दिन का अधिकारी बनाया गया है।

# डायल 112 के सिपाहियों से भिड़े युवक, पहुंचे हवालात

▶▶ अवैध निर्माण की सूचना पर पहुंची थी पीआरवी की टीम

▶▶ नवाबगंज के बरई का पुरवा गांव का मामला

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पड़ोसी का निर्माण कार्य न बंद कराने से नाराज कुछ युवक डायल-112 के सिपाहियों से गाली-गलौज करते हुए भिड़ गए। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने सोमवार शाम प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरई का पुरवा बरियावां निवासी अमित यादव पुत्र शिवमूर्ति ने डायल 112 पर फोन से सूचना दी कि उसका पड़ोसी अवैध तरीके से दीवार का निर्माण करा रहा है। शिकायत पर पीआरवी 2004 ( डायल 112) के सिपाही पारस व चालक होमगार्ड अशोक मिश्रा मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता अमित यादव, उसके भाई सुमित यादव व सुधीर यादव ने कोर्ट का स्टे आदेश दिखाने को कहा। कागज न होने की स्थिति में कार्रवाई करने से मना कर दिया और इसकी शिकायत थाने व तहसीलदार से करने की सलाह दी। आरोप है कि यह सुनते ही अमित और उसके भाई भड़क उठे और पैसा लेने का आरोप लगाते हुए आरक्षी पारस से गाली-गलौज करते हुए भिड़ गए। इस दौरान होमगार्ड अशोक मिश्रा ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उनसे भी अभद्रता की। आरक्षी ने इसकी सूचना तत्काल वायरलेस से थानाध्यक्ष नवाबगंज को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने आरोपितों को हिरासत में ले लिया उन्हें पकड़ कर थाने लाया गया। यहां अमित यादव, सुमित यादव व सुधीर यादव पुत्र शिवमूरत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

> सरकारी कार्य में बांधा डालना एवं दुर्व्यवहार करना दंडनीय अपराध है। ऐसे अपराध कारित करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। घर के अभिभावकों को परिवार के सदस्यों व बच्चों को इस प्रकार के अपराध करने से रोकना चाहिए। बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है।
>
> **डा. अनिल कुमार**
> **पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ**

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता उमाशंकर तिवारी निवासी कटकावली ने बताया कि प्रार्थी के गांव के श्याम शंकर तिवारी, कृपाशंकर तिवारी, प्रबल तिवारी व सिद्धान्त तिवारी ने प्रार्थी की भूमिधरी भूमि को कब्जा कर लिया है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर एवं एसओ कोतवाली देहात को निर्देशित किया है कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। शिकायतकर्ता शिवपूजन शर्मा निवासी समसपुर दामू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्रार्थी की पत्नी से आवास के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा धन उगाही की गयी है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ बाघराय को निर्देशित किया है कि प्रारम्भिक जांच की जाये, यदि सत्य है तो विधिक कार्यवाही की जाये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।



# माता कात्यायनी का व्रत करने से गोपिकाओं को मिले थे भगवान श्री कृष्ण- धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अक्टूबर मंगलवार आश्विन शुक्ल पक्ष को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि है। इस दिवस माता कात्यायनी की सेवा की जाती है बहुत-बहुत बधाई बहुत-बहुत मंगलकामनाएं।

माता पार्वती का एक नाम कात्यायनी भी है। पूर्व काल में ऋषि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर माता ने आपके यहां अवतार लिया। श्रीमद्भागवत, श्रीमद्देवीभागवत पुराण और मार्कंडेय पुराण में देवी मां के महात्मय का वर्णन किया गया है।

स्कंद पुराण के अनुसार परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न आप हुयी। जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गए सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। वह शक्ति की आदिरुपा हैं। जिसका उल्लेख पाणिनि और पतंजलि के महाभाष्य में किया गया है।

यजुर्वेद के तैत्तरीय आरण्यक में मां चंडिका सहित आप का उल्लेख किया गया है। उमा काली दुर्गा गौरी आदि नामों से आप की वंदना की जाती है। गोपीकायें प्रातः काल सूर्योदय के पूर्व यमुना जी में स्नान करके माता कात्यायनी की पूजा करती थी। धूप दीप नैवेद्य अर्पित करके माता कात्यायनी से कहती हैं।

कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि।
नंद गोप सुतं देवि पतिं में कुरु ते नमः ।।

इस प्रकार उनसे भगवान श्री कृष्ण को पति के रूप में पाने का वरदान मांगती थी। भगवान श्री कृष्ण उन गोपियों के वस्त्र का चीर हरण किया। गोपी कौन है? गो माने इंद्रियां पी माने पीना। जो समस्त इंद्रियों से भगवान श्री कृष्ण के गुणों का रसास्वादन करता है वही गोपी है। गोपी हम सब लोग है ।भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के किसी लहंगा चुनरी को नहीं चुराया था। भगवान श्री कृष्ण ईश्वर हैं, गोपी है जीव , वस्त्र है अविद्या अर्थात जीव रूपी गोपियों के अविद्या रूपी वस्त्र को कृष्ण रूपी ईश्वर ने हरण किया।माता कात्यायनी के आशीर्वाद से शरद पूर्णिमा की रात में आपने किशोरी जी के संग गोपियों सहित महारास किया।

जिन लड़कियों का विवाह न हो रहा हो उन्हें माता कात्यायनी का व्रत रहना चाहिए और उनकी पूजा करनी चाहिए ठाकुर जी की कृपा से उनका पाणि ग्रहण संस्कार निश्चित संपन्न होगा। आपका पूजन मंत्र है।

चंद्रहासोज्जवल करा शार्दूल वरवाहना।
कात्यायनी शुभं दध्यादेवी दानव घातिनी।

**हेमन्त लॉ कालेज, दमदम प्रतापगढ़ (उ0प्र0)**
सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज उ०प्र०
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विधि संकाय हेतु प्राचार्य एवं सहायक आचार्यो की
1. प्राचार्य 01 पद
2. स्नातक स्तर पर पांच वर्षीय विधि संकाय में–
1. दर्शन शास्त्र 01 पद
2. समाजशास्त्र 01 पद
वेतनमान एवं योग्यता– सम्बद्ध विश्वविद्यालय एवं बी०सी० आई० मानकानुसार आवेदन तिथि–विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर
प्रबंधक
रवि नंदन यादव
मो० 7266955463, 9454634518

# भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र हर मानव के लिए अनुकरणीय है- महेंद्र यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**सगरा सुंदरपुर।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के सिन्धौर परसीपुर में चल रही रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे लक्ष्मणपुर द्वितीय के जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भगवान श्री राम का आदर्श चरित्र हर मानव के लिए अनुकरणीय है । अगर राम चरित मानस के सभी पात्रों के चरित्र को हर व्यक्ति आत्मसात करें तो निश्चित तौर पर इस कलयुग में भी रामराज का दृश्य देखा जा सकता है । उन्होने कलाकारो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि रामलीला के पात्र बहुत ही सारगर्भित ढंग से अपने कला का प्रदर्शन कर रहे हैं ,जो प्रशंसनीय है उन्होंने हर संभव रामलीला समिति को सहयोग करने का वचन दिया । इसके पूर्व उन्होने मां दुर्गा की आरती की। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक अंकित तिवारी, श्याम तिवारी ,शिव शंकर तिवारी बुदुल ,शिव संपत, माताफेर, मुन्नू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कराएं प्रचार-प्रसार

● सोलर पैनल के लिए देने होंगे 60 हजार, 75 प्रतिशत मिलेगा अनुदान

● पीएम सूर्य घर योजना में उपभोक्ताओं का किया जाए रजिस्ट्रेशन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** डीएम नगेंद्र प्रताप ने कलेक्ट्रेट में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संबंधी बैठक की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस योजना के तहत पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप तैयार किया है। योजना के अन्तर्गत प्रति किलोवाट विद्युत भार होने पर सोलर पैनल लगवाने के लिए 60 हजार रूपये उपभोक्ता को देने होंगे, जिसमें एक और दो किलोवाट के लिए सोलर पैनल लगवाने पर 75 प्रतिशत की धनराशि का अनुदान दिया जाता है। योजना के तहत 300 यूनिट फ्री बिजली भी मिलती है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सभी तहसील, नगर पालिका एवं विकास खण्डों में कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं का रजिस्टेªशन बृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए कराये जाने के निर्देश दिये।डीएम ने इस योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराये जाने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि सभी बैंको में पीएम सूर्य घर योजना से सम्बन्धित पम्पलेट्स लगवाते हुए लोगों को जानकारी दी जाए। उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल लगाने वाले वेण्डरों को भी निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक लोंगो को योजना की जानकारी देते हुए गुणवत्तायुक्त पैनल उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें। इस योजना के अन्तर्गत जनपद के सभी लोग लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन उपभोक्ताओं को योजना के अन्तर्गत विद्युत भार बढवाने तथा मीटर लगाने के कार्य को समय के अन्तर्गत शीर्घ्र लगाना सुनिश्चित करें, जिससे कि उपभोक्ताओं को परेशानी न होने पाये। योजना के अन्तर्गत एक किलोवाट के विद्युत भार पर सोलर पैनल लगवाने के लिए रूपये 60 हजार उपभोक्ता को जमा करना होगा, जिसमें 45 हजार का अनुदान मिलेगा। दो किलोवाट के विद्युत भार पर सोलर पैनल लगवाने के लिए एक लाख 20 हजार उपभोक्ता को जमा करना होगा, जिसमें 90 हजार अनुदान दो माह में मिलेगा। तीन किलोवाट में 1 लाख 80 हजार रूपये उपभोक्ता को जमा करना पडेगा, जिसमे एक लाख आठ हजार रूपये अनुदान मिलेगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बैंको द्वारा सस्ते ब्याज दर पर लोन की भी सुविधा भी दी जाती है। जिलाधिकारी ने सभी वेण्डरों एवं योजना से सम्बन्धित अधिकारियों के मोबाइल नम्बर की सूची भी बैंक प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा पुष्पेन्द्र कुमार, लीड बैंक मैनेजर, उप जिलाधिकारी सदर, बेसिक शिक्षाधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बांदा/अतर्रा, विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# प्रियांशी पांडेय बनी एक दिन की डीएम

**चित्रकूट-** मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन की डीएम बनी। एक दिन की डीएम छात्रा प्रियांशी पांडेय ने जनसुनवाई के दौरान समस्याग्रस्त लोगों की जनसमस्याएं सुनी। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए एक दिन के लिए अधिकारी बनाया गया। जिसमें जिलाधिकारी सहित अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के पदों पर अधिकारी बनाया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एक दिन की जिलाधिकारी ने की नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निकाय अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के प्रस्ताव के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने नगर पालिका तथा नगर पंचायतों के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के कार्यों के प्रस्ताव जिसमें समुचित जलापूर्ति में नलकूपों के लिए मोटर पंप वाटर कूलर की स्थापना, हैंडपंप अधिष्ठापन, कूडा अपशिष्ट प्रबंधन, पथ प्रकाश निर्माण कार्य, विकास कार्य, सेल्फी पॉइंट का निर्माण, सीसी रोड व नाली नाला निर्माण, कूडा गाडी, एमआरएफ सेंटर, एंटी लारवा, मैलाथियान सफाई व्यवस्था, ब्लीचिंग आदि के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो 15वें वित्त आयोग योजना की धनराशि शासन से प्राप्त हुई है, उसमें नगर विकास के जो कार्य कराए जाने का प्रस्ताव बनाया गया है, उसमें शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाएं। इसके बाद जिलाधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी ने राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन की जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, नगर पंचायत मानिकपुर भरत सिंह, नगर पंचायत मऊ बीके मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खण्ड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** मऊ विकास खण्ड के भिटारी ग्राम पंचायत में सोमवार को संचारी अभियान के तहत खण्ड विकास अधिकारी मऊ राम जी मिश्रा ने तीन स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय नौबस्ता भिटारी में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही अनुसूचित जाति बस्ती में नाली एवं झाडी सफाई का कार्य 10 सफाई कर्मी को लगाकर कर कराया गया। ग्राम पंचायत भिटारी में विद्यालय में प्रेरणा ऐप द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पठन पाठन में छात्र कमजोर पाए गए। बच्चों को गिनती और पहाड़ा भी नहीं आ रहा था। इस पर सम्बन्धित अध्यापक, हेड मास्टर को हिदायत दी गयी कि विद्यालय के शैक्षिक स्तर में सुधार करें। ऐसा न होने पर कार्यवाही की जाएगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिए किया जाता है व्यक्तित्व निर्माण - अजय आर्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत का जिला अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। जिसमें प्रवासी के रूप में कानपुर प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष अजय आर्य तथा बांदा विभाग के विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय की उपस्थिति रहे। अभ्यास वर्ग में कार्यपद्धति, कार्यकर्ता विकास, समारोह सत्रो के माध्यय से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया।

अभाविप कानपुर प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष अजय आर्या ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण किया जा सकता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से देश के पुर्ननिर्माण के ध्येय को लेकर कार्य करता आ रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानन्द के विचारो को लेकर कार्य करता है। बांदा विभाग के विभाग संगठन मंत्री शिवम ने विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति के बारे में बताया कि किसी भी संगठन का मूल कार्य पद्धति होती है। जिसके माध्यम से संगठन का विस्तार किया जाता है। विद्यार्थी परिषद अपने कार्य पद्धति के माध्यम से पूरे देश के शिक्षण संस्थानों में कार्य कर रहा है। अभाविप चित्रकूट के जिला संगठन मंत्री राम जी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद अपने समारोह के माध्यम से कैंपस में कार्य कर रहा है। विद्यार्थी परिषद प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है। साथ ही विद्यार्थी परिषद अपने विभिन्न गतिविधि तथा आयाम के माध्यम से संपूर्ण समाज में कार्य कर रहा है। एसएफएस के माध्यम से सेवा का कार्य, एसएफडी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य, राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य, खेलो भारत के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल की भावना जगाकर उनको प्रतियोगिताओं के माध्यम से बढाने का कार्य कर रहा है। जिला अभ्यास वर्ग में जिले की चारों तहसीलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर कर्वी नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, जिला संयोजक तेज प्रकाश, तहसील संयोजक नितेश, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या, नगर सह मंत्री प्रशांत त्रिपाठी, दुर्गेश, नगर सोशल मीडिया संयोजक आयुष गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# गुनगुन विश्वकर्मा बनी मऊ एसडीएम, खंड विकास अधिकारी बनी रोशनी



**मऊ, चित्रकूट-** मऊ तहसील में सोमवार को नवरात्रि में महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोल मजरा राजकीय विद्यालय बरगढ की 12 वीं की छात्रा गुनगुन विश्वकर्मा को मऊ तहसील में 2 घंटे के लिए एसडीएम बनाया गया। उप जिलाधिकारी गुनगुन विश्वकर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुनी। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार 8 की छात्रा रोशनी ने 2 घंटे के लिए मऊ विकासखंड अधिकारी का चार्ज संभाला। नवरात्रि में महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की आठवीं की छात्रा रोशनी को मऊ विकासखंड में 2 घंटे के लिए विकासखंड अधिकारी बनाया गया। इस दौरान रोशनी ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद ब्लाक मऊ का निरीक्षण भी कराया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, खंड विकास अधिकारी मऊ राम जी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएलएसए ने आयोजित किया महिला हित जागरूकता शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महिलाओं की हितरक्षा हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खंड कोन अंतर्गत कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीपट्टी में आयोजित हुआ।

शिविर को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं रिसोर्सपर्सन सुरेश त्रिपाठी ने कहा कि सूचना एक हथियार है और इसके माध्यम से तमाम समस्याओं का समाधान हो सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने कई कानूनों के बारे में बताया जो लड़कियों, नाबालिग लड़कियों, विधवाओं और अन्य तरह की पीड़ितों के अधिकार का संरक्षण ही नहीं बल्कि उनको सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को भी उपलब्ध कराती हैं।




अपर जनपद न्यायाधीश एवं शिव डीएलएसए विनय कुमार आर्य ने विस्तार से महिला हितों की रक्षा करने वाले कानूनों एवम कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा समाज का आह्वान किया कि अपने परिवार की ही नहीं बल्कि अड़ोस पड़ोस की महिलाओं के अधिकार के प्रति सचेष्ट रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर महिला हेल्पलाइन का निस्संकोच प्रयोग करें। उन्होंने महिला कल्याण से जुड़े अधिकारियों, गांव के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि हर पात्र महिला को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में आगे आएं।

# तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया। कोतवाली कटरा में सबरी मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर के बाहर रखा हुआ उसका गार्डर चोरी हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह ने एक टीम को गठित कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर ही रही थी कि मुखबिर की सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने छापा मारा और चोरी के गार्डर सहित चोरी के तीन आरोपियों को गिरफतार किया जिनकी पहचान संदीप एवं संदीप कुमार निवासीगण हरिजन बस्ती सबरी तथा श्यामबाबू निवासी टटहाई सभी निवासी अंतर्गत कटरा कोतवाली के रूप में हुई।

# समिति बनाकर सेतुओं के गुणवत्ता की कराएं जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी की कक्षा 12 की छात्रा एक दिन की जिलाधिकारी प्रियांशी पांडेय की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में अन्तर्राज्यीय, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दो, फोर लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश व्यवस्था, राजकीय महाविद्यालय पाही, सेतुओं के निर्माण, उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र, पर्यटन सुविधा केन्द्र, पर्यटन के कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफरेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीडा हाल, थाना भरतकूप, सरधुआ के आवासीय अनावासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केन्द्रों के निर्माण, ड्रग वेयरहाउस, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज मानिकपुर, नगर पंचायत भवन मऊ का निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल का निर्माण, रेस्क्यू सेंटर का निर्माण, तुलसी वाटर फाल, नगर पालिका परिषद कर्वी भवन निर्माण, रोडवेज वर्कशाप आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनमें प्रगति कम है, उसमें श्रम शक्ति बढाकर प्रगति कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए, जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तो सम्बन्धित विभागों को हैंडओवर कराए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जो सेतुओं के निर्माण कार्य जो पूर्ण हो गये है, उनमें एक समिति गठित करके गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिए कि जिन सेतुओं में एप्रोच रोड खराब है, उनको तत्काल ठीक कराया जाए।

राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी की कक्षा 12 की छात्रा एक दिन की जिलाधिकारी प्रियांशी पांडेय ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि मिशन शक्ति अभियान के फेज 5.0 के अंतर्गत एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। साथ ही जिला उद्योग समिति एवं 50 लाख से ऊपर निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लिया। जिससे भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड,प्रयागराज।

पत्रांक 1350 /ल0सि0/ लेखा/ निविदा सूचना/2024-25 दिनांक 03.10 .2024

अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना सं0- 21/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, प्रयागराज अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत चेकडैम निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार चेकडैम निर्माण के कार्यों हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो एवं उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 17.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 18.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता, की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 19.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन /नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | चेकडैम का नाम | ग्राम/स्थल का नाम | विकास खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज / जी0एस0टी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | अनेठ | अनेठ | सिराथू | 19.34 | 01.94 | (निविदा/ स्टेशनरी शुल्क रु0-800.00 एवं जी0एस0टी0 रु0-100.00 ) 900.00 कुल रु0- नौ सौ मात्र |
| 2 | | सिंघवल | सिंघवल | सरसवा | 22.52 | 02.26 | |
| 3 | | पली-2 | पली | कौशाम्बी | 22.86 | 02.29 | |

नोटः–1. उपरोक्त कार्यों की विस्तृत जानकारी सम्बन्धित सहायक अभियन्ता , लघु सिंचाई के कार्यालय/नोटिस बोर्ड से कार्यालय अवधि में एवं ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(ब्रजेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
प्रयागराज।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-220441 Date-07/10/2024



**COURT NOTICE**

न्यायालय श्रीमान् अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं0–1 कानपुर नगर।
वाद संख्या–2389 सन 2023,
अमित द्विवेदी पुत्र श्री कृष्णकान्त द्विवेदी नि० म०नं० 5 डी/112 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता जनपद कानपुर नगर।
–वादी बनाम
श्रीमती निशा द्विवेदी पत्नी अमित द्विवेदी पुत्री रामलोचन तिवारी हाल निवासिनी ग्राम सिंघपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी। –प्रतिवादिनी
तारीख पेशी–12/10/2024
धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम–1955
वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम–1955 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय मे तारीख 12/10/2024 को दिन मे प्रातः 10 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा।
यह आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
आज्ञा से मुन्सरिम/रीडर
न्यायालय श्रीमान् अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं०–1 कानपुर नगर।



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपायुक्त न्यायिक प्रयागराज मंडल, प्रयागराज
मु0नं0 20180200002168 वर्ष 2018
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन मृतक वादहू वारिस राम लौटन आदि बनाम श्रीमती विमला देवी आदि
बनाम
श्रीमती विमला देवी आदि प्रयागराज मंडल, प्रयागराज
तारीख पेशी 17.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# संत कचहरी बाबा के 40वें निर्वाण दिवस पर भंडारा संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** भक्तों में चक्रवर्ती सम्राट के नाम से प्रसिद्ध संत कचहरी बाबा आश्रम में 40वें निर्वाण-दिवस पर वार्षिक श्रृंगार तथा भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें दूरस्थ स्थानों से आए संतों एवं महंतों का सम्मान भी किया गया।

सम्मेलन में कचहरी बाबा के त्याग, साधना एवं सिद्धि को अनुकरणीय बताया गया तथा उनके आदर्शों को साकार करने पर बल दिया गया। अपने संस्मरणों में लोगों ने संत की साधना पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन सभी न्यायाधीशों के प्रयास अपने आप विफल हो गए जिन्होंने कचहरी परिसर से आश्रम हटाने की सोचा।

आश्रम में आए सभी सन्तों का सम्मान कचहरी बाबा आश्रम के महंत श्रीकांत महाराज, कोतवाल तेजबलीदास एवं दिव्यानन्द के साथ आश्रम कमेटी के संरक्षक सुरेश त्रिपाठी, एडवोकेट, अध्यक्ष विजय सिंह, एडवोकेट तथा सचिव आशीष दुबे ने किया। प्रमुख महंतों में हाई माई आश्रम के महंत द्वारिका बाबा, गैबीघाट हनुमान मंदिर के महंत रामानुज महाराज, बालनाथ आश्रम, बरकछा के महंत धर्मराज महाराज, लोहदी के वाहे गुरु महाराज, कबीर मठ के राधे महाराज, पंचू महाराज, विजय नारायण दास आदि थे।

पूरा कचहरी परिसर आश्रम कचहरी बाबा के जयकारे से गूँज रहा था।

आश्रम की उस चारपाई को जिस पर कचहरी बाबा शयन करते थे, फूलों से सजाया गया था। पूजन के बाद हवन में श्रद्धालु नर-नारियों के आहुति- मन्त्रों से परिसर गूँज रहा था।

परंपरा के अनुसार जनपद न्यायाधीश सहित न्यायिक अधिकारियों ने भी आश्रम में आकर अपनी उपस्थिति से आयोजक मण्डल का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं के लिए आयोजित विशाल भंडारे से हुआ।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# एनटीपीसी ऊंचाहार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में राजभाषा हीरक जयंती व हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके कवि सम्मेलन की अलख जगाई गई। श्रृंगार की कवयित्री मनु वैशाली की काव्य की धारा जब प्रवाहित हुई तो श्रोताओं के अथाह सागर में कविता का मर्म इस तरह हिलोरे लेता नजर आया मानो एनटीपीसी की यह शाम केवल और केवल कविता के नाम के रूप में स्थापित हो गई हो। मनु वैशाली ने परिवार और गांव के प्रेम पर इशारा करते हुए जब अपनी रचना पढ़ी तो दर्शक दीर्घा वाह-वाह कर उठीं। मुंबई से पधारे मंच के संचालक दिनेश बावरा की हास्य कविताओं से जहां श्रोता समूह



खिलखिलाकर हंसा, वहीं मोबाईल के बढ़ते इस्तेमाल से रिश्तों में दूरियां आने पर उनकी रचना ने लोगों के दिलों में उतरकर उन्हें सोचने के लिए मजबूर किया। प्रियांशु गजेन्द्र ने श्रृंगार रस से जहां हरेक युवा के मन को छू लिया। वहीं काशी से आए अनिल चौबे ने बनारसी अंदाज में हास्य परोसकर पूरी महफिल अपने नाम कर ली। लाफ्टर चौलेंज उप विजेता और देश के हास्य व्यंग्य के हस्ताक्षर एहसान कुरैशी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में जहां लोगों को गुदगुदाया। श्रोताओं की पसंद की अपनी लोकप्रिय रचनाओं के साथ-साथ उन्होंने अपने अंदाज में कई बार दर्शकों को खूब हंसाया। एनटीपीसी का ये कवि सम्मेलन लोगों के लिए यादगार बन गया जब एहसान कुरैशी ने कहा कि इस कार्यक्रम में जिस तरह श्रोताओं ने कवियों को सुना तथा उन्हें सम्मान दिया उन पर कई कवि सम्मेलन न्योछावर हैं। कवि सम्मेलन के प्रारंभ में परियोजना प्रमुख श्री छाबड़ा व महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने सभी कवियों का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षगण, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ) अजय त्रिपाठी, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्षा श्रीमती कविता अग्रवाल, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी व उनके परिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्रीनिवास शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# जगतपुर निवासी राहुल सरोज की हुई हत्या पर अतुल सिंह ने प्रकट की शोक संवेदना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ऊंचाहार विधानसभा के जगतपुर के कूढ़ मजरे टाघंन थाना जगतपुर निवासी राहुल सरोज पुत्र कमलेश कुमार की हत्या की सूचना पाकर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की।मृतक की मां लाली व ग्रामवासियों ने रोते बिलखते बताया कि क्षेत्रीय विधायक मनोज कुमार पांडेय एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जबरदस्ती शव को लेकर घाट चले गए जबकि मृतका का भाई दूसरे प्रदेश से घर नही पहुंच पाया हम लोग विनती करते रहे लेकिन शव लेकर चले गए।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह सुदामापुर मे चार लोगों की हत्या कर दी गई थी,उसके माता-पिता को क्षेत्रीय विधायक अपनी गाड़ी मे बैठाकर लखनऊ लेकर चले गए जिसकी वजह से वो अपने परिवार के अंतिम संस्कार मे नही पहुंच सके,उसी तरह आज कुढ़ मे भी ऐसी घटना सामने आई हैद्यमैं यहां के क्षेत्रीय विधायक से पूछना चाहता हूँ,कि दलित समाज के साथ इतना बड़ा अन्याय और अत्याचार क्यों किया जा रहा है कि दलित समाज अपने परिवार की मिटटी नही दे पा रहा है।श्री सिंह ने कहा ऐसे घिनौने ऋत को दलित समाज कभी माफ नही करेगा।

# सदर विधायक ने सिंचाई, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सिंचाई, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरों का रखरखाव उचित तरीके से कराया जाए। जिन नहरों की सफाई अभी नहीं हुई है समय रहते उसे पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही रबी मौसम की फसलों की बुवाई शुरू हो जाएगी। ऐसे में नहरो में उचित मात्रा में पानी उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। जिससे फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की समस्या या अवरोध उत्पन्न ना हो। किसान भाईयों और आमजन को जल संरक्षण के विषय में जागरूक भी किया जाए। जल निगम विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ भी सीवर लाइन का काम शहरी क्षेत्र में चल रहा है उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। खासतौर से आने वाले तीज त्योहारों के दृष्टिगत कार्य समय से पूरा करा लिया जाए। जिससे कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह भी निर्देश दिया कि पुराने कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही नए कार्यों को शुरू किया जाए। बिजली विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। ओवर बिलिंग को चेक कराया जाए।

विद्युत तारों के अस्त व्यस्त होने से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है अतः तारों को नियमित कर लिया जाए। दीपावली के समय में विद्युत दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावनाएं रहती हैं अतः इस पर खास ध्यान दिया जाए। जिन भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल लगाए जाने हैं उनका कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। जिन भी कार्यदायी संस्थाओं को कार्य सौंपे गए हैं यदि वह समय से कार्य पूरा नहीं करते हैं तो उन पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्र) सिद्धार्थ, नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौपा राष्ट्रपति को संबोधित दो सूत्रीय मांग पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** इजरायल - फिलिस्तीन युद्ध के खिलाफराष्ट्र व्यापी आवाहन पर आज भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर राष्ट्रपति भारत को सम्बोधित दो सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज भाकपा (माले) के जिला सचिव का0 उदय भान पटेल, अखिल भारतीय किसान सभा जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्य, ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल लोधी, इंसाफ मंच के जिला सचिव अहसन खान सहित अन्य माले कार्यकर्ता हाथो में युद्ध विरोधी पोस्टर लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। युद्ध नहीं-शांति चाहिए। मोदी सरकार इजरायल का समर्थन बन्द करें। इजरायल अमरीकी गठजोड़ मुर्दाबाद। इजरायल को हथियार सप्लाई करना बन्द करो दुनिया को परमाणु युद्ध की विभीषिका से बचाने के लिए प्रयास तेज करो जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय पर लोगो को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले नेता



कामरेड उदय भान पटेल ने कहा कि अमरीका की शह पर इजरायल सारे अन्तर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लघंन करते हुए फिलिस्तीनी जनता का नरसंहार रचा रहा है। उन्होंने इजरायली अमरीकी गठजोड़ की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि इजरायल का हौसला इतना बुलंद हैं कि उसने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के द्वारा हस्तक्षेप करने पर उन्हें भी नही बक्शा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साम्राज्यवाद के खिलाफचले संघर्ष और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के चलते में भारत और फिलिस्तीनी जनता के बीच गहरी एकता रही है और हमारी विदेश नीति फिलिस्तीन की मुक्ति कामी जनता के पक्ष में रही है लेकिन आज मोदी सरकार ने साम्राज्यवादी अमरीका इजरायल के पक्ष में खड़े होकर इस युद्ध में इजरायल को मदद दे रहा है। जो बेहद ही निन्दनीय है। उन्होंने मोदी सरकार से तुरन्त युद्ध रोकने के पक्ष में प्रयास तेज करने तथा इजरायल को किसी भी तरह की मदद न देने की मांग की। इंसाफ मंच के जिला सचिव अहसन खान ने कहा कि अमरीका इस युद्ध के बहाने अपने इन्डस्ट्रियल मिलिट्री काम्प्लेक्स को मजबूत कर रहा है और हथियारों से मुनाफा कमाने की उसकी यह मुहिम युद्ध पूरी दुनिया में तबाही लेकर आएंगी। पहले से ही मंदी की मार झेल रही जनता के लिए यह आर्थिक हितों के खिलाफहै। इसलिए दुनिया को बचाने के लिए युद्ध पर तत्काल रोक लगाई जाना चाहिए। किसान नेता फुल चंद्र मौर्या और रामगोपाल लोधी ने भी लोगो को संबोधित किया ।

# ठगों ने दुकानदार से दस हजार की टप्पेबाजी कर हुए फरार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** ग्राहक बनकर आये बाइक सवार ठगों ने दुकानदार से दस हजार की टप्पेबाजी कर फरार हो गए।ठगों ने दुकानदार को गुमराह करने के लिए एक दिहाड़ी श्रमिक का सहारा लिया था।घटना की जानकारी से पुलिस ने किनारा काट लिया है।सलोन कस्बे में गुड्डू साहू की किराने की दुकान है।सोमवार सुबह एक बाइक से तीन लोग किराने की दुकान में पहुँचे थे।इसके बाद दुकानदार से लगभग पांच हजार कीमत का किराने का सामान निकलवा लिया।इसी बीच दुकानदार से ठग ने कहा कि मेरा एक साथ यही बैठा हैं। दस हजार दे दो।अभी मीठा खरीद कर आते है तो पूरा पेमेंट फोनपे से कर देंगे।दुकानदार ने दोनों युवकों को दस हजार दे दिए।घण्टो जब दोनों ठंग नही लौटे तो दुकानदार ने श्रमिक से कहा कि कहा गए ये लोग कब तक आएंगे।जिसके बाद श्रमिक बोला उसे क्या पता दो घण्टे के काम के लिए चार सौ रुपये देने की बात बाइक सवारों कहकर उसे साथ चलने के लिए कहा था।

वही अपने से ठगी होने की सूचना पर गुड्डू साहू ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद पिआरवी श्रमिक को थाने लेकर चली गई।इस सम्बंध में उपनिरीक्षक राज कुमार तिवारी का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नही है।

# अवैध कारतूस और पांच अवैध पिस्टल के साथ पांच शातिर गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और उनकी पुलिस टीम ने एसओजी, सर्विलांस की टीम के साथ मिलकर अवैध शस्त्र कारतूसों की तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लालगंज क्षेत्र के हरीपुर निवासी अनुराग सिंह पुत्र कृष्ण बिहारी सिंह और खड़गपुर सौताना निवासी धुन्नर सिंह उर्फ चित्र सेन सिंह अवैध असलहो का धंधा करते हैं और अवैध शस्त्र कारतूस बेचकर लाभ कमाते हैं। धुन्नर सिंह और अनुराग सिंह को उस समय पकड़ा गया जब वह सफारी कार के साथ अवैध पिस्टल कुछ लोगों को बेच रहे थे। पिस्टल खरीदने वालों में मटिहा थाना रायबरेली निवासी मुशीर बेग पुत्र हामिद बेग, लोदीपुर उतरावा निवासी शिवम सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह और पूरे नंदा थाना मिल एरिया निवासी स्वप्निल सिंह उर्फ छोटू पुत्र धुन्नी सिंह को पकड़ा गया है। सभी पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पॉच 32 बोर पिस्तौल बरामद हुई है। साथ ही दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पांच अवैध 32 बोर पिस्टल और दो 32 बोर जिंदा कारतूस सहित एक सफारी कार पकड़ी गई है।शस्त्र कारतूसों का तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ने की टीम में कोतवाल संजय कुमार, एसओजी प्रभारी पी के सिंह, सर्विलांस प्रभारी सीपी सिंह, उप निरीक्षक सौरभ बालियान, मोहित शर्मा ,मोहित कुमार, निखिल यादव, सहिद आधा दर्जन से अधिक सिपाही शामिल रहे।

# एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 एनसीसी कैडेट्स ने दुश्मनों पर घात लगाकर हमला करना सीखा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** 66 यू0पी0 बटालियन एनसीसी, रायबरेली द्वारा बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज, रायबरेली में 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2024 तक एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण कैंप संचालित किया जा रहा है। 7 अक्टूबर को संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 में कैम्प कमाण्डेण्ट वी एस पाल तथा डिप्टी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल संजीव खुराना के आदेशानुसार सुबेदार जगमोहन एवं हवलदार पुष्प के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेटो को दुश्मनों पर हमला करना सिखाया गया। बताया गया कि किस तरह घात लगागर दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखना है और सही समय आने पर कैसे हमला कर उनकी चौकियों को नष्ट करना है। सुबेदार मेजर (ऑनरेरी लेफ्टिनेण्ट) धन देव की अध्यक्षता में कैम्प बीएचएम देवेन्द्र सिंह, सुबेदार दर्शन सिंह, सुबेदार जगमोहन सिंह एवं हवलदार गजेन्द्र लाल ने दुश्मन की गतिविधियों का पता लगाने के लिए रेकी करने और पेट्रोलिंग का तरीका समझाया। हवलदार देवेन्द्र सिंह ने तेज चाल और धीमी चाल का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एनसीसी कैडेट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कल्पना दुबे और जेपी मनचला की देश भक्ति और मां देवी के साहित्य से ओतप्रोत कीर्तनों ने लोगों का खूब किया मनोरंजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के बेहटा कला गांव में समाजसेवी और क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह के द्वारा आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में लोगों को खूब आनंद आया और कीर्तन कार्यक्रम में आए लोगों का कलाकारों ने जमकर मनोरंजन किया। भिंड मध्य प्रदेश से पधारी कीर्तन कलाकारा कल्पना दुबे ने भूमि भारत की चाहू कफन के लिए, जान जाए वतन के लिए गाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वही छतरपुर से आए कीर्तनकार जेपी मनचला ने मैंने खुद को मिटाया मां भारती के चरण के लिए कीर्तन गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। कीर्तन कार्यक्रम नवरात्रि के पावन अवसर पर बेहटा कला गांव के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर में आयोजित किया गया जहां कार्यक्रम के आयोजक अनंत विजय सिंह ने कीर्तन कलाकारों सहित वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह मुन्ना ,राजेश सिंह फौजी ,अविनाश सिंह ,राम प्रताप सिंह, विश्वास बहादुर सिंह, कैप्टन रविंद्र बहादुर सिंह डॉक्टर वीपी सिंह, डॉक्टर अमित सिंह, सुशील बाजपेई, विमल तिवारी ,डॉक्टर ओलई, सुरजन सिंह, रवि गौतम आदि हजारों दर्शक मौजूद रहे।

# सेवा के पीछे का उद्देश्य भले ही हर व्यक्ति में अलग-अलग हो, लेकिन मूल बातें एक ही होनी चाहिए: महेन्द्र अग्रवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सेवा के पीछे का उद्देश्य भले ही हर व्यक्ति में अलग-अलग हो, लेकिन मूल बातें एक ही होनी चाहिए। उद्देश्य करुणा, प्रेम, धार्मिकता, कृतज्ञता और मानवता को जन्म दे सकता है, लेकिन मूल बात हमेशा यही होनी चाहिए - त्याग के साथ या बिना किसी लाभ के, अपनी प्रगति, अपने उद्धार और अपनी खुशी के लिए काम करना।

उक्त बातें समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल ने व्यक्त की। वरिष्ठ चिकित्सक बाल रोग विशेषज्ञ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी ने वहा उपस्थित सभी माताओं बच्चों एवं शिशुओं की देखरेख आहार स्वच्छता एवं समय समय पर दवाइयां लेने के बारे में बताया। महेन्द्र अग्रवाल द्वारा किए जा रहे सेवा के ऐसे कार्यक्रमो की प्रशंसा भी किया।

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली से योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि आप जो कुछ भी करते हैं जो लोगों के दुखों को कम करता है और उनकी भलाई को बढ़ाता है वह परोपकारी और पवित्र है। नर्सिंग ऑफिसर दीप शिखा ने कहा कि मनुष्य की सेवा ही भगवान की सेवा मानी जाती हैं। आपने खाने पीने की सभी सामग्री को वितरित कराने में सहयोग भी किया।

समाज सेवक पंकज मिश्रा ने कहा कि मनुष्य का जन्म सेवा के लिए ही मिला है। सेवा भाव से मनुष्य महान बन जाता है।

# आरेडिका में सजा माँ दुर्गा का दरबार महिलाओं ने किया डाण्डिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के आवासीय परिसर में दिनांक 03.10.2024 से 12.10.2024 तक नवरात्रों के अवसर पर दुर्गा पूजा का उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा है। आरेडिका में यह छठी माँ दुर्गा पूजा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करके कारखाने के विकास एवं कॉलोनी में शान्ति के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर माँ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताओं जैसे- डाण्डिया नृत्य, ढांक बंगाली नृत्य, रंगोली, पेन्टिग, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता बाल नृत्य, महिला नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, एक ओर किसी ने नृत्य कला के माध्यम से दर्शकों को मोहित किया वहीं दूसरी ओर रंगोली एवं पेन्टिग में भी बच्चों ने अपनी कल्पनाओं में रंग भर कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने प्रथम दिन माँ दुर्गा की आरती की एवं बताया कि, इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज के लोगों को एक दूसरे की संस्कृतियों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त होता है। आरेडिका में कई राज्यों के लोग निवास करते हैं तथा उनके सभी उत्सव भी मनाए जाते हैं, जिसमें सभी लोग सहभागिता करते हैं। भारत विविधताओं से भरा देश है आरेडिका कॉलोनी में सम्पूर्ण देश के दर्शन हो जाते हैं। यही इस देश की अनेकता में एकता की निशानी है। आरेडिका माँ दुर्गा पूजा समिति के सदस्य नैब सिंह, अशीष श्रीवास्तव, महेश शर्मा, रोहित रंजन, सुमन मिश्रा, गुडडू कुमार, आदि के द्वारा इस कार्यक्रम के सफल संचालन की व्यवस्था की जा रही है।

# हर्ष फायरिंग में किशोर की मौत, बालिका सहित दो घायल

## बालिका को नाजुक हालत में किया गया शहर रेफर,गोद भराई के वक्त फायरिंग से हुआ बड़ा हादसा






**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** करछना थाना क्षेत्र के केचुहा गांव में गोद भराई का जश्न हर्ष फायरिंग की वजह से मातम में बदल गया। लड़की पक्ष के द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो की हालत नाजुक बताई गई है।पीड़ित परिवार ने करछना थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।
मेजा थाना क्षेत्र के भसुंधर कला गांव के राजकरण यादव के बेटे सूरज की सोमवार को सगाई होनी थी। उसके लिए पूरा परिवार करछना थाना क्षेत्र के केचुहा गांव के पप्पू यादव के घर पर गया था। गोद भराई की रस्म जैसे ही शुरू हुई पीड़ित परिवार का आरोप है की लड़की पक्ष का एक युवक अपनी बंदूक से फायरिंग करने लगा। पीड़ित परिवार के बार-बार मना करने पर भी वह फायरिंग करता रहा। इसी बीच कार्तिक (5) पुत्र ज्ञान शंकर यादव को गोली लग गई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। साथ में रही राधा (9) और 10 वर्षीय आयुष को भी गोली लग गई, जिन्हें गंभीर हालत में करछना क्षेत्र के आर्गन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मगर राधा की हालत नाजुक होने पर उसे शहर के स्वरूप रानी हास्पिटल के लिए रिफर कर दिया गया। पीड़ित परिवार के ज्ञान शंकर यादव ने करछना थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# सिविल लाइंस में आज निकलेगा रामदल

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस का ऐतिहासिक राम दल मंगलवार को निकाला जाएगा। इसकी तैयारियां कई दिनों से चल रही हैं। सोमवार को सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल और आदर्श व्यापार मंडल ने रामदल की तैयारी को लेकर बैठक की। नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय कटारिया एवं अवर अभियंता राहुल शुक्ला ने पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया।
उन्होंने बताया कि राम दल में अव्यवस्था न हो इसके लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व्यापार मंडल का बैज लगाकर घूमते रहेंगे। सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में तुलसियानी प्लाजा के सामने मंच के माध्यम से विशाल आरती का आयोजन होगा।
त्रेता युग में प्रभु श्री राम के वनवास के बाद जब प्रयागराज आए थे तब प्रयागराज वासियों ने ढेढ़िया द्वारा उनकी नजर उतारी थी।

# स्टेशनों पर मोबाइल चुराने वाले गैंग का भंडाफोड़

## लाखों रुपए के मोबाइल व नगदी के साथ पांच धराए



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** एसओजी यमुनानगर व थाना मेजा की संयुक्त पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसओजी व पुलिस टीम ने स्टेशनों पर मोबाइल चुराने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है और गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से करीब छः लाख रुपए की कीमत के मोबाइल फोन व करीब 15 हजार रुपए बरामद किया है। प्रयागराज के रिजर्व पुलिस लाइन के त्रिवेणी सभागार में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर एसओजी व पुलिस के सफलता की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोमवार को एसओजी प्रभारी यमुनानगर नवीन सिंह मय फोर्स व मेजा के थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय, दरोगा श्रीगोविन्द सिंह, दरोगा बलवंत यादव व दरोगा जितेन्द्र मौर्य ने थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को नवोदय विद्यालय मोड़ के पास थाना क्षेत्र मेजा से चोरी के 41 अदद मोबाइल के साथ पांच अभियुक्त शिवकुमार पुत्र स्व. कुवंर बहादुर सिंह निवासी ग्राम कोलेपुर थाना जिगना जिला मिर्जापुर, सुभाष कुमार यादव पुत्र स्व. शारदा प्रसाद निवासी ग्राम परमान्दपुर रिखीपुर थाना हण्डिया प्रयागराज, प्रथम वाल्मीकी पुत्र कुल्लू निवासी हरिजन बस्ती थाना दारागंज प्रयागराज, हसनैन उर्फ शाहुल पुत्र मो. जाहिद उर्फ मकबूल निवासी अकोडा थाना कौधियारा प्रयागराज, अजय आदिवासी पुत्र रघ्घू आदिवासी निवासी मइयन थाना वैराड जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनका पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में विभिन्न मुकदमे दर्ज़ हैं।पूछताछ में गिरफ्तार मोबाइल चोरों ने बताया कि हम लोग रेलवे स्टेशन मेजारोड, रेलवे स्टेशन छिवकी, रेलवे स्टेशन माण्डा रोड, रेलवे स्टेशन नैनी, संगम क्षेत्र, बस स्टैण्ड व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों से मोबाईल व बैग चोरी कर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को औने-पौने दाम पर बेच देते हैं। आज हम लोग चोरी की सभी मोबाइल को ग्राहकों को बेचने की नियत से मोबाइलों को आपस में बांट रहे थे।

# बुकिंग पर्यवेक्षक को साथियों ने दी नम आंखों से बिदाई

## कहा, निर्विवाद कार्यकाल पूरा करना अपने आप मे बड़ी उपलब्धि



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजारोड रेलवे टिकट काउंटर के मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विभागीय कर्मचारियों के द्वारा नम आंखों से भावभीनी विदाई की गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रशांत जायसवाल आरक्षण पर्यवेक्षक कोषाध्यक्ष (एनसीआरआईएस) ने की। मेजारोड रेलवे स्टेशन पर तैनात मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक हर विलास के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को स्टेशन परिसर में साथी कर्मचारियों के द्वारा विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों ने नम आंखों से विदाई दी है।कर्मचारी द्वारा अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। आरक्षण पर्यवेक्षक प्रशांत जायसवाल ने कहा कि इनके सेवानिवृत्त से हम लोगों को सीख लेने की जरूरत है। इन्होंने कर्मठता, इमानदारी एवं सारे कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने कार्यकाल को पूरा किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति नौकरी का हिस्सा है,लेकिन बिना विवाद के कार्यकाल पूरा करना अपने आप में बड़ी बात होती है। श्री जायसवाल ने हर विलास को जीवन की नई पारी की शुभकामनाएं दी है।
मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने हरि विलास के खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। विदाई समारोह में शिवप्रसाद सरोज, रोहित कुमार, सुमित श्रीवास्तव, गिरीश मिश्रा, बीएम प्रजापति, सेवालाल, सुनील कुमार, संजीव कुमार, इम्तियाज अहमद, धीरज गुप्ता, विकास कुमार, अजय कुमार तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध दशा में फांसी पर लटकता मिला विवाहिता का शव



**कोरांव(प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र कोरांव के सेमरी बाघराय भैसौड़ गांव में दोपहर 12 बजे के करीब एक विवाहिता का शव छत में लगे पंखे के चुल्ले से लटकता पाया गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक गोविंद पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम चर्की कुर्मियान थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर ने अपनी पुत्री किशमिशा देवी की शादी वर्ष 2003 में दिनेश कुमार पुत्र सियाराम निवासी ग्राम सेमरी बाघराय भैसौंड थाना कोरांव के साथ धर्म के रीति रिवाज के साथ किया था। किसमिशा के पिता गोविंद का आरोप है कि रविवार को रात 10 बजे के आसपास दिनेश फोन लगाकर बताया कि किशमिशा देवी को बुला ले जाओ नहीं तो मार कर लटका देंगे। मायके पक्ष के लोग सुबह नहीं पहुंच पाए। जिसके बाद मोबाइल नंबर पर मैसेज कर सोमवार को दोपहर 12=30 बजे के आसपास बताया कि किशमिशा देवी ने फांसी लगा ली है। मृतका किशमिशा के पिता गोविंद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सोमवार को हम लोगों को पहुंचने से पहले ही शव को गायब कर दिया गया। जिससे विश्वास है कि मेरी पुत्री को मार कर लटकाया गया गया था। उधर विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि रविवार रात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। किशमिशा ने खुद फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या की। इस बात पर मायका पक्ष आग बबूला हो गया और महिलाओं द्वारा ससुरालियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी गई। विवाहिता ने खुदकुशी की अथवा उसे मार कर लटकाया गया यह तो जांच का विषय है जो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मृतका अपने पीछे 14 वर्षीय बच्ची खुशी व 12 वर्षीय बेटे दीपू को छोड़कर चली गई। प्रभारी निरीक्षक कोरांव नितेन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि मृतका के पिता द्वारा तहरीर दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मानस रामलीला में मंथरा-कैकेयी संवाद, कैकेयी का वर मांगना, श्री राम वनगमन का हुआ मंचन



**नैनी(प्रयागराज)।** मानस रामलीला समिति के तत्वाधान अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कुशल कलाकारों द्वारा मंथरा-,कैकेयी प्रकरण, कैकेयी का वर मांगना, श्री राम वन गमन तक मंचन किया गया। एक समय सब सहित समाजा, राज सभा रघुराज निराजा।
साँझ समय सानंद नृप गयऊ कैकेयी गेह---
बहु विधि चेरिहि आदरू देई, कोप भवन गवनि कैकेयी।
मंच से भव्य प्रदर्शन किया गया। भगवान श्री राम जी की आरती मुख्य अतिथि विधायक श्री पीयूष रंजन निषाद ने किया। रामलीला मैदान में उपस्थित राम भक्तों ने मंचन कार्य क्रम के दौरान बारबार कलाकारों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन भी किया गया।
मंचन कार्य क्रम के समय सर्वश्री टीना माँ, संरक्षकगण समर बहादुर सिंह, सुभाष केशरवानी, राकेश श्रीवास्तव, पीर मोहम्मद् अजहर, शिव शंकर दीक्षित, संयोजक मयंक यादव पार्षद, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जैसवाल, कोषा अध्यक्ष प्रदीप तिवारी आदि लोग शामिल रहें।

# कहेउ कृपाल लेहि उतराई ।केवट चरण गहे अकुलाई



**नैनी(प्रयागराज)।** श्री अवंतिका रामलीला में केवट राम संवाद एवं मुनि सुतीक्ष्ण राम मिलन की लीला का अत्यंत हृदय स्पर्शी मंचन हुआ।केवट भगवान राम के चरण पखार कर, सपरिवार चरणामृत ग्रहण कर अपने समस्त परिवार का एवं पितरों का उद्धार करने के पश्चात् भगवान राम, भैया लक्ष्मण एवं माता सीता को नाव में लेकर चल देता है । नाव खेते-खेते वह गाता है -मेरी नैया में लक्ष्मण राम ओ गंगा मैया धीरे बहो। गंगा पार उतरने के पश्चात् जब भगवान राम केवट को उतराई देने लगते हैं तो केवट व्याकुल हो कर श्री राम के चरणों से लिपट जाता है और कहता है, भगवन् ! आपने हमें सब कुछ दे दिया । मेरे सारे दोष, दुःख, दारिद्र, हृदय की जलन, सब हर लिए । अब बस हमें भवसागर पार करने की जिम्मेदारी बची है । आप उतराई दे कर इस जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं । केवट के प्रगाढ़ प्रेम के वशीभूत होकर राम केवट को विमल भक्ति का वरदान देकर विदा करते हैं । अगले दृश्य में राम तपस्यारत मुनि सुतीक्ष्णे को दर्शन देकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, अनंत झा, उदय प्रताप सिंह, गोविन्द दुबे, बी, बी सिंह, राकेश त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ पंडाल में पूजी गई स्कंदमाता



**नैनी(प्रयागराज)।** शिवनगर में मां नव दुर्गा पूजा के पांचवे दिन भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूजा समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या शामिल हुई पूजा कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष सुशिल तिवारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ÷मां स्कंदमाता भक्तों के हर दुख-दर्द को दूर करने वाली हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मकता लानी चाहिए।÷ उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मां दुर्गा की उपासना में पूरे मनोयोग से भाग लें और इस पर्व को सादगी से मनाएं इस दिन की विशेषता यह रही कि मां स्कंदमाता की आरती के बाद भक्तों ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी ने मां की कृपा का अनुभव किया सभी पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष की दुर्गा पूजा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी भक्त शांतिपूर्वक पूजा कर सकें। आयोजन समिति ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और मां दुर्गा से सभी की खुशहाली की प्रार्थना की मां स्कंदमाता की पूजा के साथ-साथ, भक्तों ने नवरात्रि के इस पावन अवसर पर एकजुटता और प्रेम का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से फूलचंद, बीपी त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा, महेंद्र दुबे, साहब लाल ,पंकज शर्मा ,संतोष दिक्षित, सूरज निषाद, रिंकू श्रीवास्तव, अरविंद तिवारी ,शंभू नाथ दुबे ,मोनू मिश्रा, त्रिभुवन सिंह यादव ,अरुणेश यादव ,दीपू सिंह का अहम योगदान रहा और सभी पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई इस प्रकार, शिवनगर में मां नव दुर्गा पूजा का यह दिन श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा, जिसमें सभी ने मां के चरणों में अपने मन की मुरादें रखीं।

# जनवार में खास ढंग से सजा मां दुर्गा पंडाल

## मां के दर्शन व पूजन को लेकर उमड़ी भक्तों की भीड़

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के मद्देनजर सम्पूर्ण मेजा क्षेत्र के पंडालों में मां दुर्गा की एक से बढ़कर एक सुंदर तथा भव्य आकर्षक मूतियां रखी गई हैं जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र हैं। कठौली के जनवार बस्ती में युवाओं की टीम द्वारा सजा मां का दरबार बेहद दिव्य व खास है।
शारदीय नवरात्र में नव दिनों तक चलने वाले परंपरागत महापर्व को लेकर मां दुर्गा की आराधना व पूजा पाठ के लिए भक्तों द्वारा दुर्गा पंडालों को सजाया और संवारा गया है। सुबह शाम होने वाली मां की आरती एवं पूजा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।मां के गीतों पर भक्त झूमते थिरकते देखे गए। जनवार में सजा मां दुर्गा का



सच्चा दरबार बेहद भव्य एवं अलौकिक है जिसमें रखी गई मां दुर्गा की मूर्ति की एक झलक देखने और पूजा अर्चना करने आने वाले दूर दराज के लोगों की भारी भीड़ जमा रहती है। पंडाल के पुजारी संजय मिश्रा ने बताया कि यहां नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहेगा। रहता है। इस सच्चे दरबार के आयोजक कमेटी टीम के प्रमुख कार्यकर्ता आदर्श, सचिन, मंचल, ओम, हर्ष,सोम, पियूष, आकाश, रवि, रोहित, पार्थ, शुभ, अंशु गोविंद, अनुज, कृष्णा आदि का सहयोग बेहद सराहनीय है।

# अपना दल (एस) यमुनापार की मासिक बैठक हुई संपन्न

**कोरांव(प्रयागराज)।** आज अपना दल (एस) जनपद यमुनापार प्रयागराज की जिलास्तरीय मासिक बैठक विधानसभा करछना के घीसन का पूरा में श्री मोतीलाल पटेल जी के आवास पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष यमुनापार श्री राम मनोहर पटेल जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसके बतौर मुख्य अतिथि मा0 राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश पटेल बुलबुल जी, अति विशिष्ट अतिथि मा0 प्रदेश महासचिव सहकारिता मंच श्री गोकुल सिंह पटेल जी, अतिथि क्षेत्रीय सचिव श्री लाल शास्त्री पटेल जी, संचालन इंद्रजीत पटेल जिला उपाध्यक्ष युवा मंच।बैठक में जनपद यमुनापार के श्री लाल शास्त्री पटेल जी एवं डा0 हरिश्चंद्र पटेल जी को पार्टी द्वारा क्षेत्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर सम्मानित किया एवं एक दूसरे को मिठाई खिला खुशी जाहिर किया।
बैठक में राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल



जी ने संगठन की रूपरेखा तैयार करने के विस्तृत निर्देश एवं आवश्यक जानकारी सभी कार्यकर्ताओं संग साझा करते हुए पदाधिकारियों को प्रभारी बनाते हुए विधानसभा स्तरीय टीम तैयार किया जिन्हे 2 माह के भीतर सभी कमेटी को तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया।
बैठक में उपस्थित रहे ( सभी कार्यवाहक) जिला उपाध्यक्ष श्री कन्हैयालाल पटेल जी, जिला उपाध्यक्ष श्री डा0 विनोद पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सम्राट राहुल मौर्य,जिला महासाचिव दिनेश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष करछना परमानंद पटेल, कुलदीप पटेल छात्र मंच अ.वि.सभा करछना,
शिवप्रसाद पटेल पंचायत मंच अ. वि. सभा बारा, विकास पटेल जोन अध्यक्ष बारा पूर्वी, महिला मंच सक्रिय सदस्य नैन्सी पटेल, चंद्र बहादुर पटेल , जनार्दन पटेल, चंद्रजीत पटेल, मोतीलाल पटेल, राजेश पटेल, अनिल पटेल, अनीश पटेल आदि समर्थक गण उपस्थित रहे।

# वानिकी महाविद्यालय ने परिसर में 70वाँ वन्य जीव सप्ताह मनाया

**नैनी(प्रयागराज)।** पर्यावरण की रक्षा के लिए माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के समर्थन में, सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वानिकी महाविद्यालय ने 2 से 8 अक्टूबर, 2024 ÷सह-अस्तित्व के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण÷ विषय के साथ वन्यजीव सप्ताह का 70वें संस्करण मना रहा है। वानिकी महाविद्यालय में वन्यजीव सप्ताह समारोह का उद्देश्य सभी प्रकार के वन्यजीवों के महत्व और देश की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने में सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में, प्रो.डॉ.एंटनी जोसेफ राज (वानिकी महाविद्यालय के डीन और निदेशक) ने बताया कि भारत 17 मेगा-विविधता वाले देशों में से एक है और दुनिया के 36 जैव विविधता हॉटस्पॉट में से चार का मेजबान है। प्रो.डॉ.एंटनी ने गर्व से उल्लेख किया कि वन्यजीव संरक्षण के लिए भारत




की प्रतिबद्धता के कारण, हमारे देश ने 106 राष्ट्रीय उद्यानों, 573 वन्यजीव अभयारण्यों, 115 संरक्षित क्षेत्र और 220 सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र सहित 1014 संरक्षित क्षेत्रों का तंत्र स्थापित किया है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 5.32ः हिस्सा कवर करता है। उन्होंने प्रोजेक्ट टाइगर के माध्यम से हमारे देश में बाघ संरक्षण प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2006 में 1,411 से 2023 में 55 टाइगर रिजर्व के साथ बाघों की आबादी 3,682 हो जाना एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी लिखी है और भारत अब दुनिया की 70ः से अधिक जंगली बाघ आबादी का घर है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भा.वा.अ.शि.प.-पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज के प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने बताया कि.. वन्यजीवों का संरक्षण भारतीयों के मूल सांस्कृतिक की पहचान है। डॉ. संजय सिंह ने बताया कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां एशियाई शेर और बाघ दोनों एक साथ पाए जाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए इन-सीटू और एक्स-सीटू संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। समारोह में डॉ. अनुभा श्रीवास्तव (भा.वा.अ.शि.प.-पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र की वैज्ञानिक डी) विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। स्वागत भाषण में वन जीव विज्ञान, वृक्ष सुधार और वन्यजीव विज्ञान के प्रमुख डॉ. अफॉक माजिद वानी ने बताया कि वन्यजीव सप्ताह का विचार भारतीय वन्यजीव बोर्ड द्वारा वर्ष 1952 में किया गया था। डॉ. अफाक ने बताया कि शुरूआत में पहला वन्यजीव दिवस 2 अक्टूबर 1955 को मनाया गया था, लेकिन बाद में नाम बदलकर वन्यजीव सप्ताह कर दिया गया। डॉ. अफाक ने कहा कि पहला वन्यजीव सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर 1957 में मनाया गया था। वानिकी महाविद्यालय के एसोसिएट डीन डॉ. अभिषेक जेम्स ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ. जेम्स ने वानिकी महाविद्यालय में वन्यजीव सप्ताह समारोह को एक शानदार सफलता बनाने के लिए डॉ. संजय सिंह (मुख्य अतिथि), डॉ. अनुभा श्रीवास्तव (विशिष्ट अतिथि), प्रो. डॉ. एंटनी जोसेफ राज (वानिकी महाविद्यालय के डीन), डॉ. अफाक एम वानी (प्रमुख), सभी संकाय सदस्यों और छात्रों को धन्यवाद दिया। छात्रों के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित कि गइ जिनमें क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता और वैज्ञानिक नाम (जंगली जानवर और पक्षी) लेखन प्रतियोगिता थीं। प्रतियोगिताओं के योग्य विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। छात्रा सुश्री. राखी कुमारी और सुश्री. एम.एम. राजलक्ष्मी ने ड्राइंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और श्री. निहित हंसल नाग और श्री.राजदीप सरकार ने क्विज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सुश्री. आनन्दिता और सुश्री.पूजा आर. नाम्बियार ने वैज्ञानिक नाम लेखन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और श्री. राजदीप सरकार ने वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# शुद्ध परिवेश के लिए स्वच्छता जरूरी- मनीष

**करछना(प्रयागराज)।** हमारे आस-पास शुद्ध परिवेश, पर्यावरण हेतु साफ सफाई बहुत जरूरी है। प्लास्टिक के कूड़े कचरे विशेष रूप से कई मायने में और अधिक हानिकारक हैं।सभी बच्चों को चाहिए कि इसके लिए अपने घर,पास पड़ोस के लोगों को भी सजग करें,साथ साथ स्वयं स्वच्छता पर ध्यान दें।
यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में जूनियर एनसीसी की हेतु प्रेरित करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। इसके उपरांत बच्चों ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए आस पास बिखरे कचरे को एकत्र कर नष्ट किया। बच्चों को स्वच्छता अभियान के प्रति प्रेरित करते हुए एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने भी सभी कैडेट्स को पूरी जिम्मेदारी के साथ लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।इस दौरान शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।



बालिकाओं द्वारा परिसर के आसपास प्लास्टिक कूरे कचरे को इकट्ठा करने

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत, परिजन हलकान,रात भर सड़क किनारे पडी रही लाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**घूरपुर (प्रयागराज)** क्षेत्र के चम्पतपुर गांव में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसके दोनों पैर टूटे हुए थे सुबह गांव की सड़क के किनारे लाश मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार चम्पतपुर गांव के काशी प्रसाद बिंद पुत्र स्वर्गीय राघव प्रसाद बिंद उम्र 58 वर्ष रविवार शाम को दुर्गा पूजा देखने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक वापस न आने पर परिजन खोजबीन करने लगे किंतु रात में उनका कुछ पता नहीं चल सका। सुबह टहलने निकले लोगों ने गांव के बगल रोड के किनारे उनकी लाश पड़ी हुई देखी तो परिजनों को सूचित किया। उनके पुत्र त्रिफला प्रसाद सहित परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे उनकी लाश देखकर रोने बिलखने लगे। खबर फैलते ही घटनास्थल पर पूरे गांव के लोग एकत्रित हो गए। उनके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए दोनों पैर टूटे हुए थे। ग्रामीणों ने घूरपुर पुलिस को सूचना दिया।घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को पीएम के लिए प्रयागराज भेजा । शाम को 4=00 बजे पीएम से मिट्टी वापस आने पर जमुना जी के सुजावनदेव घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।



● ● लैंड फॉर जॉब ● ●

# मनी लांड्रिंग मामले में लालू यादव, तजस्वी व तेजप्रताप समेत 7 आरोपितों को जमानत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब के मनी लाउंड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव समेत सात आरोपियों को जमानत दे दी है। कोर्ट के समन के बाद ये तीनों दूसरे आरोपितों के साथ स्पेशल जज विशाल गोगने के कोर्ट में पहुंचे थे। मामले की अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी।आज कोर्ट में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी और तेज प्रताप यादव के अलावा मीसा भारती और दूसरे सह-आरोपित भी पहुंचे। कोर्ट ने आज सभी सात आरोपितों को जमानत दे दी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी।7 मार्च को कोर्ट ने ईडी के मामले में राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी।कोर्ट ने 18 सितंबर को ईडी की ओर से दाखिल पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव समेत सात आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। कोर्ट ने जिन आरोपितों को समन जारी किया है, उनमें लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, अखिलेश्वर सिंह, किरण देवी, हजारी प्रसाद राय, संजय राय और धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं।ईडी ने 6 अगस्त को इस मामले में पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी की चार्जशीट में ईडी ने 11 लोगों को आरोपित बनाया है। चार्जशीट में 96 दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में पेश किया गया है।उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को कोर्ट ने ईडी के मामले में राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 27 जनवरी को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 9 जनवरी को ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था।इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 को बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी 2023 को इन तीनों समेत सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## बांग्लादेश में मां दुर्गा के 31,500 मंडपों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर लगभग 31,500 स्थानों पर मां दुर्गा के पूजा मंडप स्थापित किए गए हैं। मूर्ति विसर्जन से पहले इन सभी मंडपों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिरीक्षक एमडी मैनुल इस्लाम ने सोमवार को कहा कि सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने के लिए अंसार और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के सदस्य प्रत्येक मंडप में 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे।ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक इस्लाम ने प्रसिद्ध ढाकेश्वरी मंदिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश पुलिस, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ, व्यवधान मुक्त उत्सव का माहौल बनाने के लिए व्यापक उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पूजा मंडपों में शांतिपूर्ण और आनंदमय माहौल में त्योहार मनाया जाएगा।इस्लाम ने कहा ने कहा कि हर मंडप पर गश्त बढ़ा दी है।

## कराची एयरपोर्ट के पास विस्फोट में चीन के दो नागरिकों समेत तीन की मौत



**कराची, (हि.स.)।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रविवार रात हुए जबरदस्त विस्फोट में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें चीन के भी दो नागरिक हैं। संघीय जांच अधिकारियों के हवाले से डॉन अखबार ने आज अब से कुछ देर पहले यह जानकारी अपने न्यूज पोर्टल पर साझा की है।एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, चीन के दूतावास ने पुष्टि की कि कराची में एयरपोर्ट के पास सड़क पर हुए विस्फोट में उसके दो नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, चीन के नागरिकों के शव को मॉर्चरी में रखवा दिए गए हैं।जियो न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि चीन के नागरिकों के काफिले पर हमला करने वालों को हर हाल में दंडित किया जाएगा।

धमाके की आवाज करीमाबाद, डिफेंस और जमशेद रोड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में सुनी गई। मालिर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिग्नल के पास हुए इस विस्फोट की पुष्टि की।डॉन समाचार पत्र के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी की मजीद ब्रिगेड ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस अधिकारी डॉ. सुम्मैया सैयद ने कहा है कि एक पुलिसकर्मी और एक महिला समेत कम से कम नौ घायलों को जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया है। घायलों में से दो को क्लिफ्टन के एक निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है।

घायलों की पहचान पुलिस कांस्टेबल वकार अहमद (28) मोहम्मद इलियास (35), मोहम्मद नईम (51), रानू खान (35), अजीम मीर (45), तस्लीम नूर (48), अली रफीक (29), हमजा अतीक (28) और मोहिउद्दीन (30) के रूप में की गई है।

### हाई कोर्ट में बोली ममता सरकार

# डॉक्टरों ने सड़क घेर रखा है, जज बोले - हस्तक्षेप नहीं करेंगे



**कोलकाता, (हि.स.)।** धर्मतला में अधिकांश सड़क घेर कर बैठे डॉक्टरों को वहां से हटाने और किनारे में बैठने का अनुरोध किया गया था, लेकिन हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया।

सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए फिलहाल इस पर अदालत का हस्तक्षेप उचित नहीं होगा।यह अपील अदालत में एक वकील ने की थी, जिसमें कहा गया कि डॉक्टरों के सड़क घेरने से यातायात बाधित हो रहा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि डॉक्टरों को सड़क छोड़कर किनारे बैठने का निर्देश दिया जाए।उल्लेखनीय है कि जूनियर डॉक्टरों ने शनिवार रात 8-30 बजे से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। इन डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सुरक्षा संबंधी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। इस भूख हड़ताल में छह जूनियर डॉक्टर शामिल हैं, जिनमें कोलकाता मेडिकल कॉलेज के अनुस्तुप मुखर्जी, स्निग्धा हाज़रा, तनया पांजा, एसएसकेएम के अर्णब मुखर्जी, केपीसी मेडिकल कॉलेज की सायंतनी घोष हाज़रा, और एनआरएस मेडिकल कॉलेज के पुलस्त्य आचार्य हैं।रविवार रात को आर.जी. कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो भी इस हड़ताल में शामिल हो गए। पहले यह सवाल उठ रहा था कि आर.जी. कर अस्पताल से कोई डॉक्टर भूख हड़ताल में क्यों शामिल नहीं था, लेकिन अनिकेत महतो के शामिल होने के बाद इस सवाल का समाधान हो गया।

## भाजपा की सांगठनिक कार्यक्रमों में सरकारी हस्तक्षेप अवैध- हिमंता



**रांची, ( हि.स.)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार के जरिये किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

# बीजेपी के मंत्री और सपा नेता की सोशल मीडिया की लड़ाई थाने तक पहुंची



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश भाजपा के एक कद्दावर नेता और योगी सरकार में मंत्री की समाजवादी पार्टी के एक नेता से सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस थाने तक पहुंच गई है। सोशल मीडिया की लड़ाई के किरदार यूपी कैबिनेट के मंत्री एके शर्मा के भाई ने सपा मीडिया सेल पर थाने पर रिपोर्ट लिखाई है।

दरअसल,सोशल मीडिया पर यूपी सरकार के मंत्री एके शर्मा के ऑफिस के एक्स् हैंडल और समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के एक्स हैंडल के बीच तीखी नोकझोंक सुर्खियों में है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बयान दिए गये, लेकिन अब इस विवाद ने कानूनी रूप ले लिया है। मंत्री एके शर्मा के भाई ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों और उसके एक्स् हैंडल के खिलाफ बीजेपी नेता को बदनाम करने का मामला मऊ जिले में दर्ज कराया है। बता दें कि एके शर्मा के ऑफिस और सपा मीडिया सेल के बीच बिजली सफाई, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न मुद्दों पर तीखी नोकझोंक 1 अक्टूबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुरू हुई थी। मगर 5 अक्टूबर को ये बातचीत आपत्तिजनक भाषा और गाली.गलौज में बदल गई। इस संबंध में मंत्री एके शर्मा के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर पोस्ट किया गया। मंत्री के भाई ने सपा नेताओं और सपा मीडिया सेल के खिलाफ मऊ जिले के एक थाने में परिवार के सदस्यों की मानहानि समेत विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। उम्मीद है कि सरकार और पुलिस इस पर संज्ञान लेकर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा मीडिया सेल ने आश्चर्य जताया कि क्या अपने भाई के जरिए एफआईआर दर्ज करवाकर मंत्री ने यह साबित कर दिया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की खबरें सच हैं। इसको लेकर सपा मीडिया सेल ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया।बीजेपी के अंदरूनी हलकों में भी मंत्री के भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। पोस्ट में आगे कहा गया है कि क्या मंत्री ने अंदर की जो खबरें सामने आ रही हैं, उनकी पुष्टि की है। मंत्री बहुत परेशान हैं। भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आने पर यह और बढ़ जाएगा। पोस्ट में एके शर्मा के शहरी विकास और बिजली विभागों के बारे में खबरों की कतरनों के साथ कई पोस्ट भी जारी किए गए।

मालूम हो कि सफाई कर्मचारियों से जुड़ी एक खबर को शेयर करते हुए सपा मीडिया सेल ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक पोस्ट किया था। इससे पहले एके शर्मा के ऑफिस के हैंडल से की गई पोस्ट में अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इस बारे में पूछे जाने पर सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा के बीजेपी हमेशा हमारे खिलाफ ;असंसदीय भाषा बोलती है। बीजेपी ही हर चीज की शुरुआत करती है और ऐसी स्थिति पैदा करती है।

फिलहाल, मुकदमा दर्ज होने के बाद इस पूरे प्रकरण को लेकर पुलिस के द्वारा बयान जारी किया गया है। सीओ अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई पोस्ट को लेकर आज थाना सरायलखंसी पर अरुण कुमार शर्मा के द्वारा एक तहरीर दी गई, जिसमें माननीय मंत्री जी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी एवं कुछ अन्य बातों को लेकर उन्होंने आवेदन पत्र दिया था। जिस पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाने पर उक्त पोस्ट को लेकर प्रारंभिक जांच के लिए मुकदमा दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## बाबरी मस्जिद विध्वंस के आरोपी के बेटे के हत्यारे ने पुलिस को चकमा देकर किया आत्मसमर्पण

**लखनऊ,एजेंसियॉ।**बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले के आरोपी रहे लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष रमेश सिंह के बेटे शक्ति सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी भाजपा नेता राना नागेश सिंह ने पुलिस को चकमा देते हुए बस्ती के सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया और पुलिस को इस बात की भनक ही नहीं लगी। अब पुलिस कह रही है कि नागेश ने उसी के दबाव में सरेंडर किया है। पुलिस जल्द ही नागेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

उक्त प्रकरण में अब तक तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने सभी फरार हत्यारोपियों के खिलाफ 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। बता दें दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे बीते 26 सितंबर को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने गत दिनों ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी थी।

पुलिस ने भाजपा नेता राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला और कुछ अन्य के खिलाफ अपहरण कर हत्या और शव छिपाने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने नामजद आरोपी रवि सिंह, शैलेश सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। राना नागेश सिंह ने आज सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया।

# रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका का निपटारा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने को लेकर दायर याचिका का निपटारा कर दिया। सोमवार को चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया गया कि झांसी की रानी की मूर्ति उचित ढंग से बाउंड्री वाल बनाकर स्थापित कर दी गई है।झांसी की यह मूर्ति ईदगाह की दीवार से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थापित किया गया है।हाई कोर्ट ने 4 अक्टूबर को ईदगाह प्रबंधन कमेटी को अपने तीन प्रतिनिधियों के साथ 5 अक्टूबर को ईदगाह पार्क जाकर देखने को कहा था कि क्या झांसी की रानी की मूर्ति स्थापित करने का कोई वैकल्पिक स्थान हो सकता है। सुनवाई के दौरान डीडीए ने कहा था कि हम सबकी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हैं, इसलिए मूर्ति को पार्क के कोने में स्थापित किया गया है और उस मूर्ति के चारों तरफ दीवार भी है। इसके पहले हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने की इजाजत देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के सिंगल जज के फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता को फटकार लगाई थी। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और आप एक महिला सेनानी की मूर्ति लगाने पर आपत्ति जता रहे हैं।हाई कोर्ट ने कहा था कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय हीरो हैं, उसको धार्मिक रूप नहीं देना चाहिए, वो सभी धार्मिक सीमाओं के परे वह एक राष्ट्रीय हीरो हैं, आप इसको धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। डिवीजन बेंच ने कहा था कि याचिकाकर्ता सांप्रदायिक राजनीति कर रहे हैं और वे कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। सिंगल बेंच ने जो कहा है उसे पढ़िए। आप माफी मांगिए।शाही ईदगाह प्रबंधन कमेटी ने दायर याचिका में कहा था कि शाही ईदगाह की जमीन पर अतिक्रमण पर रोक लगाई जाए, क्योंकि ये एक वक्फ संपत्ति है। याचिका में 1970 के गजट नोटिफिकेशन का जिक्र किया गया था, जिसमें शाही ईदगाह पार्क को प्राचीन संपत्ति बताया गया था, जो मुगल काल में बनी थी और वहां नमाज अदा दी जाती है। सिंगल बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि ईदगाह के बाउंड्री के चारों ओर का खुला इलाका और ईदगाह पार्क डीडीए की संपत्ति है।

## हिन्दू उत्सवों व धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा -विहिप




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने सोमवार को कहा कि हिन्दू पर्व-त्योहारों या कुम्भ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिन्दू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।संपूर्ण देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें जिससे हम राष्ट्र विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षडयंत्रों को समाप्त कर भारत को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है।दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जेहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है। कल ही भाग्यनगर (हैदराबाद) के डांडिया पंडाल में एक जिहादी इरशाद खान ने एक हिंदू लड़की का हाथ पड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की। परिवार का विरोध करने पर वह वहां से भाग गया लेकिन परिवार जनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी है।

# सफलताओं व चुनौतियों से सीख कर स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बना सकते हैं: जेपी नड्डा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए केन्द्र सरकार समग्र और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाती है। केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना शुरू की। इस योजना से 12 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ पहुंच रहा है। सरकार प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य खर्च वहन करती है।सोमवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भारत सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि गैर संचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए देश में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ एकीकृत करने में भारत के अनुभव ने समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं की सीमा का विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने, समावेशी, मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। एक-दूसरे की सफलताओं और चुनौतियों से सीखकर हम स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बना सकते हैं।क्षेत्रीय समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. रजिया पेंडसे, भूटान के स्वास्थ्य मंत्री ल्योनपो तंडिन वांगचुक, मालदीव के स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम और नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल सहित कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल के बीरभूम की कोयला खदान में विस्फोट, पांच मजदूरों की मौत, कई गंभीर घायल

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के खयाराशोल ब्लॉक के अंतर्गत लोकपुर थाना क्षेत्र के भादुलिया गांव में सोमवार को एक कोयला खदान में भीषण हादसा हो गया। गंगारामचक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीएमपीएल) कोयला खदान में हुए विस्फोट से पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे को देखते हुए मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़ सकती है। हादसे के बाद खदान में मौजूद अधिकारी और ऊपरी प्रबंधन के कर्मचारी मौके से फरार हो गए हैं।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विस्फोट के कारण मृतक मजदूरों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए हैं। इस घटना में घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया है और बाकी बचे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।घटना सोमवार सुबह की है जब मजदूर कोयला निकालने के काम में लगे हुए थे।

# नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मन- अमित शाह

- 2026 तक नक्सली का पूरी तरह सफाया
- छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आयी तेजी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं।अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था।केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत 2004-2014 के बीच इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 के बीच हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो लगभग तीन गुना है। एसआरई मुख्य योजना है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में योगदान देती है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दशक में 3590 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।शाह ने कहा कि 2019 से पहले सैनिकों के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के छह और वायुसेना के छह हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सैनिकों की मदद करते हैं।नक्सल प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करें।

## मुसहर को 47795 व वनटांगिया परिवारों को 4838 प्रधानमंत्री आवास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष छह साल में अब तक कुल 2.52 लाख आवास बनाने का काम पूरा हो चुका है। इसमें मुसहर जनजाति से जुड़े परिवारों को 47795, वनटांगिया को 4838, थारू परिवारों को 3233, कोल परिवारों को 29923 आवास दिए गए।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में यह बात सामने आई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2016-17 से 2024-25 के क्रमिक लक्ष्य 36.60 लाख के सापेक्ष 35.88 लाख आवास का निर्माण पूर्ण व 72 हजार निर्माणाधीन हैं। वर्ष 2023-24 तक कुल 27 हजार घर अधूरे हैं। 410 विकास खण्डों में मॉडल हाउस का निर्माण पूर्ण व 144 विकास खण्डों में निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवास निर्माण लक्ष्य के मुकाबले 2.52 लाख आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है, 3,929 आवास निर्माणाधीन हैं। बैठक में बताया गया कि सहरिया को 6979, चेरो को 5367, बैगा को 1584, नट को 2,220, पछ्या लोहार को 63, गढ़िया लोहार को 155, बोक्सा जनजाति से जुड़े परिवारों को 175 आवास आवंटित किये गये, साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित 5021 परिवारों को, दैवीय आपदा से प्रभावित 78101, कालाजार से प्रभावित 249, जेई व एईएस से प्रभावित 674, दिव्यांगजन 71056 परिवारों को आवास आवंटित किये गये।वर्ष 2024-25 में 94,294 आवंटित आवास के सापेक्ष लगभग 21 हजार आवास स्वीकृत किये जा चुके हैं। वर्ष 2023-24 में दिव्यांगजन श्रेणी को मुख्यमंत्री आवास की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया। आवंटित लक्ष्य के 75 प्रतिशत आवास दिव्यांगजन को दिये गये। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज श्री हिमांशु कुमार, ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जीएसप्रियदर्शी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एके शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप

सपा मीडिया सेल के खिलाफ एफआईआर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए मऊ में सपा मीडिया सेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा कैबिनेट मंत्री के भाई की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सपा मीडिया सेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है।

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा के भाई अरुण कुमार शर्मा ने सरायलखंसी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल की तरफ से सपा नेताओं की शह पर कैबिनेट मंत्री के साथ पूरे परिवार को बदनाम करने की लगातार कोशिश हो रही है। सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और उनके पूरे परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है।

दावा किया कि सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, झूठ और आपत्तिजनक हैं। विशेष रूप से परिवार को बीच में लाकर, अनर्गल आरोप लगाकर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा समेत पूरे परिवार की छवि बिगाड़ने की कोशिश की गई है। इस पोस्ट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है।

कैबिनेट मंत्री के भाई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सरायलखंसी थाने में समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 352, 353 और सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम (आईटीएक्ट) की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुट गई है। वहीं, सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक पोस्ट में पूछा कि मंत्री के भ्रष्टाचार को लेकर जो कुछ कहा जा रहा है क्या उन खबरों में सच्चाई है? मीडिया प्रकोष्ठ ने सोमवार को अपने आधिकारिक %एक्स% हैंडल पर कहा, मंत्री महोदय ने अपने भाई के जरिये प्राथमिकी दर्ज करवाकर खुद यह साबित कर दिया कि उनके भ्रष्टाचार के संदर्भ में जो खबरें हैं, वह सत्य हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अंदरूनी हलकों में भी मंत्री महोदय के परिवारवाद/भ्रष्टाचार संबंधी चर्चाओं का बाजार गर्म है। अंदर की जो बातें आ रही हैं उन्हें मंत्री महोदय ने सत्यापित कर दिया है। इसने यह भी लिखा, मंत्री महोदय ज्यादा विचलित हैं। अभी उनका विचलन और बढ़ेगा जब भ्रष्टाचार की पोल पट्टी और खुलेगी, जमकर खुलेगी तथा जोरदार खुलेगी। पोस्ट में मंत्री के शहरी विकास एवं बिजली विभाग से संबंधित खबरों का भी हवाला दिया गया है तथा संबंधित अखबारों की कतरनें भी संलग्न की गई हैं। ये पोस्ट सफाई, कूड़ा, बिजली और अन्य समस्याओं से संबंधित हैं।

एक्स पर एक अक्टूबर से ही शहरी विकास और बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों को लेकर सपा और शर्मा के बीच तीखे संवाद पोस्ट किए जा रहे हैं, लेकिन पांच अक्टूबर को शर्मा के कार्यालय और सपा मीडिया प्रकोष्ठ के बीच अशोभनीय संवाद ने सारी हदें पार कर दी थीं। सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने मंत्री को सलाह देते हुए पोस्ट किया, मंत्री जी, अपने कार्यालय को समझाइए, और थोड़ा व्यवहार ठीक कीजिए, आपको आज का समय दिया जा रहा है। सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने अखबार में प्रकाशित सफाई कर्मचारियों से जुड़ी एक खबर को इसी पोस्ट में साझा करते हुए अपमानजनक संदेश का इस्तेमाल किया।

## अराजक तत्वों को सीएम योगी की सख्त चेतावनी

कहा, विरोध के नाम पर अराजकता बर्दाश्त नहीं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय, उनके ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए किसी को बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर कुछ थोपा भी नहीं जा सकता।

एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उस पर कानून के अनुसार, कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा ''लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, और जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि एवं विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास हर्ष उल्लास शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने प्रशासन को कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त तेज की जाए।

## वाराणसी पहुंचे सीएम योगी, जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का करेंगे निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच चुके हैं। सीएम योगी सोमवार को करीब 4:23 बजे पर वाराणसी के पुलिस लाइन पहुंचे। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद उनका काफिला सीधे सर्किट हाउस पहुंचा। जिसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। वाराणसी में साईं मूर्ति हटाए जाने के विवाद को लेकर बिना किसी का नाम लिए, मुख्यमंत्री ने कहा कि हर धर्म, हर मजहब और हर संप्रदाय के महापुरुषों का सम्मान होना चाहिए, जो भी किसी का अपमान करेगा वह कानूनी कार्रवाई की जद में आएगा।

सीएम योगी के प्रोटोकॉल के मुताबिक, बैठक के बाद मुख्यमंत्री भारत सेवा आश्रम संघ में आयोजित दुर्गा पूजा समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचेंगे। सीएम योगी समारोह में महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण करेंगे और मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वाराणसी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे और दर्शन पूजन भी करेंगे। भारत सेवाश्रम संघ में समारोह में शामिल होने के बाद सीधे सिगरा स्थित निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निरीक्षण करेंगे। माना जा रहा है कि अक्टूबर के महीने में इसके एक फेज का शुभारंभ होना है। जिसके लिए सीएम योगी यहां पर कार्यों की गुणवत्ता और अन्य चीजों को देखेंगे।

सीएम योगी के प्रोटोकॉल के मुताबिक, निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे बाबा काल भैरव के दर्शन करने के लिए जाएंगे। यहां दर्शन के बाद सीएम योगी विश्वनाथ मंदिर जाएंगे और दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टाउन हॉल के बाहर बन रहे नए व्यावसायिक परिसर का जायजा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रात करीब 8:00 बजे वाराणसी के ककरमत्ता में फ्लाईओवर के नीचे बना रहे प्ले जोन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सीएम योगी रात्रि विश्राम के लिए सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह भिखारीपुर में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि इसके बाद मिर्जापुर में 2 दिन पहले सड़क हादसे में मृत मिर्जामुराद के 10 श्रमिकों के परिवार से मिलने भी जा सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में बन रहे शंकर नेत्रालय का निरीक्षण करने भी जाएंगे।

## किसी के कहने पर आतंकवादी नहीं कह सकतेः जवाद

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल खुद आतंकवाद के संस्थापक है। मौलाना ने कहा कि अमेरिका और इजरायल का हिज्बुल्ल और उसके नेता सैयद हसन नसरल्लह के बारे में जो नजरिया है वो भरोसे के काबिल नहीं है। मौलाना जवाद ने यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी संस्थाओं पर भरोसा करते हुए, हिज्बुल्ला और उसके नेता सैय्यद हसन नसरूल्लाह को आतंकवादी कहा जा रहा है तो भारत ने अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट को खारिज क्यों किया? इसका मतलब ये है कि भारत की नजर में अमेरिकी संस्थानों की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं हैं। मौलाना ने अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी संस्था ने अपनी रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए भारत को उन देशों में शामिल करने की सिफारिश की है, जहां अल्पसंख्यकों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मौलाना ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली संगठन और संस्थाएं लगातार झूठ बोल रहे हैं, इसलिए उनके कहने पर किसी को आतंकवादी न कहा जाये।

## मजदूर नेता के नाम पर सड़क का नाम उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मजदूर नेता टीएन वाजपेई के नाम पर सड़क का नाम रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और रेलवे यूनियन के नेता शिव गोपाल मिश्रा ने सड़क का उद्घाटन किया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मजदूरों के प्रति टीएन वाजपेई के संघर्ष की याद में उनके नाम पर सड़क का नाम रखा गया है।

नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के नेता शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि इस सड़क के बनने से हजारों रेल कर्मियों को कार्यालय जाने में सुविधा होगी। साथ ही जन सामान्य नागरिकों रेलवे स्टेशन जाने का अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध हुआ। उन्होंने टीएन वाजपेई द्वारा किए गए संघर्ष को याद किया है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय टीएन वाजपेई को कौन नहीं जानता। वह नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेता थे। टी एन वाजपेई हमेशा अपने यूनियन तथा रेलवे के लोगों के हित की बात कर रहे थे। उनके नाम पर नगर निगम द्वारा चौराहे का नामकरण आज किया गया है। उनके नाम पर इस सड़क को समर्पित किया गया। टीएन वाजपेई सड़क बनने से फ्लोह आली चौराहे के पास लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से नागरिकों को राहत मिलेगी। सुबह और शाम के समय में पीक आवर में यहां पर अक्सर जाम की स्थिति अभी तक होती थी। इस मौके पर अतिथि के रूप में आरके पांडे, विभूति मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सैकड़ों अधिवक्ताओं ने ज्वाइन की रालोद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विभिन्न राजनैतिक दलों के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश शुक्ला की अगुवाई में सपा बसपा व कांग्रेस छोड कर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के नेतृत्व और स्व. भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं स्व. चौधरी अजित सिंह की नीतियों एवं विचारधारा में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। नेताओं को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक शिव करन सिंह की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई। रामनरेश शुक्ल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करने वालों में सदस्यता लेने वालों में एस के त्रिपाठी, केके तिवारी. पीके मिश्रा, सीपी निगम, एके अवस्थी. अमित शर्मा, विष्णु नारायण. चंद्रकांत मिश्रा,. नरेन्दि यादव, मनोज दीक्षित,केएस वाजपेयी, अंजू यादव,स्वाती शुक्ला,स्मिता शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुहैल सिद्दीकी सहित लगभग दो सौ अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों की सराहना करते हुए सदस्यता ग्रहण की।सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा एवं अम्बुज पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल उपस्थित थे। प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, चंद्रकांत अवस्थी, केजी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता आमिर साबिरी, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, अशोक तिवारी, शहजाद आदि पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी अधिवक्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया।

## भाजपा ने की प्रचार अभियान आक्रामक बनाने की तैयारी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की मीटिंग सोमवार की दोपहर हुई। बैठक में दो महत्वपूर्ण एजेंडे पर बात की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश के 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव, बचे हुए बोर्ड और आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर चर्चा हुई है। आने वाले दिनों में पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जाएगी। इसके अतिरिक्त उपचुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान आने वाले समय में कैसे आक्रामक किया जा सकता है, इस पर भी बात की गई। संगठन और सरकार के बीच समन्वय को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने समय-समय पर बातचीत करने को लेकर कहा।

सीएम के साथ केशव भी रहे मौजूदः इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के अलावा महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुत से विधायक सांसद बन गए हैं। इसके अलावा कानपुर की शीशामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने के बाद यह सीट खाली हो गई। इन सारी सीटों पर उपचुनाव होना है। जिसकी घोषणा अगले एक सप्ताह में होने की संभावना है। नवंबर में चुनाव हो सकते हैं। यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न हैं। विधानसभा 2022 के चुनाव में इन 10 में से पांच सीटों पर भाजपा जीती थी। मगर लोकसभा चुनाव 2024 में जिस तरह का प्रदर्शन हुआ, उससे इन सीटों पर पुरानी जीत दोहराना भाजपा के लिए टेढ़ी खीर हो सकती है।

हर सीट के लिए 3 उम्मीदवारों का पैनलः उत्तर प्रदेश बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक में 10 में से 9 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई। मुज़फ्फरनगर की मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) उम्मीदवार तय करेगा, इसलिए इस सीट पर चर्चा नहीं हुई। बीजेपी ने बाकी 9 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। हर सीट के लिए, तीन उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया गया है, जिससे फाइनल टिकट का निर्णय लिया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने खासतौर पर सभी मंत्रियों के लिए निर्देश जारी किया है कि वह अपने-अपने प्रभार के जिलों में लगातार काम करते रहें। उनके बने रहने से ही बेहतर फीडबैक मिलते रहेंगे। जिसके जरिए चुनाव में जीत हासिल होगी।

इसके अलावा सरकार और संगठन के बीच समन्वय को लेकर जितने भी बिंदु हैं, उसे पर लगातार संवाद किया जाता रहेगा।

## मुख्यमंत्री की ओर से उनके प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे मालदीव राष्ट्रपति का स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो



**आगरा/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय आज, 8 अक्टूबर 2024 को आगरा में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद का स्वागत करेंगे। मालदीव राष्ट्रपति का आगरा आगमन सुबह एयरफोर्स स्टेशन, आगरा पर निर्धारित है, जहां कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उनकी अगवानी करेंगे।

इसके बाद, मालदीव राष्ट्रपति शिल्पग्राम, ताजमहल के निकट पहुँचेंगे, जहां से वे विश्वविख्यात ताजमहल का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर योगेंद्र उपाध्याय, मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें राज्य की संस्कृति और धरोहर से अवगत कराएंगे।

कार्यक्रम के अंत में, मालदीव राष्ट्रपति की विदाई एयरफोर्स स्टेशन, आगरा से की जाएगी, जिसमें भी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने का एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

## केसरी संघ ने नवरात्रि पर कन्याओं के एनपीएस बैंक खाते खुलवाने के लिए दी आर्थिक सहायता



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नवरात्रि के पावन दिनों में केसरी संघ ने अपने निःशुल्क सहायता कार्यक्रम के तहत लखनऊ के इन्दिरा नगर क्षेत्र के मुंशी पुरवा गांव की छोटी-छोटी 9 कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके एनपीएस बैंक खाते खुलवाने व धनराशि जमा करने के उद्देश्य से उनके अभिभावकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। केसरी संघ के मुख्य सदस्य एवं लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री व जनप्रिय नेता हिमांशु भट्ट एवं सौरभ दुबे द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि के तौर पर आए पुलिस महकमे के कर्मठ एवं ईमानदार पुलिस अधिकारी मनमीत शाह का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि मनमीत शाह ने कार्यक्रम में अपने माता पिता के साथ पहुंचीं सभी कन्याओं को चेक एवं चॉकलेट के डिब्बे भेंट कर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मनमीत शाह के बाद कार्यक्रम में उपस्थित हिमांशु भट्ट एवं केसरी संघ के सभी सदस्यों सौरभ दूबे, शैलेंद्र राय, जागृति राय, सूर्य प्रताप श्रीवास्तव, वैभव तिवारी व अन्य उपस्थित लोगों ने कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किए।

## टैक्स के नाम पर जनता से हो रही है लूटः लोकदल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने आम आदमी पर लगने वाले टैक्स (नगर निगम टैक्स, वाटर टैक्स, शिक्षा पर लगने वाला टैक्स) को लेकर प्रतिक्रिया दी है कि टैक्स की मार से आम आदमी का हाल बुरा है। आजाद भारत में अनाज ,कफ़न पर भी टैक्स लगने लगा है सरकार आम आदमी से एक एक रुपया छीनना चाह रही है। सरकार मल्टीपल टैक्स ले रही है. देश की आम जनता को इस टैक्स से राहत क्यों नहीं दी जा रही है?

टैक्स देते देते जनता का हाल बुरा हो गया है। एक आम आदमी एक ही वस्तु पर कई बार टैक्स देता है. उदाहरण के तौर पर जब पैसा कमाते हैं तो सरकार को टैक्स देते हैं. इसी कमाई से गाड़ी खरीदते हैं तो गाड़ी पर जीएसटी देते हैं.जब गाड़ी खरीदते हैं तो सरकार रोड टैक्स वसूलती है, फिर रोड डेवलपमेंट सेस वसूलती है. इसके अलावा सरकार मोटर इंश्योरेंस पर भी जीएसटी लेती है. इसके बाद पेट्रोल और डीजल भरवाने पर भी सेस लेती है और फिर जब गाड़ी सड़क पर चलाएंगे तो टोल टैक्स वसूलती है आज आम आदमी के लिए सबसे बड़ी समस्या टोल टैक्स बनती जा रही है. मंत्रियों और सांसदों को टैक्स नहीं देना होता है लेकिन आम आदमी से हर जगह टैक्स लिया जा रहा है. यदि टैक्स पर लगाम नहीं लगाई गई तो लोकदल टैक्स को लेकर असहयोग आंदोलन करने पर विवश होगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण का फरमान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों की व्यापक समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव शिपू गिरि, गिरिजेश त्यागी, निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज डॉ. अमित भारद्वाज सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों की प्रगति का आकलन करना और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।मंत्री उपाध्याय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उच्च शिक्षा विभाग में प्राप्त प्रकरणों और संदर्भों का निस्तारण त्वरित और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए।

छात्रहितों और शैक्षिक सुधारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाना चाहिए।उन्होंने अधिकारियों से करने को कहा कि की गई कार्यवाही की जानकारी समयबद्ध रूप से संबंधित अधिकारियों और मंत्री कार्यालय को दी जाए, ताकि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखा जा सके। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि विभागीय प्रक्रियाओं में सुधार लाकर कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जाए।बैठक के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए आवश्यक सुझावों को अमल में लाने पर भी बल दिया। उन्होंने विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।इस अवसर पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री उपाध्याय को आश्वासन दिया कि उनके निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी और विभागीय कार्यों में गुणवत्ता और गति को सुनिश्चित किया जाएगा।मंत्री उपाध्याय ने अंत में कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सभी स्तरों पर सक्रियता और समर्पण आवश्यक है, और प्रदेश की सरकार इस दिशा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मानकनगर में महिला का शव मिला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मानक नगर इलाके में महिला का शव नग्न अवस्था में मिला है। वह घर से 2 दिन पहले लापता हुई थी। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी थाने में दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की बात कही जा रही है। सप्ति मिश्रा (46) पारा थाना इलाके की रहने वाली थी। वह शनिवार से लापता थी। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद मानक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह 11 बजे मानक नगर के स्लीपर ग्राउंड कॉलोनी में बने सर्वेंट क्वार्टर में महिला का शव मिला। इसकी जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। परिजनों ने उसकी पहचान की। उन्होंने एक ई-रिक्शा चालक पर हत्या का संदेह जताया है।

### यति नरसिंहानंद के खिलाफ आईएमआईएम नेता पहुंचे पुलिस मुख्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ में एआईएमआईएम प्रदेशाध्यक्ष शौकत अली सोमवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचे, लेकिन उनको गेट पर ही रोक दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब के शान में यति नरसिंहानंद द्वारा बोले गए अपशब्द स्वीकार नहीं किए जा सकते। इस बयान के बाद मुसलमानों में आक्रोश है। इसी को लेकर के खिलाफ डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे थे।शौकत अली ने कहा कि आज हमारी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता डीजीपी से मिलकर अपनी बात रखना चाहते थे। मुख्यालय के गेट पर हम लोगों को रोक लिया गया। हमको यह बताया गया कि पुलिस महानिदेशक कार्यालय में उपस्थित नहीं है। गेट पर हमने मुख्यालय में तैनात पुलिस अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंप दिया है। ज्ञापन में हमने उत्तर प्रदेश के डीजीपी से सख्त कार्रवाई की मांग किया है। इस्लाम धर्म में किसी भी धर्म के प्रति टिप्पणी करने से मना किया गया है। हम किसी धर्म के प्रति अभद्र टिप्पणी नहीं करते हैं। उम्मीद भी यही करते हैं कि हमारे धर्म और पैगंबर के बारे में कोई गलत बात न कहे। भारत में हमेशा सर्व धर्म का सम्मान किया गया है। ये देश महात्मा गांधी, बाबा भीमराव अम्बेडकर और मौलाना आजाद के विचारों का देश है।शौकत अली ने कहा कि 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में यति नरसिंहानंद ने आपत्तिजनक बातें कही थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। 2 मिनट 55 सेकेंड के वीडियो में नरसिंहानंद ने कई आपत्ति जनक बातें कही है।यति नरसिंहानंद ने रावण की गलती को छोटा बताते हुए उसका पुतला ना जलाने की बात कहते हुए पैगम्बर को उससे जोड़ दिया। इसी के साथ पैगंबर मोहम्मद साहब और कुरआन के बारे में आपत्तिजनक बातें कही थी। डीजीपी के नाम दिए गए ज्ञापन में सम्पूर्ण बयान को दर्शाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग किया है।

### समर्थ पोर्टल पर छात्रों का डाटा डालना हुआ अनिवार्य

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेजों, राज्य विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालय के तर्ज पर ही अपने यहां नए प्रवेश लेने वालों छात्रों का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। राज्यपाल की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को इस संबंध में निर्देश दिया गया है. राजभवन के इस आदेश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सभी संबद्ध डिग्री कॉलेजों को समर्थ पोर्टल पर नए एडमिशन लेने वाले छात्रों को डिटेल उपलोड करने को कहा। विश्विद्यालय ने कॉलेजों को साफ कहा है, अगर पोर्टल पर डिटेल उपलोड होने के बाद ही सभी को एग्जाम फॉर्म भरने का मौका मिलेगा।

### जेडी कार्यालय पर माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना



**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने 12 सूत्री मांगों को लेकर जेडी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग की। कहा कि जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, संघ का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। त्रिपाठी ने शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी अपनी आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि विभाग में महत्वपूर्ण फाइलों को जानबूझकर रोका जा रहा है, जिसके कारण शिक्षकों और कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। इस स्थिति को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ रहा है और वे अपनी अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. आर. पी. मिश्रा ने कहा कि संघ अपनी नियम संगत मांगों को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिक्षा विभाग शिक्षकों की मांगों को नजरअंदाज करता रहा, तो संघ प्रदेशव्यापी बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगा। प्रदेश महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग मनमाने तरीके से काम कर रहा है और शिक्षकों की मांगों की अनदेखी कर रहा है। वर्मा ने संघ की एकता और संघर्ष की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा हो सके। संघ के सदस्य धरने में शामिल होकर अपनी आवाज उठाने के लिए एकजुट हैं। उनकी मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफकार्रवाई, और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा शामिल हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने अपने हितों की रक्षा के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की है।

### पशु मित्र, मैत्री कार्यकर्ताओं ने दिया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पशुपालन निदेशालय के मुख्य द्वार पर सैकड़ों की संख्या में जुटे पशु मित्र, मैत्री ने दो प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे पशु मित्रों और उनसे जुड़े संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनके समकक्ष शिक्षा मित्र एवं पंचायत मित्र को जिस प्रकार शासन ने नियमित मानदेय की व्यवस्था करायी है। उसी तरह पशु मित्र व मैत्री को नियमित मानदेय दिया जाये। प्रदर्शनकारी पशु मित्रों ने अपनी मांगों के बारे में कहा कि पूरे प्रदेश में हमारी संख्या 58 सौ है। प्रत्येक गौशाला में पशुओं की संख्या के अनुसार हमारी नियुक्ति की जाये। जिससे गौशाला में कृत्रिम गर्भाधान व टीकाकरण सुदृढ़ तरीके से होता रहे। प्रदेश स्तर पर 65 सौ गौशालाएं हैं। जहां केयरटेकर रखे गये और उन्हें नियमित मानदेय भी दिया जाता है। उनकी मांग है कि उन्हें पशु मित्र से प्रोन्नत कर केयरटेकर बनाया जायें। जिससे वे भी नियमित मानदेय की श्रेणी में आ सके। इस दौरान पशु मित्रों ने पशुपालन निदेशालय में निदेशक से मिलने और मांग पत्र देने का प्रयास किया। तभी निदेशक कार्यालय के बाहर सभी पशु मित्रों को रोक दिया गया। बाद में निदेशक की ओर से वार्ता के लिए चार ही लोगों को आमंत्रित किया गया। पशु मित्रों ने अपने मांग पत्र को पशुपालन निदेशक को सौंपा।

# प्राइवेट स्कूल ने स्टूडेंट्स को क्लास से निकाला, गुस्साए परिजनों का हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एक प्राइवेट स्कूल में हंगामा हो गया। परिजनों और स्कूल स्टाफ के बीच बहस हुई। 1 से 2 महीने की फीस जमा न होने की वजह से कई स्टूडेंट्स को सजा के तौर पर क्लास से बाहर निकाल दिया गया था। मामला एल्डिको तिराहे के पास सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल का है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के परिजनों ने घटना का वीडियो भी बनाया है। इसमें साफदेखा जा सकता है, कि स्कूल के रिसेप्शन पर 40-50 बच्चे-बच्चियां बिना बैग के बैठे हैं। इनमें से एक बच्ची रोते हुए नजर आ रही है। कई बच्चे दीवार की तरफमुंह करके खड़े हैं। मौके पर पहुंचे परिजन जब बच्चों से यह पूछते हैं, कि यहां फीस जमा न होने की वजह से बैठाया गया है? तो छोटी-छोटी बच्चियां हां कहती हैं। मौके पर पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे, तब छात्रों को क्लास में भेजा गया। मौके पर स्कूल की एक टीचर और परिजन के बीच बहस हुई। स्कूल टीचर ने कहा कि हमारी लाइब्रेरी फुल हो गई है, इसलिए इन्हें यहां बैठाया गया है। वहीं, परिजनों ने कहा कि यह कहां का नियम है, कि फीस जमा न होने पर बच्चों को क्लास से बाहर कर दिया जाएगा? इस सवाल पर स्कूल की टीचर या प्रिंसिपल ने कोई जवाब नहीं दिया। उल्टे वे अपनी कार्रवाई के पक्ष में तर्क देते रहे। इससे परिजनों का गुस्सा और भड़क गया और तीखी बहस हुई। मनीष वर्मा ने बताया कि मेरा बेटा 5वीं क्लास में पढ़ता है। स्कूल में बच्चों को क्लास से बाहर निकालने का वीडियो सामने आया, तब मैं स्कूल पहुंचा। बच्चे की फीस जमा नहीं थी, तो मुझे नोटिस भेजी जानी चाहिए। मुझे कैसे पता चलेगा कि फीस देनी है? बिना नोटिस दिए, क्लास से बच्चे को बाहर निकाल दिया। अभिभावक प्रवीण त्रिपाठी ने बताया कि मेरे परिवार के 5 बच्चे यहां पढ़ाई करते हैं। फीस जमा न होने का आरोप लगाते हुए बच्चों को आज सुबह से ही क्लास से बाहर कर दिया गया। उसके बाद जब हम लोग पहुंचे, तो हम सभी से अभद्रता की गई। स्कूल की तरफ से हम लोगों पर फौजदारी का केस दर्ज करने की धमकी दी गई। चिनहट निवासी संतोष कश्यप ने बताया कि मेरे 3 बच्चे यहां पढ़ाई करते हैं। सिर्फ 1 से 2 महीने की फीस जमा नहीं थी। सभी बच्चों को क्लास से बाहर निकाल दिया। यदि फीस नहीं जमा थी, तो मेरे पास डायरेक्ट फोन कर लेते। इस तरह से बच्चों को बाहर क्यों निकाला गया। सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल पहुंचे परिजनों का आरोप था कि बिना फीस वाले बच्चों को स्कूल के रिसेप्शन पर बैठाया जाता है। बच्चों से बुरा बर्ताव करते हुए फीस की डिमांड की जाती है। इस तरह से छोटे बच्चों की बेइज्जती की जाती है। परिजनों ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह से बच्चों को मानसिक पीड़ा दी जा रही है, ऐसे में संबंधित अथॉरिटी को एक्शन लेना चाहिए। स्कूल के सारे नियम अपने खुद के बनाए हैं, जिन्हें मानना परिजनों की मजबूरी है, लेकिन बच्चों के प्रति उनकी जिम्मेदारी के लिए कोई नियम नहीं। स्कूल में जब परिजनों का बवाल बढ़ा तो जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी तक पहुंची। ठै। का फोन स्कूल प्रबंधन के पास पहुंचा। पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। इसके बाद प्रिंसिपल ने सभी स्टूडेंट्स को क्लास में जाने की इजाजत दी। स्कूल के प्रिंसिपल सीएल पॉल ने बताया कि कुछ स्टूडेंट्स 4-5 महीने से स्कूल की फीस जमा नहीं कर रहे थे। कई बार मौखिक और नोटिस देकर पेरेंट्स को सूचना दी गई, लेकिन फीस जमा नहीं की जा रही थी। स्कूल खुलने पर आज जब बकाया वाले स्टूडेंट्स आए, तो ऑफिस के पास उन्हें रोका गया। बच्चों को गेट पर रोकना ठीक नहीं था, इसलिए उन्हें लाइब्रेरी में बैठने की इजाजत दी गई। उसी समय कुछ पैरेंट्स आए और अभद्रता करने लगे।

## इंदिरा भवन से टूट कर गिर रहा प्लास्टर, नहीं हो रही देखरेख

**लखनऊ।** अशोक मार्ग पर स्थित इंदिरा भवन में उप्र लोक सेवा अधिकरण, चकबंदी निदेशालय, पेंशन निदेशालय जैसे प्रमुख सरकारी विभाग हैं। यहां प्रत्येक माह अपने कार्यों लेकर प्रदेश के कोने-कोने से हजारों लोगों को आना होता है। बावजूद इसके इंदिरा भवन की सही प्रकार से देखरेख नहीं की जा रही है। इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुशील और पदाधिकारियों ने इंदिरा भवन के बाहरी दीवार से टूटते प्लास्टर, सामने दिखती दरारों को लेकर नाराजगी जताई है। पदाधिकारियों ने कहा कि इंदिरा भवन के रंग रोगन और दीवारों की मरम्मत के लिए दो वर्ष पूर्व में धरना दिया गया था। इसके बाद ही मरम्मत और रंगाई का कार्य हो सका था। अभी फिर से दीवारों में मरम्मत आ गयी है। एक छोर पर प्लास्टर टूट कर नीचे गिरने लगे हैं। उन्होंने बताया कि इंदिरा भवन में सचिव, निदेशक स्तर के अधिकारी बैठते हैं। उनके सामने इंदिरा भवन की दीवार की दुर्दशा दिखती है। फिर भी अधिकारियों की आंखों पर काला चश्मा चढ़ा हुआ है।

## लोहिया संस्थान में हीमोलिसिस पर चर्चा

**लखनऊ।** लैब्स में सीमा से अधिक हीमोलिसिस तथा लाइपेमिया के सैंपल आना आम बात है। कई बार कोरी आंखों से इसकी उपस्थिति दिखती नही है। लेकिन इसका प्रभाव रिपोर्टिंग पर पड़ता है। सरोजनी ना यडू मेडिकल कॉलेज,आगरा से आयीं बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष,डॉ कामना सिंह ने कही। संस्थान के निदेशक डॉ सीएम सिंह ने कहा कि संस्थान में आईआरएफ़ होने के कारण अधिकांश जांचे यहीं हो जाती हैं। एनजीएस जैसी उच्च सुविधा को मरीज़ों के हित के लिए संस्थान में लाने के लिए विभाग को प्रेरित किया। लोहिया संस्थान से ही ऑब्स एंड गायनी विभाग की एसोसियेट प्रोफेसर डॉ रूपिता कुलश्रेष्ठ ने बताया कि ड्युअल एवम क्वाड्रूपल टेस्ट के माध्यम से बच्चे के पैदा होने से पहले ही आनुवंशिक विसंगतियों का पता किया जा सकता है। संदेह की स्थिति में जेनेटिक टेस्टिंग भी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त डॉ रूपिता ने गर्भावस्था में ही हाइपरटेंसिव डिसऑर्डर्स बायोमार्कर्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# हॉस्टल के कुक ने फंदा लगाकर जान दी

- सीतापुर का रहने वाला था युवक
- बाराबंकी पुलिस बोली- मौके से नहीं मिला सुसाइड नोट

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ की इंटीगरल यूनिवर्सिटी के ब्वॉयज हॉस्टल में कुक की नौकरी करने वाले सीतापुर निवासी युवक ने बीती रात को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। सीतापुर जनपद के थाना तंबौर निवासी दीपू यादव (20) कुर्सी के उमरा स्थित संचालित इंटीगरल यूनिवर्सिटी के ब्वॉयज हॉस्टल में कुक की नौकरी करता था। दीपू हॉस्टल के कैंटीन में खाना बनाने के साथ उस में रहता था। सोमवार सुबह युवक का शव बिल्डिंग की पुताई के लिए बांस की बनाई गई सीढ़ी में रस्सी से लटकता मिला। कालेज खुलने पर सफाई के लिए पहुंचे कर्मियों ने युवक का शव लटकता देखा तो कालेज में हड़कंप मच गया। कालेज स्टाफ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। उमरा चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता ने बताया कि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नेहरु एक्लेव मोड़ पर बनाया अवैध मजार

- स्थानीय लोगों के विरोध के बाद पहुंची नगर निगम टीम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर नेहरु एन्क्लेव में सड़क के किनारे अवैध तरीके से मजार बना दिया गया। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। मौके पर नगर निगम के आला अफसर और पार्षद को पहुंचना पड़ा। यहां रहने वालों का कहना है कि रेशम निदेशालय के सामने कॉलोनी के मोड़ पर अवैध जूस की दुकान लगती है। वहीं पर अब जूस वाले ने कुछ लोगों के साथ मिलीभगत करके मजार बना दिया है। जहां एक व्यक्ति लोगों को भ्रमित करने का काम करता है।

लोगों ने मजार को वहां से खुद ही हटा दिया। अब जूस की दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। आरडब्लूए की तरफ से महासचिव प्रमोद चौधरी, उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित सेठ, वरिष्ठ सदस्य भुवन शुक्ला, बृजेश सिंह,मोहित वर्मा, आनंदा तालुकदार, मोहित वर्मा, डॉक्टर शरद द्विवेदी ने पार्षद राजेश सिंह गब्बर के साथ मिलकर अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ यह भी मांग की गई कि, यहां दोबारा किसी तरह का अतिक्रमण न होने पाए।

जिस जगह पर मजार बनाया गया था, वहां ग्रीन क्षेत्र विकसित करने की मांग की गई ताकि वहां पर नेहरु एन्क्लेव में रहने वाले बुजुर्ग लोग बैठे सकें। पार्षद राजेश सिंह गब्बर से बताया कि फन मॉल के पीछे से नेहरु एन्क्लेव को आने वाली सड़क पर शाम 6 बजे के अंधेरा पसरा रहता है। यहां 25 पोल लगे हैं, लेकिन वहां स्ट्रीट लाइट नहीं है। कई बार गुहार लगाई, लेकिन आज तक लाइट नहीं लगी। यहां फन मॉल में काम करने वाले ज्यादातर कर्मचारी जुगौली गांव में रहते हैं। आए दिन उन लोगों के साथ छीना झपटी होती है। पार्षद ने बताया कि अंधेरे की वजह से करीब 8 घटनाएं वहां हो चुकी हैं। ऐसे में जल्द ही लाइट नहीं लगी, तो स्थानीय लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

## 350 जगह अंडरग्राउंड फाल्ट, सुबह 4 से 8 बजे तक बिजली कटौती

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार की बारिश में 350 जगहों पर अंडरग्राउंड फाल्ट हुए। इससे आलमबाग, दुबग्गा और नादरगंज, आशियाना जैसे इलाकों में भीषण बिजली कटौती की गई। आशियाना सेक्टर-के सहित कई इलाकों में रविवार रात से सोमवार सुबह तक बिजली का आना-जाना जारी रहा। उपभोक्ताओं ने शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन समाधान नहीं हो सका। स्थानीय निवासी राकेश सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी सुबह हुई। सुबह 4 बजे से कटी बिजली 8 बजे तक नहीं आई थी।

इसकी वजह से घरों में पानी भी नहीं आया। उन्होंने बताया कि इससे पहले रविवार को तेज आंधी के बाद भी बिजली कट गई थी। गोमती नगर विश्वास खंड उपकेंद्र से जुड़े इलाके नेहरु एन्क्लेव में भी बिजली कटौती की समस्या थी। यहां रात को कई बार बिजली कटी। उपभोक्ता दिवस चतुर्वेदी ने बताया कि आंधी के बाद यहां कटौती की समस्या लगातार बनी रही। रात को 12 बजे के बाद भी यहां विभाग के लोग काम करते रहे। पिछले 24 घंटे में शहर में 350 जगह अंडर ग्राउंड फॉल्ट हुआ है। इसके अलावा 1912 पर 1665 शिकायतें आ चुकी हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए टोलफ्री नंबर पर लोगों को 20 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। 1912 का सर्वर डाउन होने की वजह से समस्या और भी ज्यादा खराब हुई।

# यूपी विधानसभा के सामने युवक ने खुद को लगाई आग

- पुलिस सुनवाई नहीं होने से था परेशान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ से बड़ी खबर है। यहां विधानसभा के सामने एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। वह अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कंबल डालकर आग को बुझाया। गंभीर अवस्था में युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवक का नाम मुन्ना विश्वकर्मा बताया जा रहा है। युवक पुराने लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मुन्ना मौके पर पेट्रोल डालकर पहुंचा था और वहां पहुंचते ही माचिस जलाकर आग लगा ली। 50 प्रतिशत बर्न इंजरी के चलते उसको सघन केयर यूनिट में रखा गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुन्ना आलमबाग स्थित बंगाल टेंट हाउस में काम करता था। टेंट हाउस मालिक के पैसे न देने से घर चलाने में दिक्कत आ रही थी। जिसकी शिकायत उसने मवैया चौकी और आलमबाग थाने पर भी दी, लेकिन सुनवाई न होने पर उसने यह कदम उठा लिया। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि मुन्ना 50 प्रतिशत आग से झुलस गया है। उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। मुन्ना के आरोपों के विषय में जानकारी की जा रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीबीएसई स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ

**लखनऊ।** सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ सोमवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 वृंदावन योजना शाखा के प्रांगण में धूमधाम से हुआ। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2024 से 9 अक्टूबर 2024 तक चौक स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय भव्य आयोजन में 5 आयु वर्गों की लगभग 200 टीमें और लगभग 800 प्रतिभागी 70 स्पधाओं में भाग लेंगे। मेजबान शाखा की प्रिंसिपल और आयोजन समिति की सचिव डॉ. रूपाली पटेल ने स्वागत भाषण दिया। दर्शकों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्वागत गीत, ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन और स्केटिंग ड्रिल प्रदर्शन का आनंद लिया। औपचारिक ध्वजारोहण के साथ प्रतियोगिता का आधिकारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ और महासचिव, यूपी ओलंपिक संघ आनंदेश्वर पांडे ने किया।

# करंट से मां-बेटी की मौत

- मृतका के घर पहुंचे समाजसेवियों ने किया सहयोग

लोकमित्र ब्यूरो





**लखनऊ।** मोहनलालगंज में नगराम के छतौनी गांव में करंट लगने से मां-बेटी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मां सुनीता और उनकी 8 साल की बेटी अनमोल की मौत हुई है। सोमवार को कई समाजसेवियों और राजनीतिक नेताओं ने मृतका के घर पहुंचकर परिवार को आर्थिक मदद दी। साथ ही बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाने का ऐलान किया। जानकारी के मुताबिक रविवार को सुनीता के पति सुनील मजदूरी करने गए थे। दोपहर में सुनीता घर में सरसों बनाने का काम कर रही थी। तभी उन्होंने एक फर्राटा पंखा लगाया। पंखे को इधर-उधर करते वक्त उसमें अचानक करंट आ गया। इससे सुनीता करंट की चपेट में आ गई। वह तड़पने लगीं, यह देखकर उनकी बेटी अनमोल उन्हें बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। घर के दूसरे बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। सबने बिजली का कनेक्शन काटा और दोनों को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएससी मोहनलालगंज रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को बीजेपी नेता नवीन मिश्रा मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता दी और बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाने का ऐलान किया। इसके बाद कई समाजसेवी आए और मदद के लिए हाथ बढ़ाया। किसी आर्थिक सहायता दी, तो किसी ने घर का जिम्मा उठाया। मृतका के चार बच्चे हैं, तीन बेटियां और एक बेटा, जिनकी सारी पढ़ाई और पालन पोषण का जिम्मा समाजसेवियों ने उठा लिया है।

# 10 करोड़ रुपए की जमीन का बनाया फर्जी कागज

- भूमाफियाओं पर मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सरकारी जमीन करने वालों के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। सोमवार को बिजनौर थाने में 5 बीघा 5 बिस्वा जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के लेखपाल ने रविवार रात बिजनौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि नटकुर गांव निवासी गुड्डू और आलम सरकारी जमीन पर फर्जी तरीके से दस्तावेजों में हेरफेर कर बेच रहे थे। करीब 10 करोड़ रुपए की जमीन का फर्जी कागज तैयार कर लिया गया था। इसकी सूचना नगर निगम के अधिकारियों तक पहुंची। लेखपाल संदीप यादव का कहना है कि, सरोजनी नगर के नटकुर गांव में सरकारी अभिलेखों में 5 बीघा दर्ज जमीन को गुड्डू नाम के शख्स आलम को भेज दिया। आप है कि आलम ने भी जमीन खरीदने के बाद इस पर प्रॉपर्टी डीलिंग शुरू कर दी। दस्तावेज जांचने के बाद दोनों का फर्जीवाड़ा सामने आया।

लेखपाल की ओर से आरोपित गुड्डू और आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण में जांच के बाद आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान चलाए जाने के बाद से 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराई गई है।

आगे नगर निगम का टारगेट 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराने का है। अवैध कब्जे की जांच में पता चल रहा है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने मौके की सरकारी जमीन को कब्जा कर लिया है। यहां तक की तालाब तक को कई जगह पाट दिया गया है। उस जगह पर प्लाटिंग की जा रही है।

## सच्ची श्रद्धा के साथ मांगी गई मनोकामना माँ अंबिका देवी की

▸▸ लाखो लोगो की अटूट श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है गांव नरहुली स्थित द्वापर कालीन अंबिका देवी का मंदिर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** द्वापर युग मे भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के प्रथम मिलन का चश्मदीद पड़ोसी गांव गांव नरहुली स्थित माँ अंबिका देवी का मंदिर आज भी क्षेत्रीय एवं आसपास के जनपदों के लाखों लोगों की अटूट श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। माँ अम्बिका देवी सच्ची श्रद्धा के साथ भक्तों द्वारा मांगी गई कामना को अवश्य पूरी करती है। नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तगण माँ के दरबार मे हाजिरी देकर माँ को भेंट चढ़ाते हैं। क्षेत्र के गांव नरहूली में द्वापर कालीन देवी अंबिका का मंदिर स्थापित है। मान्यता है कि द्वापर युग में कुण्डिनपुर (वर्तमान नूहखेड़ा) के राजा भीष्मक की पुत्री राजकुमारी रुक्मिणी स्वम माता लक्ष्मी की अवतार थी। राजकुमारी रुकमणी नित्य इस मंदिर में आकर पूजा अर्चना करती थी। रुकमिणी के भाई रुकुम द्वारा जब अपनी बहन का विवाह अपने साले शिशुपाल के साथ करना चाहा तो राजकुमारी रुकमणी ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की। और फिर भगवान शिशुपाल के कुण्डिनपुर बारात लेकर पहुंचने के दौरान ही भगवान श्री कृष्ण द्वारिका से सीधे गांव नरहुली स्थित माता अंबिका के मंदिर के पास पहुंच गए और जब राजकुमारी रुकमिणी माता अम्बिका रानी की पूजा अर्चना के लिए अंबिका देवी मंदिर पहुंची तो वहां न सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी पहलीबार मिलन हुआ अपितु भगवान श्रीकृष्ण इसी मंदिर से राजकुमारी रुकमणी का हरण कर ले गए और फिर पटना पक्षी विहार स्थित पूर्णे इच्छेश्वर महादेव मंदिर में जाकर भगवान शंकर की प्रतिमा के समक्ष देवी रुक्मणी के साथ विवाह कर लिया था। और उन्हें द्वारिका ले गये थे। गांव के योगेश कुमार शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चरन सिंह, विनीत कुमार शर्मा आदि अनेक लोग

## पूर्व सांसद सहित देश भर के क्षत्रिय नेता विजयदशमी समारोह में भाग लेंगे

▸▸ समारोह की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटी गई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद एटा की एक आवश्यक बैठक जी.टी. रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें 12 अक्टूबर को एटा क्लब में होने वाले विराट क्षत्रिय सम्मेलन एवं शस्त्र पूजन समारोह तथा प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।



बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान बबलू ने कहा कि 12 अक्टूबर को एटा क्लब में, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष माननीय बृजभूषण शरण सिंह तथा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष माननीय डॉ0 बबीता चौहान एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के निर्देशक जितेंद्र चौहान, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह, एम.एल.सी मा0 मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरुजी), अलीगंज से विधायक मा0 सत्यपाल सिंह राठौर सहित देश भर के सैकड़ो क्षत्रिय नेता भाग ले रहे हैं।

समारोह को सफल बनाने के लिए निरंतर जनसंपर्क किया जा रहा है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी ने कहा इस बार विजयदशमी का पर्व ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। पर्व को लेकर क्षत्रिय समाज में अपार उत्साह का माहौल है। वीरांगना एवं युवाओं की टीम बनाकर लगातार क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। समारोह में मेधावियों के साथ-साथ समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। वीरांगना जिलाध्यक्ष श्रीमती मनोज देवी सोलंकी ने कहा समारोह को लेकर वीरांगनाओं की टोली बनाई गई है जो विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर समारोह के बारे में बता रहे हैं। महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि युवाओं में जोश भरने के लिए इस बार राजपूताना सिंगर ऊपेंद्र राणा आ रहे हैं, जिसको लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान बबलू ने की तथा संचालन महामंत्री उमेश प्रताप सिंह चौहान मधु ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश पुंढीर, भूपेंद्र सिंह सोलंकी, अनुज प्रताप सिंह चौहान, देव सोलंकी, नरेंद्र सिंह चौहान, अतुल सिंह चुन्ना, रामपाल सिंह, सुधीर चौहान, संजीव जादौन, उमेश पुंढीर, संजय सोलंकी, कन्हैया चौहान (एडवोकेट), बजरंग चौहान, आशीष जादौन, संतोष प्रधान, सुनील चौहान प्रधान, डॉ0 मुनेश सोलंकी, अखंड प्रताप सिंह सोलंकी, हर्षित चौहान, सुरेंद्र सिंह चौहान, रोहित सोलंकी, निर्मल सिंह चौहान, विशाल सोलंकी, धीरेंद्र सिंह चौहान बॉबी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## काली माता मंदिर की 24वीं वर्षगांठ मनाई गई



▸▸ नौ देवियों की झांकियां, व शिव तांडव रहा आकर्षण का केंद्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में काली माता मंदिर की 24वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर अनेकों प्रकार की झांकियों के साथ कलश यात्रा निकली गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला।अलीगंज कस्बे के मैन बाजार स्थित काली माता मंदिर की 24वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। वर्षगांठ के अवसर पर 101 कलश यात्रा निकाली गई साथ है अनेकों प्रकार की मनमोहक झांकियां काली प्रदर्शन अखाड़ा, नौ देवियों की झांकियां, शंकर तांडव, आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का शुभारंभ उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता और इंस्पेक्टर निर्दोष सिंह सेंगर द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान की गई। शोभा यात्रा से पूर्व पूजन दिनेश चंद्र गुप्ता, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता द्वारा किया गया। झांकियां व कलश यात्रा मैन बाजार से होते हुए मोहम्मद गुलाम चंद, सुमेर चंद, मोहल्ला चतुर्भुज, मोहल्ला सुदर्शन दास, मातादीन चौराहा, गांधी चौराहा होते हुए माता मंदिर पर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसडीएम जगमोहन गुप्ता, इंस्पेक्टर निर्दोष कुमार सेंगर, कस्बा इंचार्ज शिवकुमार, गौरव गुप्ता, उमेश गुप्ता सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में एजुकेशन फेयर का किया गया आयोजन

▸▸ एजुकेशन फेयर में 11 विश्वविद्यालयों ने छात्र-छात्राओं को करियर सम्बंधी जानकारी दी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** प्रताप विहार स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया। एजुकेशन फेयर में कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों ने शिक्षा में हो रहे परिवर्तन, करियर, विभिन्न परीक्षाओं व उनमें सफलता प्राप्त करने आदि महत्वूपर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

एजुकेशन फेयर में बैनेट विश्वविद्यालय शारदा विश्वविद्यालय सुशांत विश्वविद्यालय, मॉडी विश्वविद्यालय, जैन ग्लोबल विश्वविद्यालय जिन्दल विवविद्यालय एशियन बिजनैस स्कूल, चण्डीगढ विश्वविद्यालय, चण्डीगढ ग्रुप ऑफ कॉलेज, केआर मंगलम विश्वविद्यालय, आईडीपी एजुकेशन समेत 11 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। विश्वविद्यालयों से आए प्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया। स्कूल की प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए खुद को तैयार करने, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने और किस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहिए आदि जानकारियां देने के लिए एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया।

## पुलिस ने किया चोरी की घटना का 24 घंटे में अनवरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का 24 घंटे में किया सफल अनावरण प्रकाश में आए एक अभियुक्त को चोरी किए गए 7500 रुपए व 02 सोने के टॉप्स सहित किया गया गिरफ्तार। रविवार को वादिया श्रीमती रजनी पत्नी सुखवीर सिंह निवासी ग्राम छछैना थाना मलावन जिला एटा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की लिखित सूचना दी कि वादिया ने दिनांक उपरोक्त को जीटी रोड जमा मस्जिद के पास ढकेल पर अपना पर्स रख दिया था। जिसमें 7500 रुपये व 02 कान के टॉप्स(सोने के) थे। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 458/24 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। उपरोक्त अभियोग में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्रकाश में आए एक अभियुक्त को सोमवार को जीआईसी पुस्तकालय के पास से चोरी किए गए 7500 रुपए व 02 टॉप्स सहित गिरफ्तार किया गया है।

## राष्ट्र, धर्म, संस्कृति एवं समाज की सुरक्षा हेतु कटिबद्ध हैं भारत की दुर्गावाहिनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** ग्राम नगला कंचन जी टी रोड़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर दुर्गावाहिनी एंव मातृशक्ति बहनों द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया।÷ हिंदू नारी अबला नहीं सबला है ÷वह यदि श्रद्धा है तो शक्ति स्वरूपा भी है। जैसे भगवती दुर्गा ने समस्त देवताओं की शक्ति आत्मसात कर संपूर्ण दुर्जैय दैत्यों का संहार किया था उसी प्रकार आज आवश्यकता है हिंदू नारी जाति, भाषा, प्रांत वर्ग आदि भेदों में विभाजित हिंदू शक्ति को एकत्र कर राष्ट्र धर्म संस्कृति एवं समाज की सुरक्षा हेतु कटिबद्ध हों। इसी कार्य हेतु विश्व हिंदू परिषद द्वारा दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति का गठन किया गया है,उक्त विचार विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री



सुशील कुमार ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम में माता बहनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।कार्यक्रम में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या देवी होलकर की त्रिशताब्दी तथा गोंडवाना की महारानी दुर्गावती की पांचवी शताब्दी के उपलक्ष्य में उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा ग्रहण करने का संकल्प लिया गया। शस्त्र पूजन में ममता सिंह जिला संयोजिका, ज्योति जैन नगर संयोजिका,रीना वर्मा, नेहा चौहान,कुसुम राठौर ,पल्लवी गुप्ता ,अंशिका ,दीप्ति, दुर्गा वाहिनी,विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता जिला मंत्री शिवांग गुप्ता, अनुराग वशिष्ठ, वीरपाल शर्मा, मुकेश राठौर, प्रमोद गुप्ता,अंकित बघेल, नितिन गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, राम लखन आदि रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को मंत्री का निजी सचिव बताकर युवक को झांसे में ले लिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विजयनगर के प्रताप विहार निवासी धर्मराज ने बताया कि उनकी मुलाकात एक मित्र के जरिये बुलंदशहर के राधानगर निवासी विजय कुमार से हुई थी।के प्रताप विहार निवासी धर्मराज ने बताया कि उनकी मुलाकात एक मित्र के जरिये बुलंदशहर के राधानगर निवासी विजय कुमार से हुई थी। उसने खुद को एक मंत्री का निजी सचिव बताया था। उसने वर्ष 2023 में दावा किया कि उसकी नोएडा प्राधिकरण में अच्छी जान पहचान है। यदि वह चाहें तो उनकी नौकरी प्राधिकरण के भूलेख विभाग में लगवा सकता है। उसकी बातों में आकर उन्होंने हामी भर दी और 10 लाख रुपये में सौदा तय हो गया।

इसके बाद धर्मराज ने आधी रकम खाते में और आधी रकम नकद दे दी। रुपये देने के बाद आरोपी शुरुआत में तो उनको आजकल कहकर टरकाता रहा, फिर उसने फोन उठाना बंद कर दिया। एक दिन आरोपी से संपर्क किया तो उसने उन्हें अगवा कराकर जान से मारने की धमकी दे दी। मामले में उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच शुरू करा दी गई है।

## डीएम ने कार्यालय कक्ष में शिव कुमार एंव तेज सिंह को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को अशोक कुमार पुत्र तेज सिंह निवासी चैंचा बनगांव थाना कोतवाली नगर एवं शिवकुमार पुत्र दशरथ प्रसाद निवासी खड़ौआ थाना बागवाला ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है।



जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सोमवार को अपरान्ह में स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर शिव कुमार एवं अशोक कुमार के पिता तेज़ सिंह को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौर की उपस्थिति में प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। शिव कुमार ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 159 एवं अशोक कुमार ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 10032 को निरस्त कराया है। यहां अवगत कराना है कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। जिसका परिणाम जनपद में सार्थक रूप में देखने को मिला है। उन्होंने अपील की थी कि जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया है कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक लगभग चार दर्जन से अधिक शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात महिला के शव की हुई शिनाख्त, हत्या का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जसरथपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने जांच के बाद महिला की शिनाख्त कर ली है, हालांकि फिलहाल महिला की पहचान और इस घटना के कारणों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। शव मिलने के बाद से पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है, और यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि महिला की मृत्यु कैसे हुई।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने महिला की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह घटना स्वाभाविक मौत नहीं है, बल्कि सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने नामजद व्यक्तियों पर शक जताया है और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने परिजनों के आरोपों को गंभीरता से



लेते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अलका देवी पत्नी रमाकांत शनिवार सुबह घर से बेटी की तलाश में निकली थी। मृतका के पति रमाकांत ने बताया कि उनकी एक बेटी पिछले लगभग दस दिनों से गुम है जिसकी सूचना मिलने पर मृतका शनिबार सुबह घर से निकली थी। शनिवार शाम को पति ने फोन पर बात की तो अलका देवी ने बताया कि वह जल्दी ही घर पहुंच जाएगी। लेकिन जब सुबह तक महिला घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता होने लगी, और किसी अनहोनी की आशंका हुई।

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे सदस्यता कैंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महानगर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मंडलो में लगाए जाएंगे । महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढा ने भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह 6 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक चलेगा । इस दौरान महानगर के सभी विश्व मंडलों में सदस्यता कैंप चलाया जाएगा ढ्ढ सदस्यता अभियान पार्टी का एक महत्वपूर्ण अभियान है और सभी कार्यकर्ता इसे गंभीरता से लेते हुए घर-घर जाकर सभी को सदस्यता ग्रहण कारण एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को भी लोगों को बताएं ढ्ढ सदस्यता अभियान के बारे में ज्यादा जानकारी



देते हुए महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शिक्षण संस्थाएं बस स्टैंड और ज्यादा से ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्टाल लगाकर लोगों की सदस्यता करवाएं ढ्ढ 1 से 15 अक्टूबर के बीच समाज के विभिन्न वर्गों जातीय समूहों को भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को विशिष्ट संपर्क करना है, साथ ही जो लक्ष्य शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए हैं उसे युवा मोर्चा सचिन डेढा के नेतृत्व अधिक सदस्यता कर गाजियाबाद को प्रथम स्थान पर पहुंच जाएंगे ढ्ढ 6 अक्टूबर को सचिन डेढा खोड़ा व खोड़ा मकनपुर मंडल में कैंप में उपस्थित रहे एवं लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई ढ्ढ

कैंप में मुख्य रूप से महानगर कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा पुष्पेंद्र गुप्ता, खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू, खुदा मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना, रोहित मिश्रा विनय गुप्ता एवं अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद की बैठक हुई संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रान्त अध्यक्ष व एटा,कासगंज,अलीगढ़ जिले के पालक अधिकारी अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा आयाम की प्रांत बैठक जनपद बदायूं में संपन्न हुई। प्रान्त भर के गौ रक्षा आयाम के कार्यकर्ताओं के साथ पिछली कार्य की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रम की योजना बनाई गई तथा संगठन को मज़बूती प्रदान करने के उद्देश्य से कुछ नवीन दायित्वों की घोषणा की गई एटा विभाग में कासगंज जिले की घोषणाएं इस प्रकार है- शंशाक सारडा को विभाग गौशाला समपर्क प्रमुख,शिवंम गहलौत को जिला सह गौशाला संपर्क प्रमुख, रिंकू कुशवाहा को जिला विज्ञान परीक्षा



प्रमुख, कुलदीप भारद्वाज को जिला गौशाला संपर्क प्रमुख,इसके साथ साथ जिला खैर (हरीगढ टोली) की घोषणाएं इस प्रकार है- राजकुमार चौहान,जिला गौशाला संपर्क प्रमुख, राजेश कुमार जी,सह जिला गौशाला संपर्क प्रमुख, अनिल विश्वकर्मा, प्रशिक्षण प्रमुख, शिवकुमार शर्मा, गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख, पूनम शर्मा, को जिला महिला गौ भक्त का दायित्व सौंपा गया।

## डीएम ने खाद की दुकानों का किया निरीक्षण

▸▸ किसानों को शासन की मंशानुसार समय से खाद उपलब्ध कराना बहुत जरूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशानुसार तहसील अलीगंज में उर्वरक की दुकान एवं सहकारी समितियां का सघन निरीक्षण किया गया। सतीश कुमार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता तथा जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह ने सहकारी समितियां जीसुखपुर ,दतौली, जैथरा, देवतरा, अंगरिया जमुनाई,केंद्रीय उपभोक्ता केंद्र जैथरा तथा राजा का रामपुर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमे निरीक्षण में किसानों को डीएपी और एनपीएस वितरण कराया गया। निरीक्षण के दौरान जीसुखपुर समिति बंद पाई गई जिसके लिए संबंधित सचिव को नोटिस दिया गया, साथ ही



अलीगंज में बालाजी ट्रेडर्स अलीगंज की दुकान बंद पाई गई जिसे नोटिस दिया गया।आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र राजा का रामपुर को नोटिस गुलशन खाद एवं बीज भंडार राजा का रामपुर नोटिस, शिव बीज भंडार राजा का रामपुर लाइसेंस निलंबित किया गया, साथ ही तीन खाद के नमूने दो बीज के नमूने लिए गए।

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं की बुवाई हेतु अभी खाद ना खरीदे क्योंकि गेहूं की बुवाई नवंबर माह में की जाती है। उस समय ही उर्वरक खरीदें, तथा में वर्तमान में जनपद में 8000 टन डीएपी 5000 मी टन एनपीके उपलब्ध है तथा 31 अक्टूबर से पूर्व 6000 मी टन डीएपी और 3200 मी टन एनपीके उपलब्ध हो जाएगी। इसलिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि सयमित होकर उर्वरकों की खरीद आवश्यकता अनुसार ही करें। भविष्य के लिए स्टॉक ना करें, जनपद में नियमित रूप से उर्वरक की रैक आ रही है और किसान भाइयों को उर्वरक मिलने में कोई सुविधा नहीं होगी साथ ही कोई भी सहकारी समिति का सचिव या निजी क्षेत्र का विक्रेता खतौनी एवं आधार कार्ड के आधार पर ही किसान भाइयों को उर्वरक वितरित करे।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार चल रहे अभियुक्त ने अदालत में किया आत्म समर्पण

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम मऊ के चर्चित झगड़े में शामिल ढाई माह से फरार चल रहा 5 हज़ार का इनामी अभियुक्त जावेद ने नाटकीय ढंग से अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि इस प्रकरण में शामिल तमाम लोग अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ में गत 22 जुलाई को दो चिर प्रतिद्वंद्वी गुटों में से एक गुट की ओर से करीब आधा सैकड़ा लोगों ने विरोधी गुट पर लाठी-डंडों और ईट-पत्थर तथा नाजायज असलहों से हमला कर दिया था। हमले में कई लोग घायल हुए थे । कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के अलाउद्दीन पुत्र अनवर की तहरीर पर कुल 25 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गोली मारने , घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ आरोप में भारतीय न्याय संहिता की 13 धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसमें कारवाही करते हुए पुलिस अब तक कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है । लेकिन घटना के मुख्य आरोपी जावेद पुत्र रज्जाक अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया था । तब पुलिस ने जावेद पर 5000 का इनाम घोषित किया था । करीब ढाई माह से फरार चल रहे जावेद पुत्र रज्जाक ने आज सोमवार को नाटकीय ढंग से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया । अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हालांकि घटना में नामित अभी भी कई अभियुक्त पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

### आगरा एक्सप्रेस वे पर बाइक डिवाइडर से टकराई दो घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम ढोलौवां के सामने आज तड़के तेज रफ्तार बाइक आवारा कुत्ते से टकराकर डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस यूपीडा रेस्क्यू टीम एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देखकर दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जिला बाराबंकी के थाना टिकैत नगर अंतर्गत ग्राम कसगांव निवासी कमलेश 30 वर्ष पुत्र अवधराज अपने साथी रोशनलाल पुत्र प्रेम बहादुर के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। तभी रास्ते में आज सोमवार को तड़के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम ढोलौवां के सामने तेज रफ्तार बाइक आवारा कुत्ते से टकराते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम आनन-फानन दोनों घायलों को एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

### पुलिस चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ा

**बीघापुह, उन्नाव।** उन्नाव लालगंज हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र के कैचीमोड तिराहे पर सोमवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। एसओ राजपाल ने बताया कि एसआई सूरज सिंह, सिपाही विवेकशील व विकल के साथ सोमवार सुबह गस्त पर निकले थे । तभी संदिग्ध रूप से टहलते हुए युवक को उन्होंने रोक कर उसकी जामातलाशी ली तो उन्हें एक 315 बोर का तमंचा व 1 कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम उन्नाव के दोस्ती नगर निवासी पंकज शुक्ला उम्र 34 बताया है । गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

### मोटर साइकिल महिला से टकराई, बाइक सवार दो घायल

**पाटन, उन्नाव।** मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की महिला से टक्कराने के दोनो गम्भीर रुप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को प्रथथमिक स्वस्थ केन्द्र पंहुचा । जंहा से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पाटन में धानी खेड़ा रोड पर प्रधान कुलदीप चौधरी के घर के पास सड़क मोड पर बाइक सवार युवक ने कस्बा पाटन निवासी सोमेश्वरी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी गोकरन शर्मा को टक्कर मार दी ।जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गए । महिला किसी काम से पोस्ट ऑफिस गयी थी ,वहा से वापस घर जा रही थी । मोटरसाइकिल सवार युवक ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से जहां वृद्ध महिला को मामूली चोटे आई वही युवक सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया । जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

### मत्स्य समिति के गठन की बैठक 9 को

**बाराबंकी।** हैदरगढ़ तहसील में शरीफाबाद चकोरा लगभग 8 किमी की दूरी में मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन होगा । इसके लिए मुख्य प्रवर्तक अधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में आगामी 9 अक्टूबर बुधवार को बैठक आयोजित होगी। दिनेश कुमार ने बताया कि सरवन टिकठा पंचायत भवन में आयोजित इस बैठक में सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण को आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रस्ताव तैयार होगा और उसी पर लोगों की सहमति ली जायेगी।

### रामलीला समिति ने दिया कमिश्नर अयोध्या को आमंत्रण

**अमेठी।** जनपद के समाजसेवी,नेता एवं उद्योगपति राजेश मसाला 50 वर्षों बाद अमेठी रामलीला समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी करीब 50 साल बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश मसाला को मिली है राजेश इस बार रामलीला दुर्गा पूजा और भरत मिलाप के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रयासरत है तैयारियां जोरों पर चल रही है सोमवार को राजेश ने अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल से मुलाकात की और उन्हें इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। और अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में पहुंचने के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालें। अमेठी अयोध्या कमिश्नरी का हिस्सा है जानकारी के मुताबिक गौरव दयाल अमेठी से विशेष लगाव भी रखते। राजेश मसाला ने कहा कि राम सबके हैं, जिसका कोई नहीं उसके राम है,

### गो आश्रय को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसील के अंतर्गत गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही साप्ताहिक बैठक भी करने को कहा।उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशु चिकित्सकों को नियमित गौशालाओं में जाकर बीमार गोवंशों की देखभाल व चिकित्सीय उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दिव्यांग पेंशन लाभार्थी, बैंक खाते को करायें अपडेट

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद के दिव्यांग भरण पोषण अनुदान योजना के तहत दिव्यांग पेंशन लाभार्थी को दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना की आगामी किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांगजन अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते में एन0पी0सी0आई0 मैपर की प्रक्रिया को पूर्ण करा लें, अन्यथा आगामी पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं होगी।

# विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया धनुष भंग लीला का शुभारम्भ

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने भगवान राम और लक्ष्मण के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित रामलीला मैदान में परंपरागत रामलीला महोत्सव अंतर्गत विशाल धनुष यज्ञ लीला का शुभारंभ किया। लीला में धनुष खंडित करते ही सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। तभी सीता-राम के जयकारे से विशाल पांडाल गूंज उठा।

धनुष यज्ञ के शुभारंभ पर राम लीला समिति के संयोजक चौधरी प्रमेश सिंह गुड्डू व चौधरी आशीष सिंह गोलू ने विधायक को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने हमें मर्यादित रहकर सद्मार्ग पर चलने और जाति विभेद से दूर रहकर सद कर्मों के माध्यम से जीवन-यापन करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने रामलीला महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी।

धनुष यज्ञ लीला में भगवान राम की भूमिका सौम्य स्वभाव के कृष्ण मिश्रा फतेहपुर ने निभाई। लीला के प्रारंभ में रावण- बाणासुर संवाद अंतर्गत क्रमशः कानपुर के नीरज सिंह गौर व जगमोहन सिंह चंदेल के बीच वेद-पुराणों की ऋचाओं के माध्यम से जोरदार प्रश्नोत्तर हुआ। दर्शकों ने बाणासुर द्वारा प्रस्तुत संवादों की विशेष सराहना की।

जनक की भूमिका में अमित शुक्ला बांदा का पुत्री सीता के स्वयंवर के संदर्भ में कारुणिक विलाप सुनकर दर्शकों के अश्रु धारा बहने लगी। परशुराम की भूमिका में बिल्हौर से पधारे पंडित रामबाबू द्विवेदी मयंक और लक्ष्मण की भूमिका में आनंद अवस्थी इटावा के बीच पूरी रात एक-दूसरे पर सांस्कृतिक भाषा में जमकर शब्द वाण चले। दोनों कलाकारों ने एक-दूसरे पर कटाक्ष कर दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। लीला समाप्ति पर समिति द्वारा राम-लक्ष्मण और परशुराम की भूमिका निभा रहे कलाकारों को अंग वस्त्र व प्रभु राम का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। विशाल मंच और पांडाल की व्यवस्था समिति के कृष्णकांत श्रीवास्तव खजांची, अक्कू भैया, राहुल, कमल चौधरी, राजू चौधरी, रमेश ठेकेदार, बबलू गुप्ता ,ओम नारायण श्रीवास्तव व उपेंद्र अवस्थी ने संभाली।

# जनपद स्तरीय सांस्कृतिक मेला का आयोजन

लोक मित्र संवाद

**उन्नाव।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा युवा उत्सव के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विज्ञान मेला का आयोजन 16 अक्टूबर को स्थान फैन्टसी मोटल्स निकट आर0टी0ओ0 ऑफिस, लखनऊ-कानपुर बाईपास, उन्नाव में कराया जाना है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया है कि

युवा उत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य, एकल गायन, समूह नृत्य, समूह गायन, कहानी-लेखन, कविता, भाषण एवं पेटिंग (चित्रकारी) आदि विधाओं की प्रतियोगिताएं सम्पन्न करायी जायेगी। जिसमें प्रतिभाग करने वाले युवाओं की उम्र 12 जनवरी 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। युवा उत्सव के अन्तर्गत विज्ञान मेले का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें युवा वैज्ञानिकों को अपने मॉडल/हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान किया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ 03 युवा वज्ञैानिक को पुरस्कृत करते हुए जोन स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर भी प्रदान किया जायेगा।

उन्होंने बताया है कि जनपद के इच्छुक कलाकार प्रतिभागी युवा वैज्ञानिक शिक्षण संस्थान संगीत महाविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक प्रतिभागी शिक्षण संस्थान संगीत महाविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक शिक्षण संस्थान आदि, रजिस्ट्रेशन हेतु किसी भी कार्य दिवस में 14 अक्टूबर तक जनपद कार्यालय विकास भवन प्रथम तल कक्ष संख्या-63, 64 में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है या अधिकारी जानकारी हेतु दूरभाष संख्या 7388055431 पर सम्पर्क कर सकते है।

### कमरे की कुंडी तोड़कर हजारों की चोरी

**अमेठी।** बीती रात अज्ञात चोरो ने कमरे मे लगे दरवाजे की कुंडी तोड़कर जेवरात व नगदी समेत हजारो का माल लेकर रफू चक्कर हो गए सुबह सामान गायब देख भुक्तभोगी द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया। जगदीशपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित पूरे लाला मजरे मरौचा तेतारपुर निवासी अभिषेक कुमार के घर मे बीती रात अज्ञात चोरो ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर कमरे मे रखा सोने चांदी के जेवरात एवम नगदी समेत हजारो का माल लेकर फरार हो गए सुबह सामान गायब देखकर परिजनो के होश उड गए आसपास खोजबीन करने के उपरांत कहीं कोई सुराग नही लगा थकहार कर भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर थाने मे देकर कार्यवाई की मांग की। इस संबंध मे कोतवाल ने बताया कि मामला संज्ञान मे है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है मामला संदिग्ध लग रहा है फिलहाल जांच के उपरांत कार्यवाई की जाएगी।

# प्रधान के पिता के निधन पर पहुंचे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव।** विकासखंड क्षेत्र के बयगुलाल खेड़ा निवासी समाजसेवी रामखेलावन सिंह के आकस्मिक निधन हो जाने के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रविवार देर शाम उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

बैगुलाल खेड़ा के ग्राम प्रधान अरुण सिंह उर्फ भोले के पिता समाजसेवी रामखेलावन सिंह का 2 अक्टूबर को हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था सूचना पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वह परिवार के साथ सदैव खड़े हैं। विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिथिलेश मिश्रा,प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह, पवन पासवान, बलराम सिंह, कल्लू तिवारी, पूर्व प्रधान मोना सिंह, लल्लन सिंह, सोनू सिंह,मंडल अध्यक्ष विनय सिंह,रानू त्रिवेदी रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकश घायल

» गिरफ्तार,गोमांस व तमन्चा बरामद

लोकमित्र संवाद

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने आपरेशन लंगड़ा के तहत मुठभेड़ के दौरान एक गोकश को गोमांस और तमंचा सहित दबोच लिया। कस्बे के मोहल्ला पड़ियाना निवासिनी महिला के गोड़े से रविवार की रात एक गोवंश बछिया अचानक लापता हो गई थी। आज सुबह गोड़े से करीब डेढ़ सौ फिट दूर बछिया के अवशेष पाए गए। खबर फैलते ही नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया। मुठभेड़ के दौरान गोकश के पैर में गोली लगी है। घायल गोकश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला पड़ियाना निवासिनी सीमा कुशवाहा पत्नी दीपक कुशवाहा द्वारा कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि दो गाय और दो बछिया घर से थोड़ी ही दूर स्थित गोड़े में बंधीं थीं। रविवार की शाम वह जानवरों को चारा-पानी कर वापस अपने घर आ गई थी। आज सोमवार की सुबह वह चारा लेकर गोड़े पहुंची तो वहां से एक अंबरसरी नस्ल की गेहुएं रंग की बछिया ग़ायब मिली। खोज करने पर गोड़े से करीब डेढ़ सौ फिट दूर बछिया के कटे अवशेष मिले।

गोकशी की खबर फैलते ही नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया और सैकड़ों नागरिक इकट्ठा होकर स्थानीय पुलिस चौकी जा पहुंचे। संवेदनशील मामला भांपते ही पुलिस हरकत में आ गई और महिला सीमा कुशवाहा की तहरीर पर आनन-फानन रिपोर्ट दर्ज कर गोकश की सुरागरसी शुरू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के अनुसार पुलिस को आज जानकारी मिली कि एक गोकश पड़ोसी ग्राम फतेहपुर खालसा के निकट स्थित एक बाग में मांस के टुकड़े बेंच रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। पुलिस को देखकर गोकश भाग खड़ा हुआ। ललकारने पर गोकश ने तमंचे से पुलिस दल पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्यवाही में गोकश के बाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर गोकश ने अपना नाम गुल्लू उर्फ इलियास 23 वर्ष पुत्र एजाज मूल निवासी मोहल्ला कसैटा कस्बा गंजमुरादाबाद, अस्थाई निवासी इमिलिया बाग संडीला हरदोई बताया।

गिरफ्तार गोकश के कब्जे से पुलिस ने गोमांस और देशी तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल गोकश को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मेडिकल हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मारपीट में दोनों पक्षों के 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

लोक मित्र संवाद

**दरियाबाद।** बाइक दुर्घटना के बाद दोनों पक्षो से मारपीट करने पहुचे 11 लोगो के खिलाफ दरियाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की तैयारी की जा रही है।

नगर पंचायत दरियाबाद के मथुरानगर पेट्रोल पंप के पास रविवार की शाम को 2 बाइक सवार आमने सामने से टकरा गए थे जिसमें घायल लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर में इलाज करा रहे थे तभी दोनों पक्ष के समर्थक अस्पताल पहुच गए बाइक सवार आमने सामने से टकरा गए थे जिसमें घायल लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर में इलाज करा रहे थे तभी दोनों पक्ष के समर्थक अस्पताल पहुच गएऔर दोनों पक्षो में जमकर मारपीट होने लगी। इस मारपीट में अस्पताल के कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। जानकारी मिलने पर दरियाबाद पुलिस भी मौके पर पहुच गई । जिसके बाद मारपीट कर रहे दोनों गुट के लोग भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने 5 लोगो को हिरासत में ले लिया। वही एक पक्ष से अंगनु, बुधराम, रामअचल, रिंकू, मुकेश व विनोद जबकि दूसरे पक्ष से रामवीर, रमेश, अनिल , महेश व प्रमोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएचओ अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि 5 लोगो को हिरासत में लिया गया है शेष आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।जल्द ही और गिरफ्तारी की जाएगी।

# कोतवाली के सामने चोरी हुए ट्रांसफार्मर का पुलिस ने किया खुलासा

लोक मित्र संवाद



**बीघापुर, उन्नाव।** 2 सितंबर को कोतवाली के ठीक सामने श्री राम इंटरप्राइजेज की दुकान के सामने रखा विद्युत ट्रांसफार्मर को चोरों ने पार कर दिया था पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी का खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

नगर पंचायत बीघापुर निवासी विद्युत ठेकेदार श्री राम इंटरप्राइसेज के प्रोपाइटर सुयश पांडेय का फर्म के सामने रखा 63 के वी ए का ट्रांसफार्मर 2 सितंबर की रात चोरों द्वारा पार कर दिया गया था। सीसीटीवी के फुटेज के माध्यम से खुलासे में लगी पुलिस ने फिरोज खान पुत्र मोहम्मद खान निवासी रहीमपुर थाना अकबरपुर, सलीम पुत्र अली अहमद निवासी अमीरे पुरवा मोजा कमर थाना अकबरपुर कानपुर देहात व सर्वेश कुमार दिवाकर पुत्र रमेश स्वरूप निवासी कटका थाना गजनेर कानपुर देहात तथा नाबालिक रंजीत कंजड़ पुत्र चंदन सचेंडी कानपुर नगर की ऊदल फौजी अकादमी रुझेई के पास से धर दबोचा।

थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के पास से ट्रांसफार्मर कटिंग करने वाले उपकरण बरामद हुए हैं वही चारों लोग क्षेत्र में नई घटना करने की फिराक में आए थे।

### बीच बचाव पर सिपाही ने मजदूर को पीटाः एक सिपाही सस्पेंड

**अमेठी।** जनपद के जायस कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर को सिपाहियों के बीच झगड़े में बीचबचाव करना महंगा पड़ गया। रायबरेली रोड पर स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के बाद तीन सिपाही शराब के नशे में आपस में भिड़ गए। जब पास से गुजर रहा मजदूर उमेश कुमार बीच-बचाव के लिए आया तो सिपाहियों ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी अनूप सिंह ने तुरंत कार्रवाई की और सिपाही राकेश कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया। पूरे मामले की जांच सीओ मुसाफिरखाना को सौंपी गई है, जो इस घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है।वहीं अन्य पुलिस कर्मियों पर भी हो सकती है कार्रवाई। रायबरेली रोड पर स्थित एक ढाबा पर खाना खाने के बाद जायस थाने में तैनात तीन सिपाही आपस मे भीड़ गए। बीच बचाव करने गए मजदूर को एक सिपाही ने पीट दिया।

# बीडीओ ने लैन की गौशाला का किया निरीक्षण, प्रधान ने जरूरतों को बताया



लोक मित्र संवाद

**रामनगर।** बीडीओ द्वारा ग्राम पंचायत लैन की गौ शाला का निरीक्षण किया गया।भूसा व पानी उपलब्ध मिला।वंहा ग्राम प्रधान ने कई कमियों को बताकर पूरा कराने की मांग की

उक्त गौ शाला में 466 पशु है जिनमे गाय व सांड शामिल है।बीडीओ जितेंद्र कुमार को प्रधान ने बताया कि टिन शेड सहित एक चरही ,एक प्लेटफार्म सहित पशुओं के बैठने वाला टिन शेड व एक केयर टेकरो के बैठने का स्थान तथा भूसा गोदाम तक डी सी एम ले जाने के लिए खड़ंजा यंहा बनवाया जाना जरूरी है जिसे मंजूरी देकर कार्य करवाया जाय।

इनकी जरूरतें यंहा बनी हुई है।पशु ज्यादा होने से एक चरही में काम नहीं चल पाता।

बीडीओ ने समस्याए सुनकर समाधान का आसवाश्नन दिया व भूसा, हरा चारा,ताजा साफ पानी समय से उपलब्ध कराते व साफ सफाई पर सदैव ध्यान देते रहने को कहा। उनके साथ ए डी ओ कृषि दलबीर सिंह मौजूद रहे।

# किसान यूनियन ने दुर्गापुर में पंचायत कर तहसीलदार को मांग पत्र दिया

लोक मित्र संवाद

**रामनगर।** अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष लाल यादव की अध्यक्षता में तहसील रामनगर के ग्राम दुर्गापुर में किसान पंचायत का आयोजन किया गया ।

किसानो की मुख्य रूप से मांग थी एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुसा था जो अब धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है ।किसानों की समस्त फसलें नष्ट हो चुकी है। बैंक वाले फसल बीमा का पैसा किसानों के खाते से काट लेते हैं मगर किसानो की बर्बाद हुई फसल का मुआवजा नहीं देते जिसे दिलाया जाय।

इसी के साथ दुर्गापुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण कराकर संपूर्ण गांव



के नाली और खड़ंजा दुरुस्त कराए जाएं। जिनके आवेदन शौचालय निर्माण के है उनको तत्काल प्रभाव से शौचालय उपलब्ध कराया जाए।

बाढ़ के बाद जिन किसानों को मुआब्जा नही दिया गया उनको मुआवजा दिया जाए। किसानो ने अपना मांग पत्र तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह व कोतवाल रत्नेश पांडेय को सौपा। इस अवसर पर जिला प्रभारी मनीराम शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता गौतम, राम सजीवन यादव, सन्नो वाल्मीकि ,मोहम्मद शाहिद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## अग्निशमन पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**अमेठी।** जनपद में आगामी त्यौहारों दुर्गापूजा, दशहरा एवं दीपावली पर्व को दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया । जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में शिवदरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी अमेठी ने अपनी पूरी टीम के साथ राजकीय महिला इंटर कालेज अमेठी, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय अमेठी, आतिशबाज मो0 मोबीन अहमद पुराना रायपुर फुलवारी के विक्रय स्थल तथा थाना जामो क्षेत्रान्तर्गत गौरीगंज में लगे पाण्डालों में अभियान चलाकर दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों, बालिकाओं, छात्राओं, अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके रख-रखाव के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया। अभियान के दौरान दुर्गा पूजा हेतु बनाये गए अस्थायी पंडालों के ढांचागत सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा व जीव रक्षा के लिए भारतीय मानक ब्यूरो आई0एस0-8758-1993 के संशोधित 2018 में दिए गए विस्तृत दिशा-निर्देशों, बचाव एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।जागरूकता अभियान में उपस्थित स्टाफ व आम जनमानस सहित अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र अमेठी के प्रशिक्षक फायर सर्विस चालक राजेन्द्र प्रसाद दूबे, फायरमैन सौरभ, फायरमैन रणजीत यादव ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गांवों में चोरों का आतंक रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर के गांवों में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।खासकर उनवा गांव में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की आशंका के चलते ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। बीती रात झाड़ियों में कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण लाठी डंडों के साथ चोर को पकड़ने निकल पड़े।पुलिस ने भी ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे और जांच की। गांव में सुरक्षा व्यवस्था इतनी बिगड़ चुकी है। कि अब ग्रामीण स्वय टोली बनाकर रातभर पहरा दे रहेहैबीती रात गांव के समीप झाड़ियों में कुछ संदिग्ध लोगो को देखा गया जिससे पूरा गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार चार लोग चोरी के नियत से झाड़ियों के पीछे छुपे हुए दिखाई दिए।इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण तुरंत अपने अपने हथियार लेकर चोरों को तलास में निकल पड़े। जैसे ही घटना की जानकारी मिली गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया। ग्रामीणों ने मिलकर चारो ओर चोरों को खोजबीन शुरू कर दी लेकिन काफी कोशिश करने के बावजूद कोई चोर हाथ नही लगा।निराश ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी सफीपुर कोतवाली के प्रभारी श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी गांव के आसपास के इलाको में चोरों को तलास शुरु कर दी।ग्रामीणों की मांग हैं कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में रात्रि गस्त बढा दी गई है।और जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए विशेष कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि चोरों के अफवाहों के कारण ग्रामीणों में दहशत में है। लेकिन पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है।

## मां स्कंदमाता के दर्शन कर भक्त हुए निहाल, मंदिरों में लगी भीड़

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। मां के दर्शन को सैकड़ों भक्तों का तांता पूरे दिन लगा रहा। मंदिरों में मां को प्रसन्न करने के लिए कीर्तन और भजन का भी कार्यक्रम किया गया। वहीं कई स्थानों पर आयोजित भगवती जागरण में भी भक्त पूरी रात जम कर झूमें। सोमवार को नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जहां नगर के सुप्रसिद्ध दुर्गा मंदिर, सौमा गौरी मंदिर, कंचना माई झंडेश्वर मंदिर, शिव दुर्गा मंदिर आदि स्थानों पर मां के चौथे स्वरूप का दर्शन भक्तों ने किया। नवरात्र पर्व पर मां को प्रसन्न करने के लिए जगह-जगह कीर्तन व भजन का आयोजन किया गया। वहीं लोगों ने कई मंदिरों में मुंडन संस्कार कराए। वही दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती हैं उपवास रखकर वह दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माता के भजन कीर्तन गाए। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अब जागरण का आयोजन शुरू हो गया है। जहां देवी गीतों पर भक्त पूरी रात झूमते रहे।

## राम वन आगमन की लीला देख आंखों में आये आंसू

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम में चल रही रामलीला के दौरान सोमवार को लीलाओं का मंचन किया गया। जहां लीला के दौरान राम वन आगमन की लीला देख वहां मौजूद दर्शकों की आंखों में आंसू आ गये। गोपीनाथपुरम में श्री रामलीला चल रहा है। जहां सोमवार को राम कलेवा, दशरथ प्रतिज्ञा, कैकेई वरदान, राम वनवास, तमसा विश्राम की लीला का आयोजन किया गया। राजा दशरथ से महारानी कैकेयी ने दो वरदानों के रूप में राम के लिए 14 वर्ष के वनवास और भरत के लिए राजगद्दी की मांग की। राजा दशरथ के बार-बार अनुनय-विनय करने पर भी रानी राजी नहीं होती है। वह अपने वचनों पर अडिग रहती है। वह राजा दशरथ से कहती है कि आपको परेशानी है तो अपने वरदान वापस ले लीजिए। इस पर राजा दशरथ ने कहा रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाई पर वचन न जाई। राजा दशरथ ने कहा हमारे वंश में परंपरा रही है कि कोई भी अपने वचनों से नहीं फिर सकता है। राजा दशरथ विलाप करते रह गए और राम लक्ष्मण और सीता वन को चले गए। रामलीला के कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया। श्रीराम के वन गमन से दर्शक भी भावुक हो गए।

## गंगा नगर के छात्रों को किया गया सम्मानित

**शुक्लागंज, उन्नाव।** 1 से 5 अक्टूबर तक बिहार राज्य के सिवान में आयोजित ताइक्वांडो खेल की अखिल भारतीय प्रतियोगिता में गंगा नगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार और प्रधानाचार्य रमेश तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन किया। प्रतियोगिता में मानवी सिंह ने स्वर्ण, दिव्यांशी शुक्ला ने रजत, आयुषी गौतम ने कांस्य और आयुष तिवारी ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा, इन छात्रों ने विद्यालय, प्रधानाचार्य और नगर का नाम अखिल भारतीय स्तर पर रोशन किया है, जिससे नगर में उनकी प्रशंसा हो रही है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने एक-दूसरे को बधाई दी। यह कार्यक्रम गंगा नगर में खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## अंबिका स्कूल में शुरू हुआ बैग लेस-डे

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बैग लेस डे का तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परीक्षा के उपरांत होने वाले तनाव को दूर करने के लिए इस खास दिन पर सभी बच्चों को विद्यालय कॉपी और किताब के बिना बुलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र छात्राओं के उत्साह, सृजनशीलता और ऊर्जा को बढ़ाने के लिए सन्देश चित्रकारी तथा मूवी का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अनुभव किया। समारोह के दौरान बच्चों ने रोड सेफ्टी, क्लीन इंडिया ग्रीन इण्डिया, सेव ट्री आदि विषयों में चित्रकारी बनायी। बच्चों को सकारात्मक तथा प्रेरक फिल्म के द्वारा प्रेरणा देते हुए उनको जागरुक किया गया। बैग लेस डे का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व और उनके जीवन में प्रभाव के बारे में जागरूक करना है। यह दिन न केवल रंगों की सुंदरता का जश्न मनाने का अवसर था, बल्कि बच्चों के रचनात्मक और मानसिक विकास को भी प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। इस समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने किया।

# महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

- महिलाएं डर कर नही, डटकर करें मुकाबला! मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक
- महिलाओं व बालिकाओं को शारदानगर पुलिस ने किया जागरूक, कहा..कोई घटना होने पर डायल करें टोल फ्री नंबर

लोकमित्र,ललित वर्मा



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के पंचम चरण के तहत सोमवार को थाना शारदानगर महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं, बालिकाओं,छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वालंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में शारदानगर थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों,प्रमुख चौराहों,बाजार इत्यादि स्थानों पर चौपाल लगाकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

**गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक कर रही पुलिस!**

मिशन शक्ति अभियान के तहत थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक कर रही है महिला पुलिसकर्मी गांव-गांव जाकर महिलाओं को कानूनी अधिकारी व हक के बारे में जानकारी दे रही हैं कि महिलाएं किस तरह खुद को सुरक्षित रख सकती हैं।

**कोई घटना होने पर तत्काल डायल करें टोल फ्री नंबर..**

इसी क्रम में शारदानगर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के दाउदपुर महेवा गांव में ग्रामीण महिलाओं व छात्राओं को एकत्र कर पंचायत भवन मे जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा दल की सीमा व रीता ने कहा कि स्कूल कॉलेज,रास्ते आते जाते कोई मनचला,शोहदा उन्हें परेशान करता है तो घबराएं नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किए गए हैं इन टोल फ्री नंबरों पर बेहिचक अपनी शिकायत दर्ज कराएं उन्हें तत्काल सहायता मुहैया कराई जायेगी इसके अलावा थाने पर महिला हेल्प डेस्क बनाए गया हैं।जहां पर पुलिस अधिकारी कर्मचारी हमेशा तैनात रहते हैं।महिलाएं,बालिकाएं थाने पर जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं महिलाएं,बालिकाएं वूमेन पावर लाइन के 1090,आपातकालीन सेवा के लिए 112,महिला हेल्पलाइन के लिए 181,चाइल्ड लाइन के लिए 1098,एंबुलेंस सेवा के लिए 108,स्वास्थ्य सेवा के लिए 102,फायर ब्रिगेड के लिए 101 तथा साइबर संबंधी सुरक्षा के लिए 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकतीं हैं।इस दौरान उन्हें ह्यूमन ट्रैफिकिंग, चाइल्ड एब्यूज,साइबर हेल्पलाइन तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस योजना रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना उत्तर प्रदेश ग्रामीण महिला आजीविका मिशन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## नवीन पुल पर तीन घंटे लगा जाम, राहगीर हुये परेशान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार सुबह नवीन पुल पर वाहनों का अधिक भार बढ़ने से जाम लग गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहन सवार कतारों में खड़े रहे। मौजूद पुलिस कर्मियों को जाम हटवाने में पसीने छूट गये। वहीं बैराज मार्ग पर भी जाम लगने से लोग परेशान रहे। सोमवार सुबह करीब नौ बजे कानपुर जाने के लिए पुल पर वाहनों का भार अधिक रहा। इस दौरान एक के पीछे एक ई बसे निकली। जिससे जाम और तीखा गया। जाम लगने की स्थित में कई दो पहिया वाहन सवार आगे निकलने की जल्दबाजी में बेतरतीब घुस गये, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। बालूघाट, पोनी रोड तिराहा तक सैकड़ों की तादाद में वाहन खड़े हो गये। पुलिस कर्मी जाम खुलवाने के लिए बेतरतीव वाहनों को हटाते रहे दोपहर करीब बारह बजे के बाद जाम हट सका। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वाले के अलावा अन्य लोग जाम में फंसकर परेशान रहे। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण भी घंटों लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ा।

# चोरों के हौसले बुलन्द, लाखों की नगदी पर किया हाथ साफ

- चोरों ने एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना नगदी ज्वैलरी सहित लाखों के माल पर किया हाथ साफ पुलिसिया गस्त पर उठे रहे सवालिया निशान

लोकमित्र ब्यूरो



**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात को चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया यहां तक चोरों के इतने हौसले बुलंद हो गए की एक ही रात में दो घरों को निशाना बना डाला जबकि पुलिस गस्त करती रही आपको बताते चलें कि खैरानी निवासी हरद्वारी लाल पांडे अपने परिवार के साथ रात्रि में सो रहे थे तकरीबन रात्रि के दो बजे चोर पीछे के दरवाजे से घर में घुसे थे कुछ आहट मालूम पड़ा तब दरवाजा खोला लेकिन दरवाजा ना खुला क्योंकि चोरों ने घर के सभी कमरों के दरवाजे को कपड़े की पट्टी से बांध दिया था चोरों ने दो अलमारी के ताले लोहे के सब्बल से तोड़कर ज्वेलरी सहित नगदी बटोर कर भाग निकले परिजन व ग्रामीणों ने चोरों को पास के ही गन्ने के खेत में भागते हुए देखा था लेकिन जब तक कुछ समझ पाते चोर वहां से रफ्फूचक्कर हो गए कुछ ऐसी ही घटना उसी रात अशोक गुप्ता के आवास पर बीती उसी रात्रि में चोरों ने अशोक के घर में छत की तरफ से घुसे लेकिन पास ही में चल रहे जागरण की वजह से घरवाले कुछ समझ नहीं पाए जिससे चोरों ने ज्वैलरी सहित नगदी समेट कर भाग निकले जबकि दोनों घरों में हुई चोरी में कुछ दिन जब परिजनो को मालूम पड़ा तब पुलिस को सूचना दिया सूचना मिलते ही कोतवाल महेश चंद मय फोर्स के साथ आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे।

# थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए हैदराबाद पुलिस की नई पहल

- सभी हिस्ट्रीशीटरो की लगाई क्लास, अपराधिक प्रवृत्ति छोड़ने का दिलाया संकल्प।

लोकमित्र, ललित वर्मा



**लखीमपुर-खीरी।** जहां यूपी पुलिस अपराध को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी कर रही है, क्षेत्र में प्रभावी गस्त कर रही है, वही जनपद लखीमपुर खीरी के तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के कुशल मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की मानसिकता को परिवर्तित कर अपराधिक प्रवृत्ति को समाप्त करने का भी एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है, जिसकी जगह जगह सराहना की जा रही है। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने थाना हैदराबाद में थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीसीटरों को थाने पर बुलाकर उन्हें गांधीवादी नीतियों का पाठ पढ़ाया और अपराध के मार्ग से विरत होकर अपने बच्चों को शिक्षित करते हुए उनका भविष्य सवारने की सलाह दी। जिससे उनके आपराधिक जीवन के दुष्प्रभाव से बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। साथ ही साथ उपस्थित एच एस को अपराधिक प्रवृत्ति से होने वाली हानियों के बारे में बताते हुए कड़ी चेतावनी भी दी।

प्रभारी निरीक्षक की तथ्य परक बातें समझने के बाद उपस्थित एच एस ने जहां भविष्य में अपराध न करने का संकल्प लिया, वहीं प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की कुशल कार्यशैली को जमकर सराहा।

# सीओ के निर्देशन में लगातार आपरेशन लंगड़ा जारी

- गौकशी काण्ड का तीसरा आरोपी लगा पुलिस के हाथ
- धौरहरा खमरिया ईसानगर पुलिस ने की थी घेराबंदी

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** तराई क्षेत्र में गैर जनपदीय तस्करों द्वारा की गई गौकशी की घटनाओं से क्षेत्र में तैनात पुलिस बल में हड़कंप मच गया।जिसको पुलिस बल द्वारा चेलेंज के रूप में स्वीकार करते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी है।इसी कडी में बीती रात में जालिम नगर पुल के पास हुई मुठभेड़ में एक तस्कर फिर घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली नवरात्रि की रात में धौरहरा थाना क्षेत्र के लालजी पुरवा के पास दो पालतू बैलों को काटकर मांस निकाल लिया गया व इसी रात में थाना क्षेत्र खमरिया के लुधौनी गांव में दो पालतू बैलों को काटने की घटनाएं कारित हुई।

एक या में दो थाना क्षेत्रों में गौकशी की घटनाओं से पुलिस प्रशासन हड़बड़ा गया। लेकिन मामले की बागडोर अपने हाथों में लेकर क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह के नेतृत्व में खमरिया ईसानगर व धौरहरा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए नामजद फरार आरोपी सोमिल पुत्र बड़े लाला निवासी लालगांव थाना निगोही जिला शाहजहांपुर के पैर पर गोली लगने से घायल हो गया।घायल को चिकित्सकीय उपचार हेतु सी एच सी धौरहरा व बाबा जिला मुख्यालय रिफर किया गया।

# दर्जनों ठगने वाले दंपति का अब तक नहीं लगा सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

- इजरायल से मंगाई मशीन बताकर जवान बनाने के नाम पर दर्जनों लोगों से करोड़ों लेकर
- सप्ताह भर से पत्नी रश्मि के साथ फरार राजीव दुबे

सुनील बाजपेई



कानपुर। बुजुर्ग लोगों को भी जवान बनाने के बहाने कानपुर में दर्जनों लोगों से करोड़ों ठग लिए गए। यह सब कुछ कबाड़ के समान से बनाई गई मशीन को इसराइल का बता कर ठगी का शिकार बनाया गया ,जिससे लोग झांसे में आ गए और करोड़ों गवा बैठे। फिलहाल ठग दंपत्ति घर से फरार है, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

करोड़ों की ठगी के इस चर्चित मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पहुंचे लोगों ने अपने बयान दर्ज कराने शुरू कर दिए हैं द्य

सूत्रों के अनुसार जालसाज पति पत्नी ने लोगों को प्रेजेंटेशन के नाम पर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाया और फिर उनके सामने मशहूर शख्सियतों, राजनेताओं, खिलाड़ियों और बॉलीवुड के लोगों की काम करने की शक्ति, उनकी खूबसूरती समेत कई पहलुओं को रखा।

पीड़ितों ने बताया कि झांसा देने के लिए ठग पति-पत्नी ने लोगों से कहा कि फिल्मी दुनिया के लोगों की चर्चा करते हुए कहा कि ये सभी लोग विदेश जाकर उसी थेरेपी के जरिये अपनी उम्र को मेन्टेन कर रहे हैं, जिसके लिए इजराइल से मशीन वो लेकर आये हैं।

पीड़ितों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक जालसाज दंपति अपनी एक नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी का भी संचालन करते थे। जिसके जरिये लोगों को जोड़ने पर थेरेपी के लिए तय किये गए पैकेज में डिस्काउंट भी दिया जाता था। कुछ लोगों ने बताया कि प्रेजेंटेशन इतनी बेहतरीन थी कि हम फर्जी और असली में अंतर ही नहीं कर पाए।

# सूफी खानकाह एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो



**मोहम्मदी-खीरी।** सूफी खानकाह एसोसिएशन द्वारा आज सैकड़ो मुसलमानो को एकत्र कर मुसलमानो की आस्था पैगम्बर मोहम्मद साहब का अपमान करने वाले कथित महंत पति नरसिहानंद सरस्वती पर कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश को सौपा।

ज्ञापन में मांग की गयी कि इस्लाम धर्म की मान्यताओ के अनुसार को एक मानना और हजरत मोहम्मद साहब से जान-माल इज्जत आबरू से अधिक प्रेम करना ही ईमान की शर्त है इसके बिना कोई भी व्यक्ति मुसलमान नहीं हो सकता परन्तु पिछले कई वर्षो से न जाने किन स्वार्थो अथवा साजिशों के चलते देश में साम्प्रदायिक सद्भाव उत्पन्न करने के लिये लगातार पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का अपमान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के डासना पीठ के कथित महंत पतिनरसिंहानंद सरस्वती द्वारा पिछले चार सालों से लगाता कई बार सभाएं, सम्मेलन और विभिन्न प्रकार के आयोजनों के मंचो से हजरो लोगो के समक्ष निम्न कोटि की ओछी और निकृष्ट भाषा का प्रयोग करते हुए नबी-ए-पाक हज़रत मोहम्मद साहब का अपमान किया गया है उसके द्वारा खुलेआम कई बार कई स्थानो पर देश के नागरिक मुसलमानो के नरसंघार की बाते भी की गयी है। पिछले चार सालो से लगातार उसके द्वारा खुलेआम अपराधिक घटनाएं कारित करना और उसे रोकने हेतु कोई निषेधात्मक कार्यवाही न होना हृदयविदारक ही नहीं अपितु चिन्ता का कारण भी है कि एक व्यक्ति लगातार साप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से देश की कानून व्यवस्था को खराब करने का प्रयास कर रहा है और उसे रोका नहीं जा रहा है। भारत के राष्ट्रवादी सूफियों के अग्रणी संगठन सूफी खानकाह एसोसिएशन द्वारा इस सम्बन्ध में कई बार सरकार के समक्ष अपनी फरियाद प्रस्तुत की है किन्तु ऐसे मामलों को रोकने के लिये कोई उपबंध नहीं किये गये। ज्ञापन में कहा गया कि न्याय हित में यह आवश्यक है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने वाले ऐसे अपराधी पर कठोर कार्यवाही की जाए ताकि ऐसी घटनाओ पर अंकुश लगाया जा सके।

# क्षमता से अधिक गौवंशीय पशु भरे गौशाला में

- वायरल वीडियो में ग्रामीणों किया प्रदर्शन
- विधायक,तहसीलदार, वीडियो, पशु चिकित्सक व पुलिस प्रशासन मौजूद

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड धौरहरा मे आवारा गोवंशीय पशुओं की समस्या दिन व दिन बढती ही जा रही है। क्षेत्र में मौजूद प्रशासनिक अफसरों को आगे बढ़कर विकराल होती समस्या से निजात दिलाने के लिए आगे आना होता है।

जानकारी के मुताबिक विकास खंण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत चिकनाजती में बनी गौशाला में गौवंशीय पशुओं की क्षमता कम होने की जानकारी मिली।बीते दिनों जिलाधिकारी खीरी के तहसील दिवस में आने के कृम में जिम्मेदारो द्वारा क्षमता से अधिक गौवंशीय पशु भेजे गए थे।वायरल वीडियो में गौशाला की क्षमता से अधिक गौवंशीय पशु होने से छोड़े जाने की भनक लगने पर भडके ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन करने का मामला प्रकाश में आया।

जिसमें आनन फानन में विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी,तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल,खण्ड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह व पशु चिकित्सक डाक्टर राकेश वर्मा ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर गौशाला में गौवंशीय पशुओं की संख्या ज्यादा होने पर दूसरी जगह शिफ्ट कराने की बात कही। तब जाकर ग्रामीण शान्त हुए।

संक्षिप्त खबरें

## मिशन शक्ति 2024 के तहत आयोजित हुई बालिका दौड़ प्रतियोगिता



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** थाना पटरंगा पुलिस ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति 2024 के पांचवें चरण के तहत अमरचंद पटेल इंटर कॉलेज, रानी मऊ में बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी रुदौली, आशीष निगम ने भाग लिया और विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनके उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा कुमारी प्रीति (ग्राम धनौली) ने प्रथम स्थान, कक्षा 9 की चांदनी (रानी) ने द्वितीय स्थान, और कक्षा 6 की रुक्मणी (रसूलपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, हाईस्कूल में सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्रा अल्तसा बानो और इंटर में सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्रा रूबी बानो को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से संबंधित हेल्पलाइन जैसे वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), और अन्य सेवाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से साझा की गई।कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश, रघुनंदन चौरसिया (पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य), अशोक कसौधन (पूर्व अध्यक्ष रुदौली), विद्यालय प्रबंधक रूद्र प्रकाश चौधरी, प्रधानाध्यापक, स्कूल के छात्र-छात्राएं, स्टाफ और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

## अयोध्या मेडिकल कालेज में आयुष्मान से जुड़े मरीजों के इलाज में हुई बढ़ोत्तरी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली नगरी अयोध्या में आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत मरीजों को जिले के निजी ही नहीं सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है। ताजा आंकड़े अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज से सामने आ रहे हैं। यहां छह माह में ही बड़ी संख्या में योजना के तहत इलाज कराया है। मरीजों के बढ़ने के बाद योजना के तहत इलाज पाने वालों में 156 फीसदी वृद्धि हुई है। अयोध्या में आयुष्मान योजना के तहत जिले के सभी सरकारी व करीब 17 निजी चिकित्सालयों में कैशलेस इलाज की सुविधा है। अयोध्या के मेडिकल कॉलेज में वो तमाम सुविधाएं हैं, जो यहां के अन्य किसी भी निजी चिकित्सालय में नहीं है। बड़े ऑपरेशन के अलावा जांच की कई ऐसी मशीनें हैं, जो मण्डल भर में नहीं है। इसी कारण गरीब मरीज योजना के तहत मेडिकल कालेज में इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। सीएमएस डॉ. एके सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान योजना के अंतर्गत अप्रैल से लेकर सितंबर तक 939 मरीज इलाज करा चुके हैं।

### योजना के तहत कब कितनों ने इलाज कराया

माह- मरीज अप्रैल- 170,मई- 171 ,जून- 200
जुलाई- 187, अगस्त- 117 ,सितंबर- 94

### क्या है आयुष्मान योजना

आयुष्मान योजना भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के तहत, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज मिलता है। इस योजना का मकसद, आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है। इस योजना के तहत देशभर के किसी भी चिह्नित सरकारी या निजी अस्पताल में मुफ़्त इलाज कराया जा सकता है। प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज के डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां आयुष्मान योजना से जुड़े मरीजों में रिकार्ड वृद्धि हुई है। मेडिकल कालेज के चिकित्सक व स्टाफ के द्वारा मरीजों के फ़्रेंडली होकर उपचार होता है।

## व्यक्तित्व के व्यक्ति पुस्तक का हुआ विमोचन

**अयोध्या-** व्यक्तित्व के व्यक्ति% पुस्तक का विमोचन एक भव्य समारोह में सिविल लाइन स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में संपन्न हुआ। इस आयोजन में देश के कई प्रमुख पत्रकारों ने भाग लिया, जो राम नगरी अयोध्या में एकत्रित हुए। इस समारोह की अध्यक्षता टीवी 9 भारतवर्ष चैनल के निदेशक श्री हेमंत शर्मा ने की, जो देश के नंबर वन चैनल के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्री राज खन्ना उपस्थित थे। वहीं, मुख्य वक्ता के तौर पर दिल्ली से पधारे वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्री अरविंद कुमार सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुस्तक के संपादक श्री विवेकानंद पाण्डेय भी इस गरिमामयी अवसर का हिस्सा बने।

'व्यक्तित्व के व्यक्ति' पुस्तक, अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार श्री त्रियुगी नारायण तिवारी जी के पत्रकारिता के क्षेत्र में पांच दशकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए प्रकाशित की गई है। त्रियुगी नारायण तिवारी ने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा पत्रकारिता को समर्पित किया है और इस पुस्तक के माध्यम से उनकी उपलब्धियों और जीवन के अनछुए पहलुओं को जनता के सामने लाया गया है। इस विमोचन समारोह में 90 के दशक के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। यह आयोजन न केवल पत्रकारिता जगत के लिए एक ऐतिहासिक पल था, बल्कि त्रियुगी नारायण तिवारी के जीवन की यात्रा को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी साबित हुआ। सभा में उपस्थित सभी दिग्गजों ने श्री तिवारी जी के योगदान और समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की। पुस्तक के विमोचन के साथ ही उपस्थित लोगों ने पत्रकारिता में उनके द्वारा स्थापित मूल्यों और सिद्धांतों पर चर्चा की और उन्हें आज की पत्रकारिता के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बताया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के सम्मानित होने के साथ किया गया। इस अवसर पर अयोध्या की सांस्कृतिक और पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा को भी याद किया गया और उसे आगे बढ़ाने की दिशा में श्री तिवारी जी के योगदान को सराहा गया।

## श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगेगा शिविर -आरती

**अयोध्या-** गोसाईगंज बाजार में 9 अक्टूबर मंगलवार से दुर्गा पूजा की शुरुआत होगी और 14 अक्टूबर को देवी प्रतिमाओं का विसर्जन महादेवा घाट एवं सीताराम घाट पर किया जाएगा। विजयादशमी (दशहरा) से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक (12 से 14 अक्टूबर) सुबह से शाम तक दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन और रात में राम लीला देखने के लिए आसपास के 15 किलोमीटर के क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जमावड़ा गोसाईगंज बाजार में लगेगा।इस दौरान श्रद्धालुओं की तबियत खराब होने पर उन्हें चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जयसवाल ने सीएमओ, अपर निदेशक अयोध्या मंडल और डीएम, कमिश्नर को पत्र भेजकर मेनरोड पर चिकित्सा शिविर लगाने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, इस पत्र को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी संजय जैन ने 5 अक्टूबर को अपने कार्यालय के पत्रांक संख्या मु0चि0अ0/चिकित्सीय टीम 2024/4160-1 के तहत 12 से 14 अक्टूबर तक उक्त शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।सीएमओ संजय जैन ने बताया कि मया सीएचसी के अधीक्षक अंसुमान यादव को निर्देशित कर 12 से 14 अक्टूबर तक गोसाईगंज बाजार में चिकित्सक और पैरा मेडिकल टीम लगाने का निर्देश दे दिया गया है। इस पहल से श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह और मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, जनपद स्तरीय एमडीएम टास्क फोर्स, निपुण भारत टास्क फोर्स, और ऑपरेशन कायाकल्प पर चर्चा की गई।बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या ने किया, जिसमें परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विद्यालयों में टाइलिंग, विद्युतीकरण और दिव्यांग शौचालयों का शीघ्र पूर्णकरण।छात्र-छात्राओं के गुणवत्ता में सुधार हेतु मासिक निपुण आकलन (एसेसमेंट) का आयोजन।शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया।मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए जनपद स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

इस बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी, नगर निकाय, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, और सभी एसआरजी के सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षामित्रों की समस्याओं का होगा समाधान-एमएलसी श्री चंद शर्मा



**अयोध्या।** मेरठ - सहारनपुर से एमएलसी श्री चंद शर्मा का शिक्षामित्र साथियों के साथ संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मित्र के नेतृत्व में प्रभु राम जी का स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया। शिक्षामित्र की मुख्यमंत्री से बेबाक पैरवी करने के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद भी दिया गया। श्री मिश्र ने कहा कि सभी शिक्षामित्र साथीगण आशा करते हैं कि आने वाली दीपावली में आपके माध्यम से हम सबकी आर्थिक समस्या का सरकार द्वारा समाधान होगा। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष क्रमशः आशुतोष प्रताप सिंह, शिवकुमार यादव, राजेश तिवारी, रामशंकर, संजय कलाकार, कोषाध्यक्ष ईश्वर वर्मा, विजय मिश्रा, रत्नेश पांडेय ,रामकरन भारती, ज्ञानेंद्र द्विवेदी सहित प्रत्येक ब्लॉक से दर्जनों शिक्षामित्र ने प्रतिभाग किया।

## अयोध्या धाम जैग्री मिल का शुभारंभ- वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट योजना का बड़ा कदम




लोकमित्र ब्यूरो

**पूरा बाजार अयोध्या** जनपद के लिए एक ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब 9 नवंबर 2024 को अयोध्या धाम जैग्री मिल पूरा बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। यह मिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ÷वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट÷ (ह्वष्ठह्रक्क) के अंतर्गत स्थापित हो रही है, जो जनपद अयोध्या के विकास और किसानों की समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस मिल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उद्योग मंत्री राकेश सचान द्वारा किया गया था, और अब यह पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। अवधेश प्रताप सिंह, जो इस मिल के निदेशक हैं, ने जानकारी दी है कि मिल के शुभारंभ के साथ ही पूरा बाजार क्षेत्र के किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार हो गया है।

इस मिल के शुभारंभ से किसानों को अब अपने उत्पादों को दूर भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। मिल के स्थानीय स्तर पर स्थापित होने से न केवल किसानों के समय और लागत की बचत होगी, बल्कि उनके उत्पादों को बेहतर मूल्य भी मिल सकेगा। इसके अलावा, मिल के लगने से रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा।

यह योजना न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि पूरे अयोध्या जिले के आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। इससे अयोध्या का नाम कृषि क्षेत्र में और भी मजबूती से उभरेगा।

यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक विशिष्ट उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। अयोध्या जनपद में इस योजना के अंतर्गत जैग्री मिल को स्थापित किया गया है, जिससे यहाँ के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

## जिला चिकित्सालय में बनेगा पांच मंजिला अत्याधुनिक भवन

### बेसमेंट में होगी पार्किंग, भूतल पर होगी इमरजेंसी

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** योगी सरकार में स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करने की कवायदें लगातार चल रही हैं। खास तौर पर अयोध्या के सभी सरकारी अस्पतालों को सुव्यस्थित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए खाका खींचा जा रहा है। इस प्रक्रिया की शुरुआत जिला अस्पताल से हुई है। यहां अत्याधुनिक पांच मंजिला भवन बनाने की तैयारी की जा रही है। भवन में मल्टीलेवल पार्किंग के अलावा वार्ड की सुविधाएं भी होंगी। इसके बनते ही अस्पताल में पार्किंग और बेड न मिलने की परेशानी खत्म हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहर के बीचों-बीच स्थित जिला अस्पताल में 220 बेड की व्यवस्था है। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना एक हजार से 1200 के करीब मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में, तीमारदारों को वाहनों को खड़ा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा संचारी रोग फैलते ही अस्पताल में मरीजों की बाढ़ आनी शुरू हो जाती है, जिसके बाद बेड की भी किल्लत बढ़ जाती है। इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने एक पांच मंजिला अत्याधुनिक भवन बनाने का प्लान तैयार किया है।

### पुराने सीएमओ आफिस के स्थान पर निर्माण की है योजना

अत्याधुनिक भवन को बनाने के लिए पुराना सीएमओ आफिस के स्थान का चयन किया गया है। यह अस्पताल परिसर में ही है। यह काफी वर्ष पुराना है। इसमें फाइलेरिया विभाग के अलावा होमियोपैथी विभाग भी संचालित है। ऐसे में, पुराने भवन के शुरुआती हिस्से से लेकर सीएमएस भवन तक में अत्याधुनिक भवन निर्माण कराने की योजना है। यह तकरीबन 6 एकड़ से भी अधिक की भूमि प्रसार वाला क्षेत्र है।

### बेसमेंट में पार्किंग, भूतल पर चलेगी इमरजेंसी

पांच मंजिला इमारत में बेसमेंट में पार्किंग होगी, जिसमें बाइक के अलावा कार खड़ी करने की भी सुविधा होगी।

भूतल पर इमरजेंसी, प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ तल पर वार्ड और पंचम तल पर सीएमएसडी स्टोर बनाया जाएगा। इसके साथ ही रैम्प, सीढ़ी व लिफ्ट जैसी सुविधाओं का भी विकास व निर्माण किया जाएगा।

### महानिदेशक को भेजा प्रस्ताव

जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने कहा कि यह अस्पताल के लिए बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। भवन निर्माण के लिए ड्राइंग कराकर प्रस्ताव महानिदेशक को भेज दिया गया है जिस पर स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।

## नवरात्र व्रत और दुर्गा पूजा का उत्सव



**अयोध्या।** इस समय जनपद से लेकर ग्रामीण क्षेत्र रुदौली सहित आसपास के क्षेत्रों में नवरात्र व्रत और दुर्गा पूजा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है, जहां पूजा सामग्री, व्रत में इस्तेमाल होने वाले वस्त्र, जूते-चप्पल और अन्य घरेलू सामानों की दुकानें सजी हुई हैं। लोग दीपावली की तैयारी में भी जुटे हुए हैं, अपने घरों की रंगाई और साफ-सफाई कर रहे हैं।

नवरात्रि का पर्व नौ दिनों तक चलता है, जिसमें फल व अन्य वस्तुओं का विशेष सेवन किया जाता है। इस पर्व का समापन रावण दहन के साथ होता है, जिसके बाद दशहरे का मेला लगता है। विजय दशमी के दिन, जब भगवान राम ने रावण का वध किया था, इस खुशी को मनाने के लिए दीप जलाए जाते हैं।

# तेज बुखार, दर्द व चकत्ते हों तो चिकित्सक को दिखाकर ही करें उपचार

### स्वास्थ्य सेवाओं में समग्र दृष्टि समय की आवश्यकता -डा उपेन्द्र मणि

**▸▸बाघ मच्छर से सुरक्षा डेंगू से बचाव है**

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** एक बार पुनः डेंगू के दंश से लोग पीड़ित हो रहे हैं ऐसे में जरा सी भी असावधानी जीवन के लिए संकट बन सकता है।किन्तु डेंगू से डरने की बजाय हमे सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। इसी विषय पर स्वास्थ्य एवं होम्योपैथी जागरूकता अभियान के तहत जानकारी देते हुए साकेत निलयम देवकाली के चिकित्सा सेवा प्रमुख व वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डा उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि परिवेश की स्वच्छता परिवार के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बरसात के बाद जगह जगह एकत्र होने वाले गन्दे या घरों में जमा साफ पानी में मच्छरों के प्रजनन और उत्पत्ति की दर बढ़ जाती है।जिनसे कई तरह के संक्रामक रोग मनुष्यों को चपेट में ले सकते हैं। खासकर मलेरिया, चिकनगुनिया, जे ई और डेंगू। डेंगू एक प्रकार के वायरस से होने वाला रोग है जो घरों में इकट्ठा होने वाले साफ पानी जैसे कूलर , टैंक, ड्रम,रुका हुआ पानी आदि में पनपने वाले काली सफेद धारीदार मच्छर की प्रजाति, जिसे एडीज या सामान्य भाषा मे बाघ मच्छर कहते हैं , के काटने से फैलता है।

### पहचान के लक्षण बताते हुए डा उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा

डेंगू बुखार की दो प्रमुख अवस्थाएं होती हैं पहली जिसमे संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार के साथ सिर दर्द, बदन दर्द, पीठ दर्द, उबकाई, सुस्ती, आँखों में जलनयुक्त लाली, चेहरे पर सूजन आ सकती है।ठीक तरह से उपचार के अभाव में यह अवस्था पांच से सात दिन तक रह सकती है इसके बाद संक्रमित व्यक्ति में तेज बुखार व लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित होने से रक्त कणिकाएं भी टूटने लगती हैं और कमजोरी बढ़ती जाती है जिससे उल्टी, पेट दर्द, जोड़ो




में दर्द, त्वचा के नीचे, नाक, मसूड़ो,आदि से रक्तस्राव, प्लेटलेट की संख्या में कमी होते रहने से खून का न जमना आदि लक्षण दिखने लगते हैं।

यह आकस्मिक स्थिति हो सकती है रोगी को तुरन्त अस्पताल पहुचाना आवश्यक है। रक्त नमूने की प्रयोगशाला में जाँच के बाद पुष्टि एवं प्लेटलेट्स की संख्या में गिरावट रोग की गम्भीरता का सूचक है।

प्लेटलेट्स का टूटना भय का बड़ा कारण है, अतः इसे समझना आवश्यक है कि मच्छर काटने के बुखार आना और शरीर मे एंटीबॉडी बनने में 3-4 दिन लगते हैं अतः कई बार बुखार के प्रथम दिन ही जांच में एंटीबॉडी नही प्रदर्शित होती किन्तु एलिसा टेस्ट मेंह्स1 मार्कर से भी पुष्टि हो जाती है, तदनुरूप उपचार प्रारम्भ किया जाता है। डेंगू वायरस में विशेष बात है कि इसमे नई प्लेटलेट्स का बनना रुक जाता है, और नियमित प्लेटलेट का टूटना जारी रहता है, तेज बुखार से यह दर बढ़ सकती है अतः 5-7 में स्थिति चिंताजनक हो सकती है, इसलिए अविलंब चिकित्सकीय मार्गदर्शन में ही उचित प्रबंधन व उपचार से पूर्ण रूप से घर पर भी स्वस्थ हुआ जा सकता है।

वायरस से होने वाले रोगों में अन्य पद्धति में जहां संभावनाएँ सीमित हैं किन्तु जीवन रक्षक उपाय बेहतर हैं, वहीं होम्योपैथी में औषधीय उपचार अत्यंत परिणामदायी सिद्ध हुए हैं अतः वर्तमान समय की आवश्यकता है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसे मामलों में स्वास्थ्य रक्षा की समग्र दृष्टि विकसित हो और समुचित प्रबंधन में उचित औषधियों के प्रयोग से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिले। डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया अध्ययनों में स्वानुभूत प्रयोग में उन्होंने होम्योपैथिक औषधियों को डेंगू से बचाव के साथ अवस्थानुरूप प्रयोग से उपचार में भी अत्यंत उपयोगी पाया है।जनस्वास्थ्य के लिए चुनौती बन रहे ऐसे मामलो में अब समग्र दृष्टि अपनानी चाहिए जिससे कम समय में अधिक सुविधाजनक तरीके से एक साथ अधिक लाभ जनता को दिया जा सके।डा उपेन्द्र की सलाह है कि रोग की गम्भीरता को देखते हुए आम लोगों के लिए जरूरी है कि पहले से ही सावधानी बरतें ,इस मौसम में बुखार को किसी भी स्थिति में नज़रअंदाज न करें , बिना चिकित्सकीय जाँच व परामर्श के मेडिकल से दवा लेने की प्रवृत्ति से बचें। घर या आस पास सफाई रखें , पानी एकत्र न होने दें, समय समय पर मिटटी का तेल,या कीटनाशक का छीडकाव करें, नीम का धुँआ भी कर सकते हैं , मच्छरदानी में ही सोएं।

## साधु के भेष में भिक्षा मांग रहे आधा दर्जन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर की पूछताछ पूछताछ



लोकमित्र ब्यूरो

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** जिले कुमारगंज कस्बे में एक संदिग्ध घटना घटी, जहां साधु के भेष में आधा दर्जन लोग भिक्षा मांगते हुए पाए गए। स्थानीय लोगों ने जब उनसे सनातन धर्म के बारे में पूछा, तो वे कोई जवाब नहीं दे पाए। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कुमारगंज कस्बे में 6 की संख्या में साधू भेष धारी भिक्षा मांग रहे हैं जब वे लोग कस्बे में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे तो वहां के पुजारी से भिक्षा मांगने लगे जिससे पुजारी को शक हुआ तो उन्होंने हनुमान चालीसा सुनाने को कहा तो सभी लोग सकपका गये और वे कुछ भी नहीं सुना सके। पुजारी ने पूछा आप लोग किस धाम से हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग अयोध्या धाम से हैं। जैसे लोगों को जानकारी मिली की साधु के भेष में कुछ संदिग्ध लोग पकड़े गए हैं। देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र होने लगे हनुमान मंदिर के पुजारी ने लोगों से कहा कि यह साधु के भेष में है यह यहां मंदिर में भिक्षा मांगने आए थे हमें यह संदिग्ध लग रहे हैं। इन्हें हनुमान चालीसा भी नहीं मालूम है। इतना सुनते ही लोग आकर्षित हो गए और भला बुरा कहने लगे। इसी बीच हनुमान मंदिर के पुजारी ने मामले की सूचना कुमारगंज पुलिस को दी, जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने सभी को थाने ले गई और पूछताछ शुरू कर दी। पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गये लोगों ने बताया की हम सभी लोग महावत परिवार से हैं प्रदेश के हरदोई जिले के निवासी हैं और भिक्षा मांगते हैं। हम लोगों का परिवार अयोध्या रेलवे लाइन के बगल रहता है।वहीं कुमारगंज थाने के उप निरीक्षक एस पी सिंह ने बताया की जिन छह लोगों से पूछताछ की जा रही है उन्होंने अपना नाम मनोज,आकाश, अनोज, रामनिस, बचनिया ,रिकू बताया है, फिलहाल मामले की जांच पड़ताल के लिए हरदोई पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों से पूछताछ की गयी सभी लोग मंगता जाति के हैं।

## सिलाई मशीन प्रदान करते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप साही

### सपा और कांग्रेस ने जनता को लूटने का काम किया-सूर्य प्रताप शाही

लोकमित्र ब्यूरो

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के संत भीखा दास तपोस्थली पर कृषि विभाग की तरफ से एक दिवसीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी संगोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने 150 किसानों को सरसों लही कट के साथ 200 किसानों को उन्नतशील प्रजाति का सब्जी किट वितरित किया, इसी के साथ ही स्वयं सहायता समूह की 9 महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान की गई। जनता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं ।

मोदी जी इस बार महाराष्ट्र से देश के किसानों को सम्मान निधि जारी की है जो किसानों के सीधे बैंक खातों में गई।

उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा की इन लोगों ने गांव की भोली-भाली जनता को लूटने का काम किया है । उन्होंने कहा कि जो भी किसान सोलर पम्प लगवाना चाहते हैं वे लोग



आवेदन कर सकते हैं, किसानों को अनुदान के साथ कृषि यंत्र मिलेंगे । लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने खटाखट खटाखट 8500रूपये देने की बात की लेकिन चुनाव बाद वे भूल गये,सपा सरकार में भाई और भतिजे का कर्ज माफ किया गया लेकिन भाजपा सरकार में लाखों किसानों का कर्जा माफ किया है। राहुल गांधी कहते हैं आलू फैक्ट्री से निकलती है जलेबी भी फैक्ट्री से निकाल रहे हैं। प्रदेश भर के किसानों को सरकार द्वारा दलहन और तिलहन का बीज निशुल्क दिया जा रहा है। मोदी योगी जी चाहते हैं हमारा किसान सम्पन्न हो मिल्कीपुर की खुशहाली व सम्पन्नता के लिए मिल्कीपुर में कमल खिलना जरूरी है। विभिन्न प्रकार की संस्कृत कार्यक्रम पेश किए गए विवेक पांडेय एवं वंदना वर्मा ने लोकगीत प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर किया। इस मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, किसानों मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बल्ले, क्षेत्रिय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव, महामंत्री मोहित मिश्रा, अंगद सिंह ओम प्रकाश तिवारी, दरोग़ा तिवारी, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, शांति पासी, चंद्रभान पासवान, चंद्रकेश रावत, नेहा सिंह आनंद सहित भारी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# दुर्गापूजा मेला को लेकर नगरपालिका परिषद ने कसी कमर

## सफाई, मार्ग, जल और प्रकाश सम्बंधी अधिकारी व कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में दशहरा दुर्गापूजा मेला को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी, सफाई विभाग, निर्माण विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग एवं जलकल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समारोह को अच्छे ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तैयारियों को अन्तिम स्वरूप दिया जा रहा है, पालिका द्वारा सभासदगण एवं सफाई नायकों के माध्यम से नगर क्षेत्र में सर्वे कराया गया है, जिसमें 126 छोटी, बड़ी देवी प्रतिमाओं पूजा पण्डालों की सूची संकलित की गयी है। पालिका द्वारा दुर्गापूजा मेले को सकुशल सम्पन्न



कराये जाने हेतु शाहगंज पुलिस चौकी के निकट कैम्प कार्यालय (मेला नियन्त्रण कक्ष) का शुभारम्भ 0 अक्टूबर प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा, जहां पालिका के सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश, निर्माण सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी दोनो पालियों में पूर्वान्ह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक तथा सायं 07:00 बजे से मेला समाप्ति तक लगायी गयी तथा विशेष रूप से कन्ट्रोल रूम पर सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी समय से उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराते हुये मेला प्रभारी को अवगत करायेंगे।

नगर क्षेत्र की समस्त सड़कों पर स्थित गड्ढों की पैचिंग का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, सफाई निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में विधिवत सफाई के साथ-साथ स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के पण्डालों व निकटवर्ती स्थलों, मन्दिरों, सीताकुण्ड घाट तथा समस्त वार्डों में पूरे पर्व के दौरान दोनो पालियों में विधिवत साफ-सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान कार्य, कूड़ेदानों को ससमय खाली कराने का कार्य, चूना, ब्लीचिंग व एण्टीलार्वा का छिड़काव तथा रोस्टर बनाकर फागिंग आदि कार्य ससमय सम्पादित कराने हेतु तैयारी कर ली गयी है।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि निराश्रित छुट्टा पशुओं पर नियन्त्रण एवं गोवंशों को अभियान चलाकर पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें और गति लायी जायेगी। पालिका द्वारा मेले के दौरान पूर्व निर्धारित स्थलों को सजावटी लाइटों से सुसज्जित करते हुए नगर की साज-सज्जा की जायेगी। पालिका द्वारा मेले के दौरान भण्डारों एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु पेयजलापूर्ति हेतु पर्याप्त मात्रा में टैंकरों इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है। पालिकाध्यक्ष द्वारा सफाई विभाग, निर्माण विभाग एवं मार्ग प्रकाश विभाग के अधिकारियों व सम्बन्धित कर्मियों को मेला सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र बचे हुए कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, सफाई निरीक्षक श्रीमती अधुलिका, सुनील कुमार पाल, अवर अभियन्ता (जल), सै0 अख्तर मेंहदी आब्दी, कर अधीक्षक, सम्बन्धित लिपिक तथा समस्त सफाई नायक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने रात्रि 10 बजे से बन्दी में राहत दिए जाने का सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सुल्तानपुर के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर को संबोधित ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर अखण्ड प्रताप सिंह को सौंपा। जिला अध्यक्ष मनीष साहू ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से हमने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारो को दूध, गर्म पानी और जलपान की समस्या, यात्रियों को असुविधा को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन को रात्रि 10 बजे की बंदी से छूट देने की मांग रखी गई है। खासकर रेस्टोरेन्ट व्यवसाय और जलपान व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और इस व्यवसाय में कार्यरत कर्मियों को आर्थिक विपन्नता की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

वरिष्ठ जिला महामंत्री नरेंद्र बरनवाल ने पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि चौकसी और तलाशी अभियान से अवांछित तत्वों और अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है और शहर का आम नागरिक और व्यापारी समाज सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में जिला संगठन महामंत्री संजय कुमार गुप्ता, जिलाकोषाध्यक्ष बैजनाथ कसौंधन (विपिन), जिलामंत्री पल्लव खेतान, फूलचन्द्र अग्रहरि, युवा नगर अध्यक्ष मोहित साहू एवं शंकर दयाल अग्रहरि उपस्थित रहे।

# पक्की सड़क को तरस रहा है प्राथमिक विद्यालय

## कीचड़ युक्त रास्ते से जाना बच्चों की मजबूरी



**बल्दीराय/सुलतानपुर।** सरकार एक तरफ बिजली पानी सड़क आदि से गावों को संतृप्त कर विकास का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती दिखाई दे रही है। मामला ग्राम पंचायत ऐंजर विकास खंड धनपत गंज के प्राथमिक विद्यालय हरिजन नगर टणरसा से जुड़ा हुआ है। यह विद्यालय देहली बाजार हैरिंग्टनगंज संपर्क मार्ग पर लगभग छ सौ मीटर दूर हरिजन बस्ती के बगल में स्थित है। संपर्क मार्ग से विद्यालय तक पहुंचने के लिए एक ही रास्ता है जो बरसात के दिनों में पूर्णतः कीचड़ युक्त हो जाता है। विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे आये दिन चोटिल व दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।इसके बावजूद नौनिहालों की इस समस्या को देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि इसका मामला जिम्मेदारों क संज्ञान में न हो। टड़रसा निवासी सतीशंकर सिंह लगातार दो साल से उनके द्वारा इस संबंध में सी एम हेल्प लाइन से लेकर संपूर्ण समाधान दिवस तक,खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम प्रधान तक सात बार शिकायत दर्ज कराई गई परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हां कार्रवाई के नाम पर कभी फर्जी रिपोर्ट लगाने का एक लंबा खेल खेला गया,कभी प्रकरण कार्य योजना में शामिल न होने का बहाना दिखाया गया तों कभी अगले वित्तीय वर्ष में समस्या का समाधान करने की बात लिखकर शिकायत निस्तारित कर दी गई। फिलहाल संबंधित विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए कीचड़ युक्त रास्ता ही विकसित भारत का प्रमाण है।

# लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने पुनः 30 टीबी मरीजों को लिया गोद, पोषण पोटली का किया वितरण

## पौष्टिक आहार के साथ नियमित दवा लें टीबी मरीज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के क्रम में भारत को टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने के संकल्प को आत्मसात करते हुए सोमवार को करंजाकला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पुनः गोद लिए गयें 30 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इन मरीजों को आवश्यक पोषक तत्वों, प्रोटीन पाउडर, चना, गुड़, सूजी, मूंगफली, सत्तू, और स्वच्छता हेतु नहाने व कपड़ा धोने का साबुन आदि को सम्मिलित करते हुए पौष्टिक आहार की पोटली वितरित की गयी।

संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि टीबी से ग्रसित होने पर मरीजों की सेहत बिगड़ जाती है। जिससे उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। इसलिए



टीबी रोगियों को सुपोषित करने के लिए पोषणयुक्त सामग्री दी जा रही है। ये सभी मरीज करंजाकला ब्लाक अन्तर्गत गांवों के है।

प्रभारी चिकित्साधिकारी करंजाकला प्रा स्व. केन्द्र डॉ आनन्द प्रकाश ने इलाज करा रहे टीबी के मरीजों को नियमित दवा लेने और पौष्टिक भोजन लेने का आह्वान किया। उन्होंने रोगियों को बताया कि रोज सुबह हल्का हल्का व्यायाम करें, खाने में फाइबर वाली चीजें जैसे हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, सोयाबीन ज्यादा से ज्यादा लें। खाने के तुरन्त बाद लेटें नहीं बल्कि थोड़ा टहलें। ध्यान रहे कि किसी भी स्थिति में टीबी की दवा बंद नहीं करनी है। इसके अलावा उन्होंने मरीजों से कहा कि समय-समय पर अपना चेकअप और निरंतर दवाओं का सेवन भी साथ करते रहे। सही देखभाल और उचित ट्रीटमेंट से हम इसे जड़ से भी समाप्त कर सकते हैं।

पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि आज टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, जिसे चिकित्सक की सलाह पर नियमित इलाज, उचित पोषाहार व साफ-सुथरी जीवन शैली अपनाकर घर में ही परिवार के साथ रहकर ठीक किया जा सकता है। टीबी रोगियों के लिए दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार जरूरी होता है।

संयोजक योगेश साहू ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा संतोष जायसवाल, फार्मासिस्ट सत्यलाल यादव, प्रमोद यादव, रितेश गुप्ता, डा रत्नेश मिश्रा, डा मोहम्मद ख़ालिद, एल टी धीरज देव मिश्रा, रविकान्त, गौरव, अमित मौर्य कुन्दन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# "हक की बात जिलाधिकारी के साथ"कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास उ0प्र0 शासन लखनऊ एवं महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में 02 से 11 अक्टूबर 2024 के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 10 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत आज दिनांक- 07.10.2024 को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति कलेक्टेऊट सभागार में ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदया एवं मुख्य विकास अधिकारी, महोदय से, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड/सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा संवाद किया गया

# कहानी प्रतियोगिता में संगीता एवं कविता में दीपा रही अव्वल

## बालिका इंटर कॉलेज में वीरगति चौथ चरण की प्रतियोगिता में संपन्न

**बलरामपुर।** बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा, वीरगाथा प्रोजेक्ट 4 एवं संचारी रोग पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राओ ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाली छात्रोंओ को सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता प्रभारी प्रधानाचार्य वंदना पांडे की निगरानी में आयोजित की गई।वीरगति प्रोजेक्ट4 के अंतर्गत कहानी प्रतियोगिता में संगीता प्रथम स्थान, रिमझिम कश्यप द्वितीय स्थान तथा छवि तृतीय स्थान पर रही। कविता प्रतियोगिता में दीपा कश्यप प्रथम स्थान पर, शिफा फातिमा द्वितीय स्थान पर तथा इकरा तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में फरजाना प्रथम नूर फात्मा द्वितीय तथा सारा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में महिमा पासवान प्रथम, जोया द्वितीय तथा फरजाना तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में महक प्रथम स्थान, सोनी गुप्ता द्वितीय स्थान तथा रागनी गुप्ता को तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्या वंदना पांडे ने कहा कि सड़क सुरक्षा सीधे हमारे जीवन मूल्यों से संबंधित है। हमें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनना चाहिए तथा चौपाहियां से यात्रा करते समय सीट बेल्ट लगाना चाहिए। यह नियम हमारे जीवन की रक्षा के लिए बनाए जाते हैं। इस पर शर्म नहीं करनी चाहिए यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। इससे हम स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे एवं दूसरों के भी जीवन की रक्षा हो सकेगी। डॉ अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संचारी रोग बरसात के मौसम बहुत तेजी से फैलता है। इससे बचाव ही सर्वोपरि इलाज है। हम पानी एकत्र ना होने दें। अपने घर के आसपास सफाई व्यवस्था रखें तथा नियमित रूप से अपने आसपास के वातावरण का सफाई करते रहें। इस अवसर पर प्रवक्ता अविनाश मिश्रा मधुकर सिंह चंदन पाठक प्रियंका गुप्ता, एकता सिंह, प्रिया रानी श्रीवास्तव, तहसीन फातिमा, खुशबू वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# अन्तर्विभागीय बैठक का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान (01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक) की प्रथम साप्ताहिक बैठक आयोजित की गयी। ज्ञात हो कि जनपद में संचारी रोगों के उन्मूलन हेतु विशेष संचारी रोग अभियान 01 अक्टूबर, 2024 से 31 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त अभियान का उद्देश्य समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है।

इस अभियान में मुख्य सचिव, उ0प्र0 सरकार द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को कार्य एवं उत्तरदायित्व पूर्व में ही सौंपे जा चुके है।

# यति महंत पर दंडात्मक कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में आपत्तिजनक शब्द बयान देकर आहत करने वाले दीपक उर्फ यति महंत पर दंडात्मक कार्रवाई को लेकर मुलायम यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद, प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट नेताद्वय के नेतृत्व में दर्जनो लोग डीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन दिया। नेताद्वय प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने कहा कि देश व प्रदेश में संविधान में वर्णित हैं कि हर व्यक्ति अपने धर्म भाषा विचार के साथ सबको रहने का अधिकार है कोई किसी के धार्मिक भावनाओं को आहत नही करेगा लेकिन डासना में महंत दीपक उर्फ यति नरसिघंनंद महाराज द्वारा मुस्लिम समुदाय के पैगम्बर हजरत पर आपत्तिजनक बयान देकर आहत करने वाले दीपक



उर्फ यति महंत पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग लेकर महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। दंडात्मक कार्रवाई की मांग समाजवादी पार्टी करती हैं ऐसे कुकृत्य अपमानजनक टिप्पणी व्यवहार की घोर विरोध निदा करते हैं और संविधान सम्मत बिधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया जाना चाहिए। क्योंकि दुनिया में ऐसे लोग अमन चैन बिगाड़ने का काम करते हैं ऐसी स्थिति में किसी भी धर्म भाषा विचार विमर्श के बाद कोई भी व्यक्ति किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत नही पहुचायेगा। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो कठोर कदम उठाया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति किसी के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की हिम्मत नहीं करे। मुलायम यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद व प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट नेताद्वय के साथ अमरीश कांत, मो सुलतान, अब्दुल रहमान, राज मिश्र उर्फ बाहुबली सुरेश कुमार, तालिब खान, महफूज़ खान, मुहम्मद सकलेन, सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद रहे।

# ईश्वर को स्वयं में खोजना ही सदमार्ग है- शिव कुमार सिंह

## एक कुंडीय गायत्री यज्ञ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** सोमवार को उतरौला तहसील के बदलपुर गांव में एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान सुरेश्वरी प्रसाद चौधरी व उनकी धर्मपत्नी ने देव पूजन के साथ यज्ञीय कर्मकांड में प्रतिभाग किया है। गायत्री शक्तिपीठ के जिला सह संयोजक व जिले के वरिष्ठ परिव्राजक शिवकुमार सिंह व बृजेश त्रिपाठी की टोली ने बड़े ही मनमोहक व धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से लोगों को बताया कि आज हम सभी भटक गये हमें अपनी पहचान स्वयं करनी चाहिए, हम भगवान को जगह जगह खोजते हैं, परन्तु भगवान हमारे भीतर है। गुरु की महत्ता को बहुत ही मार्मिक प्रसंगों के माध्यम से लोगों को बताया कि हमें गुरु का चयन बहुत ही सोच समझ कर करना चाहिए। इसके बाद यज्ञ हवन में सभी महिलाओं का विशेष रूप से आह्वान किया गया। सभी के कल्याण के लिए गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहूति दी गयी। कार्यक्रम का समापन शान्तिपाठ व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओ ने इस कार्यक्रम की सरहना की है व भविष्य में ऐसे आयोजन अनवरत होने पर जोर दिया है। इस कार्यक्रम के दौरान शिव प्रसाद वर्मा, ओमकार प्रसाद चौधरी,चन्द्र प्रकाश वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, विवेक कुमार वर्मा, संजय वर्मा, पप्पू वर्मा, केशमती, सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों के शैक्षिक प्रगति से रूबरू हो अभिभावक-अशोक पाठक

## प्राथमिक विद्यालय हृदय नगर में शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** सोमवार को बेसिक शिक्षा राज्य परियोजना के निर्देश पर सदर शिक्षा क्षेत्र के सभी स्कूलों में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के बुनियादी शिक्षा से अभिभावकों को अवगत कराने के साथ-साथ उनके दैनिक दिनचर्या से भी रूबरू कराया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सदर अशोक पाठक एवं केंद्र सरकार की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर प्रतिभा सिंह सुमन सुनैना ने प्राथमिक विद्यालय उदय नगर में शिक्षक अभियापक बैठक में शामिल होकर विभाग की योजनाओं एवं स्कूल में सहयोग के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया है तुम्हारी प्रधानाध्यापक सिद्धनाथ पांडेय ने अभिभावकों को विद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों सहित बच्चों के शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया है खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि स्कूल में बच्चों को मिल रहे शिक्षा के बारे में अवगत होकर उन्हें बच्चों के शैक्षिक समस्याओं को स्कूल में साझा करें। इस अवसर पर निखिल कुमार सुशील उपाध्याय शाजिया बानो रंजना मिश्रा सहित अभिभावक शिक्षक शामिल रहे हैं।

# 1 दिन के लिए बीडीओ बनी छात्रा ने खंड विकास अधिकारी के पद का जाना सच



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत एक्शन एड के संगठन के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के 10 दिवसीय कार्यशाला अभियान में शिक्षक शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता के माध्यम से बेटियों में कला कौशल का संदेश दिया गया साथ ही साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों के कार्यालय में जाकर उन्हें एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर दिया गया। केजीबीवी श्री दत्त गंज की वार्डन रीना मिश्रा ने बताया कि मिशन शक्ति पांचवें चरण अभियान के तहत आठवीं कक्षा की छात्रा संजुम को खंड विकास अधिकारी पद पर एक दिन के लिए सांकेतिक अधिकारी बनाकर कार्यभार दिया गया। इस दौरान बीडीओ बनी छात्रा ने ग्राम पंचायत के कार्यों ग्राम पंचायत निधि सहित पत्रावलियों का अवलोकन किया है इस दौरान एडीओ पंचायत मुस्तकीम अहमदने 1 दिन के लिए बीडीओ बनी छात्रा संजुम को खंड विकास अधिकारी के कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया।बीडीओ बनी छात्रा ने ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले निर्माण कार्य सहित अन्य सार्वजनिक कार्यों के बारे में विधिवत जानकारी दी है इस अवसर पर खंड विकास कार्यालय के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं केजीबीवी शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

# जल्द समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो होगा उग्र आंदोलन- भाकियू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** तिकोनिया पार्क में रा. कि. म. संगठन का अनिश्चितकालीन धरना प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हुआ। जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष शकील अहमद कुरेशी ने कहा कि समय रहते यदि हमारी मांगों का निस्तारण जिला प्रशासन द्वारा न किया गया तो शीघ्र ही बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष राम प्यारे वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों, मजदूरों की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा। अधिकारी और कर्मचारी केवल सत्ता पक्ष के नेताओं के आदेश का पालन कर रहा है जो शासन की मंशा के खिलाफ है और जनता के शासन की मंशा के खिलाफ है और जनता में शायन की छवि धूमिल हो रही है। गरीबों को न्याय देना ही शासन की प्राथमिकता है लेकिन इसके विपरीत कार्य किये जा रहे हैं। वर्षों से दिये जा रहे मांगपत्रों को निस्तारण नहीं किया गया जबकि मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा सम्वन्धित विभागों को पांच बार पत्र जारी किया गया इससे किसान, मजदूर क्षुब्ध होकर आन्दोलन के लिए धरना प्रारम्भ कर दिया है जो किसी भी समय उग्र रूप ले लेगा। मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह गडडु ने कहा कि शीघ्र ही हमारी समस्याओं का निस्तारण न किया गया तो सुलतानपुर से लखनऊ तक उग्र आंदोलन किया जायगा। धरने में रामनायक वर्मा, मनोज कुमार, राम उजागिर, सरजू, सुवराती, मो0 मतीन खां, हरिशंकर, राम तीरथ साहू, ओम प्रकाश सिंह, सूफी अ. लतीफ नूर मोहम्मद सहित कई लोग मौजूद थे।

# राजा परीक्षित को लक्ष्य बना कर कलियुग ने किया प्रवेश-देवेंद्र जी

**सुल्तानपुर।** जादीपुर पखरौली जनपद सुलतानपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के तृतीय दिन कथा व्यास ने कलयुग के प्रवेश की कथा मनु और शतरूपा की संतानों की व्याख्या और मृत्यु पर विजय पाने के उपायों का विस्तार से वर्णन किया। दशरथ गद्दी श्री धाम अयोध्या जी से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवेन्द्र जी महाराज ने कहा कि महाराज परिक्षित अपने राज्य की सीमा में भ्रमण करते हुए प्रजा का सुख दुख देखा। गाय और बैल की कथा के साथ कलियुग के प्रवेश की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कलियुग ने किस प्रकार राजा परीक्षित को अपना लक्ष्य बनाया जिसके कारण श्रमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को 7 दिन में मरने का श्राप दे दिया ।

# पांचवें दिन स्कंद माता के रूप में पूजी गई मां भगवती

## सुबह से पूजा पंडालों में उमड़ पड़े श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मंदिरों व पंडालों में माता रानी के स्कंदमाता स्वरूप का भक्तों ने पूजन - अर्चन किया।क्षेत्र में स्थापित पूजा पंडालों में भक्त सुबह से ही पूजन - अर्चन करने पहुंच रहे हैं। लेड़ियारी मंडी तिराहे सहित पांच स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा के पंडाल में सोमवार को मां के स्कंदमाता स्वरूप का पूजन किया गया। वहीं बाजार सहित पथरपुर , गड़री, कोलसरा, किंहुनी कला, किंहुनी खुर्द गांव में स्थापित मां दुर्गा पंडाल में भी भक्तों की भीड़ जुट रही है। यहां पर प्रत्येक शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । आसपास के दर्जनों गांव के लोग पूजा पंडाल में मां की आराधना करने के लिए जुट रहे हैं । रतेवरा , देईबाध , लेड़ियारी , नीबी , कैथवल , बहरैचा सहित अन्य कहीं गांव के पंडालों में जगत जननी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्त जुट रहे हैं। जबकि आचार्य नाजू पांडेय ने



स्कंद माता की महिमा बखानी कहा इनके पूजन करने से घर में लक्ष्मी , सुख समृद्धि और नारायण का वास होता है । उन्होंने कहा कि पावन कथा पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नव चेतना का नव निर्माण करने वाली स्कंदमाता उनकी वृज से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता के नाम से अभिहित किया गया है। बाल रूप में उनकी गोद में विराजमान भगवान विष्णु के पुत्र कार्तिकेय के हाथों ताड़कासुर जैसे राक्षस का अंत संभव था। इनकी उपासना से भक्तों की सारी इच्छाएं पूर्ण हो जाती है। स्कंदमाता की आराधना करने वाले भक्तों को भवसागर करने में कठिनाइयां नहीं आती है। इनकी पूजा से सुलभ होता है।
पुरोहित आचार्य नाजू पांडेय ने कहा कि स्कंदमाता का प्रिय रंग व पुरुष की उपासना से परम शांति और सुख समृद्धि प्राप्त होता है। इनकी प्रसन्नता के लिए पूजा में श्रेत रंग के वस्त्र धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता को कौन खीर बहुत ही प्रिय है। जिससे भक्तों को आज के दिन भोग लगा सकते हैं। नवरात्र के नौ दिन हर देवी को अलग-अलग चीजों का भोग लगाया जाता है। हर प्रसाद का अपना - अलग महत्व है। नौ देवियों को अलग-अलग भोग लगाने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं। इस कथा को सुनने में महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं पुरोहित के द्वारा शाम को देर तक आरती की गई। इसके पश्चात महिलाओं ने कीर्तन भजन के माध्यम से स्कंद माता बखान किया। वहीं प्रियांशी केशरी, पलक, मुस्कान, अनुष्का, खुशी ने मां की गीत प्रस्तुत किया। इस प्रसंग को सुनने वालों ने तालियां बटोरी।
इस मौके पर विशाल केशरी, आशीष कुमार मिश्रा,, राहुल केशरी, अमन केशरी, राजेश कुमार केशरवानी, विजय केशरी, शिव मोहन द्विवेदी, रोहित केशरी, पंकज कुमार, अभिषेक मिश्रा, दीपक अग्रहरि, विनीत कुमार मोदनवाल, धीरज कुमार केशरी, राज केशरी, आदि सैकड़ों लोग रहे।1

## विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल फाइनल में

**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' को 40 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका लीग क्रिकेट के फाइनल में जगह बना ली है।खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में टॉस हारकर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 132 रन (विवेक यादव 28, आकाश शुक्ला 27, कार्तिकेय सिंह 24, रुद्र प्रताप 21, आदित्य पाठक 5/13, सुदर्शन शुक्ला 2/35) बनाकर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' को 27.2 ओवर में 92 रन (मोहम्मद तंजील खान 25, अथर्व शुक्ला व सुदर्शन शुक्ला 13-13, प्रांजल मिश्र 3/16, रुद्र प्रताप 2/10, अवनीश सिंह 2/22) पर समेट दिया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे। मैच से पूर्व खेलगांव पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राम पूजन तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान केपीएस के स्पोर्ट्स कोआर्डिनेटर मनीष सिंह, धीरज अवस्थी, मनोज कुमार, प्रतीक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बारह जिले में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने बाजी मारी



**लेडियारी( प्रयागराज )।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा आयोजित प्रांतीय ज्ञान विज्ञान मेला बाहर ज़िलों के छात्र -छात्राओं ने प्रति भाग लिया। जिसमें जिले के यज्ञ यमुनानगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लेडियारी भैया-बहनों ने प्रतिभाग बाजी मारी।
विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने बताया कि काशी प्रांत में यमुनापार जिले को तीसरा स्थान दिलाकर जिले तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। गणित प्रश्न मंच शिशु वर्ग से भैया अंश,प्रियांश तथा भावेश ने प्रथम स्थान,गणित प्रश्नमंच बाल वर्ग से भैया निमित,शिवांश तथा करुणानिधि ने प्रथम स्थान, किशोर वर्ग में भैया अनमोल, ऋषभ तथा प्रशांत ने तृतीय, गणित प्रयोग शिशुवर्ग से बहन दीया द्वितीय, बाल वर्ग से बहन लक्ष्मी ने प्रथम,किशोर वर्ग से बहन दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार विज्ञान प्रयोग शिशु वर्ग में भैया सागर गुप्त ने प्रथम, भैया ओम पांडे तथा प्रत्यूष द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।बालवर्ग में बहन दीक्षा तथा गौरी तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश्न मंच बाल वर्ग में बहन राधा द्विवेदी, निहारिका मिश्रा तथा मीनाक्षी शुक्ला ने तृतीय स्थान, किशोर वर्ग में बहन निधि द्विवेदी अंतरिक्ष भूर्तिया तथा आलोक गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भैया ऋषभ मिश्रा ने जल संरक्षण पर आधारित मॉडल में तीसरा स्थान और भैया प्रियांशु द्विवेदी ने नवाचारित वैदिक गणित प्रदर्श किशोर वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रांत में कुल 12 जनपदों में लेड़ियारी भैया बहनों ने प्रथम स्थान ,3 भैया बहनों ने द्वितीय स्थान तथा 12 भैया बहनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और अंकों के आधार पर जमुनापार जिले को पूरे काशी प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जो पूरे यमुना पार के लिए गौरव का विषय है विद्यालय में सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अविनाश राय ने इन भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त भैया बहन जिनको क्षेत्र में प्रतिभाग करना है, । इसके अलावा होने वाली प्रतियोगिताओं में पुनः क्षेत्र में स्थान प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामना की। इस दौरान विद्यालय के आचार्य श्री राम लोचन सिंह , सुशील कुमार, ,सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ,विश्राम प्रसाद मिश्रा ,इंद्रदेव तिवारी , विजय शंकर मिश्रा,नीरज कुमार द्विवेदी ,राकेश कुमार, हेमंत कुमार ,लव कुमार राजेश्वर प्रसाद ,मुकुंद लाल केशरवानी ,सरोज देवी रेशमा आदि आचार्यगण रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

## बाजार, भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र एवं दुर्गा पूजा पंडाल रहा मुख्य केंद्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी (प्रयागराज)।** प्रदेश भर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं उनकी जागरूकता हेतु उत्तर प्रदेश सरकार विविध प्रकार की योजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। जिसके तहत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति फेज 5 के तहत पुलिस टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबर एवं निर्भीकता से रहने तथा सदैव पुलिस की उपस्थिति के बारे में बतलाने का कार्य बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में खीरी थाना अंतर्गत एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति फेस 5 टीम प्रमुख उपनिरीक्षक प्रियंका रावत एवं उनकी टीम द्वारा इटवा कला, इटवा खुर्द, चांद खमरिया, खीरी बाजार,गोबरा आदि जगह के अंतर्गत आने वाले दुर्गा पंडाल एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में पहुंचकर उपस्थित महिलाओं, लड़कियों को महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए हेल्पलाइन नंबर के बारे में विधिपूर्वक समझाया गया। साथ ही यह भी बतलाया गया कि आपकी सुरक्षा में उत्तर प्रदेश पुलिस सदैव तत्पर है तनिक भी दिक्कत या असहज महसूस होने पर तत्काल सूचित करें। शिक्षा प्राप्त कर रही लड़कियों को विद्यालय आने-जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत हो रही हो इसकी सूचना तत्काल दें जिससे उक्त समस्या का निवारण जल्द से जल्द किया जा सके। उक्त टीम में मुख्य रूप से कविता देवी, कीर्ति यादव एवं रूपा तिवारी मुख्य रूप से रही ।

# शिक्षा को आगे बढ़ाने में अभिभावक भी आगे आएं- होरी लाल दिवाकर



**लेडियारी ( प्रयागराज )।** नई पीढ़ी और शिक्षा को आगे बढ़ाने में अभिभावकों को भी आगे आएं जिसकी घर - घर शिक्षा मिल सके। उक्त बातें प्रधानाध्यापक होरी लाल दिवाकर ने कही।
विकास खंड कोरांव रहे प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पवांरी, खौरिया में कार्य कर चुके हैं, शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। शिक्षक का नाम है कौशल विकास मिशन के तहत गांव - गांव में शिक्षा का अलख निःशुल्क जगा रहे हैं। चाहे व्यक्तिगत शिक्षण हो, या विद्यालय पर या फिर डायट या सीमैट में हो।हर जगह अपनी पहचान बनायी है। इनके द्वारा गरीब बच्चों को निःशुल्क कक्षा 2019से अनवरत संचालित की जाती है। उनका एक एक उद्देश्य रहा है। कि हर घर में लोग शिक्षित हो जिसमें उन्होंने मानवता का संदेश दिया है। साथ में अध्यापिकाओं ने वंदना प्रस्तुत इस प्रकार है - *ज्योति से ज्योति जगाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो* के तहत गीत प्रस्तुत करते शिक्षकाएं शिक्षिकायें हैं।गीत को सामूहिक रूप से गाया गया है। गाने वालों में सभी नवाचारी अध्यापक गण हैं जिनमें प्रकाश , श्वेता जायसवाल, अमृता सिंह गरिमा त्रिपाठी, अफरोज जी नीलकमल सहाय हैं। सभी पुरस्कार प्राप्त सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक हैं। जिले स्तर पर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है।

# बालिका विद्यालयीय खो-खो में सोरांव को तिहरा खिताब



**प्रयागराज।** सोरांव ने 60वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता में अण्डर-14, 17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिताब पर कब्जा जमाया।
श्रीमती जानकी देवी गर्ल्स इण्टर कालेज माधव नगर, बिगहियां में सम्पन्न हुई में अंडर-14 में सोरांव विजेता, नगर उत्तर उपविजेता, अंडर-17 में सोरांव विजेता, मेजा उपविजेता, अंडर-19 में सोरांव विजेता, हंडिया उप-विजेता रही।
इससे पहले सुबह मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) रमेश कुमार तिवारी ने उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक कृपा राम मिश्र ने पुरस्कार वितरित किया गया। उप्र खो-खो एसोसियेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. जय प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता, संयोजिका/प्रधानाचार्या ऊषा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन एवं राजकुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर कामिनी यादव, अली अहमद खान, हसबीन अहमद, विनोद कुमार मौजूद रहे।

# 'स्वच्छ पटरी दिवस' पर रेल पटरियों पर चला स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** आज प्रयागराज मण्डल में 'स्वच्छ पटरी दिवस' पर रेल पटरियों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी मुहिम के अंतर्गत प्रयागराज मंडल में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01 से 15 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में स्टेशन परिसर, रेलगाड़ियों, खान पान स्टाल, पैन्ट्रीकार, प्रसाधन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
विभाग के मुताबिक स्वच्छ पटरी दिवस पर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर पटरियों की सफाई की गयी। स्वच्छता कर्मियों ने कर्मचारियों के सहयोग से पटरियों पर फैले प्लास्टिक, पालीथिन, बोतलों इत्यादि को हटकर रेलवे पटरियों को साफ किया और यात्रियों से रेल परिसरों एवं रेल गाड़ियों को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। स्वच्छता अभियान को जन-जन का स्वच्छता स्वभाव बनने से रेल और देश साफ सुथरे हो रहे हैं जिससे रेल और राष्ट्र की छवि भी बदल रही है। स्वच्छ पटरी दिवस पर प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, सरसौल, एकदिल एवं फफूंद सहित सभी स्टेशनों की पटरियों पर सफाई की गयी।



# गाजे-बाजे संग निकली राम जी की बरात



**प्रयागराज।** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आज प्रभु राम चन्द्र जी की बारात भारद्वाज मुनि आश्रम से पूजन अर्चन करने के पश्चात निकाली गई। जो आनन्द भवन स्थित भारद्वाज मुनि आश्रम से प्रस्थान कर विश्विधालय चौराहे से नेतराम चौराहे होते हुए लक्ष्मी चौराहे फिर कचेहरी होते हुए राम श्री कटरा रामलीला प्रांगाण में संपन्न हुयी।
इस बार राम-बारात में मुख्य आकर्षण बनारस के प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा बनाई गई 20 फिट ऊची और जवाहरात से जरी लगभग 70 लाख की चांदी की चौकी थी जिस पर प्रभु श्री राम अपने तीनो भाइयो के साथ विराजमान होंकर पूरे कटरा क्षेत्र में भ्रमण किया। जबलपुर से आये राज कुमार बैंड, सुल्तानपुर से आये लहरी बैण्ड, प्रयागराज के आये राम श्याम बैण्ड, और जबलपुर का तहलका बैंण्ड ने लोगो को उत्साहित किया। इस राम बारात में दूसरा आकर्षण प्रयागराज का संजय बैण्ड और उनकी आधुनिक लाईट जो की सम्पूर्ण बारात को अपनी लाईट की रोशनी से साराबोर कर दिया। साथ में चल रही डी0 जे0 के साथ कलात्मक चौकियों ने हर चौराहे पर अपना धार्मिक कला का प्रदर्शन किया। जिसमे ध्वजा-पताका हाथी-घोड़े और आतिशबाजियों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर गणेश केशरवानी, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई, पार्षद आनू घिदिदियाल, पार्षद सोनिका अग्रवाल, अमर द्वीप गुप्ता, शुशील गुप्ता, मोहन जी सोनी, बजरंग केशरवानी, शिव बाबू गुप्ता, प्रमोद साहू, अशोक कौशल, अजय चौबे आदि लोग उपस्थित रहे। राम बारात का मुख्य संचालन श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, महामंत्री उमेश चन्द्र केशरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केशरवानी, उपाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, विनोद केशरवानी, मयंक अग्रवाल ने आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।
शोभायात्रा मे कमेटी के मंत्री शिव बाबू गुप्ता, विपुल मित्तल, महेश चन्द्र गुप्ता कार्यकारणी सदस्य दिलीप चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी डॉश पवन प्रजापति आदि सदस्य गण उपस्थित रहें

# शिविर में महिलाओं को अधिकारों के बारे में दी गई जानकारी

## महिलाओं से संबंधित विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार ÷विधान से समाधान÷ कार्यक्रम के तहत जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय के निर्देशानुसार ब्लॉक सोरांव, तहसील सोरांव, प्रयागराज में महिलाओं से संबंधित विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा की गई। कार्यक्रम में श्रीमती रितंधरा मिश्रा, पैनल अधिवक्ता द्वारा महिलाओं से संबंधित विषय एवं कानून पर उपस्थित जनमानस को विधिक जानकारी प्रदान की गई।
गौरव सिंह, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल द्वारा उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों व समान पारिश्रमिक भुगतान के बारे में बताया गया।



तहसीलदार सोरांव द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित महिलाओं के संबंध में चलाया जा रही योजना के बारे में उपस्थित जनमानस को बताया गया।
दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा कार्यक्रम द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संबंधित कार्य एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, एसिड अटैक महिला अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन व परिवार से संबंधित मुकदमों के बारे में उपस्थित जनमानस को बताया गया। इस अवसर पर अरुण चौरसिया पैनल अधिवक्ता व गौरव सिंह द्वारा उपस्थित आमजनमानस को विधिक जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर दीपक शर्मा सयोजक डॉ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज समस्त उपस्थित लोगो को विधिक जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# सैकड़ों ग्रामीणों ने किया मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन



**प्रयागराज।** आज गंगापार के ग्राम गडौर, फूलपुर से सैकड़ों किसान, महिला, पुरूष, ग्रामवासी खेतीबाड़ी का जरूरी कामकाज छोड़कर सुबह प्रयागराज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहाँ जिलाधिकारी प्रयागराज नही मिले तो ग्रामीण किसानों ने वहां उपस्थित अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सभी ग्रामीण किसान प्रयागराज मंडलायुक्त कार्यालय पहुंच गए। वहाँ मंडलायुक्त कार्यालय में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक तरीके से धरना- प्रदर्शन करते हुए ग्राम गडौर में जारी चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जाँच करवाने की मांग किय।मौके पर उपस्थित प्रयागराज अपर आयुक्त शुश्री राजरत्न त्रिपाठी जी ने उच्चस्तरीय जाँच करवाते हुए एक सप्ताह के अंदर ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।
ग्रामवासियों ने सामुहिक रूप से कहा कि आज जब खेतीबाड़ी का काम जोरों से चल रहा है, तब हम आने वाली हमारी पीढियां खेतीबाड़ी कर पाएं उनके पास जमीन शेष बची रहे, इस बात की गारंटी करने यहां मजबूरी में आए हुए हैं। क्योंकि हमारे गाँव मे जारी चकबंदी से कर्मचारियों, अधिकारियों और दलालों की मिली भगत से हमारी पैतृक जमीन हमसे छीन ली जा रही है। यदि हम सब को यहां से न्याय नही मिलेगा, तब हम सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से गुहार करेंगे और न्याय लेकर रहेगें।
धरना -प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रसिद्ध मजदूर किसान कार्यकर्ता डॉ कमल उसरी, किसान महासभा, जिला संयोजक, सुभाष पटेल, ग्राम प्रधान गडौर व गडौर चकबंदी भू प्रबंधन समिति अध्यक्ष हुबलाल, एड अरुण कुमार, मौजीलाल, राजेन्द्र प्रसाद, दिलीप, सूर्यप्रकाश, अभयराज, सुखलाल, विनोद यादव, सुभाष भारती, सूबेदार, लल्लू लोहार, फूलचंद पाल, नंद लाल, अनिल यादव, आलोक, इंदुमती, गीता , सवारी, प्रभावित, विद्या इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहें।

## जीतराज हेला बने दूरसंचार सलाहकार

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव जीतराज हेला को भारत संचार निगम का सलाहकार नियुक्त किया गया है। उक्त मनोनयन सांसद उज्जवल रमण सिंह की संस्तुति पर किया गया है।मलाकराज निवासी जीतराज हेला लम्बे अरसे से पार्टी में सक्रिय हैं एवं सामाजिक कार्यों में भी इनकी गहरी रूचि रहती है।इनके मनोनयन पर सांसद उज्जवल रमण सिंह, विनय कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, पप्पूलाल निषाद, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, मो अजहर, आर एन यादव, संतलाल वर्मा, सचिन श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, विजय खन्ना, बृजेश, मनोज कुमार, रतन हेला, दीपक कुमार, दशरथ लाल, नाटे चौधरी आदि ने बधाई दी

# चतुर्भुजी स्कंदमाता स्वरूप में मां कल्याणी ने दिए दर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी के धाम में नवरात्रि महोत्सव मेला के अवसर पर मां कल्याणी ने नवरात्रि के पंचमी पर चतुर्भुज स्कंदमाता रूप धारण कर भक्तों को दर्शन दिया।
इस अवसर पर प्रातः कालीन माता कल्याणी का स्कंद माता के स्वरूप में मंगल आरती एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से ग्रामीण अंचल से आए। मां का दर्शन पूजन अर्चन कर शतचंडी महायज्ञ का परिक्रमा करते हुए अपने बच्चों को मुंडन संस्कार कराया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुशील पाठक ने बताया कि जगत जननी स्कंदमाता मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। कहा कि शाम 6ः00 बजे रात्रि कालीन मां स्कंदमाता का श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खोला गया गया। मां चतुर्भुजी स्वरूप में सिंहं पर सवार होकर अपने गोद में सदानंद जी को बैठाए रही। मां का श्रृंगार रत्नजडित आभूषणों से एवं बेला कमल पुष्पो के द्वारा किया गया। मां कल्याणी आज चंदन और चांदी के महल में विराजित थी। इस अवसर पर भक्तों ने भजन कीर्तन एवं हवन किया शाम 7ः00 बजे मां का सांध्य एवं रात्रि 12ः00 बजे शयन आरती की गई।
मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 7 अक्टूबर को नवरात्रि के छठवें दिन भक्तों को मां कात्यायनी के रूप के दर्शन देंगी।

# वीबीपीएस के प्रबंध निदेशक को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर-19 महिला जोनल क्रिकेट में सहयोग देने के लिए विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
सोमवार को एसोसिएशन की निदेशक एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता डॉ. जूली ओझा ने निदेशक एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आरपी भटनागर के साथ उन्हें पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सहायक संयोजक (मीडिया) खुर्शीद अहमद, वीबीपीएस के अजय मिश्र मौजूद रहे।



# सिविल लाइंस श्री श्री बाल रामलीला कमेटी में ताड़का वध के मंचन की मनोहारी प्रस्तुति



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस श्री श्री बाल रामलीला समिति ने नवरात्र के तीसरे दिन जगह-जगह रामलीला का भव्य मंचन किया गया कहीं ताड़का,सुबाहु और मरीच का वध दिखाया गया। दर्शकों को लुभाने के लिए लगभग सभी कमिटियों ने अपने मंच को बेहतरीन लाइटिंग से सजाया है। सिविल लाइंस श्री श्री बाल रामलीला कमेटी के सहयोजक अमित सिंह ने बताया कि तीसरे दिन मरीच , सुबाहु व ताड़का वध का मंचन किया गया।
सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंच कर रामलीला का आनंद ले रहे हैं। ताड़का वध की लीला का मंचन देखकर लोग भाव विभोर हो गए इस मनोहारी प्रस्तुति से दर्शकों की तालियां गूंज रही थी । ताड़का की भूमिका में सुधाकर सिंह जो प्रयागराज के कलाकार हैं उन्होंने अपनी अभिनय से सभी दर्शकों का मन मोह लिया है ।ताड़का वध के मंचन की चारों ओर तारीफ हुई है। सर्वप्रथम एक दिन विश्वामित्र अपने यज्ञ की रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण को राजा दशरथ से मांगने आए और अपने साथ ले गए मार्ग में उन्होंने ताड़का का वध किया एवं मारिच , सुबाहु से जंगल को मुक्ति दिलायी। शनिवार को रामलीला मंचन में ताड़का व्हाट की प्रस्तुति से लोग भाव विभोर हो गए और तालियों गूंज रही थी से दर्शको ने कलाकार सुधाकर सिंह का उत्सव वर्धन किया सभी कलाकारों ने अपने अपने अभिनय से मंचन की शोभा व शमा बांधे रहे।

# ओवर ब्रिज के नीचे मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र के त्रिवेणी पुरम के निकट रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे लहूलुहान युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह मार्निंग वॉक पर निकले लोगो ने देखा तो घटना की जानकारी झूंसी पुलिस को दिया । मौके पर पहुंची थाने की पुलिस व जी आर पी पुलिस ने युवक की शिनाख्त में जुटी लेकिन पता नहीं चला तो पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया। घंटो बाद युवक की शिनाख्त हो पायी।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह मार्निंग वॉक पर टहल रहे लोगो ने देखा की त्रिवेणी पुरम रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे लहूलुहान युवक का शव पड़ा देख लोगो में हड़कंप मच गया। लोगो ने



फाइल फोटो

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले शव की शिनाख्त करने में जुटी पुलिस देख राहगीरों की भीड़ जुट गई और लोग पहचान करने लगे लेकिन राहगीर पहचान नहीं सके तो जी आर पी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया। घंटो बाद मृतक युवक सूरज पुत्र श्रीपत उम्र 20 वर्ष गांव नैका के नाम की शिनाख्त हो पायी। बताया गया की मृतक पेशे से इलेक्ट्रिशियन था रविवार रात लगभग 8 बजे गंगा दीप कालोनी से इलेक्टिक का काम समाप्त कर अपने घर नैका गांव जा रहा था। लेकिन मालिक को कुछ और मंजूर था रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक के बगल झाड़ी में उसकी लाश मिली। मौत का कारण स्पष्ट नही हो पाया लोगो का कहना है की हत्या कर शव फेका गया। लेकिन आत्महत्या या हत्या फिलहाल पुलिस इसकी जांच करने में जुटी है। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते शव के पास पहुंचे ।

## परिजनों को शीघ्र न्याय मिले- सत्यवीर मुन्ना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** उसरही की बिटिया के परिजनों से सोमवार को मिलने समाजवादी पहुँचे। पूर्व विधायक सोराव सत्यवीर मुन्ना ने साथियों सहित परिजनों से मुलाक़ात कर उनका दुख सुना और उन्हें ढांढस बँधाया।

सत्यवीर ने शासन प्रशासन से उसरही की बिटिया के परिजनों को 50 लाख मुआवज़ा देने के साथ अपराधी को शीघ्र धरपकड़ करते हुए घर तक पहुँचने वाले कच्चे संपर्क मार्ग का नवनिर्माण कराते हुए उस ग़रीब अंधियारी बस्ती में पाँच सोलर लाइट सहित इलाक़े में धुआँधार बिक रहे चरस अफ़ीम स्मैक के बिक्री पर रोक लगाए जाने की माँग की। उनके साथ मुख्य रूप से पूर्व प्रधान शंभुनाथ गुप्ता, सानू, गुलाम वॉरसी, विनय मौर्या, अमित यादव सहित कई सपाई थे।

## अज्ञात चोरो ने नेवादा के संविलियन विद्यालय को खंगाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादा में स्थित संविलियन विद्यालय में अज्ञात चोरों ने कमरों का ताला तोड़कर विद्यालय को खंगाला । जानकारी के अनुसार विद्यालय में रखे गैस सिलेण्डर चूल्हा सहित बर्तन, कुर्सी व पंखा, बाक्स व आदि कीमती सामान अज्ञात चोरों ने उठा ले गये । प्रधानाध्यापिका अर्पणा राय ने बताया की रोज की तरह शनिवार को विद्यालय को बंद करके हम सभी शिक्षक अपने घर चले गये । सोमवार की सुबह जब बच्चे विद्यालय आये तो देखा कि कमरों का ताला टूटा पड़ा था जिसकी सूचना आस पास के लोगों को दी । सूचना पर आस-पास के ग्रमीण मौके पर पहुंचे और ग्राम प्रधान को सूचना दी । तो ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना तत्काल डायल 112 को देते हुये प्रधानाध्यापिका को भी दिया। ग्राम प्रधान शिवकली व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्पणा राय ने संयुक्त रुप से बताया कि विद्यालय में रखा सारा सामान अज्ञात



चोर उठा ले गये जिसकी लिखित तहरीर हम लोगों ने बहरिया थाने में दी । पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है ।

## अपना दल एस का कारवां अब रुकने वाला नहीं- अशोक पटेल

### पार्टी की मासिक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** अपना दल एस का कारवां अब रुकने वाला नहीं है। विगत विधानसभा चुनाव में पार्टी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव में हम नम्बर वन बनेगें।

उक्त बातें पार्टी की मासिक बैठक में पार्टी के प्रदेश सचिव किसान मंच अशोक पटेल पार्टी की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। मासिक बैठक में अंय पहलुओं पर चर्चा के अलावा पंचायत चुनाव को लेकर हुई। जिसमें सम्भावित जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने वालों से प्रत्येक वार्ड से तीन तीन नामों की सूची मांगी गयी। इन सब से इतर पार्टी की मासिक बैठक में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा मंच डां के के सिंह का सम्मान समारोह रहा। जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने श्री सिंह को फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में पार्टी के नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सदस्यता अभियान में एक सप्ताह का समय शेष करना होगा प्रयास विशेष- महानगर अध्यक्ष



**प्रयागराज।** सदस्यता अभियान में अब सिर्फ हफ्ते भर का समय शेष है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि अपना लक्ष्य पूरा करने का विशेष प्रयास करें। उक्त बातें भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहीं।

सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की चर्चा करने के दौरान महानगर अध्यक्ष ने कहा कि 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलेगा यानी अब हफ्ते भर का समय शेष है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास पूरी मेहनत से करें ऐसा आह्वाहन किया जाता है। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष ने बताया कि जनप्रतिनिधि के तौर पर सांसद को 20 हजार, विधायक, विधान परिषद सदस्य को 10 हजार, जिलाध्यक्ष 1 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष को 15 हजार, महापौर को 10 हजार, नगर पालिका अध्यक्ष को 2 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष 1 हजार, निगम पार्षद को 500, वार्ड सभासद को 200, सहकारी निदेशक को 1 हजार एवं प्रदेश पदाधिकारी को 5 हजार तथा अन्य सभी को कम से कम 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया है।

इसके अलावा हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने अनिवार्य हैं। जो भी कार्यकर्ता पदाधिकारी अभी तक अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाएं वे गंभीरता पूर्वक इस हफ्ते भर के समय में पूरी मेहनत से लग जाएं।

### 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान

**प्रयागराज।** 15 अक्टूबर को सामान्य सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जायेगा जिसके अंतर्गत 100 सदस्य बनाने वाले सक्रिय सदस्य बन सकते हैं।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि सक्रिय सदस्यता का फार्म 16 अक्टूबर से सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मिलेगा। कार्यकर्ता फार्म को भरकर अपने मंडल अध्यक्ष को सौंपेंगे। इससे पहले नमो एप के माध्यम से 100 रु ऑन लाइन जमा करना होगा। भरा हुआ फार्म प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा जिसके बाद प्रक्रिया पूरी होने के बाद सक्रिय सदस्यता क्रमांक पार्टी द्वारा उक्त कार्यकर्ता को प्रदान किया जायेगा। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि महानगर के सभी 15 मंडलों के 1216 बूथों पर लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

## पत्रकार के चाचा के निधन पर हुई शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरा रौजा गांव निवासी पत्रकार अनवारूल हक जो एक दैनिक अखबार के संवाददाता है इनके चाचा इलाही बक्श वरिष्ठ समाजवादी नेता व मशहूर शायर रहें हैं लंबी बीमारी के चलते उनका देहान्त सोमवार को करीब दो बजे उनके निजी आवास पर हो गया ।मंगलवार को इनके शव को सिकंदरा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। बहरिया में वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित हुई जिसमें मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट



का मौन रखा गया । जिसमें मुख्य रूप से पत्रकार नागेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र द्विवेदी, संतोष मिश्रा, ओम कृष्ण शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, मोहम्मद कय्यूम , शिव भगवान प्रजापति, संजीव कुमार मौर्या, राजबहादुर यादव, शिव दत्त नरायण त्रिपाठी व सुशील कुमार आदि लोग रहे।

## शशि द्विवेदी अंडर-14 क्रिकेट लीग का उद्घाटन आज

**प्रयागराज।** शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग मंगलवार से गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शुरू होगी। उद्घाटन मुकाबला चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब और राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन के बीच सुबह नौ बजे से खेला जायेगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला के अनुसार विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी मैच से पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करेंगे।

## शिक्षा के प्रति रुझान और जागरूकता लाने कों लेकर चलाई जा रही है योजना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद प्रयागराज में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की शासन की मंशा के अनुसार दिव्यांग बच्चों में नये जोस के साथ शिक्षा की प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्त रूप से देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद में समेकित शिक्षा के योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की अभिभावकों को की द्वितीय पैरेंट्स काउंसलिंग 7 अक्तूबर 2024 को संपन्न हुई। पैरेंट्स काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई की सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाय जिससे दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके काउंसलिंग बैठक में 55 अभिभावक अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी व स्वल्पाहार दिया गया पैरेंट्स




काउंसलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद श्री अखिलेश यादव द्वारा किया गया उनके द्वारा अभिभावकों को प्रेरित किया गया की समुचित शिक्षा के प्रति परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता की बात कही गई कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए स्पेशल एजुकेटर चंद्रकला यादव द्वारा दिव्यांगता की पहचान कारण बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यालय सहायक अखिलेश मिश्रा, मनीष शुक्ला, फूलचंद, देशराज, फजल, दिनेश ,दिलीप, मिथिलेश, रंजीत, आशीष, अनिकेत आदि के द्वारा संपन्न कराया गया ।

## छात्रवृत्ति के लिए 20 अक्तूबर तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अल्प संख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर छात्रवृत्ति के लिए 20 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कक्षा नौ व 10 व 11 व 12 के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन इस तारीख तक करना है। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदन पत्र छात्रवृत्ति की वेबसाइट scholarship.up.gov.in पर भर कर हार्ड कॉपी अपने शिक्षण संस्था में जमा कर सकते हैं। यदि शासन की ओर से निर्धारित समय सीमा के अंदर पात्र छात्र-छात्राओं की ओर से आवेदन नहीं जमा किया जाएगा तो पात्रों को छात्रवृत्ति या शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ नहीं मिलेगी।

## बहरिया क्षेत्र माँ के जयकारो से हो रहा गुंजायमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** नवरात्र के पावन पर्व पर हर तरफ मातारानी का जयकारा लगने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। बहरिया थाना क्षेत्र मे गांव गांव मे दुर्गा माता रानी पंडाल में विराजमान हैं जहां भक्तों द्वारा सुबह शाम आरती भजन चल रहा हैं, इसी क्रम में जय मां विंध्यवासिनी दुर्गा जागरण समिति सारंगपुर में भक्तों द्वारा जगराता किया जा रहा हैं जहां भक्तों द्वारा भजन कीर्तन व मनमोहक झांकियों द्वारा माता रानी के अलग अलग स्वरूप का चित्रण किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से महारानी तिवारी, ओमदत्त तिवारी, ललित मिश्रा,राधेश्याम तिवारी,योगानंद मिश्रा शीतलादीन शर्मा,अनिल गौतम,बबलू तिवारी रिंकू तिवारी,श्यामलो दत्त तिवारी, सूबेदार तिवारी व प्रवीन तिवारी सहित भक्ति गण रहे । इसी तरह से जय मां दुर्गा नवयुवक



जागरण कमेटी चैमलपुर में भी मां के पण्डाल मे भक्तों की काफी भीड़ लग रही है जहां भक्तों द्वारा जगराता किया जा रहा हैं इसमें मुख्य रूप से ओमशंकर मिश्रा,संगम लाल मिश्रा, ऋषि राज मिश्रा, आशीष मिश्रा, सालिकराम मिश्रा, काशीनाथ मिश्रा, संतोष मिश्रा,रीशू मिश्रा, विक्की मिश्रा, रवीशंकर मिश्रा व डब्बू पाल समेत भक्त गण मौजूद रहे । इसी तरह दोनइया में डाक्टर जेके पटेल के नेतृत्व मे माता रानी का दरबार सजा हैं जिसमे डाक्टर संध्या पटेल, अखिलेश पटेल व बाल कलाकार अभयराज का उल्लेखनीय योगदान हैं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने अभिभावकों से अपील किया है कि आप लोग विशेष रूप से बच्चियों व महिलाओं पर विशेष ध्यान दीजिये वैसे तो हमारी पुलिस टीम क्षेत्र में बराबर भ्रमण शील रहती हैं लेकिन आप लोगों को कही कुछ गड़बड़ लगे तो तुरन्त पुलिस को सूचना दे जिससे समय रहते उसका निदान हो जाय।

## चरवा नगर पंचायत के केशी का पूरा ने चल रही है श्री मद भागवत कथा

### कथा सुनने के लिए भक्तों की जुट रही है भरी भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** चरवा नगर पंचायत के केशी का पूरा में श्री मद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा का शुभारंभ 4 अक्टूबर शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। 9 दिन चलने वाली भागवत कथा में आज चौथे दिन कथाकार अतुल जी महराज ने भागवत कथा के कई रोचक प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भावविभोर किया। आज उन्होंने बताया कि कैसे राजा परीक्षित के सोने के मुकुट में कैसे कलयुग प्रवेश करता है और कैसे राजा परीक्षित कलयुग के प्रवेश करते ही उनके जीवन में कैसे भूचाल आने लगता है। वहीं एक विशेष संदर्भ में समाज को एक अच्छा संदेश देते हुए कहा की जीवन में कभी भी वो आचरण दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए जो स्वयं को अच्छी न लगती हो। स्वयं सोचिए कभी आप को कोई गलत बात या अशोभनीय बात बोले तो आपको बहुत बुरा लगेगा , तो सोचिए जब आप दूसरों को वही बात बोलते होगे तो उसको कैसा लगता होगा इस लिए हमेशा जो बात दूसरों की आपको अच्छी नहीं लगती वो बात आप कभी भी दूसरों के लिए कभी आप प्रयोग में मत लाइए। तो आप देखेंगे की आपके जीवन में कैसे चमत्कार होता है। ऐसे ही तमाम प्रसंगों का वर्णन करते हुए चौथे दिन की कथा का समापन हुआ। इस कथा के यजमान झल्लर मिश्र और उनकी अर्धांगिनी विद्यावती मिश्र है। कथा का आयोजन रवि मिश्रा, देवेश मिश्रा , पिंटू मिश्रा, आदि ने किया कथा का समापन 13 अक्टूबर रविवार को होगा।

## जिला पंचायत ने लगाए गए आरोपों का बताया निराधार

### रणनीति और क्षेत्र में सक्रियता से समीकरण बिगाड़ने के लिए कूटरचित षड्यंत्र

**बांदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने प्रेस कान्फ्रेंस सोशल मीडिया के फेसबुक में खुद पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि बबेरूतहसील के ग्राम पंचायत करहुली निवासी संदीप सिंह पटेल जो एक समाचार पत्र के संवाददाता होने के साथ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन में बबेरू तहसील के अध्यक्ष और अन्य संगठन के पदाधिकारी हैं, ने अपने फेसबुक अकाउंट से मध्य रात्रि में डाली पोस्ट से खुलासा किया कि जिला पंचायत अध्यक्ष की मनमानी से परेशान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथी ग्राम पंचायत करहुली प्रधान अपने आपको प्रधान प्रतिनिधि बताने वाले बिन्ने सिंह ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दी। खुद को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल



का सहयोगी होने का दावा किया। जबकि बिन्ने सिंह की जुआ खेलते हुए तस्वीरें महकमे के आला प्रशासनिक अधिकारियों के पास हैं और पत्रकारों को अपमानजनक भाषा से अपमानति किया। प्रशासन ने कोई मदद नहीं की। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने पत्रकार के मामले को पत्रकारों से ही निपटवाने की मुहिम चलाई। प्रेस वार्ता में अपने पक्ष में अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बबेरू उनका विधानसभा क्षेत्र है। जनता से समर्थन प्राप्त अपने पद की गरिमा के अनुकूल जमीनी स्तर पर जिले व गांवों में विकास कार्य में दायित्वों का निर्वहन करते हुए गरीब पात्र जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने की प्राथमिकता से कर्तव्यों के निर्वहन में प्रतिदिन बहुत लोगों से मुलाकात होती है। इनमें कभी भी कोई भी छायांकन इत्यादि करता है। करहुली पड़ोसी ग्राम होने से सभी से मात्र औपचारिक पहचान होना संभव है। कथित पत्रकार के द्वारा निराधार आरोप लगाना, जिसके मूल कारण से पूर्णतः अंजान हूं। कहा कि उक्त व्यक्ति ने मेरी छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया। कहा कि यदि संदीप पटेल के द्वारा डाली गई पोस्ट में लगाएं गए आरोप सच हैं तो मेरे फोन की काल डिटेल निकलवाकर अपनी संतुष्टि कर लें।

## बैंक में संदिग्धों से पूछतांछ, वाहनों की हुई चेकिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने बैंक परिसर, एटीएम परिसर में चेकिंग की गई। इस दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध लोगों से पूछतांछ की गई और उनके वाहनों को भी चेक किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों के अलावा आपातकालीन अलार्म आदि को चेक किया गया। अभियान में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम, बैंक शाखाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया।

कुछ एक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खराब पाये गये, जिस संबंध में बैंक अधिकारियों से वार्ता कर उन्हे ठीक करवाने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डो को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## विधिक शिविर में दी गईं कानूनी जानकारियां

### – बड़ोखर खुर्द ब्लाक में किया गया विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**बांदा।** जिला जज डा. बब्बू सारंग के निर्देश पर सोमवार को बड़ोखर र्द ब्लाक में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं के हित और संरक्षण व उनके अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अध्यक्षता अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने की। अपर जिला जज ने कहा कि महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरुषो के समान पारिश्रमिक का लाभ आदि के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया गया। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना, यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती है। सचिव ने बताया कि महिलाओं को ऐसी किसी प्रकार की समस्या होने पर वह अपना प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और स्वयं आकर अथवा डाक के माध्यम से भी दे सकती है जिस पर उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जायेगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामप्रकाश ने अपने सम्बोधन में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया। उन्होने बैंक सखी, उज्जवला योजना, मातृत्व एवं शिशु हित लाभ, शादी अनुदान आदि योजनाओं से भी अवगत कराया। पराविधिक सुमन शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मचिंतन एवं स्व निर्णय की शक्ति होना अत्यन्त आवश्यक है। निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमन्त्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया गया। सुमन शुक्ला द्वारा कहा गया कि माता-पिता अथवा अध्यापक, अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों को बैड टच के बारे में भी विस्तार से जानकारी देना चाहिए। काउन्सलर वन स्टॉप सेण्टर जिला प्रोबेशन कार्यालय सुनीता ने बताया कि यदि किसी महिला के साथ कोई व्यभिचार, अश्लील ढगं से उनके कार्यस्थल अथवा घर पर किसी बाहरी अथवा घर के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है तो उसे तुरन्त संज्ञान में लेकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। शिविर का संचालन सुमन शुक्ला ने किया। इस मौके पर अंजना, सीएचसी ब्लाक बड़ोख खुर्द, अम्बरीश त्रिपाठी, एडीओ, रामचन्द्र वरिष्ठ लिपिक, राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपस्थित महिलाओं को प्रचार-प्रसार संबंधी किट वितरित की गई।